RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 131
लखनऊ, मंगलवार, 2 मार्च, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




तापसी पन्नू को डबिंग का काम नापसंद

विविध-12

# पीएम मोदी ने भी लगवाया टीका

## ● पहले दिन उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी ली खुराक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वैक्सीन लगवाकर कोविड टीकाकरण के दूसरे चरण की शुरुआत की। पीएम के साथ-साथ उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेष मंत्री एस जयषंकर ने भी टीका लगवाया। अभियान के पहले दिन को-विन ऐप पर दोपहर एक बजे तक दस लाख से अधिक लोगों ने वैक्सीन की खुराक लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा लिया था। दूसरे चरण में 60 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों और 45 साल से अधिक उम्र के गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को वैक्सीन दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार सुबह एम्स पहुंचकर भारत बायोटेक की को-वैक्सीन का टीका लगवाया।

एम्स प्रमुख डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि टीकाकरण अभियान के पहले ही दिन वैक्सीन की पहली खुराक लेने के प्रधानमंत्री मोदी के कदम से लोगों के मन में वैक्सीन को लेकर भ्रम या किसी भी तरह की हिचकिचाहट खत्म हो जानी चाहिए। सरकारी अस्पतालों में वैक्सीन मुफ्त लगाई जा रही है जबकि निजी अस्पतालों में एक खुराक के 250 रुपये लिए जा रहे हैं। इसमें 150 रुपये टीके की कीमत है और 100 रुपये शुल्क है। टीकाकरण अभियान का दूसरा चरण देश के अन्य हिस्सों में षुरू हो चुका

## कोविड-19 टीकाकरण का दूसरा चरण शुरू




है। उपराष्ट्रपति नायडू, गृह मंत्री शाह और विदेश मंत्री जयशंकर के अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और ओडिषा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी सोमवार को पहले दिन ही टीका लगवाया। इसी प्रकार राकांपा प्रमुख षरद पवार, उनकी पत्नी और सांसद पुत्री सुप्रिया सुले को भी महाराष्ट्र के एक सरकारी अस्पताल में कोविड-19 वैक्सीन की पहली खुराक दी गई।

नीतीश कुमार ने कहा कि टीका सभी को मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से आगे आकर खुद टीका लगवाने की अपील की है। इसी तरह नवीन पटनायक ने भी लोगों से टीकाकरण अभियान में बिना भय या भ्रम षामिल होने का आग्रह किया, ताकि ओडिशा को कोविड मुक्त किया जा सके। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन मंगलवार को टीका लगवाएंगे। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान में कोवैक्सीन और कोविषील्ड दो टीके लगाए जा रहे हैं। कोवैक्सीन भारत बायोटेक ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सहयोग से विकसित की है जबकि ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोविषील्ड सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) द्वारा बनाई गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि आम लोग टीका लगवाने के लिए को-विन 2.0 पोर्टल पर कहीं से भी और किसी भी समय पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके अलावा आरोग्य सेतु ऐप के जरिए भी रजिस्ट्रषन कराया जा सकता है। लाभार्थी पास के टीकाकरण केंद्र जाकर खुद भी वैक्सीन लगवाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा ( शेष पेज 9 )

## नेताओं को लेकर किया मजाक पूछा-मोटी सुई तो नहीं लगाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 का टीका लगवाने के दौरान मौजूद नर्सों से मजाक में पूछा कि कहीं उनका इरादा मोटी सुई लगाने का तो नहीं है क्योंकि नेताओं के बारे में कहा जाता है कि उनकी चमड़ी मोटी होती है। प्रधानमंत्री के इस कथन के बाद टीकाकरण कक्ष में मौजूद स्वास्थ्यकर्मी हंसे बिना न रह सके। प्रधानमंत्री ने आज सुबह-सुबह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कोविड-19 की ( शेष पेज 9 )

## टीका नहीं लगवाएंगे किसान नेताओं ने कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड**-19 संक्रमण से ज्यादा खतरे का सामना कर रहे किसान नेताओं ने सोमवार को कहा कि उन्हें कोरोना वायरस का डर नहीं है और वे टीका नहीं लगवाएंगे। उल्लेखनीय है कि सोमवार से कोविड-19 के दूसरे चरण का टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है, जिसके तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है। हालांकि, किसान नेताओं ने यह भी कहा है कि वे दिल्ली की ( शेष पेज 9 )




लखनऊ में सोमवार को एक प्राथमिक विद्यालय में एक विद्यार्थी से बातचीत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाचार पेज 3

## 'जेवर एयरपोर्ट बनेगा गुणवत्ता की मिसाल'

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● मुख्यमंत्री ने इस हवाईअड्डे को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाली परियोजना बताया

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, जेवर के विकास को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाली परियोजना बताया है। उन्होंने कहा है कि कोविड-19 की विभीषिका के बावजूद अब तक जिस तेजी, पारदर्शिता और तय समय से जेवर एयरपोर्ट के काम हुए हैं, उसने प्रदेश की नई कार्यसंस्कृति को प्रदर्शित किया है। इस एयरपोर्ट में हवाई पट्टियों की संख्या 2 से बढ़ाकर 6 करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने ( शेष पेज 9 )

## पश्चिम बंगाल की चुनावी रणभूमि में योगी की एंट्री आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पश्चिम** बंगाल के चुनावी रणभूमि में सीएम योगी आदित्यनाथ की कल मंगलवार को एंट्री होगी। सीएम योगी के जरिये भाजपा ममता के किले पर हमला बोलने की तैयारी में है। चुनाव की घोषणा के बाद भाजपा की यह पहली रैली होगी। पीएम मोदी के बाद सीएम योगी को मैदान में उतार कर भाजपा नेतृत्व ने पश्चिम बंगाल को लेकर ( शेष पेज 9 )

# चीन ने भारत के पावर ग्रिड पर किया था साइबर अटैक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अमेरिका** की एक कंपनी ने अपने हालिया अध्ययन में दावा किया है कि भारत और चीन के बीच सीमा पर जारी तनाव के दौरान चीन सरकार से जुड़े हैकरों के एक समूह ने 'मालवेयर' के जरिए भारत के पावरग्रिड सिस्टम को निशाना बनाया। आशंका है कि पिछले साल मुंबई में बड़े स्तर पर बिजली आपूर्ति ठप होने के पीछे शायद यही मुख्य कारण था। अमेरिका में मैसाचुसेट्स की कंपनी 'रिकॉर्डेड फ्यूचर' ने अपनी हालिया रिपोर्ट में चीन के समूह 'रेड इको' द्वारा भारतीय ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाए जाने का जिक्र किया है। पिछले साल 12 अक्टूबर को मुंबई में एक ग्रिड ठप होने से बिजली गुल हो गयी थी। इससे ट्रेनें भी रास्तें में ही रुक गयी और महामारी के कारण घर से काम रहे लोगों का कार्य भी प्रभावित हुआ और आर्थिक गतिविधियों पर भारी असर पड़ा। आवश्यक सेवाओं के लिए बिजली आपूर्ति बहाल में दो घंटे लग गए थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने घटना की जांच का आदेश दिया था। 'रिकॉर्डेड फ्यूचर' ने ऑनलाइन सेंधमारी संबंधित रिपोर्ट के प्रकाशन के पूर्व भारत सरकार के संबंधित विभागों को इस बारे में अवगत कराया।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,849 | ↑ | 749 | |
| निफ्टी | 14,761 | ↑ | 232 | |
| सोना | 45,520 | ↑ | 241 | /10g |
| चांदी | 68,877 | ↑ | 781 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रसोई गैस सिलेंडर 25 रुपये और महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** रसोई गैस यानी एलपीजी में सोमवार को प्रति सिलेंडर 25 रुपए की और वृद्धि हुई। यह वृद्धि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दिए जाने वाले सब्सिडी वाले सिलेंडर सहित सभी श्रेणियों में हुई है। एक माह में रसोई गैस सिलेंडर के दाम चौथी बार बढ़े हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के मूल्य आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी से अब तक 14.2 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर के दाम 125 रुपए बढ़ चुके हैं। इसके साथ ही विमान ईंधन यानी एटीएफ की कीमतों में भी को 6.5 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि हुई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दामों में तेजी आ रही है, जिससे विमान ईंधन महंगा हुआ है। दिल्ली में अब 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर का दाम 794 रुपए से बढ़कर 819 रुपए हो गया है।

### राजमार्गों का निर्माण नए रिकॉर्ड पर: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में राजमार्गों का निर्माण 33 किलोमीटर प्रतिदिन के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया है। गडकरी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि इस वित्त वर्ष में अभी तक 11,035 किलोमीटर राजमार्ग का निर्माण हुआ है जिससे हम यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं। गडकरी ने कहा कि हमने आज की तारीख तक 11,035 किलोमीटर राजमार्ग का निर्माण किया है। यह प्रतिदिन 32.85 किलोमीटर बैठता है, जो एक रिकॉर्ड है। मंत्री ने कहा कि 31 मार्च तक यह आंकड़ा 40 किलोमीटर प्रतिदिन पर पहुंच सकता है। गडकरी ने कहा कि यह उपलब्धि इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि इसे कोविड-19 महामारी के बीच हासिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही यह उपलब्धि मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेसवे के एक मार्ग के निर्माण के विश्व रिकॉर्ड के करीब है।







# जल्द पूरा होगा फिल्म इंस्टीट्यूट का सपना

## प्री व पोस्ट प्रोडक्शन, शूटिंग, वीएफएक्स, एनिमेशन, गेमिंग, म्यूजिक निर्माण के होंगे पुख्ता इंतजाम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार बहुत जल्द प्रदेश में एक फ़िल्म इंस्टिट्यूट की स्थापना करने जा रही है। यह इंस्टिट्यूट मुख्यमंत्री के बहुप्रशंसित प्रोजेक्ट फिल्म सिटी के भीतर ही 40 एकड़ क्षेत्र में स्थापित होगी। यहां निर्देशन, प्रोडक्शन, कोरियोग्राफी, एडिटिंग, स्क्रीनप्ले लेखन और साउंड रिकॉर्डिंग जैसे फ़िल्म और टीवी निर्माण से जुड़ी विविध विधाओं का प्रशिक्षण तो लिया ही जा सकेगा, अभिनय कला की बारीकियां भी सीखी जा सकेंगी। फ़िल्म सिटी को एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का नया ठिकाना बनाने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री ने फ़िल्म इंस्टिट्यूट की स्थापना को युवाओं का सपना साकार होने जैसा बताया है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को गौतमबुद्ध नगर में प्रस्तावित फ़िल्म सिटी के विकास के संबंध में कार्ययोजना का अवलोकन किया। फ़िल्म सिटी विकास के लिए चयनित विश्वस्तरीय कंसल्टेंट सीबीआरई और यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारियों ने विश्व के विभिन्न देशों में विकसित इंफोटेनमेंट सिटी के गहन अध्ययन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में फ़िल्म सिटी के विकास के लिए सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध हैं। यीडा क्षेत्र में 1000 एकड़ में विकसित होने जा रही इस फ़िल्म सिटी में फ़िल्म, टीवी, ओटीटी निर्माण से जुड़े सभी आयामों का पूरा समावेश होना चाहिए। यही नहीं, वीएफएक्स, एनिमेशन और गेमिंग इंडस्ट्री के सुनहरे भविष्य को देखते हुए यहां इसके विकास की व्यवस्था भी की जाए। थीम आधारित मनोरंजन पार्कों की स्थापना फिल्म सिटी को पर्यटन स्थल के रूप में भी लोकप्रियता दिलाएगी।

## पटरी दुकानदारों को कर्ज दिलाने को पीएम स्वनिधि मेला शुरू

**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने पटरी दुकानदारों को कर्ज दिलाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्वनिधि लोन मेला का शुभारंभ किया। मेला छह मार्च तक प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में चलेगा। मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा कि इस योजना से 8.32 लाख पटरी दुकानदारों को लाभ मिलेगा। स्थानीय निकाय निदेशालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मेले के उद्घाटन समारोह में नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा कि कोरोना काल में पटरी दुकानदारों को सबसे अधिक कठिनाई आई और उनका कारोबार लगभग खत्म हो गया। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री ने यह योजना प्रस्तुत की। इस योजना के लाभार्थियों के मन में संतोष का भाव है। इससे पटरी दुकानदार अपना कारोबार और बेहतर ढंग से कर सकेंगे। उन्होंने अफसरों से कहा कि छह दिन में सभी जिले के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

# विकास दुबे के मददगार सात साथी गिरफ्तार

### ● बिकरू कांड में प्रयुक्त सेमी ऑटोमैटिक राइफल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कानपुर** के बहुचर्चित बिकरू कांड के मुख्य अभियुक्त और मुठभेड़ में मारे जा चुके विकास दुबे व उसके साथियों को घटना के बाद शरण देने उनको फरार कराने में मदद करने और वारदात में प्रयुक्त असलहों को सुरक्षित रखने वाले सात अभियुक्तों को एसटीएफ ने पनकी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एसटीएफ ने घटना में प्रयुक्त सेमी ऑटोमैटिक स्प्रिंग फील्ड राइफल सहित कई अन्य हथियार, भारी मात्रा में कारतूस, फरार होने में प्रयुक्त की गई 2 कार और 205000 रुपए बरामद किए हैं।

उल्लेखनीय है कि बीती 2-3 जुलाई 2020 की रात तत्कालीन क्षेत्राधिकारी बिल्हौर देवेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम अपराधी विकास दुबे पुत्र रामकुमार दुबे ग्राम बिकरू थाना चौबेपुर कानपुर नगर के घर दबिश देने गयी थी। इस दौरान विकास दुबे और उसके साथियों ने सुनियोजित तरीके से अपने घर की तरफआने वाले मुख्य मार्ग पर जेसीबी मशीन को खड़ा करके रास्ता अवरूद्ध कर दिया गया था और छतों से मोर्चा लेकर पुलिस बल पर घात लगाकर सेमी ऑटोमैटिक रायफल, बंदूक ,पिस्टलों व अन्य घातक असलहों से पुलिस पार्टी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। जिसमें तत्कालीन क्षेत्राधिकारी बिल्हौर देवेन्द्र मिश्र एवं उनके हमराह तीन उपनिरीक्षक व चार आरक्षी शहीद हो गए थे तथा छह पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। विकास दुबे द्वारा अपने साथियों की मदद से पुलिसटीम की एके 47 रायफल व 1 इंसास रायफल व दो पिस्टल मय कारतूस के लूट लिया गया था।

वहीं अभियुक्तगणों द्वारा घटना में प्रयुक्त सेमी ऑटोमैटिक राइफल, काफी आर्म्स एवं एम्यूनेशन की बरामदगी नहीं हुई थी और न ही घटना के पश्चात मृतक विकास दुबे व उसके साथियों को शरण देने वाले व घटनास्थल से अभियुक्तगणों को फरार कराने में मदद करने वाले व्यक्तियों की अब तब न तो पहचान हो सकी थी और न ही इनके विरुद्ध कोई वैधानिक कार्रवाई हुई थी। इस मामले में छानबीन कर रही है एसटीएफ को सूचना मिली थी कि विकास दुबे अपने अपराधी साथियों अमर दुबे व प्रभात मिश्रा उर्फ कार्तिकेय के साथ घटना कारित करने के बाद घटना में प्रयुक्त काफी आर्म्स , एम्यूनेशन लेकर करवा शिवली कानपुर देहात से भागकर कानपुर देहात व आस पास के जनपद व क्षेत्रों में 2 दिनों तक रूका हुआ था और इन्हीं किन्हीं स्थानों पर आर्म्स एम्यूनेशन व अन्य सामान रखकर दिल्ली-फरीदाबाद भागा था और जिन व्यक्तियों के पास विकास दुबे ने घटना में प्रयुक्त आर्म्स एम्यूनेशन रखा हुआ था उनमें से कुछ लोग दिल्ली में रहते हैं।

**सूचना**

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि. लखनऊ के निर्देशानुसार, एल.आई.सी. एच.एफ.एल., लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं.–422/ एनेक्जर–ई, एल.आई.सी.एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि श्री रामऔतार पुत्र श्री नन्हे द्वारा श्री राम विलास पुत्र श्री मधुरपाल के पक्ष में एक किता भूखण्ड जो खसरा सं.–1581 का मि., पैमाईशी रकबा 900 वर्गफिट, स्थित ग्राम–ऊंचा थोक, (अन्दर नगर पालिका) परगना–बंगर, जनपद–हरदोई को दिनांक 09.12.1996 को विक्रय किया है, जिसका दस्तावेज सं.–5094, उपनिबधक कार्यालय–हरदोई, पर पंजीकृत है। उपरोक्त मूल बयनामा की प्रति कहीं खो गई है, उपरोक्त मूल बयनामा किसी व्यक्ति, बैंक, या वित्तीय संस्थान में बंधक है, तथा व्यक्ति द्वारा पाया जाता है तो उसकी सूचना एल.आई.सी. एच.एफ.एल,, लखनऊ एवं अनूप कुमार सिंह एडवोकेट, मो.नं. –9455032691, 9554472272 को तत्काल दिया जाये। उक्त सम्पत्ति के बाबत कोई भी वाद, दावा 15 दिन के अन्दर पेश नहीं की जाती है तो, उपरोक्त सम्पत्ति पाक, साफ समझी जायेगी, इसके उपरान्त अगर कोई दावा, वाद पेश की जाती है तो, वह निराधार व शून्य माना जायेगा।

# रोहिंग्यों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश कराने वाले दो भाई गिरफ्तार

### ● पांच लाख रुपए व कई पासपोर्ट बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**म्यामार** के रोहिंग्यों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश कराने और उनको कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भारतीय नागरिक के रूप में स्थापित कर विभिन्न मीट फैक्टरियों में मजदूर के रूप में रोजगार दिलाने तथा उसके बदले में पैसे वसूलने वाले मानव तस्करी गिरोह के रोहिंग्या निवासी दो सगे भाइयों को आतंकवाद निरोधक दस्ते ने गिरफ्तार किया है।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार के अनुसार एटीएस को सूचना मिली कि म्यांमार निवासी रोहिंग्यों का एक गिरोह रोहिंग्यों को बांग्लादेश बोर्डर से अवैध रूप से भारत लाता है तथा उनका यूएनएचसीआर में पंजीकरण कराकर देश और प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थापित करता है । तदोपरांत कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उनके भारतीय दस्तावेज आधार कार्ड ,पैन कार्ड , पासपोर्ट आदि तैयार कराकर उन्हें भारतीय नागरिकों के रूप में विभिन्न मीट फैक्टरियों में मजदूर के रूप में काम दिलाता है और इसके बदले में इनसे धन उगाही करता है । इसके अतिरिक्त यह गिरोह अन्य देश विरोधी गतिविधियों में भी संलिप्त है। एटीएस द्वारा इस सूचना को विकसित करने पर उक्त तथ्य प्रमाणित हुए और 28 फरवरी को अभियुक्त मो.फारुख पुत्र मुहम्मद इस्माइल मकदूम नगर, कबेला रोड कोल, थाना कोतवाली नगर अलीगढ़ को गिरफ्तार किया। मोहम्मद फारूख का वास्तविक नाम हसन अहमद पुत्र नूर अहमद है और वह ग्राम तमचन थाना मगत जिला .अकियाब का रहने वाला है। उसी क्रम में एटीएस द्वारा फारुख के भाई शाहिद पुत्र इस्माइल निवासी कासिम नगर उन्नाव उर्फ साहिल मुहम्मद पुत्र नूर अहमद निवासी ग्राम तमचन थाना मगरू जिला अकियाब, म्यांमार को एक मार्च को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया । इसके पास से भारतीय पासपोर्ट सहित अन्य भारतीय दस्तावेज व 5 लाख रुपए की धनराशि बरामद की गयी। जिसके अर्जन का अभियुक्त द्वारा कोई स्त्रोत नहीं बताया गया।

एडीजी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में फारुख उर्फ हसन अहमद ने जानकारी दी कि मैं म्यांमार का रहने वाला रोहिंग्या हूँ और मैं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में फारुख पुत्र मो इस्माइल निवासी मकदूम नगर, कबेला रोड कोल, थाना कोतवाली नगर, अलीगढ़ के नाम से रह रहा हूं। मेरे अलावा मेरा भाई मो शाहिद पुत्र इस्माइल निवासी कासिम नगर उन्नाव रहता है और मेरा दामाद जुबैर निवासी मकदूम नगर थाना कोतवाली नगर अलीगढ़ भी म्यांमार का रोहिंग्या है । मेरी मां हामीदा साही उर्फ मदीना खातून मेरे साथ अलीगढ में रहती है ।फारुख ने स्वीकार किया कि वह अपने भाई शाहीद के साथ मिलकर रोहिंग्याओ को बांग्लादेश बार्डर से अवैध रूप से भारत लाते हैं तथा उनका यूएनएचसीआर में पंजीकरण कराने के बाद उनको अलीगढ़, उन्नाव, मथुरा आदि स्थानों पर स्थापित करते है तदोपरांत कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उनके भारतीय दस्तावेज ; बनवाकर उन्हें भारतीय नागरिक के रूप में अलीगढ, उन्नाव व आगरा की मीट फैक्टरियों में मजदूर के रूप में काम दिलाते थे इसके बदले में इन रोहिंग्यो से धन उगाही करते थे । आईजी एटीएस जीके गोस्वामी ने बताया कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध में पूछताछ कर उन्हें चिन्हित करते हुए गिरफ्तार किया जाएगा। इस गिरोह द्वारा जिन रोहिंग्यो को अवैध रूप से बांग्लादेश सीमा से भारत लाकर स्थापित किया गया है और उनके भारतीय दस्तावेज तैयार किए गए है उनके सम्बन्ध में जानकारी कर उनका चिन्हीकरण किया जाएगा। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस कस्टडी रिमांड लिया जाएगा जिससे कि भारत में इनके अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी की जा सके।

# संदिग्ध नेपाली युवक अयोध्या से गिरफ्तार

### ● व्हाट्सएप काल के जरिए पाकिस्तान, इजिप्ट, सऊदी अरब और सूडान में करता था बात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** द्वारा कूटरचित अभिलेखों के आधार पर बैंक खाता खोलकर लेनदेन करने वाले नेपाल निवासी मोहम्मद सलीम खान को सुचिता गंज बाजार थाना क्षेत्र रौनाही जनपद अयोध्या से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कूट रचित आधार नंबर, नेपाली पासपोर्ट एवं शैक्षिक प्रमाण पत्र की प्रतियां, एक मोबाइल फोन में 3 सिम कार्ड बरामद हुए हैं। वह पाकिस्तान के कई संदिग्ध नंबरों पर व्हाट्सएप से चैट किया करता था। वह अभी तक अयोध्या में रह रहा था। इसके पहले नेपाल के सीमावर्ती जिलों के मदरसों को अपना ठिकाना बनाया हुआ था। जांच में पता चला कि वह पाकिस्तान और बांग्लादेश जा चुका था। वह व्हाट्सएप काल के जरिए पाकिस्तान, इजिप्ट, सऊदी अरब और सूडान में बात कर रहा था। एसटीएफ को उसके देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की पुख्ता जानकारी मिली है।

एसटीएफ को काफी समय से सूचना प्राप्त हो रही थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति अयोध्या एवं आस पास के जनपदों में अलग अलग स्थान पर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अपनी पहचान को छिपाकर रह रहा है। अभिसूचना संकलन के दौरान विश्वसनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति सलीम खान पुत्र मंगरे खान जो नेपाल निवासी है और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अयोध्या एवं आस पास के जनपदों में संदिग्ध तरीके से अपनी पहचान को छिपाकर रह रहा है। इस सूचना पर तकनीकी विश्लेषण से यह भी ज्ञात हुआ कि इस व्यक्ति ने अपनी जन्म तिथि व अन्य पहचान छिपाकर कूटरचित अभिलेख के आधार नम्बर प्राप्त कर उसके आधार पर भारतीय मोबाइल सिम कार्ड लिया है तथा वर्ष 2016 में श्रावस्ती जनपद में इलाहाबाद-इण्डियन बैंक की हेमपुर ब्रान्च में एक बचत खाता भी खोल रखा है। यह भी ज्ञात हुआ कि यह व्यक्ति अपने अभिलेखों में तीन अलग अलग जन्मतिथियों को अंकित कराकर कूटरचना किया है।

**आवश्यकता है।**

**राजकुमारी देवी (RKD) महाविद्यालय**
(एनएच-2, कसिया ककोढ़ा कौशाम्बी)
में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत

प्राचार्य 1 पद एवं प्रवक्ताओं
स्नातक स्तर पर कला संकाय
(बी ए पाठ्यक्रम)
प्रा0भा इतिहास 1 पद, अर्थशात्र 1 पद, शिक्षाशात्र 1 पद, अंग्रेजी भाषा 1 पद, भूगोल 1 पद, राजनीति विज्ञान 1 पद एवं समाजशात्र 1 पद, प्रवक्ता वाणिज्य संकाय (बी कॉम पाठ्यक्रम) 1 पद, प्रवक्ता कंप्यूटर विज्ञान संकाय (बी0सी0ए पाठ्यक्रम) 1पद, प्रवक्ता तथा विज्ञान संकाय (बी0एस0सी पाठ्यक्रम) भौतिक विज्ञान 1 पद, रसायन विज्ञान 1 पद, गणित 1 पद, जंतु विज्ञान 1 पद एवं वनस्पति विज्ञान 1 पद की।

योग्यता वेतनमान एवं शर्तें यूजीसी, विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार के मानकानुसार, इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें

Mo. 6389209911

## कोविड का निशुल्क टीका लगा रही है सरकार

**लखनऊ।** प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों मनोज कुमार पाण्डेय, अजय कुमार लल्लू उमाशंकर सिंह तथा वीरेन्द्र यादव ने एक संयुक्त रूप से सवाल किया कि प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन फ्री में लगाए जाने की क्या व्यवस्था है? उत्तर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में सरकार निशुल्क टीकाकरण कर रही है और निजी अस्पतालों में यह टीका 250 रूपए में लग सकेगा।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं, आनंदिता, निवासी 1/57, रश्मिखंड, लखनऊ, 226002, मैंने मेरे नाम के साथ उपनाम 'गुप्ता' जोड़ा है, और नोटरी में शपथ भी ली है की अब मेरा नाम आनंदिता गुप्ता है।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र बीनू गुप्ता व उसकी पत्नी को उनका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोक. ार नहीं रहेगा। सुरेश कुमार पुत्र स्व0 रामकुमार निवासी-ग्राम व पोस्ट कसमण्डा, थाना-कमलापुर, तहसील-सिधौली, जिला-सीतापुर

**सूचना**

मैं अपने पुत्र राहुल सिंह व उसकी पत्नी प्रियंका उर्फ पूजा को उनके दुराचरणों से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ तथा अपने सभी सम्बन्ध समाप्त करता हूँ उनके द्वारा किए कार्यों के जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। रमेश सिंह पुत्र स्व0 मंगल सिंह निवासी ग्राम सिंधौरा, बांगर, नारामऊ, मानपुरनगर।

# विधान परिषद में कानून-व्यवस्था को लेकर सपा का वाकआउट

### ● कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष का सरकार पर निशाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** में बिगडती कानून व्यवस्था को लेकर सपा ने आज विधान परिषद में सरकार को घेरने की कोशिश की। सत्ता पक्ष के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन में हंगामा किया और सदन का वाकआऊट किया। पूरे दिन हंगामे और विपक्षी दलों के विरोध के बीच परिषद की कार्यवाही चली।

सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति कुवर मानवेन्द्र सिंह ने नेता सदन के पत्र द्वारा सदन को यह सूचित किया कि आज की सदन की कार्यवाही के संचालन के लिये डाक्टर महेन्द्र सिंह को नेता सदन अधिकृत किया गया। प्रश्नकाल के दौरान सदन के सदस्यों के सवालों का सरकार के मंत्रियों ने जबाव दिये। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच नोंकझोक हुई। शून्यकाल के दौरान सपा के अहमद हसन, रामवृक्ष सिंह यादव, रणविजय सिंह, आनन्द भदौरिया, बासुदेव यादव एवं अन्य सदस्यों ने प्रदेश में हो रही ताबड़तोड हत्यायें, लूट, बलात्कार की घटनाओं से कानून व्यवस्था ध्वस्त होने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहयता पर सपा के राम अवध यादव, आनन्द भदौरिया एवं नेता विरोधी दल ने विचार व्यक्त किये। सपा सदस्य कार्यस्थन करके कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा करने की मांग कर रहे थे।

नेता सदन एवं मंत्री महेन्द्र सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के जवाब से संतुष्ट न होने के कारण सपा के सभी सदस्यों ने सदन का त्याग किया। सभापति ने कार्यस्थगन अस्वीकार सरकार को आवश्यक कार्यवाही हेतु संदर्भित किये जाने के निर्देश दिये। बसपा के दिनेश चन्द्रा, अतर सिंह राव, सुरेश कुमार कश्यप, महमूद अली एवं भीमराव अम्बेडकर ने प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विज्ञापित ग्राम विकास अधिकारी पद हेतु भूतपूर्व सैनिकों के चयन में अनियमितता किये जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर दिनेश चन्द्रा एवं भीमराव अम्बेडकर ने अपने विचार व्यक्त किये। नेता सदन एवं मंत्री ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। कांग्रेस के दीपक सिंह ने 4 फरवरी को प्रयागराज के यमुनापार इलाके में घूरपुरए थाना क्षेत्र-बसवार में बालू खनन के खिलाफ कार्यवाही के दौरान पुलिस द्वारा नाविकों से झड़प व मारपीट किये जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर दीपक सिंह, डॉ. राजपाल कश्यप एवं बसपा क दिनेश चन्द्रा ने अपने विचार व्यक्त किये। नेता सदन महेन्द्र सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। अधिष्ठाता नरेश चन्द्र उत्तम ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रयागराज के सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कालेज, जलालपुर के प्रबन्धक द्वारा प्रधानाचार्य का उत्पीड़न किये जाने के संबंध में सूचना दी। शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी, ध्रुव कुमार त्रिपाठी एवं सपा के वासुदेव यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। माननीय नेता सदन मंत्री महेन्द्र सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। अधिष्ठाता नरेश चन्द्र उत्तम ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चन्देल एवं डा आकाश अग्रवाल ने कानपुर देहात के गॉधी गोविन्द गोपाल राष्ट्रीय विद्यापीठ में अराजक तत्वों व विवादित प्रबन्ध समितियों द्वारा अवैधानिक रूप से पड़े ताले को खुलवाये जाने के संबंध में सूचना दी। नेता सदन महेन्द्र सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। ,भोजनावकाश के बाद कार्यसूची की मदों को निपटाया गया। याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया।

# बेरोजगारी के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा

### ● विधान सभा की कार्यवाही दो बार स्थगित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



विधानसभा में सोमवार को प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। जहां एक तरफ सत्ता पक्ष ने लाखों बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कही तो वहीं विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया कि वह बेरोजगारों के साथ छलावा कर रही है। कार्यवाही के दौरान सत्ता पक्ष से श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की तरफ से बेरोजगारों को रोजगार देने के विभागीय आंकड़े पेश करने के बावजूद सपा और कांग्रेस के सदस्य असंतुष्ट दिखे।

सपा सदस्य वेल में आ गए और उन्होंने सरकार विरोधी नारेबाजी भी की जिसके चलते सदन की कार्यवाही को 15 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। विधान सभा में नियम 56 के तहत नेता प्रतिपक्ष रामगोबिन्द चौधरी ने बढ़ती बेरोजगारी की समस्या का मुददा सदन में रखते हुए कहा कि उप्र में बेरोजगारी की समस्या सुरसा की तरह मुंह बाए खड़ी हुई है। नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना के कारण लाखों युवक बेरोजगार हो गए हैं जबकि भाजपा ने अपने संकल्पपत्र में 90 दिन के अंदर खाली पड़े पदों पर भर्ती करने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पांच लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। राज्य सरकार की तरफ से रोजगार देने के जो आंकड़े पेश किए जा रहे हैं उससे पांच छह गुणा रोजगार के आंकड़े अखिलेश यादव की सरकार में भी पेश किए जा चुके हैं पर यह सब हकीकत से दूर हैं। बेरोजगारी की इसी समस्या पर बल देते हुए कांग्रेस की तरफ अजय कुमार उर्फ लल्लू ने कहा कि सरकार ने बेरोजगारों को धोखा देने का काम किया है। कई विभागों में लाखों पद खाली पड़े होने के बाद भी राज्य सरकार भर्तियां नहीं कर रही है।

विपक्ष के आरोपों के बाद श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि हमारी सरकार पारदर्शी सरकार है और हम नौकरी देने का काम करते हैं, नौकरी बेचने का नहीं करते हैं। मौर्य ने पिछली सपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा उस समय अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लोकसेवा आयोग और रेलवे भर्ती बोर्ड भर्तियों में खूब भ्रष्टाचार होता था लेकिन अब हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ बेरोजगारों को नौकरी में भर्ती कराने का काम कर रही है। विरोधी दलों की सरकारों में नौकरियां बेचने का काम होता था। वहीं कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस व बसपा ने बहिर्गमन किया। बहुजन समाज पार्टी के नेता विधानमंडल लालजी वर्मा की ने अलीगढ में एक बालिका के साथ हुए बलात्कार का मामला उठाया।

## विधानसभा में दो विधेयक ध्वनि मत से पारित

**लखनऊ।** विधानसभा में सोमवार को उत्तर प्रदेश लोक एवं निजी संपत्ति विरूपण निवारण विधेयक 2021 एवं उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण (संशोधन) विधेयक 2021 ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। विधेयक को सदन के पटल पर विचार के लिए रखा गया था। विपक्ष ने इन दोनों विधेयकों को प्रवर समिति को भेजने की सिफारिश की थी। उत्तर प्रदेश के दो जिलों क्रमश: लखनऊ व नोएडा में कमिश्नर व्यवस्था लागू होने के बाद गुंडा एक्ट की कार्यवाही में कुछ संशोधन की आवश्यकता थी। इसको देखते हुए सोमवार को विधानसभा में उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण संशोधन विधेयक 2021 प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव अंतर्गत लखनऊ व नोएडा गुंडा एक्ट के तहत जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी के साथ संयुक्त पुलिस आयुक्त व उप पुलिस आयुक्त भी सुनवाई करेंगे। इसके साथ ही इस मामले की अपील पुलिस आयुक्त व मंडल आयुक्त से की जा सकेगी। इन दोनों ही विधयकों को विपक्ष प्रवर समिति में ले जाने की मांग करता रहा। लेकिन करीब आधे घंटे तक चली चर्चा के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश लोक एवं निजी संपत्ति विरूपण निवारण विधेयक 2021 को लेकर भी विपक्ष के नेताओं ने विरोध किया। लालजी वर्मा इस विधेयक में संशोधन किए जाने व इसे प्रवर समिति में भेजने की जाने की मांग कर रहे थे। करीब आधे घंटे तक चली बहस के बाद इस विधेयक को भी ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

## सत्ता पक्ष के विधायक ने चारागाह मित्र नियुक्त किए जाने का उठाई मांग

**लखनऊ।** विधान सभा में सत्तारूढ़ दल के विधायक जवाहर लाल राजपूत ने सरकार से सवाल किया कि वह शिक्षा मित्रों की ही तरह चारागाह मित्र भी नियुक्त करेगी? इस सवाल पर कई विपक्षी दलों ने सरकार पर आरोप लगोए कि गौशालाओं में गाय मर रही हैं और उनका ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि पशुधन मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि सरकार गायों के चारा के लिए प्रति गाय 900 रूपए का भुगतान करती हैं। इस सवाल पर कांग्रेस और बीजेपी के सदस्यों के बीच नोक-झोंक भी हुई। प्रश्नकाल के दौरान जवाहर लाल राजपूत ने सरकार से जानना चाहा कि प्रदेश में छुट्टा, अन्ना जानवरों से फसलों को हो रहे भारी नुकसान के कारण किसानों को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है और उनमें भारी असुरक्षा की भावना व्याप्त है।

**क्षेत्रीय कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)**
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0,**
**नवीन मण्डी स्थल-बस्ती**

पत्रांक : नि0ब0/(ई-निविदा)/2021-882 दिनांक : 01.03.2021

**-: अतिअल्पकालीन ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

कार्यालय पत्रांक नि0ब0/(ई-निविदा)/2021-830 दिनांक 09.02.2021 द्वारा निविदा सं0 275 सम्पर्क मार्ग नंदौर बांसी पी० डब्ल्यू0डी0 मार्ग से लेयर फार्म होते हए गोइठहा तक लम्बाई 1.20 किमी का निर्माण कार्य का ई-टेंडरिंग के माध्यम से दिनांक- 25.2.2021 को निविदा आमंत्रित की गयी थी। जिसमें मात्र 02 निविदायें प्राप्त हुई हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा न परिलक्षित होने के कारण ई-निविदा के माध्यम से दिनांक **10.3.2021** को पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर दिनांक- **03.03.2021** को **14.00** बजे से दिनांक- **09.03.2021** को **17.00** बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। जिसकी हार्डकापी मुहरबन्द लिफाफे में दिनांक **-10.03.2021** को अपरान्ह **12.00** बजे तक उपलब्ध कराई जायेगी। कार्यों की निविदा की तकनीकी बिड दिनांक-**10.03.2021** को **14.00** बजे से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त ही वित्तीय बिड खोली जायेगी। शेष नियम एवं शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

**उपनिदेशक (निर्माण)**

**PUBLIC NOTICE**

Our client Mr. Virendra R. Pandey, of M/s. Viren Infra Projects, having his address at 10, Kulsumbai CHS, Prabhat Colony, Santacruz(East ), Mumbai 400 055. has tried on various occasions to contact MR. Mohhamad Parvez son of Mr. Mohhamad Atique by sending letters / Notices but every time the letters / Notices sent on 21 / 10 / 2015, on 12 / 06 / 2020, 15 / 06 / 2020, and finally on 08 / 07 / 2020, however, all the letters / Notices return back due to insufficient address furnished by Mr. Mohhamad Parvez, which were sent on the last known address as mentioned in the Agreement interred and executed between our client M/s. Viren Infra Projects and Mr. Mohhamad Parvez, which was duly registered on 20 / 07 / 2014. Our client thereafter issued a Public Notice published on 25 / 06 / 2014 in three Newspapers inviting objections and claims from any person / persons, whereby, neither our client nor by us have received any objections claims till date. Our client, therefore inform all concerned department associated with property development and Mr. Mohhamad Parez son of Mohhamad Atique and all the public at large as mentioned below.

Our client has come to understand through his sources that some unscrupulous / people / agents are trying to sell the property by mis-representation also the people mentioned in the joint venture Agreement as the confirmation party have started black mailing our client, by this notice we call upon Mr. Mohhamad Parvez to contact our client immediately or with us as their Advocates so that process of development of the property can be initiated. It is to further to inform Mr. Mohhamad Parvez, son of Mr. Mohhamad Atique that as the project has come to complete halt and our client has incurred huge financial loses after submission of the building plans with "LIDA" due to non compliance of few terms from your side like providing motorable 60 ft road from Lucknow Kanpur Highway upto the site, providing proper surveyed and marked boundaries of the plot with sufficient distance from high tension wires etc. which has not been done till date, our client now informs you that our client intend to develop the property as may be suitable and profitable to both of us and if you do not get in touch with our client immediately or with us as their advocates our client shall have complete signing authority to submit new plans for approvals with the concern authorities or sell / dilute his rights to any 3rd party to recover his losses. Your share will be held with us in the event nobody approaches us.

**DESCRIPTION OF THE SAID PROPERTY**

All the peace and parcel of land or ground including structures as may be situated at Miranpur Pinvat, Pargana Bijanaur Tehsil and zilla Lucknow having City Survey number ( khasara number ) 0-22sa rakaba ( area of the property )1.126 hectares as per the records of the Sale Deed and informed by the owner / vendor Mr. Mohhamad Parvez and registered with registrar of assurances in its respective circle.

Date :- 02/03/2021.
Place :- Mumbai.

**AJS Legal**
**Sd/-**
**Advocates and Consultants, 206, Pinky Palace, 2nd floor, S. V. Road, Khar ( West ), Mumbai 400 052.**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# चॉकलेट दे सीएम ने बच्चों से पूछा, रोज़ आओगे स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजधानी** के प्राथमिक विद्यालय नरही में पढ़ने वाले बच्चों का स्कूल का पहला दिन यादगार बन गया। कोरोना संक्रमण की वजह से साल भर से बंद चल रहे क्लास एक से पांच तक के स्कूल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोमवार को फिर से खुल गए।

मुख्यमंत्री ने बच्चों के स्कूल का पहला दिन भी खास बना दिया। सुबह करीब 11 बजे सीएम नरही के प्राथमिक विद्यालय निरीक्षण करने पहुँच गए। यहां पर मुख्यमंत्री ने न सिर्फ बच्चों को चॉकलेट देकर उनका स्वागत किया बल्कि पढ़ाई को लेकर उनसे बात भी की। सीएम ने बच्चों से पूछा कि एक साल बाद स्कूल आकर कैसा लग रहा है। इस पर बच्चों ने एक साथ जवाब दिया बहुत अच्छा लग रहा है। करीब 20 मिनट तक सीएम स्कूल में रुके।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के क्लास एक से पांच तक के प्राइमरी स्कूल सोमवार को खुल गए। कोरोना संक्रमण के चलते एक साल से स्कूल बंद थे। बच्चों की क्लास ऑनलाइन संचालित की जा रही थी। सरकार के कोविड प्रबंधन के चलते कोविड पर लगाम कसी गई। जिसकी तारीफ डब्लूएचओ ने भी की है। इसके बाद सीएम ने 10 फरवरी से क्लास 6 से 8 तक और एक मार्च से क्लास 1 से 5 तक के स्कूल खोलने के निर्देश बेसिक शिक्षा विभाग को दिए। सोमवार को क्लास 1 से 5 पांच तक के बच्चे साल भर बाद स्कूल पहुंचे । सरकार की ओर से जारी एसओपी के तहत पहले दिन क्लास 1 व 5 के बच्चों को ही स्कूल बुलाया गया था। वहीं विभाग की ओर से बच्चों के स्वागत के लिए स्कूल को रंग बिरंगी गुब्बारों और झालरों से सजाया गया था।

सरकारी प्राथमिक स्कूल नरही में पढ़ने वाले बच्चों के लिए पहला दिन ही खास हो गया। बच्चे कहते हैं कि उन्होंने सीएम अंकल को बहुत करीब से देखा। उनसे बात की है सीएम अंकल ने जाते जाते उन्हें चॉकलेट भी दी। छात्रा रचना रावत बताती हैं कि मुख्यमंत्री ने उनका नाम क्लास और घर के बारे में पूछा। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. रचना पांडे बताती हैं कि अचानक मुख्यमंत्री के विद्यालय में पहुंचने से पूरा माहौल ही बदल गया। बच्चों के लिए भी पहली बार यह अनूठा अनुभव रहा जब सीएम उनके बीच थे।

बच्चों ने बताया कि सीएम अंकल ने उनको बताया है, की मास्क लगाना बहुत ज़रूरी। इससे हम संक्रमण से बच सकते है। उन्होंने बच्चो से कहा कि रोज मास्क बदल कर आना है। मुख्यमंत्री ने अध्यापकों को भी निर्देश दिया की बच्चों को कोविड नियमों की भी जानकारी देते रहिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने छोटे छोटे बच्चों से पूछा स्कूल रोज आओगे या कभी-कभी। इस पर बच्चों ने कहा वो रोज़ स्कूल आएंगे। मुख्यमंत्री ने प्राथमिक विद्यालय के स्मार्ट क्लास का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से पूछा एक साल तक स्कूल बंद थे कैसे पढ़ाई करते थे, इस पर बच्चों ने बताया कि वह ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे थे।

## दूसरे चरण का टीकाकरण शुरू, मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारत** सरकार के निर्देश पर सोमवार से दूसरे चरण के अंतर्गत 45 से 59 वर्ष के आयु वर्ग में कोमॉरबिडिटी वाले व्यक्तियों व सीनियर सिटीजन को कोविड वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। बुजुर्गों के टीकाकरण के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय पहुंच कर वैक्सीनेशन अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह भी साथ में थे।


सुबह सवा दस बजे के करीब सिविल अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चिकित्सालय का भ्रमण कर वहां संचालित कोविड वैक्सीनेशन कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने सिविल अस्पताल में किये जा रहे कोविड वैक्सीनेशन कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए कोरोना टीकाकरण को भारत सरकार की गाइडलाइन्स तथा क्रम के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इमरजेंसी के निरीक्षण के साथ ही कोविड वैक्सीनेशन सेंटर पहुंच कर लाभार्थियों, कर्मचारियों व वैक्सीनेशन करा चुके लोगों से बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी तथा निजी अस्पतालों में स्थापित कोविड वैक्सीनेशन सेन्टर्स की नियमित मॉनिटरिंग करते हुये टीकाकरण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाये। बता दें कि राष्ट्रव्यापी कोविड 19 टीकाकरण अभियान 16 जनवरी को प्रारंभ हुआ था, आज अभियान का विस्तार करते हुये अब इसे 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों तथा 45 से 59 वर्ष के आयु वर्ग में कोमॉरबिडिटी वाले व्यक्तियों के लिये भी संचालित किया जा रहा है। प्रदेश में कोरोना टीकाकरण के लिये सरकारी तथा निजी चिकित्सालयों में कोविड वैक्सीनेशन सेन्टर्स स्थापित किये गये हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसादए जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### 13424 लाभार्थियो का हुआ कोविड वैक्सीनेशन

**लखनऊ।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर सोमवार से बुजुर्गों और 45 वर्ष से अधिक उम्र के गंभीर रोगियों का कोविड टीकाकरण किया गया। तीसरे चरण में पहले दिन सभी जिलों में टीकाकरण को लेकर तीन. तीन टीकाकरण केंद्रों बनाये गए थे। इनमे निजी अस्पताल भी शामिल किए गए थे। प्रदेश के सभी जनपदों में 60 साल से ऊपर के एवं 45 वर्ष से 59 वर्षके चिन्हित बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों के लिऐ 228 सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान कोविशील्ड एवं कोवैक्सीन वैक्सीन दोनो प्रकार की वैक्सीन का उपयोग किया गया। शाम 7 बजे तक प्राप्त सूचना के अनुसार कुल 13424 लाभार्थियो का कोविड टीकाकरण किया गया।

## एयरपोर्ट पर पकड़ा सात लाख से अधिक का सोना




**सरोजनीनगर।** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय अडानी एयरपोर्ट पर सोमवार को बिना सीमा शुल्क चुकाए तस्करी कर सोना एवं अन्य सामान लाने वालो सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियो ने पकड़ लिया। पकड़े गए सामान में सोना, मोबाइल फोन व चाय के पैकेट शामिल हैं। सोमवार को दुबई से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे एक यात्री के पास 160.50 ग्राम सोना जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य 770820 व एक आईफोन मैक्स प्रो 120000 तथा 144 चाय के पैकेट मूल्य 12000 बरामद किया गया। जब्त किए गए कुल सामानों का मूल्य 908820 है। पकड़े गए सामान के बारे में कस्टम विभाग ने यात्री से पूछताछ की। लेकिन यात्री सामान के बारे में कुछ भी नहीं बता सका और न ही कोई कागजात दिखा सका जिसपर कस्टम विभाग ने सीमा शुल्क अधिनियम के तहत पकड़े गए सामान को जप्त कर लिया है तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है। कस्टम उपायुक्त निहारिका लाखा ने बताया कि यात्री ने सोने को रुद्राक्ष के माला के चारों ओर लगाई गई सोने की टोपी के रूप में छुपाया था। सोने को रुद्राक्ष माला के रूप में पतले प्लास्टिक के धागे में बुना था।

## जारी रहेगा न्यायिक कार्यों का बहिष्कार

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ का क्षेत्राधिकार बढ़ाने व विभिन्न न्यायाधिकरणों की स्थापना लखनऊ में ही करने की मांग के मसले पर अवध बार एसोसिएशन की हड़ताल मंगलवार को भी जारी रहेगी। सोमवार को अवध बार एसोसिएशन की एक बैठक के बाद इसकी घोषणा की गई। अवध बार के इस निर्णय में सहयोग करते हुए अधीनस्थ अदालतों के वकील भी सोमवार को न्यायिक कार्यो से विरत रहे। बीते 24 फरवरी से हाईकोर्ट के वकील इस मांग को लेकर न्यायिक कार्यो से विरत चल रहे हैं। राजधानी की अधीनस्थ अदालतों के वकील भी इस मसले पर अवध बार के समर्थन में सहयोग कर रहे हैं। जिसकी वजह से न्यायिक कार्य पुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। सोमवार को अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एचजीएस परिहार की अध्यक्षता में इस मसले पर पुनः बैठक हुई। इस बैठक में सेंट्रल, लखनऊ, रेरा, कैट, टैक्स लायर्स, एएफटी, पब्लिक सर्विस ट्रिब्युनल, डीआरटी, इंकम टैक्स, सेल्स टैक्स व स्टेट पब्लिक बार एसोसिएशनों के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। साथ ही अवध बार के इस आंदोलन में पूरा साथ देने की बात भी कही। इस बैठक का संचालन अवध बार के महासचिव शरद पाठक ने किया।वकीलों की मांग है कि नए बनाए जाने वाले सभी न्यायाधिकरण सूबे की राजधानी लखनऊ में ही स्थापित किए जाए। ने इस संदर्भ में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री व विधि मंत्री समेत मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजा है।

## बल्ला चलाकर महापौर ने किया नगर निगम क्रिकेट का शुभारंभ



**लखनऊ।** महापौर ने बल्ला चला कर नगर निगम क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । महापौर द्वारा टास उछाल कर मैच को शुरू किया गया। महापौर एकादश को छह विकेट से पत्रकार एकादश ने हरा दिया। सोमवार को नगर निगम द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर संयुक्ता भाटिया ने किया। महापौर के समक्ष दोनों टीमों का परिचय हुआ। मैच का टॉस महापौर ने किया, जहां टास जीतने पर महापौर एकादश ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसल लिया। इस उद्घाटन मैच में महापौर एकादश और प्रेस एकादश के मध्य रोमांचक मुक़ाबला हुआ, जिसमें प्रेस एकादश ने महापौर एकादश को 6 विकेट से शिकस्त दी। महापौर एकादश की तरफ से कप्तान शिवपाल साँवरिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला कर 20 ओवर में 123 रन का लक्ष्य दिया जिसे प्रेस 11 ने 16 गेंद रहते 6 विकेट से जीत लिया।

## लूटा की नई कार्यकारिणी को लेकर नामांकन, अध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ;लूटाद्ध की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर 9 मार्च को प्रस्तावित चुनाव को देखते हुए सोमवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए नामांकन किये गए। अध्यक्ष पद के लिए दो और उपाध्यक्ष पद के लिए पांच शिक्षकों ने नामांकन किया है। सभी पदों को मिलाकर कुल 23 नामांकन हुए हैं। निर्वाचन अधिकारी प्रो राजीव मनोहर ने बताया कि लूटा अध्यक्ष पद के लिए प्रोफेसर आरबी सिंह मून और डॉ विनीत वर्मा ने दावेदारी की है। डॉ वर्मा महामंत्री रह चुके हैं। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए तकी अली, पवन कुमार मिश्रा, अशोक कुमार सिंह, गुलाम नबी और चंद्रसेन भी दौड़ में शामिल हो गए हैं।

# जुगल किशोर ज्वेलर्स में चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अमीनाबाद** में पुलिस चौकी से चन्द कदमों की दूरी पर जुगल किशोर ज्वेलर्स बैकर्स के शोरूम मे चार दिन पूर्व हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने वारदात को अन्जाम देने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर शोरूम से चुराया गया 10 किलो से ज़्यादा सोना, 70 लाख की नकदी, 50 लाख कीमत के हीरे मोती एक पिस्टल व अन्य सामान बरामद कर लिया है। पुलिस को चुनौती देने वाली 25 फरवरी की रात घटित हुई चोरी की इस बड़ी वारदात के बाद पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने मौके पर पहुँच कर वारदात के खुलासे के लिए पुलिस की 10 टीमें गठित कीं थीं।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने वारदात में शामिल तीन शातिर चोरो को मौलवीगंज के पास से उस समय गिरफ्तार किया जब ये लोग जुगल किशोर ज्वेलर्स से चोरी किए गए रूपयों और ज़ेवरात के बंटवारे की योजना बना रहे थे। पुलिस ने मशालची टोला खदरा हसनगंज के रहने वाले शुएब, अम्बरगंज सआदतगंज निवासी सबरूददीन अन्सारी उर्फ शेरा और कैम्पवेल रोड मरीमाता मंदिर के पास ठाकुरगंज निवासी अंसारी अहमद को गिरफ्तार किया है और शोरूम से चोरी किए गए 70 लाख 62 हज़ार रूपए, 10 किलो 159 ग्राम सोना, 25 लाख रूपए कीमत का हीरा, 25 लाख कीमत के पन्ना, मोती, पुखराज, नीलम, मूंगा, नग, शोरूम से चोरी किए गए तीन मोबाइल फोन, एक पिस्टल, 6 कारतूस, वारदात में इस्तेमाल की गई एक्टिवा गाड़ी के अलावा अन्य जगहों पर चोरी की वारदात में चुराए गए करीब सवा आठ लाख रूपए की कीमत के गहने बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए चोर चोरी की वारदातों को अन्जाम देने में अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते थे। यह लोग सोने चांदी की ऐसी बड़ी दुकानों की तलाश करते थे जिन दुकानों के आसपास पुराने वीरान खंडहर हों, जिस पर चढ़ कर आसानी से दुकान के अन्दर दाखिल हुआ जा सके । शातिर दिमाग चोर अपने गिरोह मे कम लोगों को शामिल करते थे और ये लोग वारदात के समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से बचते थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए चोरों के द्वारा शहर में कई अन्य स्थानों पर चोरी की बड़ी वारदातों को अन्जाम दिया जा चुका है। व्यापारियों को नाराज़ करने और पुलिस की मुस्तैदी पर सवालिया निशान लगाने वाली चोरी की इस बड़ी घटना का महज़ चार दिनों में खुलासा करने वाली पुलिस की टीम को पुलिस कमिश्नर ने 50 हज़ार रुपए का इनाम देने का एलान किया है। पुलिस के अनुसार जुगल किशोर ज्वेलर्स के शोरूम मे हुई चोरी की शत प्रतिशत बरामदगी हो गई है।



### शोरूम से चुराया गया 10 किलो से ज़्यादा सोना, 70 लाख की नकदी, 50 लाख कीमत के हीरे मोती, पिस्टल व अन्य सामान बरामद

**सौ से ज़्यादा सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों तक पहुंची पुलिसः** वारदात के समय मोबाइल फोन के इस्तेमाल से बच कर पुलिस के सर्विलांस के राडार से बचने वाले शातिर चोरों का सुराग लगाना आसान नहीं था क्योंकि जिस समय जुगल किशोर ज्वेलर्स के शोरूम में चोर चोरी की वारदात को अन्जाम दे रहे थे। उस समय शोरूम के अन्दर लगे सभी सीसीटीवी कैमरे बन्द थे। वारदात बहुत बड़ी थी इसलिए पुलिस की टीमों ने घटना के बाद सड़क पर लगे दो सौ से ज़्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जॉच की और पुलिस की टीमें सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से ही बड़ी चोरी करने वालों तक पहुॅची । पुलिस ने जुगल किशोर के शोरूम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो से शुरूआत की और कैमरे चेकिंग का सिलसिला अम्बरगंज तक पहुॅच गया । लगातार चेक किए गए कैमरो में चोर कई बार देखे गए और सीसीटीवी कैमरे इस बड़ी वारदात के खुलासे कारगर साबित हुए। वहीं बताया जा रहा है कि चोरी की वारदता को अन्जाम देने वाले सबरूददीन अंसारी उर्फ शेरा ने साल 2017 मे हुए नगर निगम के चुनाव मे अम्बरगंज वार्ड से अपनी पत्नी को चुनाव के मैदान मे उतारा था। लेकिन उसकी पत्नी चुनाव नहीं जीत पाई थी। सबरूददीन अंसारी उर्फ शेरा अम्बरगंज के जिस मकान में रहता है। उसकी कीमत ही करीब दो करोड़ रूपए की आंकी गई है। वहीं सबरूददीन अंसारी उर्फ शेरा अपने तीन मंज़िला आलीशान मकान में तरह तरह के तोते पाले हुए है जिनकी कीमत दस लाख रूपए से ज़्यादा की है और वह उनके रखरखाव पर रोज़ हज़ारों रूपए खर्च करता था ।

## 31 मार्च तक पूरी हों पेयजल व सीवरेज परियोजनाएंः टंडन



**लखनऊ।** शहर की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए नगर विकास मंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश जल निगम के कार्यों की समीक्षा की गई। नगर विकास निदेशालय में आयोजित हुई समीक्षा बैठक में जल निगम द्वारा 31 मार्च तक किए जाने का आदेश दिए हैं। इसमें 21 एसटीपी परियोजनाएं और 28 पेयजल एवं सीवरेज परियोजनाएं शामिल हैं। सोमवार को उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर नगर विकास मंत्री अशुतोष टंडन की अध्यक्षता में नगर विकास निदेशालय में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने जल निगम द्वारा 31 मार्च तक किए जाने वाले कार्यों एवं वर्ष 2021-22 में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान नगर विकास मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 21 एसटीपी परियोजनाएं और 28 पेयजल एवं सीवरेज परियोजनाएं 31 मार्च 2021 तक पूर्ण की जाएंगी। साथ ही उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों को सभी प्रोजेक्ट गुणवत्ता पूर्ण व नियमित समय से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

## दून सैन्य कालेज की प्रवेश परीक्षा पांच जून को होगी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कालेज देहरादून में सत्र जनवरी 2022 की कक्षा 8 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 5 जून को आयोजित होगी। यह परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेशीय परीक्षा केन्द्र राजकीय जुबली इंटर कालेज निकट सिटी रेलवे स्टेशन, लखनऊ में सम्पन्न होगी। सोमवार को यह जानकारी उपशिक्षा निदेशक (मा) विभा मिश्रा ने देते हुए बताया कि सत्र जनवरी 2022 हेतु कक्षा 8 में प्रवेश पाने के लिए उम्मीदवार की आयु 1 जनवरी, 2022 को 11 वर्ष 6 माह से कम तथा 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवार को 1 जनवरी 2022 को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत या सातवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके लिए लिखित परीक्षा 5 जून को गणित का प्रश्नपत्र सुबह 9:30 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक तथा सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र 12 बजे से अपरान्ह् 13 बजे तक तथा अंग्रेजी का प्रश्न पत्र अपराह्न 14:30 बजे से सायं 16:30 तक आयोजित होगी।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**

संख्या- 278/रीडर-2021 दिनांक- 23.02.2021

**नोटिस**

1. मे0 श्री बाला जी ट्रेडर्स प्रो0 श्री विमलेश कुमार अवस्थी पुत्र श्री राम कृष्ण अवस्थी, 441/179, पुराना तोपखाना, बालागंज, लखनऊ।
2. श्री विमलेश कुमार अवस्थी पुत्र श्री राम कृष्ण अवस्थी, निवासी 441/179, पुराना तोपखाना, बालागंज, लखनऊ।
3. श्री विशाल गुप्ता पुत्र श्री सुरेन्द्र गुप्ता, निवासी 441/जीआर/043, गौशाला रोड, नियर त्रिवेदी सदन, अपोजिट एम. एस. लॉन, बालागंज, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि यूनियन बैंक आफ इण्डिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नही किया गया है।

अतः आप दिनांक- 06.03.2021 को समय 10.30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूतिकरण हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित तिथि व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नही कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेगें।

(गरिमा स्वरूप)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक)/अपर कलेक्टर
लखनऊ

# नई पीढ़ी में जगाएं संस्कृति, संगीत व कला के प्रति सम्मानः आनंदीबेन

### भातखण्डे संगीत संस्थान अभिमत विश्वविद्यालय का 10वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ज्ञान, विज्ञान, कला और संगीत की अमूल्य विरासत निहित है, जिसमें शिक्षा की महती भूमिका है। शिक्षा व्यक्ति को संस्कारित करते हुए उसमें नैतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक प्रवृत्तियों का उचित समावेश कर उसके भावी जीवन को समुन्नत एवं समृद्ध करती है। उन्होंने कहा कि संगीत एक साधना है। उत्तर प्रदेश की संगीत परम्परा न केवल प्राचीनतम है, बल्कि सबसे अधिक समृद्ध रही है। राज्यपाल सोमवार को भातखण्डे संगीत संस्थान अभिमत विश्वविद्यालय, लखनऊ के 10वें दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित कर रहीं थीं।दीक्षान्त समारोह में मेधावियों को पदक वितरण के बाद अपने सम्बोधन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि यहां शास्त्रीय और भक्ति संगीत के साथ ही लोक संगीत का प्रचुर खजाना मौजूद है। राज्यपाल ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों से मिली सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में कार्य करना चाहिए। इसके साथ ही हमें नई पीढ़ी के मन में भारतीय संस्कृति, भारतीय संगीत एवं भारतीय कला के प्रति सम्मान पैदा करने का प्रयास करना चाहिए तथा उन्हें संगीत व नृत्य सीखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी का सपना होता है कि वह अपने शैक्षिक संस्थान के उच्चतम सोपान पर स्वयं को अभिषिक्त होता हुआ देख सके। इसीलिये वह शैक्षिक गतिविधियों, पठन-पाठन एवं शोध के यथावश्यक कार्यों में स्वयं को प्राण पण से सन्नद्ध कर देता है। उसका प्रथम लक्ष्य डिग्री-उपाधि प्राप्त करना और द्वितीय लक्ष्य उस योग्यता के आधार पर जीवन के आगामी लक्ष्य की सम्पूर्ति करना होता है। उन्होंने कहा कि उपाधि प्राप्त करने वाले बच्चे शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेकर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश विदेश में संगीत की अलख जगाने का कार्य करेंगे। इस अवसर राज्यपाल ने स्मारिका का विमोचन भी किया। विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित किये गये स्कूली बच्चों को राज्यपाल ने बैग, पुस्तक, फल आदि दिये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर शिक्षार्थी कुछ न कुछ बनना चाहता है। इसीलिए नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों की रुचि के अनुसार 70 प्रतिशत पाठ्यक्रम दिया जायेगा जबकि 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्तर पर तैयार करना होगा, ताकि विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार शिक्षा प्रदान की जा सके। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को अपने विद्यार्थियों का समय समय पर चिकित्सीय परीक्षण कराना चाहिए। विशेषरूप से बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि प्रत्येक 53 सेकेण्ड में एक नवजात बच्चे की मृत्यु होती है। कार्यक्रम को समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गायन-वादनाचार्य पद्मश्री डॉ राजेश्वर आचार्य ने भी सम्बोधित किया।

भातखण्डे संगीत संस्थान अभिमत विश्वविद्यालय, लखनऊ के 10वें दीक्षान्त समारोह में 6 पीचएडी, 72 परास्नातक, 44 स्नातक समेत कुल 123 डिग्रियां प्रदान की जबकि 44 विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किये। जिसमें से महिलाओं को 13 गोल्ड, 5 सिल्वर और 6 कॉस्य पदक प्रदान किये गये। सर्वाधिक छह मेडल उसमीत सिंह को गायन में मिले।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि राजनीतिक दल **"राष्ट्रीय संविधानवादी पार्टी"** के नाम से पंजीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय ग्राम-रमपुरा, पोस्ट- हैदरपुर, जनपद- औरैया, उत्तर प्रदेश पिन कोड- 206129 में है। इस दल के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 (क) के अधीन राजनीतिक दल के रूप में पंजीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली आवेदन प्रस्तुत किये जाने वाले दल के पदाधिकारियों के नाम व पते नीचे दिये गये है-

1. अध्यक्ष- **अशोक कुमार दोहरे** ग्राम-रमपुरा, पोस्ट-हैदरपुर, जनपद-औरैया, उत्तर प्रदेश पिन कोड- 206129
2. महासचिव- **रामदास सुमन** - ग्राम व पोस्ट- कलानी, जनपद- छतरपुर, मध्य प्रदेश, पिन कोड-471001
3. कोषाध्यक्ष- **तुलाराम** - ग्राम व पोस्ट- सॉफर, जनपद-औरैया, उत्तर प्रदेश पिन कोड- 206121

यदि किसी को "राष्ट्रीय संविधानवादी पार्टी" के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति है, तो वे अपनी आपत्तियाँ इसके कारणों सहित सचिव (राजनैतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोका रोड नई दिल्ली-110001 को इस सूचना के प्रकाशन के एक माह (30 दिन) के भीतर भेजें।

# विलुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास की जरूरत

● मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पांचवां दीक्षांत समारोह सम्पन्न



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल व कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल ने कहा कि भाषा किसी भी व्यक्ति को अभिव्यक्ति प्रदान करती है। ज्ञान विज्ञान का संचयन और विस्तार, भाषा के बिना सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि विगत के कुछ दशकों में भाषा के क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर शोध कार्यों की संख्या में भारी कमी आयी है। ऐसे में भाषा के क्षेत्र में, शोध कार्यों को बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही विलुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। राज्यपाल सोमवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पांचवे दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रहीं थीं।

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अशोक चक्रधर को डी लिट की मानद उपाधि देने व मेधावियों को पदक वितरण के बाद अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय भाषा के लिए, एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर चुका है। यह समिति भारतीय एवं विदेशी भाषाओं के पठन पाठन के साथ साथ उच्च स्तरीय बहुआयामी शोध करायेगी। उन्होंने पदमश्री प्रोफेसर अशोक चक्रधर के दीक्षांत उद्बोधन की सराहना करते हुए कहा कि भाषा के विषय में जैसी दृष्टि प्रोफेसर चक्रधर की है वह भाषा के क्षेत्र में एक नई क्रांति ला सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को उनके मार्गदर्शन में कार्य करते हुए भाषा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने चाहिए। प्रोफेसर अशोक चक्रधर ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे संसार में भाषाओं के लुप्त होने का रुदन चल रहा है और कुछ लोग इसका दोष भूमंडलीकरण और कंप्यूटर को देते हैं पर कंप्यूटर एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से विलुप्त हो रही भाषाओं को रिट्रीव किया जा सकता है। उन्होंने अपनी तीन योजनाओं के बारे में सभी विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक बताया।

उन्होंने कहा कि हिंदी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र को समेकित एवं समन्वित करने, उसके दस्तावेजों को सहेजने और ओपन सोर्स संबंधी व्यवहारिकता के निदान के लिए विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी संस्थान केंद्र की स्थापना की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने इमली का ज़िक्र किया जो भारत के लिए एलेक्सा का विकल्प बन सकती है और भारतीयों को उनकी निजी भाषा में जानकारी उपलब्ध करा सकती है।

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई–निविदा आमंत्रण सूचना अनुभवी एवं ई–निविदा हेतु पंजीकृत फर्मो/ठेकदारों/कार्यदायी संस्थाओं से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा दो भागों में आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई–निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण ई–टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/तिथि विस्तार इत्यादि हेतु निविदा खुलने की तिथि तक उक्त वेबसाइट पर लॉग ऑन करें। समस्त निविदा प्रपत्र केवल उक्त वेबसाइट के माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/अस्वीकार करने का अधिकार अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल, मिर्जापुर के पास सुरक्षित रहेगा। अल्प कालिक निविदा सं0 (45)–132 केवी उपकेन्द्र गोपीगंज पर 40 एम0वी0ए0 परिवर्तक की शिफ्टिंग एवं इरेक्शन का कार्य। निविदा खुलने की तिथि–16.03.2021, निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 236/–(जी0एस0टी0 सहित), धरोहर धनराशि रू 2000/–। निविदा सं0 (46)–अधिशासी अभियन्ता, विद्युत प्रेषण खण्ड, मिर्जापुर के लिये विभागीय कार्यों हेतु एक अदद डीजल चालित वाहन स्कार्पियो/बोलेरो चालक सहित उपलब्ध कराने हेतु। निविदा खुलने की तिथि–31.03.2021, निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 236/– (जी0एस0टी0 सहित), धरोहर धनराशि रू 2000/–। निविदा सं0 (47)–उपखण्ड अधिकारी, विद्युत प्रेषण उपखण्ड–द्वितीय, औराई के अन्तर्गत विभागीय कार्यो हेतु एक अदद डीजल चालित वाहन स्कार्पियो/बोलेरो चालक सहित उपलब्ध कराने हेतु। निविदा खुलने की तिथि– 31.03.2021, निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 236/– (जी0एस0टी0 सहित), धरोहर धनराशि रू 2000/–। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, मीरजापुर** पत्रांक–539/वि0प्रे0मं0(मि0) /टी–टेण्डर दिनांक– 27.02.2021 ''राष्ट्रहित ऊर्जा बचायें''

# छात्रों में शुरू से ही वैज्ञानिक व मानवीय दृष्टिकोण विकसित करें: दिनेश शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) द्वारा 'नेशनल साइंस डे' के उपलक्ष्य में आयोजित दो-दिवसीय ऑनलाइन विज्ञान एवं कम्प्यूटर महोत्सव 'विस्टा-2021' के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि डा. दिनेश शर्मा, उप-मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ने शिक्षकों व अभिभावकों का आह्वान किया कि छात्रों में प्रारम्भ से ही वैज्ञानिक, मानवीय एवं विश्वव्यापी दृष्टिकोण विकसित करें। विज्ञान के बिना विकास की राह में आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। उन्होंने 'नेशनल साइंस डे' के उपलक्ष्य में आयोजित 'विस्टा-2021' की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी का विश्वव्यापी वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में इस प्रकार के विज्ञान महोत्सव की महत्वपूर्ण भूमिका है। विज्ञान एवं कम्प्यूटर महोत्सव 'विस्टा-2021' के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में रंगारंग शिक्षात्मक-सॉस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि प्रतिभागी छात्रों ने अपने ज्ञान-विज्ञान के प्रदर्शन व विश्वव्यापी दृष्टिकोण से सुखद अहसास कराया है कि निश्चित ही यह छात्र एक नये समाज की रचना करेंगे। अब समय आ गया है कि छात्र शक्ति मिलकर पूरे विश्व को एकता के सूत्र में पिरोयें क्योंकि आदर्श समाज की स्थापना का सारा दारोमदार अब इन्हीं होनहार कंधो पर है। सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि मानवतावादी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही विश्व समाज में रचनात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इसी सोच से प्रेरित होकर सीएमएस शुरू से ही अपने छात्रों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान कर रहा है। अलीगंज (प्रथम कैम्पस) की वरिष्ठ प्रधानाचार्या ज्योति कश्यप ने कहा कि इस दो दिवसीय विज्ञान महोत्सव में छात्रों ने न सिर्फ अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया अपितु विश्व समाज की खुशहाली व बेहतरी के लिए अपनी जागरूकता को भी दर्शाया है। यही छात्र आगे चलकर रचनात्मक विचारों व लोक-कल्याण के कार्यों से देश का नाम रोशन करेंगे।

# अटल चिकित्सा विश्वविद्यालय ने 60 नर्सिंग कॉलेजों को बांटे सहमति पत्र

● एमबीबीएस की पढ़ाई का प्रस्ताव विश्वविद्यालय ने किया तैयार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** महामारी के खिलाफ जंग में उत्तर प्रदेश को दूसरे राज्यों से आगे रखने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय को 100 करोड़ रुपए का बजट इस बार आवंटित किया गया है। अभी तक चिकित्सा विश्वविद्यालय की तरफ से प्रदेश के 11 मेडिकल कालेजों सहित 60 सरकारी व निजी संस्थानों को सहमति पत्र वितरित किया गया है। इन मेडिकल कॉलेजों में नौ सरकारी और दो प्राइवेट मेडिकल कॉलेज हैं।

अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी में प्रथम चरण में दूसरे मेडिकल कॉलेजों को संबद्धता दी जा रही है। छात्र-छात्राएं एमबीबीएस की पढ़ाई भी यहां से कर सकेंगी। इसका खाका संस्थान व प्रशासन की ओर से तैयार कर लिया गया है। मेडिकल यूनिवर्सिटी का चक गंजरिया में 50 एकड़ भूमि पर इसका निर्माण कार्य इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली इस यूनिवर्सिटी में 20 एकड़ भूमि पर एकेडमिक ब्लॉक का निर्माण भी किया जाएगा। कुलपति डॉ एके सिंह ने बताया कि परिसर में एक भव्य ऑडिटोरियम बनेगा जिसमें 2,500 लोग बैठ सकेंगे। बता दें कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी के शुभारंभ से प्रदेश की दूसरे प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों के साथ ही पैरामैडिकल कॉलेज, डेंटल व नर्सिंग कॉलेजों की संबद्धता की राह आसान हो जाएंगी। इस यूनिवर्सिटी के जरिए प्रथम चरण में कॉलेजों को आसानी से संबद्धता मिल सकेगी और दूसरे चरण में एमबीबीएस में दाखिलों की शुरूआत की जाएगी।

## एयरपोर्ट पर हुआ केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री का स्वागत

**सरोजनीनगर।** दिल्ली से राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे का सोमवार को भाजपाइयों द्वारा अमौसी एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। वह लखनऊ में स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली से सुबह करीब 8. 20 बजे इंडिगो विमान के जरिए अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे थे। जहां एयरपोर्ट बिल्डिंग के बाहर निकलते ही भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी, पार्षद दल के उप नेता कौशलेंद्र द्विवेदी, राजकुमार सिंह चौहान, भुवनेंद्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार सिंह, नगर मंत्री अमोद कुमार, मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा, महामंत्री संजय गुप्ता, उपाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

## प्रशासन की सख्ती आई काम फरियादियों को मिला न्याय

**मोहनलालगंज।** जनशिकायतों के समाधान को लेकर जिला प्रशासन की सख्ती फरियादियों को न्याय दिलाने में बेहद मददगार होती दिख रही है। समीक्षा के दौरान लापरवाही मिलने पर जहां जिम्मेदारों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई के दायरे में लाया जा रहा है। वहीं कई मामलों में फरियादियों की संतुष्टि के आधार पर ऐसी शिकायतों की अव्वल ग्रेडिंग कर जांच अधिकारी की हौसलाअफजाई भी की जा रही है। मोहनलालगंज तहसील में बीते माह तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता करने पहुंचे जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने निस्तारण की गुणवत्ता खराब पाकर मातहतों को कड़ी फटकार लगाई थी। डीएम की सख्ती के बाद तहसील प्रशासन ने बारी बारी से शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा शुरु कराई तो लापरवाहों की पोल खुलकर सामने आने लगी। शिकायतों के निस्तारण पर जवाबदेही होने से अब जिम्मेदारों में हड़कंप मचा हुआ है। नतीजा साफ है कि फरियादियों को बार-बार भटकने के बजाए न्याय मिलने की राह आसान हो गई है। खास बात यह भी है राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों में तहसील प्रशासन ने वरासत और अमल दरामद से जुड़ी शिकायतों में निस्तारण रिपोर्ट के साथ खतौनी संलग्न करने को अनिवार्य कर दिया है। जबकि संक्रमणीय घोषित करने और अवैध कब्जे की शिकायतों पर फाइल सम्बन्धित कोर्ट में दाखिल करने के बाद ही निस्तारण मान्य होने की शर्त रख दी गई है। जिसका कोर्ट से सत्यापन और शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जा रहा है। एसडीएम विकास सिंह ने बताया जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को प्राथमिकता दी जा रही है।

## कायाकल्प योजना के तहत बन रहे विद्यालयों के निरीक्षण को पंहुचे चेयरमैन

**बख्शी का तालाब।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कायाकल्प योजना के तहत नगर पंचायत के विद्यालयों का नवीनीकरण प्रारंभ हो गया है। बरगदी वार्ड के विद्यालय में हो रहे निर्माण कार्य की प्रगति देखने अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने विभिन्न प्रकार कर हो रहे नवीनीकरण के कार्यो का निरीक्षण किया। वही ठेकेदार को हिदायत देते हुये कहा कि ये विद्या के मंदिर है ,यहां से शिक्षित होकर छात्र समाज को आइना दिखायेंगे। इसलिये यहां के विकास कर्यों में किसी तरह से गुणवत्ता से समझौता नही किया जाना चाहिये। वर्तमान में नगर पंचायत के बरगदी प्रथम व द्वतीय साढ़ामऊ अकोहरी विश्रमपुरवा रुदही नंदना भवानीपुर व हाजीपुर में कार्य प्रगति पर है।

## पार्षद ने किया इंटरलॉकिंग रोड और पक्की नाली का शिलान्यास

**सरोजनीनगर।** नगर निगम द्वारा सरोजनीनगर प्रथम वार्ड के हिंदू खेड़ा गांव में हिंदू खेड़ा चौराहा स्थित बबलू कोरी के घर से पवन रावत, गोकरन रावत व बाबूलाल रावत के घर होते हुए नीरज सिंह के घर तक बनने वाली इंटरलॉकिंग रोड और पक्की नाली का शिलान्यास सोमवार को स्थानीय पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट द्वारा किया गया। इस दौरान भाजपा बूथ अध्यक्ष लल्लू रावत ने नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया। पार्षद राम नरेश रावत ने बताया कि करीब 29 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस 300 मीटर इंटरलॉकिंग रोड और पक्की नाली को जल्द ही तैयार कर दिया जाएगा।

## सफाई कर्मचारी ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार ने बताया कि भेस्वरा गोमतीनगर विस्तार निवासी लवकुश प्रजापति ने सूचना दिया कि उनका साला 40 वर्षिय रामबरन जो उल्लासखेड़ा मोहनलालगंज का रहने वाला है जो विस्तार में किराए के मकान में रहकर एसटीपी में सफाई का काम करता था। बताया जा रहा कि उसने कमरे में लगे लोहे के कुंडे से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है। मौके से कोई सुसाइड नोट नही मिला है जिससे आत्महत्या की वजह साफ नही हो सकी है।

## तहसील प्रशासन का बुलडोजर गरजा, लाखों की सरकारी जमीन कराई खाली

**मोहनलालगंज।** मऊ में तालाब की जमीन पर बिल्डर ने प्लाटिंग साइट के लिए रोड बना डाली। जांच के बाद सोमवार को राजस्व टीम ने जेसीबी से रोड खुदवाकर लाखों की सरकारी जमीन खाली करा ली। टीम की कार्रवाई यहीं नही रुकी बल्कि इसी गांव में दूसरी प्लाटिंग साइट के निकट बंजर भूमि से अवैध निर्माण भी ढ़हा दिया गया। इसी के साथ अवैध कब्जेदारों पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। अवैध कब्जा मुक्त कराई गई सरकारी जमीन की बाजार कीमत 35 लाख के आसपास बताई जा रही है। तहसीलदार निखिल शुक्ल ने बताया सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे खाली कराने की कार्रवाई निरंतर चल रही है। अवैध कब्जेदारों से क्षतिपूर्ति और जुर्माना भी वसूला जाएगा।

## प्रयागराज के बसवार से कांग्रेस ने शुरू की नदी अधिकार यात्रा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार से प्रयागराज के बसवार गांव से नदी अधिकार यात्रा शुरू हुई। यह यात्रा लगभग 400 किलोमीटर की दूरी तय करके बलिया के माझी घाट पर समाप्त होगी। आज बसवार से यह यात्रा निषाद बाहुल्य गांवों से होते हुए मवैया पंहुचेगी और वहां पर रात्रि विश्राम और ग्रामीणों से चर्चा होगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि यात्रा में शामिल होने आए छत्तीसगढ़ के कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता निषाद समाज के साथ है। हर मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी लड़ाई लड़ने को वचनबद्ध है।

## दिलप्रीत सिंह बनाए गए लखनऊ महानगर दक्षिण के अध्यक्ष

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुमोदनोपरान्त उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सात जिला.शहर अध्यक्षों की नियुक्ति की गयी है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डा उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि नवनियुक्त जिलाशहर अध्यक्षों में क्रमशः देवरिया जिलाध्यक्ष पद पर रामजी गिरी, महराजगंज के जिलाध्यक्ष पद पर शरद सिंह बबलू, जालौन जिलाध्यक्ष पद पर राजीव नारायण मिश्रा, कानपुर नगर ग्रामीण के अध्यक्ष पद पर अमित कुमार पाण्डेय, उन्नाव जिलाध्यक्ष के पद पर आरती बाजपेयी, बुलन्दशहर जिलाध्यक्ष पद पर श्योपाल सिंह, लखनऊ शहर अध्यक्ष दक्षिण पद पर दिलप्रीत सिंह को तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया गया है।

## लखनऊ कमिश्नरेट में धारा 144 लागू

लखनऊ। आगामी त्यौहारों, किसान आंदोलन व धरना प्रदर्शन के प्रबल संभावना को देखते हुए लखनऊ कमिश्नरेट में धारा 144 लागू कर दी गई है। यह पांच अप्रैल तक लागू रहेगी। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था नवीन अरोरा के मुताबिक विभिन्न राजनीतिक दलों, संगठनों, भारतीय किसान संगठनों एवं अन्य व्यक्तियों, संगठनों द्वारा कमिश्नरेट लखनऊ क्षेत्र में किसान आंदोलन, धरना प्रदर्शन करने की प्रबल संभावना है जिससे शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।



## लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग, जोन–1

लालबाग, लखनऊ

अल्पकालिक निविदा सूचना

पत्र सं0 1230/EE-I/नि0 दिनांक : 01.03.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 09.03.2021 के सायंकाल 4.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 09.03.2021 को 1.00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते हैं। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 4.00 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बॉक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4.30 बजे सायंकाल खोली जायेंगी।

| क्र0सं0 | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जोन–1 अन्तर्गत लालबाग पम्पिंग स्टेशन स्थित 120 एच0पी0 मोटर हेतु बियरिंग नं0–29324 ई एवं 6316 एम की आपूर्ति/फिक्सिंग का कार्य। | 100.00 | 2000.00 |
| 2. | जोन–1 अन्तर्गत लालकुआं वार्ड में 125 मीटर 4 इंच ब्यास की पी0वी0सी0 पाइप लाइन डालने का कार्य। | 100.00 | 3000.00 |

नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन–1 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता जोन–1
जलकल विभाग


**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालिक ई–निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई–पोर्टल https://etender.up.nic.in पर दिनॉक 17.03.2021 को समय 12.00 बजे तक ई–निविदा अपलोड की जानी है, ई–निविदा का प्रथम भाग दिनॉक 17.03.2021 समय 14.00 बजे खोली जाएंगी। निविदा संबंधी समस्त जानकारी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की वेबसाइट www.mvwnl.in पर भी अवलोकित की जा सकती है, परन्तु निविदा का प्रथम व द्वितीय–भाग https:// etender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बतायें किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने/संशोधन करने/विभिन्न फर्मो के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 1. निविदा सं0 106/विन विम (प्र0)/लेसा/2020–21: वि0न0वि0खं0 (हुसैनगंज) के कार्य क्षेत्र के कार्यालयों में स्थापित कम्प्यूटरों के सफल संचालन हेतु (6 अदद) कम्प्यूटर आपरेटरों की आपूर्ति किये जाने का कार्य एवं उससे संबंधित अन्य कार्य निविदा प्रपत्र मल्य रू0 1000/—+ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 रू0 180/सहित कुल रू0 1180/— अप्रतिदेय, एवं धरोहर राशि रू0 9,500.00 मात्र। (इस कार्य में क श्रेणी लाइसेंस धारकों की शर्तो में शिथिलता रहेगी) 2. निविदा स0 107/विनविम(प्र०)/लेसा/2020–21: वि0न0वि0खं0(राजभवन) के कार्य क्षेत्र के कार्यालयों में स्थापित कम्प्यूटरों के सफल संचालन हेतु (6 अदद) कम्प्यूटर आपरेटरों की आपूर्ति किये जाने का कार्य एवं उससे संबंधित अन्य कार्य निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1000/—+ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 रू0 180/सहित कुल रू0 1180/— अप्रतिदेय, एवं धरोहर राशि रू0 9,500.00 मात्र (इस कार्य में क श्रेणी लाइसेंस धारकों की शर्तो में शिथिलता रहेगी) निविदा सं0 108/विनविम(प्र0)/लेसा/2020–21: वि0न0वि0खं0 (अमीनाबाद) के कार्य क्षेत्र के कार्यालयों में स्थापित कम्प्यूटरों के सफल संचालन हेतु (4 अदद) कम्प्यूटर आपरेटरों की आपूर्ति किये जाने का कार्य एवं उससे संबंधित अन्य कार्य निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1000/—+ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 रू0 180/सहित कुल रू0 1180/— अप्रतिदेय, एवं धरोहर राशि रू0 6,300.00 मात्र। इस कार्य में क श्रेणी लाइसेंस धारकों की शर्तो में शिथिलता रहेगी) 4. निविदा सं0–109/विनविम(प्र0)/लेसा/2020–21: वि0न0प0खं0 (प्रथम) एवं वि0न0वि0म0–प्रथम के कार्य क्षेत्र के कार्यालयों में स्थापित कम्प्यूटरों के सफल संचालन हेतु (6 अदद) कम्प्यूटर आपरेटरों की आपर्ति किये जाने का कार्य एवं उससे संबंधित अन्य कार्य निविदा प्रपत्र मल्य रू0 1000/—+ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 रू0 180/— सहित कुल रू0 1180/— अप्रतिदेय, एवं धरोहर राशि रू0 9,500.00 मात्र। (इस कार्य में क श्रेणी लाइसेंस धारकों की शर्तो में शिथिलता रहेगी) 5. निविदा सं0 110/विनविम(प्र0)/लेसा/2020–21: वि0न0प0खं0 (प्रथम) एवं वि0न0वि0मं0–प्रथम के कार्य क्षेत्र के कार्यालयों में स्थापित अकुशल श्रमिक (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों) के सफल संचालन हेतु (3 अदद) अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति किये जाने का कार्य एवं उससे संबंधित अन्य कार्य निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1000/—+ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 रू0 180/— सहित कुल रू0 1180/— अप्रतिदेय, एवं धरोहर राशि रू0 4,000.00 मात्र। (इस कार्य में क श्रेणी लाइसेंस धारकों की शर्तो में शिथिलता रहेगी) 6. निविदा सं0 111/विनविम(प्र0)/ लेसा/2020–21: मुख्य अभियंता लेसा सिस–गोमती के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत एण्टी पावर थेप्ट पुलिस थाना लखनऊ को उनके कार्यालय में 2 अदद् कम्प्यूटर आपरेटर उपलब्ध कराये जाने का कार्य एवं उससे सम्बन्धित अन्य कार्यनिविदा प्रपत्र मूल्य 1000/—+ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित रू0 1180/— अप्रतिदेय, एवं धरोहर राशि रू0 3200.00 मात्र। (इस कार्य में क श्रेणी लाइसेंस धारकों की शर्तो में शिथिलता रहेगी) 7. निविदा सं0 112/विनविमं(प्र0)/लेसा/2020–21: वि0न0वि0मं0 (प्रथम) के अधीन आने 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्दों पर स्थापित उपकरणों की टेस्टिंग एवं ब्रेकर्स की मरम्मत का कार्य एवं उससे संबंधित अन्य कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य 3000/—+ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित रू0 3540/— अप्रतिदेय, एवं धरोहर राशि रू0 16000.00 मात्र। 8. निविदा सं0 113/विनविमं(प्र0)/लेसा/2020–21: लेसा (सिस–गोमती) अंतर्गत एन्टी पावर थेफ्ट थाना हेतु (24 घण्टे) 01 नं0 डीजल चालित (टाटा सूमों/बोलेरो) हल्का वाहन किराये पर मय ड्राइवर सहित एक वर्ष हेतु उपलब्ध कराये जाने का कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य 1000/—+ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित रू0 1180/— अप्रतिदेय, एवं धरोहर राशि रू0 3000.00 मात्र 9. निविदा सं0 114/विनविमं(प्र0)/लेसा/2020–21: मुख्य अभियंता लेसा सिस–गोमती के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत एण्टी पावर थेप्ट पलिस थाना जनपद–लखनऊ को उनके कार्यालय में 2 अदद कम्प्यूटर प्रिन्टर एवं टेबिल सहित क्रय किये जाने का कार्य एवं उससे सम्बन्धित अन्य कार्य। निविदा प्रपत्र मल्य 1000/—+ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित रू0 1180/— अप्रतिदेय, एवं धरोहर राशि रू0 2000.00 मात्र। 10. निविदा सं0 115/विनविम(प्र0)/लेसा/2020–21: उपमुख्य लेखा अधिकारी लेसा, सिस–गोमती के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत मासिक लेखों का संकलन. लेखों की एम0टी0बी0. लेखा अनसूचियां, कन्सालिडेशन रजिस्टर लथा समय–समय पर वांछित मासिक लेखों से सम्बन्धित सूचनाएं एवं भविष्य निधि परचियां बनवाने सम्बन्धी आदि का कार्य एवं उससे सम्बन्धित अन्य कार्य निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1000/—+ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 रू0 180/— सहित कुल रू0 1180/— अप्रतिदेय, एवं धरोहर राशि रू0 2,000.00 मात्र। (इस कार्य में क श्रेणी लाइसेंस धारकों की शर्तो में शिथिलता रहेगी एवं उक्त कार्य का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव) 11. निविदा सं0 116/विनविमं (प्र0)/लेसा/2020–21: वि0न0 वि0खं0 (हुसैनगंज) के अन्तर्गत जमा योजना के स्वीकृत प्राक्कलनों एवं पैकेज के सापेक्ष उपभोक्ताओं के स्वीकृत भार को अवमुक्त किये जाने हेतु आवश्यक विद्युत तंत्र की स्थापना का कार्य एवं उससे संबंधित अन्य कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 3000/—+ 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 रू0 540/— सहित कुल रू0 3540/— अप्रतिदेय, एवं धरोहर राशि रू0 15,000.00 मात्र। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल (प्रथम) – लेसा भवन, रेजीडेन्सी, लखनऊ पत्रांक 558 दिनांक 1.3.21 राष्ट्र हित में बिजली बचायें टोल फ्री नं– 1800–1800–440

## विशेष सम्मान से नवाजे गए पवन दूबे



**लखनऊ।** गोरखपुर के सांसद रवि किशन के पीआरओ और सामाजिक कार्यकर्ता पवन दूबे को सोमवार को अयोध्या में हुए सरस सलिल भोजपुरी सिने अवार्ड फंक्शन में विशेष सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उनको वर्ष 2020 में भोजपुरी फिल्मों के प्रचार प्रसार, विकास और जनसेवा के क्षेत्र में विशेष कार्य के लिए दिया गया। इस अवसर पर पवन दूबे ने कहा कि मेरा हमेशा से यही उद्देश्य रहता है कि अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाता रहूं। आमजन का हित हो यह प्राथमिकता रहती है। आज मुझे जो सम्मान दिया गया उसके लिए फिल्म उद्योग के लोगों, सहयोगियों और आमजन के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

**विद्युत वितरण मण्डल–चतुर्थ, लेसा–सिस गोमती, लखनऊ (ई–निविदा आमंत्रण सूचना)** विद्युत वितरण मण्डल–चतुर्थ, लेसा–सिस गोमती, लखनऊ के कार्यक्षेत्रान्तर्गत में निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा में प्रथम भाग में लगाये जाने वाले सभी प्रपत्रों का विवरण एवं धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र मूल्य का विवरण तथा अन्य समस्त नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र से अवलोकन करना सुनिश्चित करें जो कि उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender. up.nic.in पर 15. 03.2021 को 12:00 बजे तक डाउन लोड किये जा सकते है, जिसका प्रथम भाग उसी दिन को 16:00 बजे अथवा बाद में खोला जायेगा। यदि निविदा खुलने की तिथि को सार्वजनिक अवक. श पड़ता है तो निविदायें अगले कार्यदिवस में नियत समय पर खोली जाएगी। निविदा में यदि कोई भी संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार एवं निविदा द्वितीय भाग खोले जाने की सूचना उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त/विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा का विवरण निम्नवत् हैं : – 1. अल्पकालीन ई– निविदा सूचना सं0 76/2020–21 वि०वि०ख०, सेस–तृतीय के तहत जमा योजना के अंतर्गत समय–समय पर स्वीकृत होने वाले पैकेजों के विरूद्ध प्रस्तावित कार्यो को कराने के लिए रनिंग अनुबंध करने हेतु। निविदा प्रपत्र 3540.00 (जीएसटी सहित), धरोहर धनराशि रू0 25,000.00। 2. अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0 77/2020–21 वि०वि०ख०, सेस– चतुर्थ के तहत जमा योजना के अंतर्गत समय–समय पर स्वीकृत होने वाले पैकेजों के विरूद्ध प्रस्तावित कार्यो को कराने के लिए रनिंग अनुबंध करने हेतु। निविदा प्रपत्र 3540.00 (जीएसटी सहित), धरोहर धनराशि रू0 25,000.00 **अधीक्षण अभियन्ता (चतुर्थ)** पत्रांक संख्या : 10057 /वि०वि०मं०(च0)/कैम्प/निविदा दिनांक : 01.03.2021 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें'

# अपराध की बढ़ रही घटनाओं से सूबे की साख गिर रही: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



अखिलेश यादव से भेंट करते डब्लूडब्लूई रेसलर दिलीप सिंह राणा उर्फद ग्रेट खली

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार कानून का शासन स्थापित करने में पूरी तरह फेल रही है। न तो पुलिस.प्रशासन सुचारू रूप से कार्य कर रहा है और नहीं भाजपा सरकार की भयमुक्त वातावरण स्थापित करने की कोई मंशा है। आये दिन अपराध की बढ़ रही घटनाओं से सूबे की साख गिर रही है। श्री यादव ने कहा कि पीलीभीत में चार साल की मासूम के साथ दुष्कर्म और एटा में किशोरी से उत्पीड़न की घटना यूपी में लिये शर्मनाक है। बहन.बेटियों की सुरक्षा न कर पाने की जिम्मेदार भाजपा सरकार को अविलम्ब बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री की हनक सिर्फ उनके बयानों में ही दिख रही है। अपराधियों पर उसका कोई असर नहीं पड़ रहा। अखिलेश यादव ने कहा कानपुर में सहित पश्चिमी यूपी में हत्या की बढ़ रही घटनाओं से जनता डरी हुयी है। लखनऊ में प्रतिष्ठित सर्राफ के यहां लूट की घटना से राजधानी में भी भय का माहौल है। उत्तर प्रदेश की जनता को अपनी सुरक्षा स्वयं करने को मजबूर है।

## एलडीए वीसी ने जानीं आरडब्लूए के पदाधिकारियों की समस्याएं

**लखनऊ।** मिशन शक्ति अभियान के एलडीए के वीसी द्वारा वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में आरडब्लूए व विभिन्न महिला समाजसेवीयों ने उपाध्यक्ष को समस्याएं बताई। गोमतीनगर विस्तार योजना के सभी अपार्टमेंट्स की सुरक्षा व्यवस्था, ग्रीन गैस पाइप लाइन और बच्चों के लिए झूले की व्यवस्था जैसे मुद्दे उठे। वहीं अभियान से जुड़े लोगो के लिए हेल्पलाइन न बर 05224523023 की व्यवस्था एवं वीरांगना उदा देवी पार्क में ओपेन जिम लगाने के लिए भी आश्वासन दिया। सोमवार को महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति के तहत लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक प्रकाश ने अध्यक्षता की।

# पुष्पवर्षा कर किया बच्चों का स्वागत

● कार्टून फिल्म देखकर गदगद हुए मासूम

संवाददाता। मोहनलालगंज



**कोरोना** की वजह से 11 महीने बाद सोमवार को प्राइमरी स्कूल खुले तो गुब्बारे और झण्डियों से स्कूल परिसर को सजाकर पुष्पवर्षा कर बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया। प्राइमरी स्कूल गुमानी खेड़ा में प्रिंसिपल अनिल वर्मा की अगुवाई में टीचर्स स्टाफ ने बच्चों को स्कूल में प्रवेश से पूर्व टीका लगाकर उनका अभिनन्दन किया। प्राइमरी स्कूल गौरा में प्रोजेक्टर पर शिक्षाप्रद कार्टून फिल्म दिखाकर बच्चों का मनोरंजन किया गया। प्राइमरी स्कूल समेसी और रामपुर में चित्रकला प्रतियोगिता और पसंदीदा खेल में प्रतिभाग कराकर बच्चों को बेहतर माहौल देने की भरसक कोशिश की गई। कुछ स्कूलों में बच्चों की माताओं को बुलाकर शिक्षा चौपाल का भी आयोजन किया गया।

**निरीक्षण कर कोविड प्रोटोकॉल के प्रति किया सचेत**

मोहनलालगंज के प्राइमरी स्कूल समेसी प्रथम एरामपुर एनगराम एभजाखेड़ा और अमवामुर्तजापुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र प्रसाद खुद बच्चों के इस्तकबाल के लिए पहुंचे। उन्होंने शिक्षकों के साथ मिलकर बच्चों का खूब मनोरंजन कराया और उन्हें कोरोना से बचाव के लिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए सचेत भी किया।

**ड्रेस के साथ बच्चों को दिया गया है मास्क:** मोहनलालगंज के अधिकतर स्कूलों में स्वयं सहायता समूहों के जरिए बच्चों को वितरित की गई ड्रेस के साथ उन्हें टाई एबेल्ट और मास्क भी दिया गया है। स्कूलों के निरीक्षण कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों और बच्चों को दो गज दूरी और मास्क का अनिवार्य रुप से प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के उपस्थिति रोस्टर और हैण्डवाश का प्रयोग करने के लिए भी जागरूक किया।

## विशेष संचारी माह का शुभारंभ

# डीएम ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

संवाददाता। अंबेडकरगनर


रैली को हरी झंडी दिखाते जिलाधिकारी

**शासन के** निर्देश के क्रम में सोमवार दिनांक एक मार्च को जन जागरूकता एवं रोग नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन ने किया। उन्होंने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । कोविड-19, दिमागी बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगों के रोकथाम हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गई। अभियान के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों, आशा एवं दस्तक टीम को संक्रामक रोगो के रोकथाम हेतु शपथ दिलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा अनुसार हर संभव प्रयास कर दिमागी बुखार और कोविड-19 एवं अन्य संक्रामक रोगों का रोकथाम करना हमारा प्रथम दायित्व है, आप सब पूरे मनोयोग से जन जागरूकता में सहभागिता सुनिश्चित करेंस उन्होंने कहा ग्रामीण/ शहरी, खासकर मलिन बस्तियों में साफ सफाई का पूरा ध्यान देना होगा, लावीसाइडल का छिड़काव अवश्य कराया जाए। साथ ही साथ यदि किसी भी क्षेत्र में बच्चों को बुखार आ रहा हो तो उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराना सुनिश्चित करें । उन्होंने कहा कि लोगों को साबुन से नियमित हाथ धोने हेतु प्रेरित किया जाए , कोविड-19 के अनुपालन में लोगों को नियमित मास्क पहनना एवं दो गज की दूरी बनाने हेतु जागरूक किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ नव निधि मिश्रा,स्वास्थ्य विभाग की टीम ,संबंधित अधिकारी, मौके पर उपस्थित रहे।

## महिला सुरक्षा समिति का गठन करने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**घरेलू हिंसा**, दुष्कर्म व छेडख़ानी की शिकार पीड़ित की मदद व काउंसलिंग के लिए सभी थानों पर महिला सुरक्षा समिति का गठन होगा। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है। एडीजी अखिल कुमार ने जोन के सभी पुलिस कप्तान को पत्र लिख एक सप्ताह के भीतर समिति का गठन कर लेने के निर्देश दिया है। आठ मार्च को मुख्यमंत्री समिति के सदस्यों से मुखातिब होंगे।थानों पर गठित होने वाली महिला सुरक्षा समिति में निर्विवादित छवि की महिला समाजसेवी, प्रोफेसर, शिक्षक, अधिवक्ता व काउंसलर को रखा जाएगा। यह लोग महिला हेल्प डेस्क पर शिकायत लेकर आने वाली पीड़ित से बात कर उसकी समस्या का समाधान कराएंगी। साथ ही पुलिस व पीड़ित परिवार के बीच सेतु का काम करेंगी। पीड़ित परिवार को पुलिस के पक्ष से अवगत कराएंगी, ताकि कोई उन्हें गुमराह न कर सके।

# जैतपुर पुलिस ने फिर दिखाई वाहवाही

- लगातार दूसरे दिन मुठभेड़ में वांछित को किया गिरफ्तार
- पुरानी स्क्रिप्ट पर ही लिखी गई पटकथा

संवाददाता। अंबेडकरगनर


पुलिस द्वारा मुठभेड़ में घायल बदमाश

**जिले में** मुठभेड़ों का सिलसिला थम नही रहा है। पहले मुम्बई व अब गुरूग्राम से लाकर जैतपुर पुलिस ने एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद पकड़ने का दावा किया है। घटना क्रम ठीक वैसे ही घटित हुआ जैसा कि जिले में अब तक हुए दर्जनभर से अधिक मुठभेड़ों में सामने आ चुका है। नाटकीय घटनाक्रम में पुलिस को बदमाश के आने की जानकारी मिलती है। फिल्मी अंदाज में वह मोटर साइकिल से आता है, पुलिस उसे रोकती है तथा वह पुलिस पर फायर झोंक कर एक सिपाही को घायल कर देता है। जवाब में पुलिस की फायरिंग में हमेशा की तरह बदमाश के पैर में ही गोली लगती है। ज्यादातर मुठभेड़ों में केवल दायें पैर में ही गोली लगने की बात सामने आई है। इस बाद जैतपुर पुलिस ने गुड्डा उर्फ बजरंगी यादव निवासी गोपरी चांदपुर थाना जैतपुर को निशाना बनाया। पुलिस के अनुसार उसने जब ग्राम भीखपुर के निकट रैदा पुल के पास रविवार की रात गुड्डा उर्फ बजरंगी को रोका तो वह पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगा। जवाबी फायरिंग में बजरंगी के पैर में गोली लगी। बजरंगी हत्या के प्रयास के एक मुकदमें में वांछित चल रहा था। जिला अस्पताल में भर्ती बजरंगी ने बताया कि पुलिस उसे 13 फरवरी को गुरूग्राम से ले आई थी और तब से उसे टहला रही थी। अचानक उसे गोली मार दी गई। परिजनों को भी सोमवार को यह जानकारी हुई कि बजरंगी हरियाणा में नही अम्बेडकर नगर में है। फिलहाल अन्य मुठभेड़ों की तरह रविवार की रात हुई मुठभेड़ भी सवालों के घेरे में है।

## खुल गए परिषदीय विद्यालय

# डीएम ने फूल भेंटकर किया बच्चों का स्वागत

संवाददाता। अंबेडकरगनर

**शासन के** निर्देश के क्रम में जनपद के सभी परिषदीय विद्यालय सोमवार से खोल दिए गए हैं । इसी के तहत सोमवार को पहले ही दिन जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन परिषदीय प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर पहुंचे । विद्यालय खोले जाने से बच्चों में काफी उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों को फूल भेंट कर उनका स्वागत किया । इसके उपरांत एक-एक करके सभी छात्रों से उन्होंने वार्ता कर उनके पठन-पाठन की जानकारी ली । जिलाधिकारी ने आराधना से, जो स.ा.ह. की छात्रा है, 10 स्टिक काउंट करने को कहा, छात्रा आराधना ने 10 स्टिक तत्काल गिन कर बता दिया जिस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त कर छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की । उन्होंने स्पेशल मिड-डे-मील को चखा जिसकी गुणवत्ता ठीक पायी गयी । जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित समस्त अध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपने दायित्वों का ठीक से पालन करते हुए छात्रों के पठन-पाठन में अपना योगदान प्रदान करें।मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल सिंह, प्रधानाचार्य रमेश प्रसाद वर्मा एवं समस्त अध्यापक मौके पर उपस्थित रहे।


एमडीएम को चखते जिलाधिकारी

# कटेहरी ब्लाक परिसर में हो रहा घटिया निर्माण

संवाददाता। अंबेडकरगनर

**निर्माण कार्यों** में मानक विहीन कार्य होने की शिकायतें अक्सर मिलती रहती हैं लेकिन यदि अधिकारियों की नाक के नीचे ही यह कार्य हो रहा हो तो शिकायत किससे की जाए व इसका जिम्मेदार कौन होगा। मामला विकास खण्ड कार्यालय कटेहरी के परिसर का है। यहां परिसर के अन्दर ही कृषि रक्षा इकाई के भवन के बगल में ही लाखों रूपये की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सम्बन्धित ठेकेदार वहां पर बैठकर काम करवाता है जिससे सामान्य रूप से वहां कोई नही जा पाता। बताया जाता है कि इस सामुदायिक शौचालय के निर्माण में दोयम दर्जे की ईंट व घटिया देशी बालू का प्रयोग किया जा रहा है। मानक विहीन बनाये जा रहे सामुदायिक शौचालय का भविष्य क्या होगा, इसकी चर्चा जोरों पर है। हैरत इस बात को लेकर है कि विकास खण्ड स्तर के सभी अधिकारी वहीं पर बैठ रहे हैं लेकिन किसी की भी नजर इस घटिया निर्माण कार्य पर नही पड़ रही है।


निर्माण कार्य के लिए रखी ईंट व बालू

# महिला की गला रेत कर हत्या

संवाददाता। अंबेडकरगनर

**टाण्डा** थाना क्षेत्र के सधई का पूरा, अजमेरी बादशाह पुर में सोमवार की सुबह एक 42 वर्षीय महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई है । घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मामले में मृतिका के पुत्र देवराज पुत्र सेवाराम ने अज्ञात के विरुद्ध तरहरीर दी है जिसके बाद टाण्डा पुलिस ने मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि इस जघन्य घटना में हत्या के कारण का पता पुलिस को नही लग सका है । सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस को महिला का शव खून से लथपथ मिला। इस घटना से पूरा गांव थर्रा गया है । पुलिस को मिली तहरीर में भी किसी खास बात का जिक्र नही है। लेकिन यह कहना बिल्कुल गलत नही होगा कि यह कार्य बाहर के लोगों का नही है।

## टहलने निकली वृद्धा की हत्या


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

**अंबेडकरगनर।** सोमवार की सुबह जिले के आलापुर थाना क्षेत्र की प्रमुख बाजार रामनगर में वृद्धा का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वृद्धा की हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। सोमवार की सुबह लगभग 4:00 बजे यशोदा देवी ( 80 वर्ष)पत्नी राजकुमार घर से रोजाना की भांति टहलने के लिए निकली थी। उनका घर के आगे व्यस्ततम गली में खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गयी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि वृद्धा की हत्या की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। हालांकि घटना के कारणों को लेकर असमंजस बना हुआ है। क्षेत्राधिकारी जगदीश लाल, थानाध्यक्ष बृजेश सिंह सहित कई अन्य पुलिसकर्मी मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रहे हैं।

# एक दूजे के हुए 12 जोड़े

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुई शादी



संवाददाता। अंबेडकरगनर

**मुख्यमंत्री सामूहिक** विवाह योजना के अंतर्गत 12 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ। जलालपुर ब्लाक परिसर में आयोजित 12 जोड़ों की शादियां खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडे की मौजूदगी में संपन्न हुई । इन जोड़ों की विवाह पंडित यमुना प्रसाद तिवारी व केके मिश्रा ने विधि-विधान के साथ करवाया। साथ ही साथ इन जोड़ों को घर गृहस्ती का सामान भी दिया गया। मौके पर एडीओ पंचायत प्रियंका मिश्रा सीडीपीओ बलराम सिंह ए डी ओ समाज कल्याण विशाल यादव, प्रदीप दुबे, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी ,रामफेर कनौजिया, कृष्ण गोपाल कसौटी,सुरेशगुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने पीएम की होर्डिंग पर फेंका मोबिल, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**पेट्रोलियम पदार्थों** की कीमतों में बढ़ोत्तरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे यूथ कांग्रेस के सदस्यों ने प्रधानमंत्री की होर्डिंग पर जला मोबिल फेंक दिया। बताया जाता है कि बेतियाहाता में भारत पेट्रोल पंप पर होर्डिंग है। होर्डिंग पर मोबिल फेंकने के मामले में पुलिस ने महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी को अलहदादपुर स्थित पार्टी कार्यालय से हिरासत में ले लिया। इसके बाद शहर के अलग-अलग स्थानों से यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अभिजीत पाठक, अनुसूचित विभाग के प्रदेश सचिव अमित कन्नौजिया, प्रदेश महासचिव सुमित पांडेय को हिरासत में ले लिया। सभी को कोतवाली थाने में रखा गया है। खबर लिखे जाने तक कांग्रेसी थाने के बाहर सभी को छोडने् की मांग को लेकर इकट्ठा रहें।

सोमवार को रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोत्तरी और पहले से ही पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों बढने् के खिलाफकांग्रेसियों ने दोपहर एक बजे प्रदर्शन का ऐलान किया था। एक बजे कांग्रेसियों ने बेतियाहाता में भारत पेट्रोलियम के पंप के सामने प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने तकरीबन दो घंटे धरना दिया। जानकारी के बाद सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। उन्होंने कांग्रेसियों से ज्ञापन मांगा। कांग्रेसियों ने बताया कि वह पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ने उनकी मांग से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के आश्वासन के साथ धरना समाप्त करा दिया। कांग्रेसियों के जाने के बाद यूथ कांग्रेस के कुछ पदाधिकारी व सदस्य पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस बीच सभी पेट्रोल पंप के परिसर में पहुंचे और वहां लगी प्रधानमंत्री की होर्डिंग पर जला मोबिल फेंक दिया। इसके बाद सभी भाग निकले।

प्रदेश महासचिव विश्वविजय सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रहरी, राकेश यादव, पूनम मिश्रा, रोहन पांडेय, श्यामशरण श्रीवास्तव, दिलीप कुमार निषाद, साहिल विक्रम तिवारी, विजेंद्र तिवारी, आलोक शुक्ल, अनवर हुसैन, अनिल दूबे, प्रेमलता चतुर्वेदी, कुसुम पांडेय, निर्मला वर्मा, अनुराग पांडेय, कमल श्रीवास्तव, अनूप मिश्र, संजय चौबे, महेंद्र मोहन तिवारी, सुशांत शर्मा, प्रभात चतुर्वेदी, मोहम्मद अरशद, आदिअंश गांधी, महेंद्रनाथ मिश्र, आशीष सिंह, अमित राव, जितेंद्र विश्वकर्मा, राकेश मौर्या, राजकुमार मौर्या, राजीव कुमार सिंह, नवनीत मिश्रा, शिवम चतुर्वेदी, आशुतोष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहें।

**योग गुरु पर निकाली भड़ास**

महानगर कांग्रेस कमेटी ने पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्धि के बहाने योग गुरु रामदेव पर भड़ास निकाली। कहा कि योग गुरु ने भी पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में कमी की बात कही थी। जनता को सभी ने छला है।

## रिटायर्ड फौजी से 20 हजार की लूट

**गोरखपुर।** कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के मछलीगांव चौकी अंतर्गत ग्राम इंद्रपुर में बदमाशों ने एक रिटायर्ड फौजी को असलहा सटाकर 20 हजार रुपये की लूट की है। घटना के बाद पुलिस उन्हें साथ में लेकर छानबीन में जुटी है। रिटायर्ड फौजी राजदेव यादव ग्राम इंद्रपुर के निवासी हैं। उनकी हनुमानगंज चौराहे पर गिट्टी बालू की दुकान है। जानकारी के अनुसार राजदेव दुकान बंद करके घर जा रहे थे। उनके पीछे बदमाश भी लगे हुए थे। वह अभी घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर थे कि बाइक से फिसल कर गिर गए। उनके गिरते ही बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें असलहा सटा दिया और उनके पास से 20 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। बाद में उन्होंने घटना की जानकारी 112 नंबर पर दी। थोड़ी देर में मौके पर मछलीगांव की चौकी व कैंपियरगंज थाना पुलिस भी पहुंच गई। फौजी को साथ लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी/एएसपी राहुल भाटी का कहना है कि घटना की जानकारी मिली है। इसकी जांच की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### पूर्व प्रधानाचार्य का निधन

**अंबेडकरगनर।** राम अवध जनता इ0 का0 बरियावन के पूर्व प्रधानाचार्य भूपेन्द्र नाथ चौधरी का सोमवार को निधन हो गया। वह करीब चार वर्ष से गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे जिनका इलाज चल रहा था। वह मृदुभाषी और कुशल प्रधानाचार्य थे जिनके निधन से पूरा विद्यालय परिवार बहुत दुखी है। विद्यालय के प्रबन्धक आद्या प्रसाद चौधरी ने निधन पर शोक व्यक्त किया है। इस मौके पर प्राधानाचार्य अशोक कुमार पटेल, मा0 शि0 संघ के जिलाअध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, संजीव कुमार, सन्तोष कुमार तिवारी, रमेश कुमार, मुकेश दूबे, रामसागर, संदीप कुमार रंजन, मनोज कुमार त्रिपाठी, कुलदीप, विधान चन्द्र आदि सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कॉलेज इकाई का हुआ गठन

**अंबेडकरगनर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई कटेहरी द्वारा रामदेव जनता इंटर कॉलेज मैं कॉलेज इकाई का गठन किया गया जिसमें मुख्य रूप से अकबरपुर के तहसील संयोजक शिवम त्रिपाठी, मुकेश सिंह कटेहरी नगर सह मंत्री पवन यादव, हिमांशु जायसवाल, अभिषेक अग्रहरी मौजूद रहे। कॉलेज इकाई निर्वाचन प्रक्रिया में कॉलेज अध्यक्ष के रूप में बेबी कनौजिया मंत्री के रूप में महिमा तिवारी को चयनित किया गया। इसके साथ ही कॉलेज उपाध्यक्ष के रूप में अजय कुमार, आलिया बानो, प्रियांशी सिंह ,नितेश वर्मा, सह मंत्री के रूप में विकास राजभर ,आदित्य पांडे, बंदना यादव ,रोशनी विश्वकर्मा, प्रिया गौड ,प्रियंका भारती, श्रेया द्विवेदी, प्रिंसी मोदनवाल, स्टूडेंट फॉर सेवा आयाम के संयोजक के रूप में भास्कर पाल ,सहसंयोजक के रूप में रुचि , स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट आयाम के संयोजक के रूप में विशाल कुमार, सहसंयोजक के रूप में संगम यादव, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख आयाम के संयोजक के रूप में शैलजा दुबे ,सहप्रमुख संजय कुमार, कॉलेज सदस्य के रूप में आफरीन बानो, रीमा कुमारी, रुचि धूरिया ,निलेश यादव, अंतिमा राजभर, आशीष पांडे ,उमेश कुमार ,विजय कुमार ,प्रतिमा यादव, शाहिना खान, का चयन किया गया।

### संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान की दिलायी शपथ

**अयोध्या।** .जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान की दिलायी शपथ। हम शपथ लेते है कि दिमागी बुखार और कोविड.19 को रोकने के लिए हम हरसम्भव प्रयास करेंगे हम अपनी और अपने आसपास की साफ सफाई का पूरा ध्यान रखेंगेए हर बार शौच के लिए शौचालय का प्रयोग करेंगे बार.बार साबुन से हाथ धोयेंगेए घर के बाहर हमेशा मुहं और नाक को मास्क से ढकेंगे दूसरों से 2 गज की दूरी रखेंगे। यदि कोई बच्चा हमारे गांव में बुखार से पीड़ित होगा उसके परिवार को तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे। अगर किसी को बुखार के साथ सांस लेने में तकलीफहोए या कोई ऐसे कोविड प्रभावित क्षेत्र से आया हो या किसी कोविड.19 संक्रमित व्यक्ति से मिलकर आया हो तो जानकारी तुरन्त गांव की आशा को देंगे।

### सांसद प्रतिनिधि ने दिया 1.1 लाख

**गोरखपुर।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्र जी का दिव्य व भव्य मन्दिर निर्माण हेतु हिंदू समाज में मुक्तहस्त से स्वेच्छिक दान की मुहिम चल रही है। जिस क्रम में महानगर के फुलवरिया निवासी भारतीय जनता पार्टी के राज्य सभा सांसद जय प्रकाश निषाद के प्रतिनिधि जितेंद्र बहादुर चंद ने अपने परिवार सहित श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में 2 लाख 3 हजार की समर्पण राशि अर्पित किया। जितेंद्र बहादुर चन्द 1 लाख एक हजार, धर्मपत्नी मंजू चन्द 51 हजार, पुत्र शुभेंद्र चंद कौशिक 51000 हजार का चेक राज्यसभा सांसद जय प्रकाश निषाद की उपस्थिति में राजेन्द्र नगर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्यालय माधव धाम में संघ प्रचारक यशोदानन्द को भेंट किया।

### गाड़ियां निरस्त, मार्ग बदला

**गोरखपुर।** पंजाब में चल रहे किसान आन्दोलन के कारण रेलवे प्रशासन ने गाड़ियों को निरस्त करने के साथ ही साथ मार्ग भी परिवर्तित किया है। सीपीआरओ पंकज कुमारसिंह ने बताया है कि दरभंगा से 02 मार्च को चलने वाली 05211 दरभंगा-अमृतसर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। अमृतसर से 04 मार्च को चलने वाली 05212 अमृतसर-दरभंगा विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। जयनगर से 02 मार्च को चलने वाली 04649 जयनगर-अमृतसर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग ब्यास-जन्डियाला-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग ब्यास-तरनतारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी। अमृतसर से 02 मार्च को चलने वाली 04674 अमृतसर-जयनगर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग अमृतसर-जन्डियाला-व्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरनतारन-व्यास के रास्ते चलायी जायेगी। जयनगर से 02 मार्च को चलने वाली 04651 जयनगर-अमृतसर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग ब्यास-जन्डियाला-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग ब्यास-तरनतारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी।

# श्री अयोध्या धाम से कब्रिस्तान नहीं हटा तो आंदोलन करेंगे परमहंस

- जगत गुरु परमहंस ने संतों के साथ डीएम अयोध्या को शहर के बीच से कब्रिस्तान हटाने के लिए दिया ज्ञापन और कहा 1950 का शासनादेश हो लागू



संवाददाता। अयोध्या

**तपस्वी छावनी** अयोध्या जगत गुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि जब देश में 1950 में एक शासनादेश आया की कब्रिस्तान आबादी से दूर रहेगा तो अयोध्या में परंपरागत आबादी के बीच में कब्रिस्तान क्यों। परमहंस महाराज ने अयोध्या के बीच में कब्रिस्तान को लेकर डीएम अयोध्या अनुज झा से मिलकर ज्ञापन सौंपा और कब्रिस्तान को आबादी से दूर करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि आबादी में अब नई मजार नहीं बनाई जानी चाहिए।उन्होंने कहा कि अयोध्या शहर से 5 कोस दूर कब्रिस्तान बनाया जाए। उन्होंने ने कहा कि 1950 में कब्रिस्तान को आबादी से दूर रखने का एक शासनादेश जारी हुआ था।लेकिन किन्ही कारणों से वह अभी तक लागू नहीं हो सका जिसे अब लागू किया जाना चाहिए।हिंदू समाज शहर से बाहर नदी के किनारे शव का अंतिम संस्कार करता है जबकि मुस्लिम समाज शहर के अंदर ही बने कब्रिस्तान में शव को दफन करता है। जिससे आम जनता भयभीत होती है और गंदगी भी फैलती है। ऐसे में कब्रिस्तान को शहर से पांच कोस दूर रखा जाए। संत परमहंस दास ने यह भी मांग की कि अब शहर में कोई नई मजार ना बने क्योंकि नई मजार पक्की होती है जो सदियों तक विद्यमान रहती है।परमहंस ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रशासन शहर के अंदर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को नहीं रोकेगा। तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इससे पूर्व संत परमहंस ने अयोध्या के 14 कोसी परिक्रमा के भीतर मांस. मदिरा की बिक्री प्रतिबंधित करने की मांग की थी। लेकिन शासन ने अभी इनकी मांग पर विचार नहीं किया है।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यह धर्म नगरी है यहां पर मांस. मदिरा नहीं बिकना चाहिए थाए लेकिन शासन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। महंत जानकी शरण जी महाराज ने कहा कि अयोध्या में आबादी के बीचो बीच एक समाज के लोग अंतिम संस्कार की प्रक्रिया करते हैं जो मानवी और संवैधानिक रूप से गलत है। उन्होंने कहा इन लोगों को शहर से बाहर अंतिम संस्कार करना चाहिए जिसके लिए हम सैकड़ों मोहल्ला वासियों संतो महंत और गृहस्थों का हस्ताक्षर युक्त और प्रशासन का साधन शासनादेश जिलाधिकारी महोदय को महंत परमहंस जी व अन्य पीड़ति व्यक्तियों के साथ ज्ञापन देकर आग्रह किया है कि 1950 के शासनादेश को लागू कराया जाए।

# पिता ने अपने दो वर्षीया पुत्री की गला दबाकर की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**चिलुआताल थाना** क्षेत्र के बैजनाथपुर स्थित एक भट्ठे पर काम करने वाले एक युवक ने अपनी दो वर्षीय पुत्री की गला दबा कर हत्या कर उसका शव बड़ी को दे दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानबेला टोला पीरु शहीद निवासी विजयी अपनी पुत्री इंदू की शादी कुछ वर्ष पूर्व गुलरिहा थाना क्षेत्र के महतबरवा जंगली टोला निवासी रमेश के साथ की थी। रमेश शुरू से ही शराब पीने का आदी था। वह हमेशा अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता रहता था। प्रतिदिन की मारपीट से दुखी विजयी ने अपनी बेटी और तीनों बच्चों को अपने साथ लेकर चला आया। वह बैजनाथपुर स्थित स्टार मार्का ईंट भट्ठे पर रह रहा था। वहीं पर उसने अपनी बेटी और उसके तीनों बच्चों को रख कर उनकी परवरिस कर था। विजयी ईंट पाथने (बनाने) का कार्य करता है। रविवार को इंदू की बेटी काजल की तबीयत खराब हो गई। पिता रमेश को इसकी जानकारी हुई तो वह मोटरसाइकिल से आया और काजल को मोटरसाइकिल पर बैठाकर इलाज के लिए ले जा रहा था। ईंट भट्ठे पर ही खेलते हुए उसके दोनों बच्चे पांच वर्षीय प्रिंस और दो वर्षीय श्रेया मिल गए। उसने उन दोनो को भी मोटरसाइकिल पर बैठाया और चला गया। वह अपने बच्चो को साथ दूसरे दिन सोमवार को सुबह करीब पांच बजे पहुंचा। काजल की गोद में उसकी दो वर्षीया बहन श्रेया की लाश थी। श्रेया को देखते ही सभी दहाड़ मारकर रोने लगे। काजल ने बताया कि श्रेया की गला कसकर पिता रमेश ने हत्या कर दी। उसके बाद ईंट-भट्ठे पर मौजूद लोगों ने उसे बुरी तरह से पीटा। पिटाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया।

## बंगाल चुनाव
### जटिल परिस्थिति

**चुनाव** जीतना आसान नहीं है और यह बात निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल जैसे राज्य के लिए सही है। इसके लिए सावधानी से बनाई योजना तथा वोटों की फसल काटने के लिए विभिन्न प्रकार की गणित का संतुलित प्रयोग जरूरी होगा। चुनाव में उतरी सभी राजनीतिक पार्टियां यह फार्मूला जानती हैं, पर अंतर इस बात से पड़ेगा कि वे विभिन्न आयामों का किस सफलता से प्रयोग कर सकती हैं। निर्वाचन आयोग-ईसी द्वारा राज्य में अभूतपूर्व ढंग से आठ-चरण वाले चुनाव की घोषणा होते ही टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने उस पर पूर्वाग्रही भूमिका अपनाने का आरोप लगाया जिससे भाजपा को लाभ होगा। कुछ चुनाव विशेषज्ञों के अनुसार, चरणबद्ध चुनाव में शुरुआती चरणों में मतदान की प्रवृत्ति का प्रभाव बाद वाले चरणों पर भी पड़ता है। आमतौर से बाद वाले चरणों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले लोगों में उस पार्टी या गठबंधन को वोट देने की इच्छा पैदा होती है जो शुरुआती चरणों में आगे होता है। लेकिन अक्सर यह भी देखने में आता है कि अंतिम या बिल्कुल अंतिम चरणों में मतदाताओं का जोश कम हो जाता है जिससे उस पार्टी को लाभ होता है जिसका वर्चस्व इन क्षेत्रों में न हो। इसके साथ ही चुनावों के माइक्रो-प्रबंधन में अनेक अन्य कोण व संवेदनशील चीजें शामिल होती हैं। यदि हम ममता बनर्जी के कथन पर विचार करें तो सवाल पैदा होता है कि क्या इस बहु-चरणीय चुनाव से भाजपा लाभ उठाने का प्रयास कर सकती है।

ममता बनर्जी एक परिपक्व नेता हैं और वे जानती हैं कि भाजपा अब 'मोदी लहर' या 'राष्ट्रवाद' के रथ पर सवार नहीं है। भले ही पेट्रोल व डीजल पर केवल एक रुपया टैक्स की राहत दी गई हो, पर इससे स्पष्ट होता है कि



वे तेल व एलपीजी मूल्यों में हालिया वृद्धि के भाजपा के मतों पर पड़ने वाले असर को जानती हैं तथा उन्होंने सत्ता-विरोधी रुझान कम करने का प्रयास किया है। इसके बावजूद ममता को भाजपा के बढ़ते उभार से चिन्ता है जो सत्तारूढ़ टीएमसी को हटाने के लिए 'ईसी की सहायता से गुणा भाग' में परिवर्तन कर लाभ उठा सकती है। इस बीच भाजपा नागरिकता संशोधन कानून-सीएए, हिंदू एकजुटता, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई केन्द्र की कल्याणकारी योजनाओं तथा टीएमसी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार आरोपों का लाभ उठाना चाहती है। वह अपने कार्ड बहुत सावधानी से खेल रही है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि ईसी प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के आदेशों पर काम करती है। उन्होंने यह जानकारी होने का दावा किया कि चरणबद्ध चुनाव की भाजपा कार्यालय में मौजूद सूची पूरी तरह ईसी द्वारा घोषित सूची से मेल खाती है। दूसरी ओर ईसी का तर्क ज्यादा समझ में आने वाला है। उसने कहा है कि हालिया आरोपों प्रत्यारोपों के बीच उसे बलों के आवागमन पर भी विचार करना था। बंगाल एक संवेदनशील राज्य है और वहां चुनावों में हिंसा होती रही है। राज्य में चुनाव करवाना दूसरे राज्यों की तरह नहीं है। ईमानदारी से देखा जाए तो ईसी के तर्क उचित लगते हैं। 2016 के राज्य विधानसभा चुनाव भी सात चरणों में हुए थे तथा 2019 के लोकसभा चुनाव में भी राज्य में मतदान सात चरणों में हुआ था। यदि ममता बनर्जी के पास सचमुच अपने दावों के पक्ष में कोई प्रमाण मौजूद हैं तो उनको अनुमानों के आधार पर आरोप लगाने के बजाय अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। अपने दावों के पक्ष में समुचित प्रमाणों के अभाव में केवल शोर मचाना उनके लिए लाभदायक नहीं होगा।

# लघु बीमा से महामारी का मुकाबला

**विभिन्न संस्थानों के खोजी माडलों के कारण गरीबों के लिए विलासिता की वस्तु समझा जाने वाला लघु-बीमा अब यथार्थ बन गया है। भारत अब तेजी से इसका केन्द्र हो गया है।**

**मोईन काज़ी**
(लेखक लोकप्रिय विकास पेशेवर हैं)






महामारी के कारण लघु-बीमा एक गेमचेंजर साबित हुआ है और लोग अपने जीवन में इसका महत्व समझ रहे हैं। इसकी मांग और ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है। विकसित दुनिया में बीमा जीवन का हिस्सा हे, पर विकासशील दुनिया में इसकी कवरेज बिल्कुल नाकाफी है। लेकिन विभिन्न संस्थानों द्वारा विकसित खोजी माडलों के कारण गरीबों के लिए विलासिता समझा जाने वाला लघु-बीमा अब यथार्थ बन गया है। भारत अब तेजी से बढ़ते लघु-बीमा का केन्द्र बन गया है। भारत में कम आय वाले समुदाय पहले से हाशिए पर थे और वे इस दुर्भाग्यपूर्ण विभीषिका से और किनारे पहुंच गए हैं। दुर्घटना, बीमारी या प्राकृतिक आपदा उनको गरीबी में और गहराई तक धकेल सकते हैं तथा उनके थोड़े से संसाधन कम हो सकते हैं। अक्सर ऐसी घटनाओं के गंभीर आर्थिक परिणाम होते हैं। अपनी क्षमता से अधिक उधार लेने पर अनेक लोग कर्ज के जाल में फंस जाते हैं, अपनी उत्पादक संपत्तियां बेच डालते हैं, बच्चों को स्कूल से निकाल लेते हैं या उनको काम पर लगा देते हैं, भोजन पर खर्च घटाते हैं या बीमारियों का इलाज करवाना बंद कर देते हैं।

हालांकि, गरीब परिवारों के पास अक्सर जोखिम से निपटने के अनौपचारिक तरीके होते हैं, लेकिन ऐसी रणनीतियां उनको समुचित सुरक्षा नहीं देती हैं, जबकि बीमा कम आय वाले समूहों को बड़ी सुरक्षा दे सकता है। गरीबों के पास वित्तीय सहारा न होने के कारण अक्सर अमीर लोगों की सहायता की जरूरत पड़ती है और वे जोखिम से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। सबसे बड़ी चुनौती स्वास्थ्य संबंधी खर्च है। इस बोझ से अक्सर गरीबी बढ़ जाती है। अचानक बीमारी, बीमारी से पैदा आघात, मजदूरी की कमी तथा समग्र स्वास्थ्यरक्षा के वित्तीय बोझ से गरीब परिवार लंबे समय से पीड़ित हैं। सूदखोर इसका लाभ उठाते हैं और बीमारियां ग्रामीणों की बरबादी का कारण बन जाती हैं। गरीब लोगों को अक्सर दो प्रकार के खतरे होते हैं। विशिष्ट परिवार संबंधी या पूरे समुदाय पर असर डालने वाले जैसे सूखा या महामारी। बीमा अनुबंध अक्सर पूरे समुदाय पर आने वाले जोखिमों से जुड़े नहीं होते हैं ताकि केवल कुछ ही लोग एक समय में दावा कर सकें। इसके साथ ही विरली व कभी-कभी आने वाली समस्याओं के लिए भी बीमा लेना आसान नहीं होता है।

गरीब समुदायों को अक्सर प्रीमियम के तार्किक स्तरों पर 'बीमा करने योग्य' नहीं माना जाता है। खासकर गरीबों के स्वास्थ्य व जीवन बीमा संबंधी योजनाओं की जरूरत होती है। इस तबके की सुरक्षा के लिए लघु-बीमा एक विकल्प के रूप में उभरा है। इनसे स्वास्थ्यरक्षा तथा स्कूलों में हाजिरी में सुधार होता है। अनेक स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रमों में बीमारी या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मजदूरी में कमी पर ध्यान दिया जाता है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में आमतौर से आउटपेशेंटों या घर पर इलाज को जगह नहीं मिलती है, जबकि ज्यादा खर्च दवा और जांचों पर होता है। लघु-बीमा से अपनी एकत्र संपत्तियां बचाने, ज्यादा आय पाने तथा परिवार को गरीबी से बचाने में सहायता मिल सकती है। बचतों के माध्यम से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की तुलना में अप्रत्याशित घटनाओं से बचने के लिए बीमा का खर्च कम होता है। सरकारों,

> **लघु-बीमा को अब गरीबी का दुष्चक्र दूर करने तथा परिवारों को जीवन्त सुरक्षा संजाल प्रदान करने में अत्यधिक प्रभावी माना जाता है। यदि गरीब स्वयं को बीमा के माध्यम से सुरक्षित पाएं तो वे अपने भविष्य की बेहतर योजना बना सकते हैं, बिजनेसों का विस्तार कर सकते हैं, फसलों की विविधता बढ़ा सकते हैं, या अपने बच्चों को निर्भय होकर स्कूल भेज सकते हैं।**

दानदाताओं तथा गरीबी का मुकाबला करने के लिए सामाजिक संरक्षण योजनायें बनाने वालों को अपने उपकरणों में बीमा को शामिल करना चाहिए। वे गरीबों तक पहुंच कर सुदूर क्षेत्रों में सेवा का खर्च घटा सकते हैं। गरीबों को लघु-बीमा का लाभ दिलाने के लिए हमारी बीमा कंपनियों को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। जागरूकता की कमी तथा समुचित निर्देश देने वाले संस्थानों की विफलता के कारण लोग बिना समुचित नियोजन के बीमा पालिसी ले लेते हैं और प्रीमियम अदा न कर पाने के कारण उसे बीच में छोड़ देते हैं। आक्रामक ढंग से काम करने वाले बीमा एजेंट खरीदारों की आमदनी का समुचित आंकलन किए बिना बीमा दे देते हैं। इससे ग्राहकों को भारी खामियाजा भुगतना पड़ता है।

बीमा कंपनियों की पहुंच बहुत कम है। 2019-20 में जीवन के लिए लघु-बीमा 1.80 प्रतिशत तथा आम बीमा क्षेत्र में 1.16 प्रतिशत था। मुख्य चुनौती इसका संचालन है। लघु-बीमा को टिकाऊ बनाने के लिए भारी निवेश की जरूरत होती है। गरीब लोग बैंकिंग संजाल से बाहर हैं। इससे सेवा एजेंटों के माध्यम से लाखों छोटे पालिसीधारकों से लेनदेन का खर्च और बढ़ता है। बीमा उत्पादों द्वारा किसानों का 'जोखिम' दूर करने के बावजूद तथा उच्च उत्पादकता वाले निवेशों व व्यवहारों को प्रोत्साहन के बावजूद लघु-बीमा का बाजार बहुत छोटा है। यदि सरकार भारी सब्सिडी न दे तो इस क्षेत्र को संचालित करना आसान नहीं होगा। भारत में कम आय वर्ग वाले लोगों के लिए उपयुक्त वितरण चैनलों की कमी है। डिजिटल भुगतान व्यवस्थाओं में तेजी से प्रगति से गरीब परिवारों को विश्वसनीय वित्तीय उपकरणों से जोड़ने का अवसर मिलता है। इसके लिए मोबाइल फोनों व अन्य डिजिटल इंटरफेस का प्रयोग होता है। वर्तमान मोबाइल वित्तीय उत्पादों से जोड़ कर सेवाओं का विस्तार किया तथा बीमा कवरेज को बढ़ाया जा सकता है। इससे नए समाधान निकल सकते हैं जो बीमा सेवाओं को ग्राहकों के फोन से सीधे जोड़ सकते हैं।

लेकिन प्रोडक्ट डिजाइन की अनेक अन्य समस्यायें भी हैं। खासकर ग्रामीण बीमा उत्पाद शहरी क्षेत्रों में प्रयोग होने वाले बीमा उत्पादों की नकल होते हैं और वे स्थानीय संदर्भ में लाभदायक नहीं होते हैं। इनमें जोखिम उठाने की क्षमता कमजोर होती है तथा ग्राहकों व समस्याओं की जटिलता के कारण इनकी प्रक्रिया एक चुनौती बन जाती है। बीमा नियामक एवं विकास अधिकरण-इरडा की एक समिति ने सुझाव दिया था कि अकेली लघु-बीमा कंपनियों के लिए प्रवेश पूंजी को वर्तमान 100 करोड़ से घटा कर 20 करोड़ किया जाए ताकि इस क्षेत्र का विस्तार हो सके। लघु-बीमा कंपनियों व सहकारिताओं को एक समग्र बीमाकर्ता के रूप में काम करने को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वे एक ही उद्यम से जीवन व गैर-जीवन बीमा कर सकें। अनेक देशों ने उत्पाद डिजाइन तथा बीमा उत्पादों के विस्तार में अच्छा काम किया है। किसानों को केन्द्रित लघु-बीमा उत्पाद सामने आए हैं जिनमें फसल बीमा, स्वास्थ्य बीमा, ग्रामीण, व्यक्तिगत, दुर्घटना, सिंचाई, बैलगाड़ी, मत्स्य पालन, कृषि संबंधी व मवेशी बीमा शामिल हैं। यहां तक कि सांप काटने, मवेशी कल्याण, कुंएं सूखने, तूफान से नुकसान, स्वास्थ्य समस्याओं, अंतिम संस्कार व जुड़वां बच्चों के जन्म संबंधी बीमा योजनायें हैं।

लघु-बीमा को अब गरीबी का दुष्चक्र दूर करने तथा परिवारों को जीवन्त सुरक्षा संजाल प्रदान करने में अत्यधिक प्रभावी माना जाता है। यदि गरीब स्वयं को बीमा के माध्यम से सुरक्षित पाएं तो वे अपने भविष्य की बेहतर योजना बना सकते हैं, बिजनेसों का विस्तार कर सकते हैं, फसलों की विविधता बढ़ा सकते हैं या अपने बच्चों को निर्भय होकर स्कूल भेज सकते हैं। उनको विश्वास होता है कि कुछ बुरा घटने पर उनकी बचत प्रभावित नहीं होगी। इस प्रकार जोखिम उठाने की पूरी क्षमता बदल जाती है। इसके साथ ही सुरक्षा संजाल प्रदान कर लघु-बीमा ऐसा वादा करता है जिसकी कल्पना पुरानी पीढ़ियां कर ही नहीं सकती थीं, यह है भविष्य की उम्मीद।

# युगों के दौरान पंथनिरपेक्षता की उत्पत्ति

**नदीम पार्चा**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



पिछले पांच वर्षों में यूरोप, अमेरिका, तुर्की और भारत के विभिन्न अकादमिक मंच से निकला विश्लेषण बताता है कि दुनिया पंथनिरपेक्ष युग में प्रवेश कर चुकी है। लेकिन इस थीसिस के आलोचकों को डर है कि यह अपने सबसे सरल रूप में पंथनिरपेक्षता की कल्पना कर रहा है। पंथनिरपेक्षतावाद अत्यधिक जटिल तरीके से विकसित हुआ है, जैसा कि मानवविज्ञानी तलाल असद और दार्शनिक चार्ल्स टेलर द्वारा प्रदर्शित किया गया है। दोनों ने पंथनिरपेक्षता को मध्य युग के दौरान सुधार की प्रक्रिया से निकलते देखा, ताकि अंधविश्वास से मुक्त समाज का निर्माण हो सके। असद की समग्र स्थिति यहां पर यह है कि पंथनिरपेक्षता की उत्पत्ति को पूरी तरह से एक ही घटना के लिए नहीं रखा जा सकता है, जबकि टेलर का कहना है कि ईसाई धर्म के विध्वंस ने एक बार अंधविश्वासी आम आदमी को धर्मग्रंथों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद की। प्रोटेस्टेंट और कैल्विनवादी जैसे ईसाई संप्रदायों ने एक पुण्य के रूप में उद्यमी स्वभाव देखा, जब तक कि इसने मानवता को लाभ पहुंचाया। इसने न केवल मानवतावाद के विचार को जन्म दिया, इसने उन विचारों को भी जन्म दिया जिन्होंने आधुनिकता के तंत्र को तैयार करने में योगदान दिया।

असद के अनुसार, ईसाई पंथ का आध्यात्मिक वादा कि "मसीह की मृत्यु संपूर्ण मानवता को बचाने के लिए हुई थी" को एक राजनीतिक वादे में बदल दिया गया था कि दुनिया को मसीह के लिए बदलना चाहिए। इसलिए, टेलर और असद दोनों ही पंथनिरपेक्षता के विचार के उद्भव को पंथ के प्रति प्रतिकूल प्रतिक्रिया से नहीं, बल्कि तेजी से विकसित हो रहे मील के पत्थर में सुधार के आग्रह से देखते हैं। असद के लिए, भले ही ईसाई पंथ के भीतर असंतोष की प्रक्रिया ने सुधारवादी विचारों को स्वीकार करते हुए देखा, उदाहरण के लिए, ईसाई नैतिकता की पारंपरिक धारणाएं वास्तव में दूर नहीं हुईं। असद लिखते हैं कि सार्वजनिक क्षेत्र से धर्म को पूरी तरह से निष्कासित नहीं किया गया था। वास्तव में, इसे निजी क्षेत्र में वापस कर दिया गया था, लेकिन पंथ जो तर्कसंगत बहस में हिस्सा लेने और नए पंथनिरपेक्ष प्रतिमान को स्वीकार करने के लिए तैयार थे, सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने के लिए स्वागत किया गया।

आधुनिकता के विस्तार के साथ, पंथनिरपेक्षतावाद का विचार यूरोप से अन्य क्षेत्रों में जाकर फैल गया। लेकिन इसने गैर-पश्चिमी वास्तविकताओं को समायोजित करने के लिए उत्परिवर्तन का काम किया। उदाहरण के लिए, हालांकि यह एक समावेशी विचार के रूप में आया है, जो एक तर्कसंगत राष्ट्रवादी संपूर्ण के निर्माण के रूप में पवित्र और निजीकरण को अपवित्र के निजीकरण की वकालत करता है, कम्युनिस्ट सेट-अप में यह पूरी तरह से धर्म को कट्टरता से कठोर बना देता है। लेकिन यह कठोरता फ्रांस में भी मौजूद थी।

टेलर के अनुसार, जबकि यूरोप में पंथनिरपेक्षता कहीं और बड़े पैमाने पर सुधारित ईसाई पंथ से उभरा था, फ्रांस में यह धर्म के खिलाफ विद्रोह (18 वीं शताब्दी की फ्रांसीसी क्रांति के दौरान) के रूप में प्रकट हुआ था। लैसाइटी 'के रूप में जाना जाने वाला यह सार्वजनिक क्षेत्र में धर्म के किसी भी प्रदर्शन को मुश्किल से सहन करता है। अमेरिका और यूरोपीय देशों में समावेशी पंथनिरपेक्षता के विपरीत, जहां राज्य धर्म के प्रति अवैयक्तिक रहता है, जब तक कि वह उदार-लोकतांत्रिक व्यवस्था को खतरे में नहीं डालता, लाओत्से ने सार्वजनिक क्षेत्र में धर्म को हतोत्साहित करने के लिए आक्रामक रूप से हस्तक्षेप करने का प्रतिबंध लगाया। दिलचस्प बात यह है कि यह पंथनिरपेक्षता का भी रूप है जिसे तुर्की ने 1922 में गणतंत्र बनने के बाद अपनाया था।

ज्यादातर उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलनों ने भी अपने राष्ट्रवाद के अनुरूप इसे संशोधित करके पंथनिरपेक्षता को अपनाया। उदाहरण के लिए, अरब राष्ट्रवाद ने पंथनिरपेक्षता को अपनाया क्योंकि इसने अपने उपनिवेशवाद विरोधी धार्मिक समकालीनों को प्रतिस्पर्धा के रूप में देखा। इसने समावेशी पंथनिरपेक्ष संस्करण को अपनाया, भले ही अरब राष्ट्रवादी शासन तानाशाह थे और अक्सर धार्मिक समूहों के नेताओं को जेल में डाल दिया, जिन्होंने अरब राष्ट्रवादी कथा को चुनौती दी थी। फ्रांसीसी राजनीतिक वैज्ञानिक क्रिस्टोफ जाफरलॉट के अनुसार, औपनिवेशिक भारत में पंथनिरपेक्षता का एक अनूठा परिवर्तन हुआ। जाफरलॉट का कहना है कि 19 वीं सदी के भारतीय मुस्लिम विद्वान सैयद अहमद खान के अनुयायियों ने मुस्लिम लीग का गठन करके अपने सुधारवादी इस्लामी कथा का राजनीतिकरण किया। आखिरकार, पार्टी एक अलग मुस्लिम-बहुमत वाले राज्य की मांग करने लगी।

सैयद, और फिर 20 वीं सदी के आरंभिक दार्शनिक और कवि मुहम्मद इकबाल और, आखिरकार, बैरिस्टर मुहम्मद अली जिन्ना ने यह कहा कि तलाल असद को सांस्कृतिक पंथनिरपेक्षता कहा जाता है। धर्म को राजनीति से अलग करने के बजाय, उन्होंने सांस्कृतिक अलगाववाद की राजनीतिक विचारधारा बनाने के लिए इस्लाम की सांस्कृतिक गतिशीलता को विश्वास के धार्मिक और अनुष्ठानिक आयामों से अलग किया।

जाफरलॉट के अनुसार, उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र में इस्लाम को सांस्कृतिक पहचान-चिह्न के रूप में रखा, जबकि विश्वास के धार्मिक और धार्मिक पहलुओं को निजी क्षेत्र में धकेल दिया गया। यही कारण है कि पाकिस्तान के संस्थापक वास्तव में कभी भी अपनी धार्मिकता (या इसके अभाव) को लेकर प्रदर्शनकारी नहीं थे। वे मुस्लिम राष्ट्रवाद को एक आधुनिक मुस्लिम-बहुल राज्य के सांस्कृतिक और राजनीतिक विचार के रूप में समझते थे, लेकिन जो इस्लाम के पंथशास्त्रीय / कर्मकांड के पहलुओं के प्रति अवैयक्तिक रहेगा।

जाफरलॉट लिखते हैं कि, 1974 में, द्वितीय संशोधन के पारित होने के कारण पाकिस्तान में इस्लाम को बहिष्कृत कर दिया गया। फिर, 1979 और 1991 के बीच विभिन्न अध्यादेशों ने इस्लाम के समावेशी विचार को लगभग पूरी तरह से समाप्त कर दिया। इसने विभिन्न दूर-दराज के धार्मिक समूहों को राज्य द्वारा चुनौती दिए बिना, सार्वजनिक क्षेत्र में खुद को मुखर करने का समर्थन किया।

पंथनिरपेक्षता संकट में है, लेकिन ज्यादातर विकासशील देशों में ऐसा नजर आता है। पिछले कुछ समय से ऐसा ही है। भारत अपवाद है, जहां यह संकट अपेक्षाकृत हाल का है। विडंबना यह है कि भारत में इस संदर्भ में संकट को पंथनिरपेक्षता के इलाज के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि यह 1974 में पाकिस्तान में इलाज किया गया था। परिणाम विनाशकारी थे, क्योंकि वे भारत में भी होंगे।

## आप की बात

### लाकडाउन का खतरा

कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पिछले साल लगाए गए लॉकडाउन के दौरान समूचे विश्व के लोगों की आमदनी में कमी आई है। आमदनी में कमी आने का मुख्य कारण नौकरियां जाना और कार्य की अनुपलब्धता ही थी। हर पांचवें व्यक्ति को भोजन खरीदने के लिए पैसा नहीं होने के कारण भूखे रहने पर मजबूर होना पड़ा था। बहरहाल केंद्र ने देश में कोविड-19 महामारी के कारण पिछले साल मार्च में राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की थी, जिसके कुछ महीने बाद प्रतिबंधों में धीरे-धीरे ढील दी गई थी लेकिन लॉकडाउन हटने के पांच महीने बाद तक उनकी स्थिति ऐसी ही रही और अब एक बार फिर से कोविड़-19 के मामलों में इजाफा हो रहा है। आलम तो यह है कि अब फिर से कई राज्यों में लॉकड़ाउन का ऐलान भी किया जा चुका है परन्तु चिंताजनक स्थिति यह है कि लॉकडाउन से पहले ही करीब 70 प्रतिशत लोगों की मासिक आय सात हजार रुपए थी और शेष लोगों की मासिक आय तीन हजार रुपए थी। पहले से ही इतनी कम आय में भी गिरावट इस बात को रेखांकित करती है कि संक्रमण का इन लोगों पर कितना बुरा असर पड़ा है। केवल 10 प्रतिशत लोग ही ऐसे हैं, जिनकी आय लॉकडाउन से पहले वाले स्तर पर पहुंची है।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

### गुमनाम कोरोना योद्धा

**भारत** में एक मार्च से कोरोना टीकाकरण का तीसरा चरण शुरू हो चुका है जो की बीमारों और वृद्ध नागरिकों के लिए है। प्रधानमंत्री जी स्वयं टीका लगवाकर इस चरण का शुभारम्भ कर चुके हैं। इससे पहले के दो चरण स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंट लाइन वर्कर्स के लिए थे क्योंकि उन्हें ही कोरोना से लड़ाई में सबसे अहम माना गया था। लेकिन इन दोनों चरणों में एक बड़ा वर्ग छूट गया। लॉकडाउन के दौरान किराना दुकानदार, घर-घर किराना पहुंचाने वाले डिलीवरी बॉयज, आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में लगे ट्रकों के चालक, परिचालक और मज़दूर, क्वारंटाइन केंद्र में तब्दील होटलों का स्टाफ, अकेले रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के यहाँ काम करने वाली घरेलू सहायिकाएं जैसे लाखों और लोग भी काम कर रहे थे। ये सभी असंगठित और गैर सरकारी क्षेत्र के लोग थे मगर कोरोना से लड़ाई में इनका महत्वपूर्ण रोल था। कोरोना के खिलाफ कंधे से कंधा मिला कर लड़ने के बावजूद ये लोग ना तो कोरोना योद्धाओं की गिनती में आये और ना ही किसी चर्चा या तारीफ के हक़दार बने। मुफ्त या प्राथमिकता वाले टीकाकरण के किसी चरण में भी इनका नाम नहीं था। सोचिए क्या भूखे पेट स्वास्थ्य कर्मी, पुलिस कर्मी आदि कोरोना से लड़ पाते?

– **बृजेश माथुर,** बृज विहार, गाज़ियाबाद


### विकास बनाम पर्यावरण

**यह** पत्र – ज़रूरत है पर्यावरण हितैषी विकास की, के संदर्भ मे है। 2013 की केदारनाथ की शोक पूर्ण घटना हम सबके आंखों के सामने आज भी ताज़ा है। और चमोली जिले मे ग्लेशियर टूटने के बाद की घटना ने एक बार फिर हम सबको यह सोचने पर मजबूर कर दिया है की प्रकृति की मार बड़ी भयावह होती है। इस घटना जिसमे 100 से ज़्यादा कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स गायब हो गये हैं इससे एक बार फिर यह विषय कि क्या पनबिजली के प्रोजेक्ट ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों मे होने चाहिए क्योंकि एनटीपीसी और ऋषि गंगा प्रोजेक्ट मे भारी नुकसान हुआ है, को हमारे समक्ष रखा है। इसके अलावा हमे मालूम है की चार धाम यात्रा, और भी कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं वहां विकसित हो रही हैं और ज़रूरी भी हैं। वहाँ के स्थानीय लोगों के लिए, मगर उनसे होने वाले पर्यावरण को नुकसान को भी बिल्कुल नज़रंदाज़ नही किया जा सकता है। अब ऐसी दुविधापूर्ण स्थिति में सरकार के सामने एक बड़ा सवाल है की कैसे इस पारिस्थितिकी संतुलन को बनाया जाए?

– **बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**येदियुरप्पा** जी ने अपना जीवन किसानों के कल्याण एवं गरीबों के सशक्तीकरण में लगा दिया। उनके लंबे एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**कोरोना वायरस** के खिलाफ सम्मिलित प्रयासों व एकजुटता संबंधी सभी बयानों के बावजूद व्यवहार में स्थिति विपरीत नजर आती है।

– **इल्हाम अलियेव**
अजरबैजान के राष्ट्रपति



**सिधाना** को गिरफ्तार न करके व मुख्तार अंसारी को यूपी स्थानांतरित न करके पंजाब के मुख्यमंत्री ने साबित किया है कि गैंगस्टरों के मामले में उनका रवैया चयनात्मक है।

– **विनीत जोशी**
पंजाब भाजपा नेता

मध्यमेश्वर मंडल के हरतीरथ बूथ नं. 251 पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का संबोधन

# समाज को एक दिशा देते हुए देश को मजबूत बनाने में सभी बीजेपी कार्यकर्ता योगदान करें: नड्डा

सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी

**भारतीय जनता** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार पूर्वान्ह मध्यमेश्वर मंडल अंतर्गत हरतीरथ वार्ड के बूथ नंबर 251 पर बूथ अध्यक्ष राजेश कुमार यादव के यहां बूथ समिति के साथ बैठक की। श्री नड्डा ने बूथ कार्यसमिति के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बूथ मजबूत होगा तो जिलाए प्रदेश एवं राष्ट्र मजबूत होगा। किसी भी राजनीति का उत्तम स्थान बूथ ही होता है। बूथ का काम सर्वोपरि रहता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि समाज की सेवाए समाज को एक दिशा देते हुएए देश को मजबूत बनाने में आप सभी कार्यकर्ता योगदान करें। श्री नड्डा ने कहा कि महीने में एक बार बूथ के कार्यकर्ता सामूहिक रूप से टेलीविजन लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ष्मन की बातष् कार्यक्रम को सुनें। तत्पश्चात आधा घंटा उस पर चर्चा भी करें। बूथ के कार्यकर्ताओं की सक्रियता बरकरार रखने के लिए सभी को एक दूसरे के सुख दुख में भागीदार बनना चाहिए उन्होंने कहा कि हमें यह नहीं देखना चाहिए कि किसी दूसरे दल के लोगों का घर हैए हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने विरोधियों के यहां भी जाना चाहिए। निश्चित तौर पर उनका मन बदलते हुए उन्हें अपने पक्ष में करना चाहिए। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के यहां निरंतर संपर्क साधते रहना चाहिए। श्री नड्डा ने कहा कि बूथ के कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन के इन छः कार्यक्रमो को योजना बनाकर उसे अपने अपने बूथों पर मनाना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओ को स्मरण कराते हुए बताया कि 6 अप्रैल स्थापना दिवसए 14 अप्रैल अंबेडकर जयंतीए 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म जयंतीए 25 दिसंबर पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती पर सुशासन दिवसए 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस तथा 11 जनवरी को पंडित दीनदयाल जी का समर्पण दिवस। उन्होंने कहा कि बूथ समिति के पन्ना प्रमुखों को प्रत्येक रोज 6 . 6 घरों में संपर्क स्थापित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए कि कौन सा समाज मेरे साथ नहीं है उस पर गंभीरता से उन्हें जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। श्री नड्डा जी ने कहा कि ताकत जमीन से बनती हैए जो जमीनी स्तर पर काम करेगाए वही सशक्त होकर समाज का काम करते हुए आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नारा दिया कि ष्नड्डा जी के सम्मान मेंए बूथ के कार्यकर्ता मैदान मेंष् इस पर नड्डा जी ने कहा कि ष्मोदी जी के सम्मान मेंए हम सब मैदान मेंष् यह नारा हम सभी को लगाना चाहिए। श्री नड्डा जी ने बूथ अध्यक्ष के घर बनारसी कचोरीए जलेबीए इडलीए ढोकला और मलइयो का स्वाद चखा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा के अपने घर आगमन से अभिभूत बूथ अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि मैं और मेरे साथ पूरा बूथ परिवार आज गौरवान्वित हुआ है। हमारे घर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी पधारेए जैसे भगवान श्री राम शबरी के घर पधारे थे और शबरी को धन्य किया था उसी प्रकार से आज राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हम सभी को धन्य कर दिया। बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव, क्षेत्र के विधायक एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, डॉक्टर आलोक श्रीवास्तव, जगदीश त्रिपाठी, नीरज जायसवाल, किशोर कुमार सेठ के साथ ही मंडल अध्यक्ष संदीप चौरसिया, क्षेत्रीय पार्षद सुरेश चौरसिया, प्रेम नारायण सिंह, श्याम किशोर श्रीवास्तव, लक्ष्मण जायसवाल, रत्नेश गुप्ता, संजय चौरसिया, महेंद्र सिंह झगड़ू, रुक्मिणी देवी, राहुल मिश्रा, कालिका प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## पड़ाव स्थित पंडित दीन दयाल स्मृति पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने किया पुष्प अर्पित

● सत्ता के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए कंटेट को इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करें: राष्ट्रीय अध्यक्ष

**वाराणसी।** पंडित दीनदयाल स्मृति उपवन पड़ाव में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा को नमन करने के बाद पुष्प अर्पित कर परिसर का भ्रमण भी किया। परिसर का अवलोकन करने के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने उनको दीनदयाल स्मृति उपवन के बारे में जानकारी देते हुए इसकी महत्ता पर भी प्रकाश डाला। पार्टी के शीर्ष संस्थापक नेता को को प्रणाम कर राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सत्ता के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए कंटेंट को इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करें। वहीं पंडित दीनदयाल स्मृति उपवन के पास बने सभास्थल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संबोधित करने पहुंचे तो उत्साहित कार्यकर्ताओं ने खूब नारेबाजी की। सभा स्थल पर कार्यकर्ताओं को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए हर जनपद के लिए अलग काउंटर बनाया गया है। जेपी नड्डा यहां इंटरनेट मीडिया एवं मण्डल कार्यकर्ताओं संग बैठक को संबोधित करते हुए चुनावी तैयारियों के बारे में जीत का मंत्र दिया। पंडित दीनदयाल स्मृति उपवन के पास बने सभास्थल के प्रवेश द्वार पर सभी जनपदों के लिए आठ केंद्रों का निर्माण किया गया है। जिसमें चंदौली, गाजीपुर, वाराणसी, वाराणसी महानगर, सोनभद्र, मीरजापुर, अमेठी, सुल्तानपुर, प्रयागराज, भदोही, प्रतापगढ़, कौशांबी, गंगापार, यमुनापार, मछली शहर जौनपुर शामिल हैं।



## महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का 42वां दीक्षांत समारोह आज

● दीक्षांत समारोह में स्नातक स्तर पर 67353, स्नातकोत्तर में 14218 एवं पीएचडी व डि.लिट. में 41 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल एवं उपाधियां वितरित की जाएंगी

● 47 मेधावियों को 49 गोल्ड मेडल प्रदान किए जायेंगे

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**महात्मा गांधी** काशी विद्यापीठ का 42वॉ दीक्षांत समारोह 02 मार्च को अपराह्न बजे मानविकी संकाय के बगल के मैदान में आयोजित किया गया है। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं प्रदेश के राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल करेंगी एवं मुख्य आतिथ्य महान वैज्ञानिक एवं केन्द्र सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सचिव प्रो. आशुतोष शर्मा होगें ।यह जानकारी सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टीएन सिंह ने डॉ भगवान दास केन्द्रीय ग्रंथालय के समिति कक्ष में पत्रकार वार्ता के दौरान दी ।प्रो. सिंह ने बताया कि 42वें



दीक्षांत समारोह में 47 मेधावियों को 49 गोल्ड मैडल प्रदान किए जायेगें। इसके अलावा स्नातकोत्तर में सर्वाधित अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा को डॉ विभूति नारायण सिंह की स्मृति में ओवर ऑल चैम्पियन पदक दिया जाएगा साथ ही डिलिट की उपाधि से डॉ घनश्याम मिश्र को नवाजा जाएगा। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 42वें दीक्षांत समारोह में लगभग 74 फीसदी स्वर्ण पदक पर छात्राओं ने कब्जा जमाया है। 49 शैक्षिक पदक में काशी विद्यापीठ के तीनों परिसर के छात्रों को मिलेगें संबद्ध महाविद्यालय के 32 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए जायेगें ।दीक्षांत समारोह के बाद उसी दिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें। उसमें विश्वविद्यालय के अलावा संबंद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्रांए प्रतिभागी होगें।

## पर्यटन की दृष्टि से तैयार किया जाए संगम क्षेत्र: डीएम

● डीएम भानुचंद्र गोस्वामी ने मेला प्राधिकरण कार्यालय में ली बैठक

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**माघ मेले** के समापन के बाद संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों की वर्ष पर्यंत सुविधा के दृष्टिगत जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी ने मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में बैठक की। विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में उन्होंने मेला प्राधिकरण द्वारा वर्ष पर्यंत किए जाने वाले कार्यों की कार्य योजना बनाने के निर्देश देते हुए संगम क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से तैयार करने को कहा है। उन्होंने अक्षयवट मार्ग तथा संगम अपर मार्ग पर वर्ष पर्यंत बिजली पानी सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की उपस्थिति तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगम तक सड़क एवं बिजली की व्यवस्था होने से श्रद्धालु तीर्थयात्री एवं पर्यटक वहां तक निर्विघ्न जा सकेंगे तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाने में भी आसानी होगी। जिलाधिकारी ने



बैठक लेते डीएम भानुचंद्र गोस्वामी

संगम क्षेत्र में मेला अवधि को छोड़कर शेष अवधि में आने वाले श्रद्धालुओं पर्यटकों को संगम स्नान एवं देव दर्शन के साथ साथ अन्य सुविधाओं को बेहतर रूप में उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत सेना की भूमि को छोड़कर अन्य भूमि पर मूलभूत अवसंरचना विकसित करने पर भी चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस संदर्भ में एक कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने मेला क्षेत्र में प्रस्तावित स्थाई टॉयलेट्स स्टेज एवं फ्लोटिंग जेट्टी पर हो रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा भी की। माघी पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ ही कल्पवास समाप्त हो गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मेले से जुड़े सभी वेंडर्स का स समय भुगतान करने को भी कहा। बैठक में प्रभारी अधिकारी माघ मेला विवेक चतुर्वेदी प्रबंधक मेला प्राधिकरण विवेक शुक्ला डा विमलेंदु शेखर उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद कर रहे सूचनाओं का प्रयोग

**प्रयागराज।** कोविड 19 की महामारी शुरु होने के बाद राजनेताओं सरकारी अधिकारियों मीडिया समूहों और नागरिक पत्रकारों ने सत्यापित सूचनाओं के प्रसार के लिए पब्लिक ऐप का बड़े पैमाने पर उपयोग किया। झूठी और भ्रामक सामग्री से मुकाबला किया। सबसे बड़े लोकेशन आधारित सोशल नेटवर्क पब्लिक ऐप ने बताया कि भारत में इस ऐप की वृद्धि में उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा योगदान है। उत्तर प्रदेश में इस ऐप के लगभग एक करोड़ तीस लाख प्रयोक्ता हैं। हर महीने प्रदेश से दो लाख से अधिक वीडियो इस प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए जाते हैं। लखनऊ आगरा मुरादाबाद मेरठ और अलीगढ़ इस ऐप पर सबसे ज्यादा सक्रिय हैं। इकसठ सौ से अधिक राजनेता और अन्य राजनीतिक प्रतिनिधि निर्वाचित अधिकारी सरकारी विभाग एवं राजनीतिक दल भाजपा बसपा सपा और कांग्रेस समेत पब्लिक ऐप का उपयोग करते हुए प्रदेश के नागरिकों से सम्पर्क कायम कर रहे हैं। पब्लिक ऐप के संस्थापक एवं सीईओ अज़हर इक़बाल ने कहा उत्तर प्रदेश उन राज्यों में से है जहां सबसे पहले पब्लिक ऐप लांच किया गया और यहां प्रयोक्ता आधार सबसे बड़ा है। भारत में वृद्धि के लिए उत्तर प्रदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है। पब्लिक ऐप का उपयोग करने वाले उत्तर प्रदेश में विनोद सोनकर सुब्रत पाठक डा भोला सिंह अजय कुमार लल्लू उदित राज अनुप्रिया पटेल आदि शामिल हैं।

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं बंगाल, सिक्किम प्रांत के प्रभारी संतायन चटर्जी बने

**वाराणसी।** विश्व हिन्दू महासंघ, नेपाल हिन्दुस्तान भाईचारी कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने वाराणसी के संतायन चटर्जी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं बंगाल, सिक्किम प्रांत के प्रभारी तथा प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह शैलू ने बनारस के संतायन चटर्जी को महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के संरक्षक मुरली मनोहर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार रामात्मा श्रीवास्तव, शशि विश्वकर्मा सहित कई लोगों ने 'संतायन दादा' को ढेर सारी शुभकामनाएं दी है।

### दिव्यांग प्रीमियर लीग की 16 सदस्यीय टीम का हुआ चयन

**वाराणसी।** 15 से 18 अप्रैल को होने वाले दिव्यांग प्रीमियर लीग के चयन हेतु रविवार को प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन फार फिजिकली चैलेन्जड व प्रदेश महिला क्रिकेट एसोसिएशन के बीच हुए मुकाबले में महिलाओं ने पुरुषों को 16 रन से हराया। टास दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के सचिव संजय सिंह ने कराया।इस दैरान प्रदेश महिला क्रिकेट एसोसिएशन की उपाध्यक्ष डॉ रितु गर्ग ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया तथा महिला टीम को बैट व बाल दिया। प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फार फिजिकली चैलेन्जड के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों की समस्याओं की जानकारी ली तथा उन्हें पेंशन योजना से जोड़ा। टीम की चयन प्रक्रिया अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव व अजय यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान कमेटी में राकेश सिंहए प्रेम भूषण सिंहए राम लालए चंद प्रकाशए अजय यादवए संजय सिंहए आलोक शिवा जीए डॉ रितु गर्गए अखिल आनन्दए आलोक श्रीवास्तवए शशि शंकर पटेलए डॉण्पंकज सिंहप्रमुख मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश कुमार श्रीवास्तव (गणेशजी) ने किया।

### ट्रक की चपेट में आई 112 पीआरवी, बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

**पाटन।** बिहार थाना क्षेत्र में संचालित डायल 112 पीआरवी में बीती रात गिट्टी लदे ओवरलोड ट्रक की चपेट में आ गई। ट्रक में टकराने से पीआरवी क्षतिग्रस्त हो गई जबकि उसमें सवार पुलिस कर्मी बाल-बाल बचे। ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर भागने में सफल रहा। घटना के संबंध में पीआरवी चालक ने ट्रक चालक पर गलत साइड में आकर टक्कर मारने का आरोप लगाया है। पीआरवी चालक की तहरीर पर स्थानीय थाना पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। वहीं लोगों द्वारा इसे अवैध वसूली के दौरान हुई दुर्घटना बताई जा रही है। पीआरवी 2932 के चालक के मुताबिक रविवार रात करीब 8:50 बजे सुमेरपुर तिराहे के पास स्थित पेट्रोल पंप पर पंचर बनवाने जा रहा था। पीआरवी लोन नदी के पुल के पास पहुचीं थी कि सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। पीआरवी चालक की मानें तो ट्रक चालक ने वाहन गलत दिशा में उनकी ओर मोड़ दिया जिससे दुर्घटना हुई। वहीं लोग पूरे मामले को उगाही के प्रयास से जोड़कर देख रहे हैं। बता दें कि बिहार बक्सर मार्ग पर सूरज ढलते ही ओवरलोड ट्रकों का आवागमन बढ़ जाता है। सैकड़ों की तादात में गुजरने वाले मोरंग गिट्टी से लादे ट्रकों से अवैध वसूली करने के लिए डायल 112 पीआरवी पिछले काफी समय से चर्चा में है। रात के अंधेरे में सड़क पर नाकेबंदी कर ट्रक चालकों से पीआरवी के पुलिसकर्मियों द्वारा उगाही के किस्से लोगों की जुबान पर हैं। रात के समय मार्ग से गुजरने वाले ओवरलोड ट्रकों को पुलिस प्रायः सड़क पर ही आड़ा तिरछा खड़े कराकर वसूली में मशगूल हो जाती है। वहीं बहुतायत वाहन चालक भाग निकलने के प्रयास में बेतहाशा रफ्तार से निकलते हैं।

## गोरखपुर की लक्ष्मी गुप्ता को मिलेगा कुलाधिपति स्वर्ण पदक

● उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विवि का 15वां दीक्षान्त समारोह 4 मार्च को, 19 को स्वर्ण पदक और 28659 छात्रों को मिलेगी उपाधि

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का 15वां दीक्षान्त समारोह 04 मार्च को सुबह दस बजे सरस्वती परिसर स्थित नवनिर्मित आडिटोरियम में आयोजित होगा। दीक्षान्त की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि मुकुल कानिटकर अखिल भारतीय संगठन मंत्री भारतीय शिक्षण मण्डल नागपुर दीक्षान्त भाषण देंगे। कुलपति प्रो के एन सिंह ने पत्रकारों को बताया कि 15वें दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्या शाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 19 स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे। जिनमें 05 स्वर्ण



पत्रकारवार्ता करते कुलपति प्रो. केएन सिंह

पदक छात्रों तथा 14 स्वर्णपदक छात्राओं की झोली में जायेंगे। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2019 तथा जून 2020 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण लगभग 28659 हजार शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी। जिसमें 15492 पुरूष तथा 13167 महिला शिक्षार्थी हैं। दीक्षान्त समारोह के लिए अब तक 556 शिक्षार्थियों ने आनलाइन पंजीकरण करा लिया है। विवि से हिन्दी कम्प्यूटर साइंस और कामर्स में पीएचडी करने वाले तीन शिक्षार्थियों को शोध उपाधि दी जायेगी। दीक्षान्त समारोह भारतीय पारम्परिक परिधान में होगा। छात्र छात्राओं के लिये सफेद धोती कुर्ता या पाजामा पीली साड़ी या सलवार सूट निर्धारित है। प्रो सिंह ने बताया कि इस बार कुलाधिपति स्वर्ण पदक गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के तहत आने वाले अध्ययन केन्द्र दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि की छात्रा लक्ष्मी गुप्ता को दिया जायेगा। लक्ष्मी गुप्ता ने बीएड विषय की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा समस्त विद्याशाखाओं की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्तीर्ण समस्त स्नातक परास्नातक शिक्षार्थियों में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये हैं। विवि स्वर्ण पदक स्नातकोत्तर वर्ग में विद्या शाखाओं के 05 टापर्स को दिए जाएंगे। जिसमें एमए संस्कृत के छात्र रंजय कुमार सिंह एमए राजनीतिशास्त्र के छात्र रजत विश्वकर्मा एमकाम की छात्रा तिवारी स्वाति रमाशंकर एमए शिक्षाशास्त्र की छात्रा नेहा सिंह तथा एमएससी बायोकेमिस्ट्री के छात्र स्वप्निल चौहान शामिल हैं। प्रो सिंह ने बताया कि आठ मेधावी शिक्षार्थियों को दानदाता स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जायेगा। दीक्षान्त समारोह में शामिल होने वाले शिक्षार्थियों को उत्तरीय 03 मार्च को शांतिपुरम फाफामऊ स्थित विवि मुख्यालय से वितरित किये जायेंगे। पत्रकार वार्ता में प्रो सत्यपाल तिवारी डा अरुण कुमार गुप्ता डा आनंदानंद त्रिपाठी एवं डा प्रभात चंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

## पंचायत चुनाव को लेकर गर्माया सियासी माहौल चुनावी बिसात पर गोटियां बिछाने में जुटे उम्मीदवार

● त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सियासी दलों में सर्वाधिक सक्रिय नजर आ रही भाजपा, क्षेत्र में बूथ स्तरीय तैयारियों में जुटे भाजपाई

**पाटन।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आरक्षण की तस्वीर लगभग साफहो गई है। ऐसे में चुनावी बिसात पर सियासी सरगर्मी भी बढ़ने लगी है। जनता के बीच अपनी पैठ मजबूत करने के लिए संभावित उम्मीदवारों ने शतरंजी गोटियां बिछानी शुरू कर दी हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंची के दावेदारों ने जनता को लुभाने के लिए अभी से तमाम तरह के हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए हैं। तो वहीं जिला पंचायत वार्डों में अधिकांश उम्मीदवार सत्तारुढ़ भाजपा का दामन



पकड़ चुनावी वैतरणी पार करने की जुगत में दिख रहे हैं।वहीं अन्य सियासी दलों की अपेक्षा भाजपा भी सर्वाधिक सक्रिय नजर आ रही है। भाजपा कार्याकर्ता गांव-गांव जाकर चुनावी रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। तो वहीं पार्टी द्वारा नियुक्त निर्वाचन प्रभारी जगह-जगह बैठकें कर बूथ स्तरीय तैयारियों की समीक्षा करते दिख रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा के जिला पंचायत वार्ड प्रभारी दिलीप लश्करी ने दल बल के साथ क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कस्बा बिहार में मंडल व सेक्टर अध्यक्षों सहित बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ मौजूद रहे युवा भाजपा नेता योगेन्द्र सिंह छोटू ने बड़ी संख्या में युवा समर्थकों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर जिला पंचायत सदस्य हेतु सुमेरपुर तृतीय से दावेदारी सुनिश्चित की। जिसके बाद उम्मीदवारों के बीच उनकी भाजपा से दावेदारी को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है।हांलाकि अभी भाजपा की ओर से पंचायत चुनाव में उम्मीदवारों को लेकर कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

## स्कूल पहुंचे बच्चों का हुआ स्वागत

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** ग्यारह माह बाद स्कूल पहुँचने पर बच्चों का स्कूलों में जोरदार स्वागत किया गया। शिक्षा चौपाल में पहुंचे खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को मिशन प्रेरणा की जानकारी दी। कोरोना काल के बाद ग्यारह माह से अधिक समय के बाद आज क्षेत्र के कोड़री गांव में स्थित परिषदीय विद्यालय में नन्हे मुन्ने बच्चों के स्वागत के लिये विद्यालय के शिक्षकों द्वारा स्कूल को फूल की झालरों एवं गुब्बारों से सजाया गया था। उत्साह पूर्वक स्कूल पहुँचने पर शिक्षकों द्वारा आज बच्चों का स्वागत भी किया गया। फ्तेहपुर चौरासी क्षेत्र के खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार वर्मा की उपस्थित में आज विद्यालय में एक चौपाल लगाई गई। अभिभावकों से खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आप सभी लोग कोरोना काल की परिस्थितियों से बाखूबी वाकिब रहे हैं, ऐसी विषम परिस्थितियों में भी बच्चों को विभिन्न माध्यमों से शिक्षण सामाग्री भेज कर पढ़ाई का क्रम जारी रखने की निरंतर कोशिश की गई।

## पेपरलेस फाइलों का प्रचलन प्रभावी तरीके से किया जाये

● वरासत अभियान में अच्छा कार्य करने वाली छह महिला लेखपालों व कर्मचारियों को दिया प्रशस्ति पत्र

संवाददाता। उन्नाव

**डा. दीपक** त्रिवेद्वी अध्यक्ष, राजस्व परिषद ने अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी कार्यालय, राजस्व अभिलेखागार, राजस्व कोर्ट न्यायालय का स्थलीय निरीक्षण किया। निर्वाचन कार्यालय का लोकापर्ण, जनपद उन्नाव कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सभागार सौन्दर्यीकरण के पश्चात लोकापर्ण, तहसील सदर के कृषि एवं आवास पट्टा स्वीकृत प्रमाणपत्र विभिन्न लाभार्थियों को वितरण एवं तहसील में कार्यरत लेखपालों/कर्मियों को प्रशस्तिपत्र एवं जनपद के राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व सम्बन्धी विभिन्न कार्यों



की समीक्षा बैठक की।

अध्यक्ष, राजस्व परिषद ने पन्नालाल हॉल में राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अपने मूल पद के दायित्वों का निर्वहन के साथ राजस्व कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ करें। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने अध्यक्ष को बताया कि जनपद में वरासत अभियान को पूरी शिद्दत के साथ चलाया गया। जिसमें लगभग 22 हजार मामले निपटाये गये। स्वामित्व योजना प्रारूप पांच पर फीडिंग कराकर प्रदेश में उन्नाव प्रथम स्थान पर रहा है। मिशन शक्ति के तहत सभी तहसीलों में हेल्प डैस्क की व्यवस्था चल रही है। एंटी भूमाफिया के तहत अभूतपूर्व कार्य किया गया है। अतिक्रमण कर्ताओं से सरकारी भूमि वापस ली गयी है। अध्यक्ष, राजस्व परिषद ने उपस्थित अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदारों की सराहना करते हुये कहा कि जनपद उन्नाव राजस्व के मामले में बहुत ही अच्छा कार्य किया है। सभी अधिकारी राजस्व परिषद द्वारा समय समय पर जारी किये गये संशोधित अधिनियमों से अवश्य अपडेट होते रहे। उन्ही नियमों के अनुसार कार्य किया जाये। इस अवसर पर वरासत अभियान में अच्छा कार्य करने वाले 06 महिला लेखपालों/कर्मचारियों को प्रशस्तिपत्र एवं तहसील सदर के कृषि एवं आवास पट्टा स्वीकृत प्रमाणपत्र विभिन्न लाभार्थियों को वितरण अध्यक्ष द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने अध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा आस्वस्थ किया जिला प्रशासन राजस्व एवं जन कल्याण कारी योजनाओं का अनुपालन शतप्रतिशत करेगा। अध्यक्ष राजस्व परिषद ने निरीक्षण के दौरान नाजिर द्वारा व्यवस्थित तरीके से किये जा रहे कार्यों के लिए प्रशंसा व्यक्त की। आग्ल अभिलेख कक्ष में विभिन्न प्रकार के आने जाने वाली डाकों के क्रियान्वयन एवं 10 वर्ष की वैधता के तहत फाइलों एवं रजिस्टरों की फीड़िग कराये जाने के निर्देश दिये गये। कुछ अभिलेखों में कटिंग एवं ओवर राईटिंग पर अप्रसनता व्यक्त करते हुये कहा कि इस तरह का कार्य भविष्य में न किया जाये। संयुक्त कार्यालय में सर्विस बुक में दर्ज आवश्यक प्रविष्टियों, वेतन बिल के रख-रखाव एवं पंजिकाओं में पेजिंग का कार्य करने को कहा। इस दौरान निर्देश दिये कि पेपरलेस फाइलों का प्रचलन प्रभावी ढ़ग से किया जाये। मानव सम्पदा पोर्टल के तहत मुख्य राजस्व आकिंक को निर्देश दिये कि शासन के निर्देशों के तहत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का सेवा विवरण तत्काल पूरा किया जाये। राजस्व वसूली शतप्रतिशत कराये

### बांगरमऊ तहसील का किया निरीक्षण

**उन्नाव।** अध्यक्ष राजस्व परिषद, द्वारा तहसील बांगरमऊ का निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने तहसील प्रागंण में वृक्षारोपण किया। इस दौरान एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण कर अभिलेखागार के बारे में जानकारी ली गई। आरके दफ्तर में मतदाता पंजिका केंद्र का निरीक्षण के दौरान वहां पर उपस्थित रेवेन्यू इंस्पेक्टर से आगामी निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया। नई खतौनियों को तैयार करने के निर्देश दिए। आर-06 में लेखपालों के हस्ताक्षर आदि के बारे में जानकारी ली तथा लेखपालों की सेवा पुस्तिका, जीपीएफ पासबुक एनपीएस, आरसी-9, आर सिक्स रजिस्टर, आदि चेक किए। यहां पर अभिलेखागार निरीक्षण के दौरान राजस्व ग्रामों के बस्तों का रख-रखाव तथा राजस्व ग्राम जयपुर के बस्ते का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## विद्यालय में शिक्षिकाओं की दिखती है मेहनत: खंड शिक्षा अधिकारी

**नवाबगंज।** नवाबगंज विकास खंड के ग्राम जैतीपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम में प्राथमिक स्कूल के छात्र छात्राएं शिक्षा मन्दिर में अध्यन हेतु पहुंचे। बच्चों के उत्साह हेतु विद्यालय परिवार के द्वारा आधुनिक साज सज्जा के साथ विद्यालय को सजाया गया था। इस अवसर पर छात्रों का उत्साह बढ़ाने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी के डी यादव, एनपीआरसी चंद्रेश संकुल प्रभारी सूर्य प्रकाश पांडे एवं ग्राम वासियों में सचिन, शक्तिकेश तिवारी, गोपी, संजय एसएमसी अध्यक्ष धर्मवीर अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ इंचार्ज शिक्षिका मीनू तिवारी सहायक शिक्षिका संजौली पाठक, शिक्षामित्र सावित्री देवी शिक्षक शमीम अहमद एवं गुड़िया कुमारी भी उपस्थित रही। जहां पर समस्त बच्चों को टीका एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कायाकल्प को देखकर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने समस्त स्टाप की तारीफ भी की।

# भाजपा को सत्ता से बाहर रखकर, सीएम को हटा भारत को राह दिखाए तमिलनाडुः राहुल

भाषा। नागरकोइल (तमिलनाडु)



**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि तमिलनाडु को भाषा एवं संस्कृति विरोधी ताकतों और एक संस्कृति, एक राष्ट्र और एक इतिहास की अवधारणा पेश करने वालों को दूर रखने में भारत को राह दिखानी चाहिए। राहुल गांधी ने राज्य के तीन दिवसीय दौरे में यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास ने दिखा दिया है कि तमिलनाडु में तमिल लोगों के अलावा कोई और सत्ता में नहीं आ सकता। 234 विस सीटों वाले तमिलनाडु में छह अप्रैल को चुनाव होने हैं। कांग्रेस द्रमुक नीत गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। गांधी ने यहां लोगों की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, ए चुनाव भी यही चीज दिखाएंगे कि केवल वही व्यक्ति तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बन सकता है, तो तमिल लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे झुकने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री (के पलानीस्वामी) ऐसा कभी नहीं कर पाएंगे। मुख्यमंत्री को राज्य के लोगों के आगे झुकना चाहिए। गांधी ने कहा कि आरएसएस और मोदी तमिल भाषा और संस्कृति का अपमान करते हैं तथा लोगों को उन्हें यहां अपने पैर जमाने नहीं देने चाहिए। उन्होंने कहा, मोदी एक संस्कृति, एक राष्ट्र, एक इतिहास और एक नेता की बात करते हैं। गांधी ने कहा, क्या तमिल भारतीय भाषा नहीं है? क्या बांग्ला भारतीय भाषा नहीं है? क्या तमिल संस्कृति भारतीय संस्कृति नहीं है? इस चुनाव में यही लड़ाई लड़ी जा रही है। वायनाड से सांसद ने कहा, जिस तरह भारत की सभी भाषाओं और धर्मों की रक्षा करना मेरा कर्तव्य है, उसी तरह तमिल भाषा, संस्कृति एवं इतिहास की रक्षा करना भी मेरा कर्तव्य है। उन्होंने केंद्र में भाजपा नीत सरकार और राज्य की पलानीस्वामी सरकार पर तमिल भाषा, संस्कृति एवं परम्परा का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया। गांधी ने आरोप लगाया, हमारे पास यहां ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो मोदी की कही हर बात पर हामी भर देते हैं। मुख्यमंत्री तमिलनाडु के लोगों की नहीं, बल्कि मोदी की इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं। गांधी ने कन्याकुमारी में दिवंगत कांग्रेस नेता एच वसंत कुमार के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।



पटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 70वें जन्म दिन पर बधाई देते पार्टी के नेता

## जैश-ए-मोहम्मद के लिए काम करने वाला एक व्यक्ति गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद के लिए काम करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा, (पुलवामा के) त्राल इलाके के लारो जागीर गांव में जैश ए मोहम्मद के आतंकवादियों की मौजूदगी की विशिष्ट सूचना के आधार पर पुलिस, राष्ट्रीय राईफल्स और 180 बीएन सीआरपीएफ ने वहां तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान मुजामिल कादिर भट को गिरफ्तार किया गया, जो आतंकवादियों का सहयोगी है। उन्होंने कहा कि भट के पास से अभियोजन योग्य सामग्री बरामद की गई है। उसने अपने घर के परिसर में एक हथगोला छिपा रखा था, उसे भी बरामद कर लिया गया है। प्राथमिक जांच से पता चला कि गिरफ्तार किया गया आतंकवादियों का सहयोगी त्राल और देशभर में जैश के आतंकवादी कमांडरों के संपर्क में था।

# भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर स्टालिन ने अमित शाह पर किया पलटवार

भाषा। चेन्नई

**द्रमुक नेता** एम के स्टालिन ने उनकी पार्टी पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर सोमवार को पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा तमिलनाडु में सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक का समर्थन करके भ्रष्टाचार के साथ खड़ी है। शाह ने भ्रष्टाचार के मामलों पर बोलने को लेकर स्टालिन पर कटाक्ष करते हुए रविवार को विल्लुपुरम में एक रैली में उनसे कहा था कि वह अपने भीतर झांककर देखें। उन्होंने स्टालिन से कहा था कि, 2टू (स्पेक्ट्रम आवंटन) घोटाला किसने किया , जिसमें सांसद कनिमोई और ए राजा आरोपी हैं। उन्होंने कहा था कि जब कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपए का घोटाला किया उस समय द्रमुक उस सरकार का हिस्सा थी। स्टालिन ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी प्रकार की बात कही थी और अब अमित शाह ने यह कहा है और कल केंद्र में भाजपा के सभी नेता यही बात कहेंगे। उन्होंने कहा, वे भ्रष्टाचार, कमीशन लेने और उगाही करने वाले ओपीएस (उपमुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम) और ईपीएस (मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी) का हाथ पकड़ते हैं। यह दर्शाता है कि वे भ्रष्टाचार के साथ खड़े हैं। उन्होंने पिछले महीने एक सरकारी कार्यक्रम में मोदी द्वारा पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी का हाथ पकड़ने का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए यह बात की। स्टालिन ने बताया कि द्रमुक नीत गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर वार्ता रविवार को शुरू हो गई और पार्टी का घोषणा पत्र भी तैयार हो रहा है। स्टालिन ने कहा कि पार्टी की सात मार्च को तिरुचिरापल्ली में एक विशेष बैठक होगी, जिसमें तमिलनाडु को एक दशक में सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाने के लिए 10 साल का खाका जारी किया जाएगा।

## छद्म मतों की खातिर पुलिस बल के अंदर अवैध कवायद चल रही है : भाजपा

**कोलकाता।** भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त सोमेन मित्रा को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि 27 मार्च से शुरू हो रहे विधानसभा चुनाव के दौरान डाक मतपत्रों के संग्रहण एवं छद्म मतों की खातिर पुलिस बल के अंदर अवैध कवायद चल रही है। भाजपा सांसद स्वप्न दासगुप्ता और वरिष्ठ नेताओं– सब्यसाची दत्ता एवं शिशिर बाजोरिया के दस्तखत वाले इस पत्र में पार्टी ने दावा किया कि वेलफेयर एसो. के बैनर तले पुलिस अधिकारियों का एक वर्ग इस अभियान के तहत सभी रैंक के अपने सहयोगियों के मतदाता पहचान पत्र एवं आधार कार्ड की प्रतियां जमा कर रहा है। पार्टी ने यह भी कहा कि यह बिल्कुल अवैध कृत्य है एवं किसी के मतदान के मौलिक अधिकार को छीन लेने जैसा है। भगवा दल ने कहा, शांतनु सिन्हा विश्वास नाम के एक इंस्पेक्टर इस कवायद की अगुवाई कर रहे हैं तथा दो इंस्पेक्टर – तपन कुमार मैती और बिजितास्व राउत उनकी मदद कर रहे हैं।

# वीरप्पा मोइली ने जी-23 की बैठक से दूरी बनाई, कहा हम इसका हिस्सा नहीं

**बेंगलुरु।** जम्मू में हुई जी–23 नेताओं की बैठक से खुद को अलग करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम वीरप्पा मोइली ने सोमवार को पार्टी के अंदरुनी मतभेद सार्वजनिक होने पर चिंता जाहिर करते हुए राहुल गांधी के फिर से पार्टी प्रमुख बनने का समर्थन किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री मोइली पार्टी के उन 23 नेताओं में शामिल थे जिन्होंने पिछले वर्ष अगस्त में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर "पूर्णकालिक" और दृष्टिगोचर" नेतृत्व सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। इसके बाद इन नेताओं को जी–23 के नाम से जाना जा रहा है। राज्यसभा से गुलाम नबी आजाद के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सम्मानित करने के लिए जी–23 के कुछ नेताओं द्वारा शनिवार को जम्मू में की गई रैली का हवाला देते हुए मोइली ने कहा कि असंतुष्टों के तौर पर इसका अर्थ लगाना गलत है। उन्होंने कहा, यह असंतुष्टों की बैठक नहीं है। हम (जी–23 के कुछ नेता) इसका हिस्सा नहीं हैं। सार्वजनिक तौर पर असंतुष्टी दिखाते हुए आज़ाद, आनंद शर्मा और कपिल सिब्बल जैसे नेता शनिवार को जम्मू में एक मंच पर आए और कहा कि पार्टी कमज़ोर हो रही है और वे इसे मजबूत करने के लिए साथ आए हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री रह चुके मोइली ने कहा कि अगस्त में भेजे गए पत्र का मकसद पार्टी में सुधार करना, सभी स्तरों पर प्रभावी सुधार और संगठनात्मक चुनावों का था। उन्होंने कहा, यह सोनिया गांधी, राहुल गांधी के नेतृत्व के खिलाफ नहीं था। हम सब नेतृत्व के साथ हैं। हम कांग्रेस के साथ हैं। हम उनके अध्यक्ष बनने के खिलाफ नहीं हैं। मोइली ने कहा कि कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने संगठन में बदलाव करने और चुनाव कराने का वादा किया था।

अगस्त में पत्र पर हस्ताक्षर करने पर किसी तरह का पछतावा होने के सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता है कि हमें पछतावा है। मोइली ने कहा, हमें (अपने पत्र को लेकर) आगे नहीं बढ़ना चाहिए। उसका (जी–23) का मतलब संगठन से असंतुष्ट होना नहीं था और होगा भी नहीं। एक बार जब ज्ञापन (पत्र) दे दिया गया तो उद्देश्य पूरा हो गया। उन्होंने कहा, हर दिन मुद्दे को उठाना (सही) नहीं है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी का पुनर्निर्माण एक निरंतर और रोजाना चलने वाली प्रक्रिया है। यह एक–बार की गतिविधि नहीं है। उन्होंने कहा, उस लिहाज़ से (अगस्त के पत्र का) उद्देश्य पूर्ण हो गया है। राहुल गांधी के फिर से अध्यक्ष बनने की पार्टी में बढ़ती मांग पर मोइली ने कहा, हम भी चाहते हैं कि वह पद पर वापस आएं, क्योंकि सोनिया जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले से क्षेत्र में सक्रिय हैं, " देशभर में घूम रहे हैं, हर जगह जा रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि राहुल गांधी चुनाव प्रक्रिया के जरिए पार्टी के प्रमुख के तौर पर वापसी कर सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र सरकार करों में कटौती करके राहत कर सकतीः फडणवीस

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि राज्य में एमवीए सरकार ईंधन के दाम में वृद्धि के मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर रही है वह करों में कटौती करके राहत प्रदान कर सकती है। प्रति लीटर पेट्रोल पर केंद्र द्वारा लगाए गए कर 70 रुपए तक होते है और यह राशि विभिन्न तरीकों से राज्यों को दे दी जाती है तथा राज्य द्वारा लगाया गया शुल्क 27 रुपए तक होता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार जो शुल्क लगाती है, उसे वह घटा सकती है और राहत दे सकती है। उनसे प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले द्वारा ईंधन के बढ़ते दाम के विरूद्ध साईकिल रैली निकाले जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शायद वह ईंधन पर कर कटौती का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हो क्योंकि करो की कटौती की चर्चा चल रही है। भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी एमवीए सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर काटे जा रहे बिजली कनेक्शन के विरूद्ध आवाज उठाएगी क्योंकि इससे लोगों खासकर किसानों को बड़ी परेशान हो रही है।

### बंगाल विस चुनावः कांग्रेस ने 28 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की

**कोलकाता।** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) ने चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल के लिए 28 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने सोमवार को इस बारे में बताया। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों के कांग्रेस नेताओं को 294 सदस्ईय पश्चिम बंगाल विधानसभा के आठ चरणों में होने वाले चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि एआईसीसी ने कोलकाता के उत्तरी, दक्षिण, मध्य और बड़ा बाजार के लिए चार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है जबकि उत्तरी 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जिलो के लिए दो-दो पर्यवेक्षक बनाए गए है। कांग्रेस नेता ने बताया कि बाकी सभी जिलो के लिए एक-एक पर्यवेक्षक होंगे। राज्य मे 27 मार्च से 29 अप्रैल के बीच विधानसभा चुनाव आठ चरणो मे होंग

### मादक पदार्थ मामलाः भाजपा नेता का एक सहयोगी गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के न्यू अलीपुर क्षेत्र से जब्त किए गए मादक पदार्थ के मामले मे पुलिस ने भाजपा नेता राकेश सिंह के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सहयोगी की गिरफ्तारी के साथ ही भाजपा के दो नेताओं सहित मामले में अभी तक छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को वाटगूगे पुलिस थानाक्षेत्र के ऑर्फनगुंगे बाजार के पास आदि गंगा नहर के नजदीक एक झोपड़ी से रविवार रात गिरफ्तार किया गया। आईपीएस अधिकारी ने कहा, उसे राकेश सिंह ने खिदिरपुर डाक घर के पास स्कूटर के साथ इंतजार करने का कहा था। हालांकि मामले मे वांछित अमृत सिंह स्कूटर लेकर मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए व्यक्ति को आज दिन मे अलिपुर की एक अदालत मे पेश किया जाएगा। पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राज्य सचिव पामेला गोस्वामी और दो अन्य को 19 फरवरी को दक्षिण कोलकाता के न्यू अलीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। गोस्वामी की कार से 90 ग्राम कोकीन बरामद हुई थी। वही, भाजपा राज्य समिति के सदस्य राकेश सिंह को पूर्वी बर्धमान जिले के गलसी से 23 फरवरी को उस समय गिरफ्तार किया था, जब वह कथित तौर पर भागने की कोशिश कर रहे थे।

### राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कोविड-19 का टीका लगवाया

**मुंबई।** राकांपा प्रमुख शरद पवार, उनकी पत्नी और बेटी ने यहां नगर निकाय के एक अस्पताल मे सोमवार को कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री को कोविशील्ड टीका लगाया गया। चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय (डीएमईआर) के निदेशक डॉ टायरो लहाने ने कहा, पवार(80) ने अपनी पत्नी प्रतिभा पवार और बेटी सुप्रिया सुले के साथ टीके की पहली खुराक ली। सुप्रिया (51) पुणे जिले के बारामती से लोकसभा सदस्य है। दूसरे चरण का राष्ट्रव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू हुआ। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो और गंभीर बीमारियो से पीड़ित 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगो को सरकारी अस्पतालो मे निःशुल्क तथा कई निजी अस्पतालो मे शुल्क अदा करने पर टीका लगाया जा रहा है।

### हाथियों के झुंड ने 50 एकड़ में लगी फसल को किया बर्बाद

**कोडरमा।** झारखंड के कोडरमा मे जयनगर प्रखंड के कई गांवो मे जंगली हाथियो के झुंड ने पिछले दो दिनो मे लगभग पचास एकड़ भूमि मे लगी खड़ी फसल को बर्बाद कर दिया है। वन विभाग के अधिकारियो ने घटना की पुष्टि करते हुए सोमवार को बताया कि जंगली हाथियो के झुंड ने हजारीबाग तथा कोडरमा जिले के सीमा क्षेत्र में खरपोका सहित कई गांवों मे खड़ी फसलो को नुकसान पहुंचाया है और वन विभाग किसानो को हुए नुकसान का आकलन कर रहा है। पुलिस ने बताया कि हाथियो ने लगभग 50 एकड़ मे लगी फसल को रौद दिया है। हाथियो ने गन्ने की फसल को मुख्य रूप से निशाना बनाया हैइससे पूर्व खरपोका गांव मे शनिवार देर रात हाथियो का झुंड घुस आया और खेतों मे लगी फसल को बर्बाद कर दिया। हाथियो के झुंड से ग्रामीणो मे भय का माहौल व्याप्त है।



कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता आटो-रिक्शा खींचकर पेट्रोल की बढ़ी हुई कीमतों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए।

## विपक्ष ने किसानों को बरगलाना जारी रखा तो उसे चुनाव में और भी कम सीटें मिलेंगीः गोयल

**शिमला।** रेल मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि अगर विपक्ष किसानों को गुमराह करता रहा तो उसे अगले लोकसभा चुनाव में और भी कम सीटें मिलेंगी। केंद्रीय रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और उपभोक्ता मामलों के मंत्री गोयल यहां हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के आधिकारिक आवास पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। विपक्ष को किसानों को (कृषि कानूनों पर) गुमराह नहीं करना चाहिए। किसानों के आंदोलन के कारण रेलवे को हुए नुकसान संबंधी सवाल से बचते हुए गोयल ने आरोप लगाया कि विपक्षी कांग्रेस ने विभिन्न मुद्दों पर लोगों को गुमराह किया है, आम चुनाव में मतदाताओं ने उसे कुछ सीटों तक सीमित कर दिया और पार्टी विपक्ष के नेता का पद भी प्राप्त करने में असफल रही। अगर विपक्ष इसी तरह किसानों को गुमराह करता रहा, तो अगले आम चुनावों में उसे और भी कम सीटें मिलेंगी। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 44 सीटें जीती थीं। 2019 के आम चुनाव में उसकी सीटों की संख्या में थोड़ा सुधार हुआ और यह बढ़कर 52 हो गई। सरकार द्वारा लाए गए कृषि कानून किसानों और देश के हित में हैं। हिमाचल प्रदेश के किसानों सहित अधिकतर किसान नए कृषि कानूनों के पक्ष में हैं और केवल कुछ ही गुमराह हैं। जल्द ही एक समाधान निकलेगा।

### हवाईअड्डे पर तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू को रोका गया, धरने पर बैठे

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश विस में विपक्ष के नेता एन चंद्रबाबू नायडू सोमवार को रेनीगुंटा में तिरुपति हवाईअड्डे के आगमन लाउंज में धरने पर बैठ गए। पुलिस उन्हें शहर में प्रवेश से रोकने के लिए हिरासत में लेना चाह रही थी। तेदेपा के अध्यक्ष ने पुलिस अधिकारियों से बहस की और यह जानना चाहा कि उन्हें तिरुपति और चित्तूर जाने से क्यों रोका जा रहा है। हैदराबाद से तिरुपति हवाईअड्डे पहुंचे नायडू स्थानीय निकाय के प्राधिकारियों की ज्यादती के खिलाफ तिरुपति में विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने आए थे।

# सीबीआई ने फर्जी नियुक्ति पत्र मामले की जांच संभाली

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने आईटीबीपी भर्ती घोटाले की जांच अपने हाथ में ले ली है, जिसमें देश भर के 24 असफल उम्मीदवारों को बल में शामिल होने के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र दिए गए थे। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने कहा कि ए उम्मीदवार 2014–15 और 2016 में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की कान्स्टेबल पद के लिए हुई परीक्षा में बैठे थे, लेकिन वे चयन प्रक्रिया में सफल नहीं हो सके थे। हालांकि, वे ड्यूटी में शामिल होने के लिए फर्जी भर्ती पत्रों के साथ बल के कार्यालय पहुंच गए थे, जिससे आईटीबीपी के अधिकारियों को आश्चर्य हुआ था।

उन्होंने कहा कि ए अभ्यर्थी पूरे देश से थे और परीक्षा में असफल होने के बावजूद भर्ती पत्र लिए हुए थे।उन्होंने कहा कि आईटीबीपी के अधिकारियों ने उनके पत्रों पर एक मोबाइल नंबर देखा जिस पर संपर्क करने के निर्देश दिए गए थे।अधिकारियों ने कहा कि उम्मीदवारों को ड्यूटी में शामिल होने से पहले कुछ पैसे बैंक खातों में प्रशिक्षण शुल्क के रूप में जमा करने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि इन उम्मीदवारों में से कुछ को पत्र द्वारा लालच दिया गया था और उन्होंने उन खातों में पैसे जमा करा दिए थे। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट था कि असम, पंजाब, अंडमान, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के उम्मीदवारों को फर्जी भर्ती पत्र जारी किए गए थे। जबकि वास्तविक अभ्यर्थियों को नियत प्रक्रिया और भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद हरी झंडी दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है।

# कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता टीएमसी और भाजपा की कठपुतली हो गए हैः आईएसएफ प्रमुख का दावा

भाषा। कोलकाता

**इंडियन** सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) प्रमुख अब्बास सिद्दीकी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता तृणमूल कांग्रेस और भाजपा, दोनों पार्टियों के संपर्क में हैं तथा विधानसभा चुनाव के नतीजे के अनुरूप उनमें से किसी एक खेमे में शामिल हो सकते हैं। पश्चिम बंगाल में वाम दलों और कांग्रेस के महागठबंधन को रविवार को संकट की स्थिति का सामना करना पड़ा, जब सिद्दीकी ने कांग्रेस को सीट बंटवारे पर चल रही बातचीत को लेकर आगाह करते हुए उसे जल्द ही किसी निर्णय पर पहुंचने कहा था।सिद्दीकी ने कहा, अगर, कल मेरे शब्दों से अधीर रंजन चौधरी (प्रदेश कांग्रेस प्रमुख) को ठेस पहुंची है, तो मैं माफी मांगता हूं। लेकिन मुझे जानकारी मिली है कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता टीएमसी और भाजपा दोनों के सम्पर्क में हैं और (चुनाव बाद) त्रिशंकु विधानसभा होने की स्थिति में वह पाला बदल सकते हैं उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि कांग्रेस इस विषय पर स्थिति स्पष्ट करे। वे गठबंधन चाहते हैं या नहीं, उन्हें यह स्पष्ट रूप से कहना होगा। हम अनंत काल तक प्रतीक्षा नहीं कर सकते। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप भट्टाचार्य ने इन आरोपों को बेबुनियाद करार ते हुए खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा, उन्होंने (आईएसएफ प्रमुख ने) नेता का नाम क्यों नहीं बताया, जिसके वह भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के सम्पर्क में होने का दावा कर रहे हैं? हम गठबंधन पर सिर्फ इसलिए फैसला नहीं ले सकते क्योंकि उन्हें जल्दी है। हम वाम दलों के नेताओं साथ बैठक के बाद इस पर फैसला लेंगे। वाम दल और कांग्रेस के नेताओं के आज बैठक करने का कार्यक्रम है। प्रदेश में आठ चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं और 27 मार्च को पहले चरण का मतदान होगा। आईएसएफ प्रमुख ने रविवार को दावा किया था कि कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी गठबंधन के पक्ष में हैं, लेकिन बंगाल से पार्टी के एक नेता इसमें देर कर रहे हैं। उनकी टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चौधरी ने कहा कि कांग्रेस किसी सिद्दीकी की धमकियों और भयादोहन के आधार पर फैसले नहीं लेगी। हमारा वाम दलों के साथ औपचारिक गठबंधन है। पहले हमे वाम के साथ सीट बंटवारे की तस्वीर स्पष्ट करने दीजिए। हमने अब्दुल मनन से आईएसएफ के साथ बात करने और उनकी मांगों पर गौर करने को कहा है। आईएसएफ ने माल्दा और मुर्शिदाबाद में कुछ सीटों की मांग की है , जिन पर पार्टी ने 2016 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी।




चेन्नई में सरकारी अस्पताल में कोविड-19 की वैक्सीन लगवाते उपराष्ट्रपति वैंकैया नायडू

# नीतीश ने कोविड-19 टीका लगवाया

## लोगों से भी टीकाकरण का आग्रह किया

भाषा। पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कोविड-19 से बचाव के लिए टीके की पहली खुराक ली। इस अवसर पर उन्होंने टीकाकरण की सुविधा मुफ्त प्रदान करने के अपनी सरकार के फैसले की पुष्टि करते हुए आमजनों से भी टीका लगवाने का आग्रह किया। पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्था (आईजीआईएमएस) में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की मौजूदगी में नीतीश ने सोमवार को कोविड-19 का पहला टीका लिया।

कोविड-19 का पहला टीका लगवाने के बाद बिहार विधानमंडल पहुंचे नीतीश ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रविवार को स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक में आज से होने वाले कोविड-19 टीकाकरण की तैयारियों की समीक्षा की गई थी। उन्होंने बताया कि कल ही मैंने आईजीआईएमएस में टीका लगवाने का फैसला कर लिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोविड-19 टीकाकारण के तीसरे चरण की आज शुरुआत होगी, हमने तय किया है कि बिहार में टीकाकारण बिलकुल मुफ्त होगा एवं सरकार की तरफ से इसको लेकर पूरी तैयारी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीका सबको लेना चाहिए इसके लिए केन्द्र सरकार ने दिशानिर्देश जारी किया है, पहले 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों को टीका लेना था लेकिन अब 60 वर्ष के अधिक उम्र वालों को टीका लेना है, साथ ही 60 वर्ष से 45 वर्ष के बीच के ऐसे लोगों को भी टीका लेना है, जो अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार बंधुओं को भी घूमना पड़ता है, हम उनके लिए भी टीके की व्यवस्था करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से बात कर रहे हैं। शराबबंदी से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस महानिदेशक और मद्य निषेध विभाग के साथ बैठक में निरंतर कहा है कि अपने स्तर से और नीचे के स्तर पर प्रत्एक चीज की निगरानी करें, अगर कहीं कोई शराब बेचता है और कोई खरीद रहा है तो उस कड़ी का पता लगाएं और उसपर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि लोगों को भी इसके प्रति जागरुक करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शराब के धंधे में यहां के और बाहर के जो लोग लिप्त हैं उनकी पहचान की जा रही है और उन पर कार्रवाई भी हो रही है। नीतीश ने कहा कि ज्यादातर लोग तो सही होते हैं लेकिन कुछ लोगों की मानसिकता गलत होती है एवं उनपर नजर रखना है।



पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) में सोमवार को देशव्यापी टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कोविड-19 वैक्सीन की पहली खुराक दी गई।

## एदियुरप्पा, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने टीका लगवाने के लिए मोदी की तारीफ की

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने सोमवार को कोविड-19 के टीके की पहली खुराक लेने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार सुबह दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली।

एदियुरप्पा ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज सुबह कोविड-19 की पहली खुराक ली। उन सभी कोरोना यौद्धाओं, जिन्होंने अभी तक टीका नहीं लगवाया और वे लोग जो टीकाकरण के दूसरे चरण में टीके की पात्रता रखते हैं... मेरी उन सभी से अपील है कि वे टीका लगवाएं। उन्होंने लिखा, आए भारत और कर्नाटक को कोविड-मुक्त बनाएं। उप मुख्यमंत्री डॉ. सीएन अश्वथ नारायण ने भी लोगों के लिए एक उदाहरण पेश करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की। अश्वथ ने ट्वीट किया, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह दिल्ली के एम्स में कोविड-19 के टीके की पहली खुराक ली।

महान नेता ने खुद उदाहरण पेशकर लोगों का मार्ग दर्शन किया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर ने ट्वीट कर वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों से टीका लगवाने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट किया, अभियान की अगुवाई करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के एम्स में कोविड-19 का पहला टीका लगवाया। मैं वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से जल्द से जल्द टीका लगवाने की अपील करता हूं। टीका लगवाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन सभी लोगों से टीका लगवाने की अपील की, जो दूसरे चरण के टीकाकरण अभियान के तहत इसकी पात्रता रखते हैं।

देश में दूसरे चरण के टीकाकरण अभियान के तहत, एक मार्च से वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को टीका लगाया जा रहा है।

## अमरिंदर सिंह के मुख्य सलाहकार बने प्रशांत किशोर

भाषा। चंडीगढ़

**पंजाब** के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने सोमवार को चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर को अपना मुख्य सलाहाकार बनाए जाने की जानकारी दी। सिंह ने ट्वीट किया यह बताते हुए खुशी हो रही है कि प्रशांत किशोर मुख्य सलाहाकार के तौर पर मेरे साथ जुड़ गए हैं। पंजाब के लोगों की बेहतरी के लिए साथ काम करने को लेकर आशान्वित हूं। किशोर ने वर्ष 2017 में पंजाब विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के चुनाव अभियान की कमान संभाली थी। वर्तमान में किशोर की कंपनी, इंडियन पालिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पीएसी) पश्चिम बंगाल चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस की मदद कर रही है। किशोर ने वर्ष 2014 के आम चुनाव में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद के लिए अभियान की कमान संभाली थी।

## छह राज्यों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि

### भारत में इलाजरत मरीजों की कुल संख्या 1,68,627 हुई

भाषा। नई दिल्ली

**महाराष्ट्र,** केरल, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि हुई है और पिछले 24 घंटे में सामने आए 15,510 नए मामलों में 87.25 प्रतिशत इन्हीं राज्यों से हैं। यह जानकारी सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। इसके अलावा पिछले 24 घंटे में 106 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटे में 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना वायरस से किसी की मौत नहीं हुई है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज करा रहे लोगों की कुल संख्या बढ़ कर 1,68,627 पहुंच गई है, जो संक्रमण के कुल मामलों का का 1.52 फीसदी है। मंत्रालय ने



बताया कि देश में संक्रमण का इलाज करा रहे लोगों की कुल संख्या का 84 फीसदी पांच राज्यों में है। भारत में इलाजरत मरीजों में 46.39 फीसदी मरीज महाराष्ट्र में है, इसके बाद केरल का स्थान है, जहां 29.49 फीसदी लोग संक्रमण का इलाज करा रहे हैं। मंत्रालय ने बताया, 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक हजार से अधिक इलाजरत मरीज हैं। केरल और महाराष्ट्र दो ऐसे राज्य हैं जहां कोविड-19 के इलाजरत मरीजों की संख्या 10 हजार से अधिक है, जबकि शेष 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इलाजरत मरीजों की संख्या एक हजार से दस हजार के बीच है। मंत्रालय ने बताया कि ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे सार्स-कोव-2 के मामलों की संख्या देश में 213 तक हो गई है। पिछले 24 घंटे में 15,510 नए मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में सर्वाधिक 8293 मामले, जबकि केरल में 3254 और पंजाब में 579 नए मामले सामने आए हैं। केंद्र उन राज्यों के लगातार संपर्क में है, जहां संक्रमण के इलाजरत रोगियों की संख्या ज्यादा है और जहां संक्रमण के नए मामले बढ़ रहे हैं। इसने कहा, आठ राज्यों में रोजाना नए मामलों की संख्या बढ़ रही है। अभी तक 2,92,312 सत्रों के माध्यम से लाभार्थियों को टीके के 1,43,01,266 खुराक दिए जा चुके हैं। इनमें पहली खुराक और दूसरी खुराक भी शामिल है। मंत्रालय ने बताया, कोविड-19 टीकाकरण का अगला चरण आज से उन लोगों के लिए शुरू हुआ है जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है और ऐसे लोगों के लिए भी शुरू हुआ है, जिनकी उम्र 45 वर्ष से अधिक है लेकिन वे दूसरी अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। मंत्रालय ने बताया कि नए ठीक हुए मामलों में 85.07 फीसदी छह राज्यों में हैं।

## सीआईसीएसई की कक्षा 10वीं की परीक्षा पांच मई से, 12वीं की आठ अप्रैल से

**नई दिल्ली।** द काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईसीएसई) कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा क्रमश: 5 मई और 8 अप्रैल से संचालित करेगा। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। सीआईसीएसई के मुख्य कार्यकारी एवं सचिव गैरी अराथून ने कहा, द इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईसीएसई), जो कक्षा 10वीं की परीक्षा है, 5 मई से 7 जून तक आयोजित की जाएगी। द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (आईएससी), जो कक्षा 12वीं की परीक्षा है, 8 अप्रैल से 16 जून तक आयोजित की जाएगी। अराथून ने कहा, परिणाम जुलाई तक स्कूलों के प्रमुखों के संयोजकों के माध्यम से जारी किए जाएंगे। परिणाम नई दिल्ली में काउंसिल के कार्यालय से उपलब्ध नहीं होंगे और उम्मीदवारों, अभिभावकों या संरक्षकों से किसी पूछताछ को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बोर्ड ने कहा कि कक्षा 12वीं की परीक्षा 8 अप्रैल को कंप्यूटर साइंस (प्रैक्टिकल)- प्लानिंग सेशन के साथ शुरू होगी, जो 90 मिनट का पेपर होगा, वहीं 9 अप्रैल से शुरू होने वाले अन्य विषयों की परीक्षा का समय तीन घंटे होगा। आमतौर पर सीआईसीएसई बोर्ड परीक्षा फरवरी-मार्च में आयोजित की जाती है। हालांकि, इस साल कोविड-19 महामारी के कारण परीक्षा विलंबित हुई है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने भी इस साल परीक्षाएं मई-जून के लिए टाल दी हैं जो हर साल इसी समय के आसपास परीक्षा आयोजित करता है। सीआईसीएसई की कक्षा 12 की समय सारिणी में उल्लेख किया गया है कि भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, भारतीय संगीत (हिंदुस्तानी), फैशन डिजाइनिंग, शारीरिक शिक्षा, कंप्यूटर विज्ञान (परीक्षा सत्र) और गृह विज्ञान (परीक्षा सत्र) विषयों की व्यावहारिक परीक्षाओं की तिथि और समय संबंधित स्कूल द्वारा प्रदान किया जाएगा। अराथून ने कहा, उत्तर पुस्तिकाओं की पुन:जांच के लिए आवेदन ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए और आईएससी वर्ष 2021 के परीक्षा परिणामों की घोषणा के दिन से सात दिन के भीतर परिषद के कार्यालय को मिल जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि 2022 में परीक्षाओं के लिए फिर से बैठने की इच्छा रखने वाले या वे उम्मीदवार जिन्हें कंपार्टमेंट परीक्षा में शामिल होना हैं, उन्हें अपने आवेदन ऑनलाइन भरने होंगे।पिछले साल, सीआईसीएसई को कोविड-19 मामलों में बढ़ोतरी के कारण अपनी लंबित परीक्षाओं को रद्द करना पड़ा था और बोर्ड द्वारा तय वैकल्पिक मूल्यांकन योजना के आधार पर परिणाम घोषित किए गए थे। योजना के अनुसार, उम्मीदवारों का उन विषयों में प्राप्त तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिशत अंकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया था जिनके लिए बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई थी।

## उच्चतम न्यायालय ने दुष्कर्म के आरोपी लोक सेवक को गिरफ्तारी से राहत प्रदान की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को नाबालिक लड़की से दुष्कर्म के आरोपी एक लोक सेवक से पूछा कि क्या वह लड़की से शादी करने को तैयार है। शीर्ष अदालत को बताया गया कि आरोपी पहले से विवाहित है तो पीठ ने उसे नियमित जमानत के लिए संबंधित अदालत का रुख करने को कहा। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे के नेतृत्व वाली पीठ महाराष्ट्र राज्य बिजली उत्पादन कंपनी में कार्यरत एक तकनीकविद द्वारा दाखिल एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने मामले में अग्रिम जमानत रद्द करने के बंबई उच्च न्यायालय के पांच फरवरी के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। पीठ में न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यन भी थे। सुनवाई शुरू होने पर पीठ ने आरोपी से पूछा, क्या तुम उससे (लड़की से) शादी करना चाहते हो। पीठ ने कहा कि अगर तुम शादी करने को इच्छुक हो तो हम इस पर विचार कर सकते हैं अन्यथा तुम्हें जेल जाना होगा। साथ ही पीठ ने जोड़ा, हम शादी के लिए दबाव नहीं डाल रहे। पीठ द्वारा सवाल पूछे जाने पर याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील ने कहा कि आरोपी पहले लड़की से शादी करना चाहता था लेकिन उसने मना कर दिया तो उसने किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली। वकील ने जब कहा कि आरोपी लोकसेवक है, इस पर पीठ ने कहा, आपको (आरोपी को) लड़की को फुसलाने और दुष्कर्म करने से पहले यह सब विचार करना चाहिए था। आपको पता है कि आप एक सरकारी सेवक हैं। वकील ने कहा कि मामले में अभी आरोप तय नहीं हुआ है। पीठ ने कहा कि आप नियमित जमानत की अर्जी दे सकते हैं। हम गिरफ्तारी पर रोक लगाएंगे। शीर्ष अदालत ने आरोपी को चार सप्ताह के लिए गिरफ्तारी से राहत प्रदान की। निचली अदालत द्वारा दी गई अग्रिम जमानत को रद्द किए जाने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ आरोपी की याचिका पर शीर्ष अदालत सुनवाई कर रही थी।

## आयकर विभाग ने हैदराबाद स्थित फार्मा समूह पर छापेमारी की

### करीब 400 करोड़ के काले धन का पता चला

**नई दिल्ली।** हैदराबाद स्थित एक बड़ी फार्मास्यूटिकल कंपनी में आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान करीब 400 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता चला है। सीबीडीटी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। सीबीडीटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह छापेमारी 24 फरवरी को पांच राज्यों में कुल 20 स्थानों पर की गई। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बताया कि यह फार्मास्युटिकल ग्रुप इंटरमीडिएट, ऐक्टिव फार्मास्युटिकल अवयव (एपीआई) और फार्मूला निर्माण के कारोबार में लगा हुआ है और इसके अधिकांश उत्पाद यूरोपीय देशों और अमेरिका को निर्यात किए जाते हैं। कर बोर्ड ने बताया, इस छापेमारी में लगभग 400 करोड़ रुपए की अघोषित आय से संबंधित साक्ष्यों का खुलासा हुआ है, जिसमें से निर्धारिती समूह ने 350 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय स्वीकार की है। सीबीडीटी ने बयान जारी कर बताया कि इस छापेमारी के दौरान 1.66 करोड़ रुपए नकद भी बरामद किया गया है। इसके अनुसार डिजिटल मीडिया, पेन ड्राइव, दस्तावेज आदि के रूप में साक्ष्य पाए गए हैं। इसमें कहा गया है कि एसएपी-ईआरपी सॉफ्टवेयर से डिजिटल साक्ष्य जुटाए गए हैं। बयान में कहा गया है कि कुछ फर्जी और गैर-मौजूद संस्थाओं से की गई खरीद से संबंधित और अन्य व्यय का भी पता चला है।

## वातानुकूलित कमरे की हवा में कोरोना वायरस को मारने वाली प्रौद्योगिकी को आरजीसीबी ने प्रमाणित किया

भाषा। तिरुवनंतपुरम

### केरल में सरकारी राजीव गांधी जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (आरजीसीबी) ने एरोलाइज को प्रमाणित किया

**केरल** में वैज्ञानिकों ने एक ऐसी प्रौद्योगिकी विकसित की है जो बंद वातानुकूलित कमरे या हॉल की हवा में मौजूद कोरोना वायरस को मारकर वायु को सुरक्षित बनाती है। केरल में सरकारी राजीव गांधी जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (आरजीसीबी) ने एरोलाइज को प्रमाणित किया है।

यह एक पेटेंट वायु विषाणुशानक है जो बंद वातानुकूलित वातावरण में मौजूद विषाणुओं को मारकर वायु को 100 फीसदी साफ करता है। भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के तहत आने वाले राष्ट्रीय स्वायत्त संस्थान आरजीसीबी ने प्रमाण पत्र जारी किया है। संशोधित आईएसओ प्रोटोकॉल के मुताबिक, आरजीसीबी ने उत्पाद की प्रभावकारिता जांचने के लिए इन्फ्लुएंज़ा ए, 2009 एच।एन।- स्वाइन फ्लू, कोरोना वायरस ई जीन और कोरोना वायरस एस जीन को विषाणुनाशक में डाला गया। इसके बाद अलग-अलग समय पर हवा के नमूने लेकर आरटी-पीसीआर पद्धति से उसमें रोगाणु की जांच की गई।

आरजीसीबी का प्रमाणीकरण पुष्टि करता है कि 'एरोलाइज़' एएसआर 600 वायु विषाणुनाशक इन्फ्लुएंज़ा ए, 2009 एच। एन।- स्वाइन फ्लू, कोरोना वायरस ई जीन और कोरोना वायरस एस जीन को 100 फीसदी खत्म करने में कारगर है। यहां एक बयान में बताया गया है कि यह प्रौद्योगिकी नुकसानदेह विषाणुओं को न फिल्टर करती है और न जमा करती है, बल्कि हवा में ही मार देती है। इससे सभागार, अस्पताल और दफ्तर आदि जैसे बंद वातानुकूलित कमरे में जीवाणु-मुक्त व स्वस्थ वातावरण मिलता है।

उसमें बताया गया है कि एयरोलाइज पैनाज़ बायोसिक्युरिटी सॉल्यूशन लिमिटिड का उत्पाद है जो केरल सरकार के केरल स्टार्टअप मिशन में पंजीकृत है। इसका उत्पादन राज्य के उद्योग विभाग की औद्योगिक संपत्ति में स्थित फैक्ट्री में हुआ है। आरजीसीबी के निदेशक चंद्रभास नारायण ने राज्य सचिवालय में राज्य की स्वास्थ्य मंत्री केके शैलेजा को उनके कार्यालय में प्रमाण पत्र सौंपा। बयान में कहा गया है कि इस प्रौद्योगिकी को भारतीय वैज्ञानिकों ने विकसित किया है।

## आईएसएफ के साथ कांग्रेस के गठबंधन पर पार्टी में उठे सवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने इसे पार्टी की मूल भावना के विपरीत बताया

**कांग्रेस** पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से असंतुष्ट कांग्रेस नेता लगातार पार्टी के निर्णयों पर सवाल उठा रहे हैं। इसी कड़ी में पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ)के साथ गठबंधन पर सवाल खड़े किए हैं। मनमोहन सिंह सरकार के पूर्व मंत्री ने ट्वीटर पर कहा है कि गांधी और नेहरू के सेक्युलरिज्म पर सवाल उठाने वाली आईएसएफ और इस जैसी विचारधारा के साथ कांग्रेस पार्टी का गठबंधन पार्टी की मूल भावना के विपरीत है। आनंद शर्मा राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता भी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रमुख निर्णय लेने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी को इन मुद्दों को भी देखना चाहिए कि सांप्रदायिकता लड़ने में भेद नहीं किया जा सकता। उन्होंने पश्चिम बंगाल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के साथ वाम और आईएसएफ के साथ संयुक्त रैली शर्मनाक बताया है। शर्मा ने बंगाल कांग्रेस कमेटी प्रमुख अधीर रंजन की मौजूदगी पर भी सवाल उठाए हैं। आनंद शर्मा के बयान पर ट्वीटर पर अधीर रंजन चौधरी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह गठबंधन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की सहमति के बाद किया गया है, जो एकतरफा नहीं है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने सोशल मीडिया पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि मैं राज्य का प्रभारी हूं, कोई भी निर्णय बिना अनुमति के नहीं लेता हूं।

# पेज 1 का शेष

## पीएम मोदी...

सकते हैं। टीका लगवाने के लिए पात्र लाभार्थी अपनी पसंद का केंद्र चुन सकते हैं और उपलब्ध स्लॉट्स के आधार पर अपॉइंटमेंट ले सकते हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि लोग अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से भी पंजीकरण कर सकते हैं।

## नेताओं को...

पहली खुराक ली। सूत्रों के मुताबिक पुडुचेरी की रहने वाली नर्स पी निवेदा ने प्रधानमंत्री को भारत बॉयोटेक का कोवैक्सीन का टीका लगाया। इस दौरान दूसरी नर्स रोसम्मा अनिल भी मौजूद थीं। एक सूत्र ने बताया, जब प्रधानमंत्री सुबह-सुबह पहुंचे तो स्वाभाविक था कि एम्स के स्वास्थ्यकर्मियों में कुछ खौफ था। सूत्रों ने बताया कि इसका आभास होते ही प्रधानमंत्री ने उनसे बातचीत आरंभ कर दी और उनके नाम और पैतृक आवास के बारे में पूछने लगे। माहौल को हल्का करने के लिए उन्होंने नर्सों से पूछा कि कहीं वह पशु चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाली सूई तो इस्तेमाल नहीं करने वाली हैं। नर्सों ने ना कहा। हालांकि वह प्रधानमंत्री का मजाक नहीं समझ पाई थीं। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने फिर से यह कहते हुए कि नेताओं की चमड़ी मोटी होती है, पूछा कि कहीं उनका इरादा कोई विशेष मोटी सूई लगाने का तो नहीं है। यह सुनने के बाद नर्सो को ना सिर्फ हंसी आई बल्कि वे सहज भी हो गईं। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर एक फोटो भी साझा किया जिसमें वह मुस्कुराते हुए कोविड-19 का टीका लगवाते दिख रहे हैं। इस तस्वीर में दोनों नर्स निवेदा और रोसम्मा भी दिखाई दे रही हैं। एक अन्य तस्वीर में निवेदा प्रधानमंत्री को टीका लगाती दिख रही हैं तो रोसम्मा उनका सहयोग करती। बाद में पत्रकारों से चर्चा में निवेदा ने कहा कि टीका लगाने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा, लगा भी दिया और पता भी नहीं चला। निवेदा ने बताया कि तीन सालों से वह एम्स में काम कर रही हैं और वर्तमान में वह टीकाकरण केंद्र में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा, हमें पता चला था कि पीएम सर सुबह टीकाकरण के लिए आने वाले हैं। जब हम यहां पहुंचे तो पता चला कि सर आ रहे हैं। सर से मिलकर वाकई अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री को भारत बॉयोटेक का कोवैक्सिन लगाया गया है और 28 दिनों में उन्हें दूसरी खुराक की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने हमसे पूछा कि हम कहां के रहने वाले हैं। केरल की रहने वाली रोसम्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री से मिलना बहुत अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री बेहद खुशमिजाज हैं। उन्होंने बताया, टीकाकरण के बाद 30 मिनट के लिए वह निगरानी में थे। उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। वह बहुत खुश थे। उन्होंने कहा, अस्पताल से निकलने से पहले प्रधानमंत्री एक बार फिर हमारे पास आए और हाथ जोड़ते हुए धन्यवाद तथा वणक्कम कहा।

## टीका नहीं...

सीमाओं पर डेरा डाले प्रदर्शनकारी किसानों को टीका लगवाने से नहीं रोकेंगे क्योंकि यह व्यक्तिगत विषय है। हजारों की संख्या में किसान दिल्ली की तीन सीमाओं--सिंघू, टिकरी और गाजीपुर--पर तीन महीने से अधिक समय से डेरा डाले हुए हैं। उनमें से ज्यादातर पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हैं। वे पिछले साल सितंबर में केंद्र द्वारा लागू किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य बलवीर सिंह राजेवाल (80) ने कहा कि टीका लगवाने के लिए टीकाकरण केंद्र नहीं जाएंगे। राजेवाल ने कहा, मुझे टीका लगवाने की जरूरत नहीं है। हमने कोरोना को मार दिया है। किसानों की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत है क्योंकि वे अपने खेतों में कड़ी मेहनत करते हैं। किसानों को कोरोना वायरस का डर नहीं है। वहीं, एक अन्य वरिष्ठ नेता जोगिन्दर सिंह उगराहां (75) ने कहा कि इस रोग (कोरोना वायरस संक्रमण) का डर उन्हें उनकी लड़ाई से भटकाने के लिए काफी नहीं है। टिकरी बॉडर पर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के प्रमुख ने कहा, किसानों के लिए कोई कोरोना नहीं है। मैं टीका नहीं लगवाऊंगा, लेकिन हम किसी से टीका नहीं लगवाने के लिए भी नहीं कहेंगे। हालांकि, गाजीपुर बॉर्डर पर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि यदि स्थानीय प्रशासन प्रदर्शनकारी किसानों के लिए इंतजाम करता है, तो बीकेयू नेता राकेश टिकैत को टीका लगवाने में कोई दिक्कत नहीं है। संयुक्त किसान मोर्चा के 70 वर्षीय सदस्य कुलवंत सिंह संधू ने कहा कि वह टीका नहीं लगवाएंगे। संधू ने कहा, हमे कोरोना वायरस का डर नहीं है। दिल्ली की सीमाओं पर हजारों किसान धरना दे रहे हैं, लेकिन वहां कोरोना वायरस संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है। इससे पहले, दिन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली। उन्होंने उन सभी लोगों से टीका लगवाने की अपील की, जो दूसरे चरण के टीकाकरण अभियान के तहत इसकी पात्रता रखते हैं।

## 'जेवर एयरपोर्ट...

जेवर एयरपोर्ट के लिए चयनित विकासकर्ता ज़्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि सरकार की ओर से उन्हें हर संभव मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री सोमवार को जेवर एयरपोर्ट के लिए चयनित विकासकर्ता ज़्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी द्वारा गठित यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के बीच स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट के हस्ताक्षरित होने के मौके पर परियोजना की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कहा कि करीब तीस वर्ष से लंबित इस प्रकरण के संबंध में मार्च 2017 में ही हमने कि देश प्रदेश के हित में यह परियोजना प्राथमिकता से पूरी की जाएगी।सीएम ने कहा कि 2017 में प्रदेश में सिर्फ दो हवाईअड्डे लखनऊ और वाराणसी ही क्रियाशील थे। मात्र तीन वर्ष में गोरखपुर, हिंडन, आगरा, प्रयागराज और अब बरेली सहित 5 अन्य एयरपोर्ट क्रियाशील हो गए हैं। यही नहीं, देश के सबसे बड़े प्रदेश में मात्र दो इंटरनेशनल एयरपोर्ट थे, लेकिन कुशीनगर और अयोध्या के एयरपोर्ट के साथ बहुत जल्द यहां 5 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होंगे। सीएम ने कहा कि अच्छी कनेक्टिविटी हो तो विकास भी रफ्तार पकड़ता है। 21 एयरपोर्ट और 7 हवाई पट्टियों के क्रियाशील होने की प्रक्रिया चल रही है। यह प्रयास सिविल एविएशन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की ऊंची उड़ान भरने वाले होंगे। जेवर एयरपोर्ट निर्माण से प्रभावित परिवारों के विस्थापन कार्यों को समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परिवारों से संवाद बनाया जाए। उनके बेहतर विस्थापन की व्यवस्था हो। सीएम ने कहा कि रनवे में आने वाले ग्राम रेही के मजरे नगला गनेशी की आबादी को सबसे पहले शिफ्ट किया जाए। यह कार्य प्रत्येक दशा में 6 मार्च तक पूरा कर लिया जाए। विस्थापित आबादी के भूखंड आवंटन की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाए। इसका लाइव प्रसारण भी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विस्थापन के लिए अपर आयुक्त मेरठ मंडल की अध्यक्षता में समिति गठित किया जाए। प्रेक्षक के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश को नामित किया जाना उचित होगा। यही नहीं उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जेवर एयरपोर्ट परियोजना के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि विस्थापित आबादी के पुनर्वास के लिए जेवर बांगर में 48.0979 हेक्टेयर भूमि का प्रबंध कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जेवर एयरपोर्ट के लिए चार लाइन की कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करेगी वर्तमान सड़कों के अपग्रेड, मॉर्डनाइज और मेंटेन किए जाने का काम होगा, साथ ही एयरपोर्ट को मेट्रो रेल से भी जोड़ने का पूरा प्रयास किया जाएगा। यही नहीं यूटिलिटी से संबंधित सभी सेवाओं को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट जेवर के अंदर और बाहर स्वच्छता और सुरक्षा प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। एयरपोर्ट के विकास के लिए सभी प्रकार की बाध्यकारी अनुमतियाँ प्राप्त हो चुकी हैं। आगे भी प्रदेश सरकार अपने स्तर की सभी आवश्यक अनपत्तियाँ समय से जारी करेगी। मुख्यमंत्री आवास पर सम्पन्न स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट पर मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य सरकार की ओर से अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री और नागरिक उड्डयन एस पी गोयल, सचिव मुख्य मंत्री और नागरिक उड्डयन सुरेंद्र सिंह, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की ओर से सीईओ डॉ.अरुण वीर सिंह और नोडल ऑफिसर नोएडा एयरपोर्ट शैलेंद्र भाटिया तथा ज़्यूरिख की कम्पनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से क्रिस्टाफ़ शलेनमन, किरन जैन और शोभित गुप्ता ने हस्ताक्षर किए।

## पश्चिम बंगाल...

अपनी आक्रामक रणनीति साफ कर दी है। पश्चिम बंगाल में हिन्दू समुदाय के लोगों पर प्रभाव को देखते हुए भाजपा नेतृत्व चुनाव की घोषणा के साथ ही सीएम योगी को प्रचार के मैदान में उतारने जा रहा है। भाजपा की रणनीति टीएमसी और उनके नेताओं को उन्हीं के अंदाज में जवाब देने की है। योगी की आक्रामक प्रचार शैली और हिन्दू वोटों पर प्रभाव को देखते हुए बंगाल भाजपा के नेताओं ने सीएम योगी के दौरे की बड़ी डिमांड की है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी पश्चिम बंगाल में योगी के चुनावी दौरे का लंबा कार्यक्रम तय करने में जुटी है। बिहार और हैदराबाद में योगी आदित्यनाथ की रैलियों से मिली सफलता को पार्टी अब पश्चिम बंगाल में दोहराने की तैयारी में है । योगी की रैलियों से कोरोना के दौरान पश्चिम बंगाल में प्रवासी मजदूरों की दशा, लव जिहाद, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस और राम मंदिर निर्माण का मुद्दा पश्चिम बंगाल के सियासी पारे को नए पैमाने पर ले जाएगा। इससे पहले बिहार के चुनाव में भी योगी आदित्यनाथ के चुनाव प्रचार किया था। सीएम योगी ने बिहार चुनाव में 17 जिलों में 19 सभाएं की थीं।

## सयाली ने सब जूनियर टेबल टेनिस खिताब जीता

**इंदौर।** महाराष्ट्र की सयाली वानी ने हरियाणा की सुहाना सैनी को 4-3 से हराकर 82वीं कैडेट एवं सब जूनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता। शीर्ष वरीय सुहाना सब जूनियर फाइनल में 3-2 (11-6, 8-11, 11-5, 9-11, 11-5, 11-9) से आगे चल रही थी लेकिन अगले दोनों गेम गंवाकर मुकाबला हार गईं।

## वरुण, मालविका ने बैडमिंटन खिताब जीते

**नई दिल्ली।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ियों वरुण कपूर और मालविका बंसोड़ ने कंपाला में 2021 युगांडा अंतरराष्ट्रीय में क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीता। वरुण ने पुरुष एकल फाइनल में सातवें वरीय शंकर मुथुसामी को 21-18 16-21 21-17 से हराया जबकि दूसरी वरीय मालविका ने महिला एकल फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हमवतन अनुपमा उपाध्याय को 17-21 25-23 21-10 से शिकस्त दी।

## गोकुलम केरल को हराकर चर्चिल शीर्ष पर बरकरार

**कोलकाता।** चर्चिल ब्रदर्स ने दस खिलाड़ियों के साथ खेल रहे गोकुलम केरल को 3-2 से हराकर आई लीग फुटबॉल की अंकतालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। चर्चिल के लिए लुका मासेन ने 26वें और 87वें मिनट में गोल किए जबकि किंग्सली फर्नांडिस ने 53वें मिनट में गोल दागा। गोकुलम के लिए फिलीप अदजा ने 80वें और जितिन एम एस ने इंजुरी टाइम मे गोल दागे।

## लाहिड़ी प्यूर्टो रिको में संयुक्त 39वें स्थान पर रहे, ग्रेस ने जीता खिताब

**रियो ग्रेंडे (प्यूर्टो रिको)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने लगातार चौथे दौर में अंडर पार का स्कोर बनाया और प्यूर्टो रिको ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 39वें स्थान पर रहे। लाहिड़ी ने आखिरी दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेला और उनका कुल स्कोर छह अंडर 282 रहा।

## विजेंदर का अगला पेशेवर मुकाबला गोवा में कैसीनो जहाज की छत पर

**नई दिल्ली।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज विजेंदर सिंह का अगला मुकाबला 19 मार्च को गोवा में एक कैसीनो जहाज की छत पर होगा। इस मुकाबले के प्रतिद्वंद्वी की घोषणा अभी नही हुई है। पैंतीस साल के गत डब्ल्यूबीओ ओरिएंटल और डब्ल्यूबीओ एशिया पैसीफिक सुपर मिडिलवेट चैंपियन विजेंदर ने नवंबर 2019 में घाना के पूर्व राष्ट्रमंडल चैंपियन चार्ल्स अदामु को दुबई में हराकर लगातार 12वीं जीत दर्ज की थी। इसके बाद से इस भारतीय मुक्केबाज ने किसी मुकाबले में हिस्सा नही लिया है।

# भारतीय टीम ने जमकर पसीना बहाया

## ● अंतिम टेस्ट से पहले की मेहनत







**भाषा।** अहमदाबाद

कप्तान विराट कोहली, रोहित शर्मा और अजिंक्य रहाणे जैसे भारत के शीर्ष क्रिकेटरों ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट से पूर्व नेट अभ्यास के दौरान जमकर पसीना बहाया। चौथे टेस्ट गुरुवार से खेला जाएगा। बीसीसीआई द्वारा ट्विटर पर डाले वीडियो में कप्तान कोहली के अलावा उप कप्तान रहाणे और सीनियर सलामी बल्लेबाज रोहित को नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखा जा सकता है। इन तीनों सीनियर बल्लेबाजों ने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ ड्राइव, पुल और फ्लिक का अभ्यास किया। मुख्य कोच रवि शास्त्री को रोहित और कोहली के साथ बात करते हुए देखा गया जिसके बाद ए दोनों सीनियर बल्लेबाज आपस में चर्चा करने लगे। इसी मैदान पर दिन-रात के तीसरे टेस्ट में 11 विकेट चटकाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल को दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ नेट पर गेंदबाजी करते हुए देखा गया। क्षेत्ररक्षण अभ्यास के दौरान रोहित के बाद दूसरी स्लिप में खड़े रहाणे को अपने दाईं ओर गोता लगाते हुए एक साथ से कैच लपकते हुए देखा गया। भारतीय टीम को पहले टेस्ट में 227 रन से हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद मेजबान टीम ने वापसी करते हुए दूसरा टेस्ट 317 रन से जीता। पिछले मैच में मोटेरा की बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर इंग्लैंड की टीम दोनों पारियों में 112 और 81 रन पर ढेर हो गई और दो दिन में 10 विकेट से हार गई। भारतीय टीम ने रविवार को भी अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया था। भारत चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है। भारत अंतिम टेस्ट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरेगा जिन्हें निजी कारणों से टीम से रिलीज किया गया है।

## कोहली आधुनिक युग के हीरो की तरह हैं: वॉ

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज स्टीव वॉ का मानना है कि विराट कोहली आधुनिक युग के हीरो की तरह है जो भारत के नए रवैए का प्रतिनिधित्व करते है जो कुछ भी असंभव नहीं होने की मानसिकता के साथ सभी चीजों का सामना करने को तैयार है। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने वैचारिक क्रिकेट: स्टीव वॉ इन इंडिया शीर्षक वाली 60 मिनट की डॉक्यूमेंट्री में कहा कि विरोधी से नहीं डरने के रवैए के लिए प्रशंसक कोहली को पसंद करते है। डॉक्यूमेंट्री के विमोचन के बाद यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में वॉ के हवाले से कहा गया, वे कोहली के बारे में यह पसंद करते है कि वह भारत के नए रवैए की तरह है, डटे रहिए, किसी से भी नहीं डरिए। सभी चीजों का सामना करिए और कुछ भी हासिल किया जा सकता है और संभव है। वह आधुनिक हीरो की तरह है।

## हॉग ने अश्विन को वनडे टीम में शामिल करने की सिफारिश की

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व आलराउंडर ब्रैड हॉग ने रविचंद्रन अश्विन को भारत की एकदिवसीय टीम में शामिल करने की अपील करते हुए कहा कि यह सीनियर ऑफस्पिनर विकेट हासिल करने में माहिर है और उससे निचले क्रम की बल्लेबाजी को भी मजबूती मिलेगी। एक प्रशंसक के ट्वीट का जवाब देते हुए हॉग ने कहा कि अश्विन को 50 ओवरों के प्रारूप के लिए भारतीय टीम में शामिल करना बहुत अच्छा फैसला होगा। हॉग से पूछा गया कि क्या अश्विन वनडे में वापसी कर सकते है, उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह शानदार विकल्प होगा।

## इंग्लैंड ने ट्रेसकोथिक को बल्लेबाजी कोच बनाया, लुईस और पटेल गेंदबाजी कोच

**लंदन।** इंग्लैंड ने पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्कस ट्रेसकोथिक को राष्ट्रीय टीम का नया बल्लेबाजी कोच बनाया जबकि जोन लुईस और न्यूजीलैंड के जीतन पटेल को क्रमश: तेज गेंदबाजी और स्पिन गेंदबाजी का कोच बनाया गया है। क्रिस सिल्वरवुड की अगुवाई वाले इंग्लैंड के कोचिंग ढांचे मे ए तीन नियुक्तियां की गई। इंग्लैंड टीम फिलहाल भारत मे चार टेस्ट मैचो की श्रृंखला मे। . 2 से पीछे थी। ट्रेसकोथिक अब जोनाथन ट्रॉट की जगह लेंगे जो दक्षिण अफ्रीका के जाक कैलिस की जगह आए थे। कैलिस श्रीलंका में इंग्लैंड के बल्लेबाजी सलाहकार थे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के परफार्मेंस निदेशक मो बोबाट ने एक बयान में कहा , मार्कस, जोन और जीतन ने उच्च स्तर पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। इससे साबित होता है कि भविष्य के लिए भी उनमे अपार संभावना है। ट्रेसकोथिक मार्च के मध्य में यह पद संभालेंगे।

## सेना से हार के बावजूद सौराष्ट्र हजारे ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में



**कोलकाता।** सेना से 62 रन से हारने के बावजूद सौराष्ट्र ने विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के ग्रुप ई से शीर्ष टीम के तौर पर नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। सौराष्ट्र के 16 अंक थे और वह चंडीगढ़ से चार अंक आगे था। चंडीगढ़ को जम्मू कश्मीर ने आठ विकेट से हराया। सेना ने राहुल सिंह गहलोत के 158 रन की मदद से सात विकेट पर 301 रन बनाए। जवाब में सौराष्ट्र की टीम 43 .1 ओवर में 233 रन पर आउट हो गई। लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने की कोशिश में जुटी सौराष्ट्र ने सेना के चार विकेट 10 . 3 ओवर में 26 रन पर निकाल दिए। कप्तान जयदेव उनादकट ने 51 रन देकर तीन विकेट चटकाए। गहलोत ने अपनी पारी में 21 चौके और दो छक्के लगाए। देवेंदर लोचाब ने 86 गेंद में 64 रन बनाए।

## उत्तराखंड का असम को हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश

**चेन्नई।** उत्तराखंड ने विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप के प्लेट चरण में सिक्किम को 145 रन से हराकर नॉकआउट चरण में जगह बना ली। उत्तराखंड ने बेहतर रनरेट के आधार पर असम को पछाड़ा। असम ने मिजोरम को 182 रन से हराया। उत्तराखंड और असम ने सात मैच जीते लेकिन उत्तराखंड का रनरेट 3 . 273 था जबकि असम का 1 . 909 रहा। मेघालय ने नगालैंड को हराया और वह तीसरे स्थान पर रहा। सिक्किम चौथे, अरुणाचल प्रदेश पांचवें , मिजोरम छठे और मणिपुर सातवें स्थान पर रहा। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई उत्तराखंड टीम के लिए कमल सिंह ने 121 गेंद में 16 चौकों की मदद से 119 रन बनाए, जबकि जय बिस्ता ने 67 गेंद में 54 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 133 रन जोड़े।

## मुंबई ने हिमाचल को 200 रन से हराया, लीग चरण मे अजेय रहा

**जयपुर।** मुंबई ने विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में सोमवार को यहां हिमाचल प्रदेश को 200 रन से हराया जिससे टीम लीग चरण में अजेय रही। मुंबई ने इससे पहले दिल्ली, महाराष्ट्र, पुडुचेरी और राजस्थान को शिकस्त दी थी। सवाई मानसिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे मुंबई ने शीर्ष क्रम की विफलता के बाद शारदुल ठाकुर के 92, सूर्यकुमार यादव के 91 और आदित्य तारे के 83 रन की बदौलत नौ विकेट पर 321 रन बनाए। इसके जवाब में हिमाचल की टीम लेग स्पिनर प्रशांत सोलंकी (31 रन पर चार विकेट) और शम्स मुलानी (42 रन पर तीन विकेट) के फिरकी के जादू के बावजूद सिर्फ 121 रन पर ढेर हो गई।

## देसाई, बत्रा की दोहा डब्ल्यूटीटी सीरिज में शानदार शुरूआत

**भाषा।** दोहा

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और हरमीत देसाई ने अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर शानदार वापसी करते हुए विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) कंटेंडर सीरिज के दूसरे दौर के क्वालीफाइंग मैच में सीधे गेम में जीत दर्ज की। राष्ट्रमंडल खेल 2018 स्वर्ण पदक विजेता बत्रा ने स्पेन की सोफिया शुआन झांग को 12-10, 14-12, 11- 8 से हराया। वहीं पुरूष एकल में दुनिया के 73वें नंबर के खिलाड़ी देसाई ने हमवतन एंथोनी अमलराज को 11-5, 12 -10, 11-8 से मात दी। यह टूर्नामेंट महामारी के बाद भारतीय खिलाड़ियों का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट भी है। सुतीर्थ मुखर्जी, मुदित दानी और दिव्या चितले को हालांकि क्वालीफाइंग दौर में पराजय का सामना करना पड़ा। दो बार के राष्ट्रीय चैम्पियन मुखर्जी को उक्रेन के ततियाना बिलेंको ने 11-5, 11-3, 10-12, 11-9 से हराया।

# सेमीफाइनल में आमने सामने हो सकती हैं सिंधू और साइना

## ● स्विस ओपन आज से

**भाषा।** बासेल (स्विट्जरलैंड)



मौजूदा विश्व चैंपियन पी वी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पोडियम पर पहुंचने और पूर्व चैंपियन साइना नेहवाल लय हासिल करके दमदार वापसी करने पर ध्यान देंगी। भारत के पुरुष एकल खिलाड़ियों समीर वर्मा, एचएस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत ने भी क्रमश: 2018, 2016 और 2015 में यहां खिताब जीता था जबकि बी साई प्रणीत पिछले सत्र में उप विजेता रहे थे। ये चारों खिलाड़ी 140,000 डालर इनामी प्रतियोगिता में अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट से ओलंपिक क्वालीफाईंग प्रतियोगिताओं की बहाली भी होगी। यहां के सेंट जैकबशेल स्थल पर ही ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधू ने 2019 में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था। यह कोविड-19 महामारी के व्यवधान से पहले उनका आखिरी खिताब था। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू पहले दौर में तुर्की की नेस्लीहान ईगिट से भिड़ेगी। यहां उनकी क्वार्टर फाइनल तक राह आसान लग रही है लेकिन अंतिम आठ में उनका मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त थाई खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरंगफान से हो सकता है जिसे उन्होंने जनवरी में टोयोटा थाईलैंड ओपन में हराया था। दो बार की पूर्व चैंपियन साइना भी सिंधू वाले हॉफ में ही है। सेमीफाइनल में ए दोनों भारतीय खिलाड़ी आमने-सामने हो सकती हैं। साइना को हालांकि इससे पहले कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त सुंग जी ह्यून और डेनमार्क की चौथी वरीय मिया ब्लिचफेल्ट की चुनौती से पार पाना पड़ सकता है। लंदन ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता साइना पहले दौर में थाईलैंड की पिटायापोर्न चाइवान से भिड़ेगी जो विश्व जूनियर चैंपियनशिप की पूर्व कांस्य पदक विजेता है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ओर चिराग शेट्टी की विश्व में 10वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी पर सभी की निगाह लगी रहेगी। युगल के नए कोच मैथियास बो की निगरानी में एक महीने तक अभ्यास करने के बाद यह दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगी।

## अखिल भारतीय एसबीआई अंतरमंडलीय हाकी टूर्नामेंट का आयोजन 3 मार्च से

**लखनऊ।** लखनऊ मंडल को इस वर्ष अखिल भारतीय अन्तरमण्डलीय हाकी प्रतियोगिता 2020-21 आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। ये बातें भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय मे अध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक अजय कुमार खन्ना ने व्यक्त किए। के के सिंह सचिव ने बताया कि टूर्नामेंट मे बैंक की 10 मण्डल की टीमें सहभाग कर रही हैं। जो सभी 2 मार्च 2021 को लखनऊ पहुँच रही हैं। जिनको तीन ग्रुप मे विभाजित कर 12 लीग मैच 3 मार्च से 5 मार्च तक खेले जाएंगे। सेमीफाइनल के 2 मैच 6 मार्च एवं फाइनल मैच 7 मार्च को खेला जाना है । उदघाटन समारोह 3 मार्च को प्रात: 9 बजे मुख्य महाप्रबंधक एवं मण्डल कल्याण समिति के अध्यक्ष अजय कुमार खन्ना, महामंत्री एसबीआईएसए एवं मण्डल कल्याण समिति के सचिवकौशल किशोर सिंह, एवं मण्डल विकास अधिकारी चन्द्र भूषण कुमार सिंह करेंगे।

## बडीज बने चैंपियन




**लखनऊ।** रविवार को खेले गए टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच शलभ सिंह की शानदार गेंदबाजी 8 रन पर तीन विकेट की मदद से क्रि केट बड़ी विद्यावती गया प्रसाद स्मारक -20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फइनल में मेजबान जीपीएस एवं को 20 रनों से पराजित कर चैंपियन बनने का श्रेय हासिल किया। सहारा स्टेट ग्राउंड पर प्रतियोगिता का पुरस्कार में वितरण मुख्य अतिथि प्रदीप कक्कड़ और चीफसी वी सिंह गौतम ने किया पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट बडीज ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 136 रन बना है शैलेश सिंह ने 54 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 56 रनों का योगदान दिया सत्यम यादव में 40 रन बनाकर जितेंद्र सिंह प्रदीप वर्मा मनीष सिंह और आशुतोष वर्मा ने दो-दो विकेट लिया। जवाब में जीपी इलेवन 19 ओवर में 116 पर ही सिमट गई तोशाम में नाबाद 28 रामप्रकाश ने 21 रन बनाए अमिता पाठक और शलभ सिंह ने तीन-तीन तथा अरविंद मिश्रा ने 2 विकेट लिया प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज शैलेंद्र सिंह को गेंदबाज मोहम्मद फैसल को तथा मैन ऑफद टूर्नामेंट अमिताभ पाठक को घोषित किया गया ।

# जीएसटी संग्रह लगातार पांचवें महीने एक लाख करोड़ के पार, फरवरी में 1.13 लाख करोड़ रुपए पर




**भाषा।** नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह फरवरी में लगातार पांचवें महीने एक लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि फरवरी में जीएसटी संग्रह सात प्रतिशत बढ़कर 1.13 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो अर्थव्यवस्था में सुधार का संकेत है। हालांकि, फरवरी का जीएसटी संग्रह का आंकड़ा जनवरी से कम रहा है। जनवरी में जीएसटी संग्रह।,19,875 करोड़ रुपए रहा था। इससे पहले जनवरी में जीएसटी संग्रह 1.15 लाख करोड़ रुपए रहा था। फरवरी में सकल जीएसटी संग्रह।,13,143 करोड़ रुपए रहा। इसमें केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) का हिस्सा 21,092 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) का हिस्सा 27,273 करोड़ रुपए और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) का हिस्सा 55,253 करोड़ रुपए रहा। आईजीएसटी में 24,382 करोड़ रुपए वस्तुओं के आयात पर जुटाए गए। उपकर का हिस्सा 9,525 करोड़ रुपए रहा। इसमें से 660 करोड़ रुपए वस्तुओं के आयात पर जुटाए गए। पिछले साल फरवरी में जीएसटी संग्रह 1.05 लाख करोड़ रुपए रहा था। वित्त मंत्रालय ने कहा कि पिछले पांच माह से जीएसटी राजस्व संग्रह में सुधार का रुख दिख रहा है। फरवरी, 2021 में जीएसटी संग्रह पिछले साल के समान महीने से सात प्रतिशत अधिक रहा है। माह के दौरान वस्तुओं के आयात से राजस्व 15 प्रतिशत ऊंचा रहा। घरेलू लेनदेन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व पिछले साल के समान महीने की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक रहा। जीएसटी राजस्व लगातार पांचवें महीने एक लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि जीएसटी संग्रह 1.1 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है।

## केंद्र ने जीएसटी मुआवजे में कमी की भरपाई को अबतक 1.04 लाख करोड़ जारी किए

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने अक्टूबर, 2020 से अब तक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजे मे कमी भरपाई के लिए 1.04 लाख करोड़ रुपए जारी किए है। मंत्रालय ने सोमवार को 23 राज्यो और तीन केंद्र शासित प्रदेशो (दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी) को 4,000 करोड़ रुपए की 18वीं साप्ताहिक किस्त जारी की, जिसके साथ पिछले साल अक्टूबर मे स्थापित विशेष ऋण सुविधा के तहत अब तक जारी की गई कुल राशि 1.04 लाख करोड़ रुपए हो गई है। शेष पांच राज्यों अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम मे जीएसटी के कार्यान्वयन के कारण राजस्व मे कोई अंतर नही आया है। केंद्र ने जीएसटी के कार्यान्वयन के कारण राजस्व मे 1.10 लाख करोड़ रुपए की अनुमानित कमी को पूरा करने के लिए अक्टूबर, 2020 में राज्यों के लिए कर्ज जुटाने की एक विशेष सुविधा शुरू की है। केंद्र द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से इस सुविधा के जरिए बाजार से उधार लिया जा रहा है।

# किसानों को फसल बेचने के नए विकल्प मिलने चाहिए : मोदी

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में क्रांति की जरूरत

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को किसानों को फसल बेचने के लिए नए विकल्प उपलब्ध कराए जाने पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें (किसानों को) बेहतर मूल्य मिले इसके लिए कृषि उपज के मूल्य वर्धन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में क्रांति लाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र के लिए बजट में किए गए प्रावधानों पर वेबिनार को संबोधित करते हुए विभिन्न पहलों के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने कृषि क्षेत्र में शोध एवं विकास (आरएंडडी) कार्यों सहित दूसरे क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मोदी ने तीनों नए कृषि कानूनों और उनके खिलाफ जारी किसान आंदोलन का सीधे कोई जिक्र किए बिना कहा कि देश के किसानों के लिए उनकी कृषि उपज बेचने के नए रास्ते, नए विकल्प का विस्तार किए जाने की आवश्यकता है। आज यह समय की जरूरत है कि देश के किसानों को उनकी उपज बेचने के लिए अधिक से अधिक विकल्प उपलब्ध हों। किसी भी तरह के प्रतिबंधों का इस क्षेत्र पर बुरा असर पड़ेगा। मोदी सरकार का कहना है कि तीन नए कृषि कानूनों से किसानों को उनकी उपज बेचने के लिए नए विकल्प उपलब्ध होंगे। लेकिन इसको लेकर पंजाब और दूसरे राज्यों के हजारों किसान दिल्ली की सीमाओं पर धरना, प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका मानना है कि इन कानूनों के अमल में आने से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकारी खरीदारी बंद हो जाएगी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बजट में कृषि क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि बजट में अगले वित्त वर्ष के लिए कृषि क्षेत्र के लिए कर्ज का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के 15 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 16.5 लाख करोड़ रुपए किया गया है। ग्रामीण अवसंरचना कोष के लिए आवंटन बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है, साथ ही सूक्ष्म सिंचाई योजना के लिए आवंटन दोगुना किया गया है। इसके साथ ही ऑपरेशन ग्रीन योजना का दायरा भी जल्द नष्ट होने वाले 22 उत्पादों तक बढ़ा दिया गया। ई-नाम योजना के तहत।,000 और मंडियों को जोड़ा जाएगा। मोदी ने बजट प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया ताकि इनका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने फसल कटाई बाद की सुविधाओं के क्षेत्र में नई क्रांति लाने की आवश्यकता बताते हुए खाद्यान्न, सब्जियों, फलों और मछली पालन क्षेत्र से जुड़े इलाकों में खाद्य प्रसंस्करण सुविधाओं को विकसित किए जाने पर जोर दिया।

## निर्बाध डिजिटल भुगतान के लिए प्रयास करें, एनएसई की तकनीकी खामी से सबक लेने की जरूरत: सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नागरिक लेखा सेवा अधिकारियों से सहज और निर्बाध डिजिटल भुगतान के लिए स्पष्ट रूपरेखा लाने को कहा। उन्होने कहा कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में हुई प्रौद्योगिकी खामी से सबक लेने की जरूरत है। उन्होंने 45वें नागरिक लेखा दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के बही-खातों पर नजर रखने वाले महालेखा नियंत्रक (सीजीए) ने व्यवस्थागत सुधार को अपनाया है। सीतारमण ने कहा कि सरकार के बही-खातों को पारदर्शी बनाए रखने के लिए सीजीए को बदलते समय के साथ नई प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा। उन्होने कहा, निर्बाध और सुलभ भुगतान काफी महत्वपूर्ण है...अगर व्यवस्था पूरी तरह से चाकचौबंद है, तो भी गड़बड़ी हो सकती है। एनएसई में कुछ दिन पहले यह देखने को मिला। वहां प्रौद्योगिकी आधारित गड़बडी हुई। इसका किसी ने अनुमान नही जताया था लेकिन इस खामियों का हम पर असर हुआ और उससे सबक लिए जा रहे है। सीतारमण ने कहा, ....इसलिए, इससे सबक लेते हुए, मुझे लगता है कि सुलभ और निर्बाध डिजिटल भुगतान के लिए आपको स्पष्ट रूप से रूपरेपखा लानी होगा। एनएसई में बुधवार को तकनीकी खामी की वजह से शेयर बाजार का कारोबार करीब चार घंटे रोकना पड़ा। मंत्री ने सुझाव दिया कि सीजीए को अपने काम-काज को लेकर और कागज रहित तथा सुलभ बनना चाहिए। साथ ही व्यय विभाग और राज्यों के साथ बेहतर तालमेल का लक्ष्य रखना चाहिए।

## सेबी का स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए दोहरी मंजूरी प्रणाली का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) स्वतंत्र निदेशकों के संदर्भ में नियामकीय ढांचे को मजबूत करने की तैयारी कर रहा है। सेबी ने सोमवार को स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति और उन्हें हटाने को लेकर दोहरी मंजूरी प्रणाली का प्रस्ताव किया। इसके अलावा नियामक ने ऐसे निदेशकों के इस्तीफा पत्र के खुलासे को लेकर भी ऐसी ही व्यवस्था का प्रस्ताव किया है। सेबी ने एक उल्लेखनीय कदम उठाते हुए सुझाव दिया है कि दोहरी मंजूरी प्रणाली के तहत स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को बहुलांश अल्पांश शेयरधारकों की मंजूरी ली जानी चाहिए। अल्पांश शेयरधारकों से आशय प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह से अलग शेयरधारकों से है। इसके साथ ही नियामक ने सुझाव दिया है कि स्वतंत्र निदेशकों को मुनाफे से जुड़े कमीशन के बजाय ईएसओपी दिया जा सकता है। नियामक ने सोमवार को स्वतंत्र निदेशकों से जुड़े नियामकीय प्रावधानों की समीक्षा को परिचर्चा पत्र जारी किया।

## लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस के कार्यालय का उद्घाटन

**लखनऊ।** भारत की प्रमुख सामान्य बीमा कंपनियों में से एकए लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने हाल ही में लखनऊ में एक नया कार्यालय परिसर खोलने की घोषणा की है। ताकि ग्राहकों की माँग को पूरा किया जा सकें और लखनऊ और शेष उत्तर प्रदेश में व्यापार वृद्धि को मजबूती प्रदान कर सकें। पूरे भारत में इसका 110 कार्यालयों का शाखा नेटवर्क है। गोमती नगर लखनऊ में यह नया कार्यालय 2021 में लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस का पहला नया कार्यालय है। कार्यालय का उद्घाटन लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस के सीईओ और पूरे समय के निदेशक रूपम अस्थाना और लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस के अध्यक्ष पर्सनल लाइन्स, बैंकासुरेंस एंड एफिनिटी एंड मार्केटिंग, अमित जैन द्वारा किया गया था।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे टूटा

**मुंबई।** वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों मे तेजी तथा अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के कारण अन्तरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे रुपए की विनिमय दर सोमवार को 8 पैसे की गिरावट के साथ प्रति डॉलर 73.55 पर बंद हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 73.76 पर खुलने के बाद कारोबार के दौरान दिन के उच्चतम स्तर 73.19 रुपए को छू गया। अंत मे रुपया अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 8 पैसे की गिरावट के साथ 73.55 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शुक्रवार को बाजार बंद होने के समय विनिमय दर 73.47 प्रति डॉलर थी। रुपया 25 फरवरी के बाद से 1.6 प्रतिशत कमजोर हुआ है।

## एयर इंडिया ने पायलटों की छुट्टियां रद्द कीं

**नई दिल्ली।** घरेलू उड़ानो पर यात्रियो की संख्या बढ़ने के मद्देनजर सार्वजनिक क्षेत्र की एयरलाइन एयर इंडिया ने सोमवार को अपने पायलटों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। कोरोना वायरस महामारी की वजह से पिछले साल 25 मार्च से दो माह के लिए घरेलू उड़ान सेवाएं बंद थी। 25 मई, 2020 को उड़ान सेवाएं फिर शुरू हुईं। एयर इंडिया की आंतरिक सूचना के अनुसार कॉकपिट क्रू के सभी सदस्यों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती हैं।


## स्पेक्ट्रम नीलामी के पहले दिन 77,146 करोड़ रुपए की बोलियां मिली

**नई दिल्ली।** देश में पांच साल में स्पेक्ट्रम की पहली नीलामी के प्रथम दिन सोमवार को 77,146 करोड़ रुपए की बोलियां आईं। रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने बोली प्रक्रिया में भाग लिया। नीलामी को मिली अच्छी प्रतिक्रिया से उत्साहित सरकार ने कहा कि यह उम्मीद से बेहतर है। हालांकि, पहले दिन 700 और 2500 मेगाहर्ट्ज बैंड में रेडियो तरंगों के लिए कोई बोलीदाता नहीं आया।

नीलामी मंगलवार को संपन्न होगी। सोमवार को शुरू नीलामी में आरक्षित या शुरुआती मूल्य पर करीब 4 लाख करोड़ रुपए मूल्य के सात बैंड में करीब 2,308.80 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश की गई है। दूरसंचार मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि नीलामी के पहले दिन 77,146 करोड़ रुपए मूल्य के स्पेक्ट्रम के लिए बोलियां आईं। लेकिन प्रीमियम 700 और 2500 मेगाहर्ट्ज बैंड में रेडियो तरंगों के लिए कोई बोलीदाता नहीं आया। कंपनियों की तरफ से आई बोलियां सरकार के आंतरिक अनुमान से पार कर गई है। आंतरिक अनुमान में 45,000 करोड़ रुपए मूल्य की बोलियों का था।

# सेंसेक्स 750 अंक उछला, जीडीपी के सकारात्मक आंकड़ों से निवेशक उत्साहित

**भाषा।** मुंबई




आर्थिक वृद्धि के सकारात्मक दायरे में आने के साथ बीएसई सेंसेक्स सोमवार को करीब 750 अंक उछलकर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी में भी 232 अंक से अधिक की तेजी आई। चालू वित्त वर्ष में शुरू की दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि में गिरावट के बाद तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में जीडीपी में वृद्धि दर्ज की गई है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स दोपहर के कारोबार में कुछ समय के लिए 50,000 के ऊपर तक चला गया था। पर अंत में यह 749.85 अंक यानी 1.53 प्रतिशत उछलकर 49,849.84 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 232.40 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,761.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 29 लाभ में रहे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रमुख शेयरों में पावर ग्रिड, ओएनजीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, कोटक बैंक और टाइटन शामिल हैं।

# बाइडन प्रशासन रोजगार विरोधी विज्ञान विरोधी है: डोनाल्ड ट्रंप

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी में व्हाइट हाउस से जाने के बाद अपने पहले सार्वजनिक भाषण में 2024 में राष्ट्रपति पद के चुनाव में तीसरी बार खड़े होने की तैयारी करने का संकेत दिया और रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं से एकजुट होने की अपील की।ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की आलोचना करते हुए उसे रोजगार विरोधी और विज्ञान विरोधी करार दिया। उन्होंने फ्लोरिडा के ओरलैंडो में कन्जर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के वार्षिक सत्र में अपने समर्थकों की भीड़ से कहा, हम व्हाइट हाउस में फिर से पहुंचेंगे। हम सीनेट में जीत हासिल करेंगे और रिपब्लिकन राष्ट्रपति व्हाइट हाउस में जीत हासिल करेगा। मुझे नहीं पता कि वह कौन होगा। वह यह कहते-कहते कई बार रुक गए कि वह 2024 में फिर से राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ेंगे, लेकिन उन्होंने कई बार इस बात के संकेत दिए कि वह इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने नई पार्टी के गठन की संभावनाओं से इनकार कर दिया और तर्क दिया कि इससे रूढ़िवादियों के मत बंट जाएंगे। उन्होंने अपने समर्थकों से एकजुट होने की अपील की। ट्रंप के आलोचक सीनेटर मिट रोमनी समेत कई रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि यदि ट्रंप 2024 में रिपब्लिकन पार्टी की प्राइमरी में जीत हासिल करते हैं, तो वह उन्हें राष्ट्रपति पद के चुनाव में समर्थन देंगे।

रोमनी ने कहा कि यदि ट्रंप राष्ट्रपति पद के चुनाव में फिर से खड़े होने का फैसला करते हैं, तो वह पार्टी के प्राइमरी चुनाव जीत जाएंगे। सर्वेक्षणों के अनुसार भी ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों एवं समर्थकों के बीच काफी लोकप्रिय है।

ट्रंप ने आरोप लगाया कि बाइडन प्रशासन की नीतियां देश को समाजवाद के मार्ग पर लेकर जा रही हैं और उन्होंने देश को उस दिशा में नहीं ले जाने देने का संकल्प लिया। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को रोजगार विरोधी, परिवार विरोधी, सीमा विरोधी, ऊर्जा विरोधी, महिला विरोधी और विज्ञान विरोधी करार दिया। ट्रंप ने कहा, केवल एक महीने में ही, हम पहले अमेरिका से सबसे आखिर में अमेरिका तक पहुंच गए हैं।उन्होंने बाइडन पर अवैध प्रवासियों के लिए सीमाएं खोलने का आरोप लगाया। उन्होंने 2020 में नवंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में व्यापक स्तर पर धोखाधड़ी होने के आरोप फिर से लगाए और कहा कि वास्तव में इन चुनाव में जीत उनकी हुई थी।



पोर्ट ऑफ प्रिंस में हैती के राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग के दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों को फूल भेंट कर रोकती पुलिस

# कश्मीरी प्रवासी समूह ने मानवाधिकार कार्यकर्ता सुशील पंडित की हत्या की साजिश पर चिंता जताई

**भाषा।** वाशिंगटन

● आईएकेएफ का गठन 1991 में कश्मीरी पंडितों के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न को दुनिया के सामने लाने के लिए किया गया था

**अमेरिका में** एक कश्मीरी प्रवासी समूह ने मानवाधिकार कार्यकर्ता सुशील पंडित की जान को खतरे को लेकर चिंता व्यक्त की और भारत सरकार से उनकी हत्या करने की साजिश रचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने का आग्रह किया है।सुशील पंडित एक मानवाधिकार कार्यकर्ता और हाइव कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को पंडित की हत्या करने के लिए कथित तौर पर भेजे गए दो लोगों को दिल्ली से गिरफ्तार किया था।इंडो-अमेरिकन कश्मीर फोरम (आईएकेएफ) ने रविवार को एक बयान में कहा कि पंडित की हत्या की नाकाम कोशिश ने एक बार फिर समुदाय के लोगों के सुरक्षित एवं स्वतंत्र जीवन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।बयान के अनुसार, सुशील पंडित की हत्या की साजिश निदंनीय है, जिसे दिल्ली पुलिस ने नाकाम कर दिया। इसने पिछले 30 वर्षों से निर्वासित कश्मीरी हिंदू समुदाय में एक बार फिर व्रिदोह उत्पन्न कर दिया है। समूह ने बयान में कहा, यह लक्षित हत्या की साजिश पूरे कश्मीरी हिंदू समुदाय पर ढाए गए कहर की याद दिलाती है, जिन्हें पिछले कुछ दशकों में नरसंहार के जरिए कश्मीर घाटी में उनके पैतृक निवास स्थान से निकाल दिया गया। विजय सज़ावल, राजीव पंडित, ललित कौल, राज कौल और राहुल पंडित इस समूह का हिस्सा हैं। आईएकेएफ का गठन 1991 में कश्मीरी पंडितों के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न को दुनिया के सामने लाने के लिए किया गया था।समूह ने बयान में कहा, हत्या की कोशिश नाकाम करने के लिए आईएकेएफ दिल्ली पुलिस का शुक्रिया अदा करता है और वह साजिशकर्ताओं के खिलाफ पूर्ण एवं त्वरित जांच की मांग करता है। साथ ही उम्मीद करता है कि दिल्ली पुलिस और न्यायपालिका इसके मुख्य दोषियों को जल्द से जल्द न्याय के दायरे में लाएगी। उसने कहा, आईएकेएफ दिल्ली में गृह मंत्रालय से मामले को बेहद गंभीरता से लेने और सुशील पंडित को तुरंत आधिकारिक सुरक्षा देने की मांग करता है, अगर अभी तक ऐसा नहीं किया गया है।

# स्वर्ण वस्तुओं पर नजर रखने के लिए कड़े कदम उठाएगा सिंगापुर का हिंदू धर्मस्व बोर्ड

**भाषा।** सिंगापुर

● श्री मरिअम्मन मंदिर में मुख्य पुजारी कंडासामी पर 2016 से 2020 के दौरान मंदिर से स्वर्ण आभूषण निकालने और उन्हें दुकानों में गिरवी रखकर रकम जुटाने का आरोप है

**सिंगापुर के** संस्कृति, समुदाय एवं युवा मामलों के मंत्री एडविन टोंग ने एक मंदिर के पूर्व भारतीय प्रमुख पुजारी पर स्वर्ण आभूषण के हेर फेर के आरोप लगने के कुछ सप्ताह बाद कहा कि देश का हिंदू धर्मस्व बोर्ड (एचईबी) उन चार मंदिरों में स्वर्ण वस्तुओं पर निगरानी बढ़ाने के लिए कदम उठा रहा है, जिनका वह प्रबंधन करता है।टुडे समाचार पत्र के अनुसार, मंत्री ने सोमवार को कहा कि मंदिरों की प्रबंधन समितियां अपने मंदिरों में सोने की वस्तुओं पर निगरानी को कड़ा करेंगी। टोंग ने बताया कि एचईबी हर साल अधिक लेखा परीक्षा करेगा।टोंग से सांसद मुरली पिल्लई ने सवाल किया था कि क्या एचईबी ने श्री मरियम्मन मंदिर के मामले की समीक्षा की है और क्या ऐसी घटना को पुन: होने से रोकने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं। इस प्रश्न के जवाब में टोंग ने कहा कि एचईबी उन चार मंदिरों में स्वर्ण वस्तुओं पर निगरानी बढ़ाने के लिए कदम उठा रहा है, जिनका वह प्रबंधन करता है

सिंगापुर में सबसे प्राचीन हिंदू मंदिर के आभूषणों को गिरवी रखकर रकम जुटाने के लिए भारतीय पुजारी कंडासामी सेनापति (37) पर आपराधिक विश्वासघात का आरोप लगाया गया है।सेनापति (37) पर भ्रष्टाचार, मादक पदार्थ की तस्करी और अन्य गंभीर अपराध संबंधी कानून के तहत कर्मचारी के रूप में आपराधिक विश्वास भंग के लिए पांच आरोप लगाए गए हैं।

श्री मरिअम्मन मंदिर में मुख्य पुजारी कंडासामी पर 2016 से 2020 के दौरान मंदिर से स्वर्ण आभूषण निकालने और उन्हें दुकानों में गिरवी रखकर रकम जुटाने का आरोप है। अभियोजकों ने अदालत को बताया कि गिरवी रखे गए आभूषणों की कीमत 20 लाख सिंगापुर डॉलर (15 लाख अमेरिकी डॉलर) से अधिक थी। कंडासामी के मामले पर अदालत में आगे की सुनवाई 15 मार्च को होगी। दोषी पाए जाने पर उसे 15 साल जेल की सजा हो सकती है।

## क्विक न्यूज

### ईरान ने इजराइली स्वामित्व वाले मालवाहक जहाज पर हमला किया : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को ईरान पर आरोप लगाया कि उसने पिछले हफ्ते ओमान की खाड़ी में इजराइली स्वामित्व वाले एक मालवाहक जहाज पर हमला किया। नेतन्याहू ने इजराइल के सार्वजनिक प्रसारक कान से बातचीत में कहा कि यह वास्तव में ईरान का कृत्य है, यह स्पष्ट है।नेतन्याहू ने कहा, इजराइल का सबसे बड़ा दुश्मन ईरान है, मैं इसे रोकने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम पूरे क्षेत्र में वार कर रहे हैं। शुक्रवार को ओमान की खाड़ी में इजराइली स्वामित्व वाले पोत एमवी हेलियोस रे में रहस्यमई तरीके से उस वक्त विस्फोट हुआ जब वह सिंगापुर जा रहा था।अमेरिकी रक्षा अधिकारियों के मुताबिक इस धमाके में चालक दल को कोई नुकसान नही पहुंचा था लेकिन जहाज में चार छेद हो गए थे। रविवार को उसे मरम्मत के लिए दुबई के बदरगाह लाया गया था। धमाके से पहले जहाज ने कई बंदरगाहों पर कार उतारी थी। धमाके के बाद हालांकि उसे आगे की यात्रा टालनी पड़ी और मरम्मत व निरीक्षण के लिए उसे दुबई बंदरगाह लाया गया। हाल के दिनों में इजराइल के रक्षा मंत्री और सेना प्रमुख दोनों ने संकेत दिए थे कि वे हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार मानते हैं। इजराइल के आरोपों पर फिलहाल ईरान की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नही आई है। ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच इस घटना ने पश्चिम एशिया के समुद्री क्षेत्र में नए सिरे से सुरक्षा चिंताएं पैदा की हैं।

### सीरिया की राजधानी दमिश्क के पास इजराइल ने किया मिसाइल हमला : रिपोर्ट

**दमिश्क।** इजराइल के मिसाइल हमलो के जवाब मे सीरियाई वायु सेना रविवार रात राजधानी दमिश्क और दक्षिण उपनगरीय इलाको में सक्रिय रही। हालांकि हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नही है। सरकारी मीडिया ने इसकी जानकारी दी।सरकारी टीवी ने एक अज्ञात सैन्य अधिकारी के हवाले से बताया कि अधिकतर इजराइली मिसाइलो को दमिश्क के पास उनके निशाने तक पहुंचने से पहले ही गिरा दिया गया।इजराइल ने बीते कई वर्षो मे सीरिया में ईरान से जुड़े सैन्य ठिकानों पर सैकड़ो हमले किए है, लेकिन दुर्लभ ही इसकी कभी जिम्मेदारी ली या इन अभियानो के बारे मे बात की है।यह हमला ऐसे वक्त मे हुआ है जब अमेरिका ने बृहस्पतिवार को सीरिया मे इराकी सीमा के पास ईरान-समर्थित मिलिशिया संगठनो के ठिकानो को निशाना बनाकर हवाई हमले किए थे। अमेरिका ने कहा था कि यह हमला इस महीने की शुरुआत मे इराक मे रॉकेट हमले का जबाब था, जिसमे एक असैन्य कॉन्ट्रैक्टर की मौत हो गई थी और अमेरिकी सेवा से जुड़ा एक सदस्य तथा गठबंधन सेना से संबंधित अन्य लोग घायल हो गए थे।

### ईरान के इनकार के बावजूद बातचीत के लिए तैयार है अमेरिका

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने रविवार को कहा कि वह ईरान के साथ 2015 के परमाणु समझौते को लेकर बातचीत करने के लिए तैयार है, जबकि ईरान ने समझौते को लेकर अमेरिका और अन्य भागीदारो के साथ बैठक मे शामिल होने के यूरोपीय संघ के आमंत्रण को ठुकरा दिया है।प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वार्ता मे शामिल नही होने के फैसले से अमेरिका निराश है लेकिन वह वार्ता के प्रारूप और ढांचे को लेकर लचीला रूख अपना रहा है और राजनयिक प्रक्रिया के तहत यूरोपीय संघ के आमंत्रण को ठुकराने के ईरान के फैसले पर भी गौर कर रहा है।उन्होंने कहा कि अमेरिका इस दिशा मे आगे के कदम को लेकर अन्य सहयोगी देशो ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और यूरोपीय संघ के साथ विचार-विमर्श करेगा।इससे पहले रविवार को ईरान ने वार्ता के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि बैठक के लिए यह सही समय नही है।राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि अमेरिका ईरान के साथ हुए समझौते में फिर से शामिल होगा। डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 मे समझौते से अमेरिका के बाहर होने की घोषणा की थी।

### पाक सीनेट के चुनाव गुप्त मतदान के जरिए होंगे: शीर्ष अदालत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने सोमवार को एक फैसले में कहा कि बुधवार को होने वाले सीनेट के चुनाव गुप्त मतदान के जरिए होंगे। यह फैसला ऐसे वक्त आया है जब भ्रष्टाचार से बचने के लिए खुले मतदान की इजाजत देने पर सत्तापक्ष और विपक्ष मे विवाद चल रहा था। सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्ईय पीठ ने पिछले साल दिसंबर मे सरकार ने राष्ट्रपति के माध्यम से न्यायालय की राय जानने के लिए भेजे गए मामले मे 4-1 से फैसला सुनाया। यह याचिका चुनावो मे रुपयो के इस्तेमाल से बचने के लिए उच्च सदन के लिए खुला मतदान कराने को लेकर थी।

# घातक गोलीबारी को दरकिनार कर म्यांमा में प्रदर्शनकारी फिर से सड़कों पर उतरे

**एपी।** यांगून

**देश में एक** दिन पहले सुरक्षा बलों की गोलीबारी में कम से 18 लोगों की मौत की खबरों के बावजूद सोमवार को म्यांमा के सबसे बड़े शहर यांगून में सैन्य तख्तापलट के विरोध में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस ने आज उनपर आंसू गैस के गोले दागे। प्रदर्शनकारी शहर में लेदान सेंटर चौराहे पर जुटने का प्रयास कर रहे थे तभी पुलिस ने उन्हें वहां से खदेड़ना शुरू कर दिया।

प्रदर्शनकारी घटनास्थल से इधर-उधर भागते हुए और गैस के प्रभाव से बचने के लिए चेहरे के धुलने का प्रयास करते हुए दिखे। स्वतंत्र म्यांमा नाउ समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक राजधानी नेपीता में पद से हटाई गईं देश की नेता आंग सान सू ची सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश हुईं। इसमें कहा गया कि कथित तौर पर अशांति भड़काने के लिए उन पर दंड संहिता की धारा 505 (बी) के तहत आरोप तय किए गए हैं। अदालत की पेशी से जुड़े अन्य विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हो पाए। सू ची पर पहले से ही दो अन्य आरोप हैं जिनमें से एक बिना पंजीकरण के आयातित वॉकी-टॉकी रखने का है और दूसरा कोरोना वायरस संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए लोगों की भीड़ सीमित रखने के लिए प्राकृतिक आपदा प्रबंधन कानून के तहत जारी आदेश का उल्लंघन करने से संबंधित है।

सू ची (75) को शुरू में सेना द्वारा नेपीता में उनके आवास में हिरासत में रखा गया था लेकिन नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी के उनके साथी सदस्यों ने कहा कि उन्हें अब कहां रखा गया है इस बारे में चीजें स्पष्ट नहीं हैं। उनके खिलाफ आरोपों से जुंटा द्वारा एक साल के अंदर चुनाव कराने के वादे पर अमल होने की स्थिति में चुनाव लड़ने का रास्ता कानूनी रूप से बंद हो जाएगा। एक फरवरी को तख्ता पलट होने के बाद सू ची की निर्वाचित सरकार को फिर से बहाल किए जाने की मांग को लेकर हो रहे प्रदर्शनों के दौरान रविवार को यांगून में पुलिस गोलीबारी में कम से कम पांच प्रदर्शनकारियों के मारे जाने की खबर है।



ढाका में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे पुलिसकर्मियों से भिड़ते बांग्लादेशी छात्र

# रिपोर्ट : अमेरिका ने अफगानिस्तान में गाड़ियों, इमारतों पर अरबों खर्च किए

**इस्लामाबाद।** अमेरिकी सरकार के निगरानीकर्ता द्वारा सोमवार को जारी की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने युद्ध प्रभावित अफगानिस्तान में ऐसी इमारतों और गाड़ियों पर अरबों डॉलर की रकम खर्च की जो या तो खाली पड़ी थी या बर्बाद थी। एजेंसी ने कहा कि उसने 2008 से इमारतों और गाड़ियों पर खर्च की गई 7.8 अरब डॉलर की रकम की समीक्षा की। अफगानिस्तान में लंबे संघर्ष के दौरान अमेरिकी करदाताओं की खर्च हुई रकम पर नजर रखने वाले अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए विशेष महानिरीक्षक (एसआईजीएआर) ने कहा कि सिर्फ 34.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य की इमारतों और गाड़ियों को ही अच्छी स्थिति में कायम रखा गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि इमारतों और वाहनों के लिए निर्धारित 7.8 अरब डॉलर में से सिर्फ 1.2 अरब डॉलर की रकम ही उक्त मकसद के लिए इस्तेमाल की गई। विशेष महानिरीक्षक जॉन एफ सोपको ने अपनी रिपोर्ट में कहा, तथ्य यह है कि बहुत सी संपदा इस्तेमाल नहीं हुई, खराब हो गई या परित्यक्त की गई जो उन एजेंसियों के लिए बड़ी चिंता का विषय होना चाहिए जो इनके लिए रकम जारी करती हैं। लॉन्ग वार पत्रिका के विश्लेषक बिल रोगियो ने कहा कि एसआईजीएआर की रिपोर्ट चौंकाने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि तालिबान के हमले, भ्रष्टाचार और निहितार्थों के बारे में सोचे बिना समस्या की तरफ रूपए देना आर्थिक नुकसान के कारणों में शामिल है।

# फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति सरकोजी भ्रष्टाचार के मामले में दोषी, एक साल की जेल

**एपी।** पेरिस

● वरिष्ठ मजिस्ट्रेट से अवैध तरीके से सूचनाएं हासिल करने के प्रयास के लिए दोषी ठहराया गया

**फ्रांस में पेरिस** की एक अदालत ने सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया और एक साल जेल और दो साल निलंबित कारावास की सजा सुनाई। फ्रांस में 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति रहे सरकोजी (66) को 2014 में एक कानूनी मामले में वरिष्ठ मजिस्ट्रेट से अवैध तरीके से सूचनाएं हासिल करने के प्रयास के लिए दोषी ठहराया गया। अदालत ने कहा कि सरकोजी घर पर हिरासत में रहने का अनुरोध कर सकेंगे और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक पट्टी पहननी होगी। फ्रांस के आधुनिक इतिहास में सरकोजी पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया गया। सरकोजी का बचाव करने वाले उनके वकील और पुराने दोस्त थेरी हरजोग (65) और सेवानिवृत्त मजिस्ट्रेट गिलबर्ट एजीबर्ट (74) को भी दोषी ठहराया गया। दोनों को सरकोजी के समान सजा दी गई। अदालत ने कहा कि यह तथ्य इसलिए गंभीर है कि पूर्व राष्ट्रपति ने अपनी स्थिति का फायदा उठाते हुए मजिस्ट्रेट से निजी फायदा लेने के लिए काम किया।

सरकोजी ने पिछले साल के अंत में 10 दिन चली सुनवाई में अपने खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से इनकार किया था। फरवरी 2014 में फोन पर हुई वार्ता का रिकॉर्ड सामने आने के बाद भ्रष्टाचार का यह मामला शुरू हुआ था। शुरुआत में न्यायाधीशों ने 2007 के चुनाव के समय वित्तपोषण का मामले की जांच का आदेश दिया था। छानबीन के दौरान पता चला कि सरकोजी और हरजोग गोपनीय मोबाइल फोन से संवाद कर रहे थे। सरकोजी का बचाव करने वाली वकील जैकलीन लैफोंट ने दलील दी कि पूरा मामला एक वकील और उनके मुवक्किल के बीच कुछ देर की बातचीत पर आधारित है। फ्रांस में 2017 में राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी कंजरवेटिव पार्टी द्वारा उम्मीदवार नहीं बनाए जाने के बाद सरकोजी सक्रिय राजनीति से दूर हो गए थे। सरकोजी 2012 में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान अवैध धन के इस्तेमाल के आरोप में 13 अन्य लोगों के साथ इस महीने एक और मुकदमे का सामना करेंगे। आरोप है कि सरकोजी की पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान निर्धारित खर्च से दोगुणा 4.28 करोड़ यूरो खर्च किया।

# 'दक्षिण कोरिया, जापान को भविष्य में संबंधों में और सुधार करना चाहिए'

**एपी।** सियोल



**दक्षिण कोरियाई** राष्ट्रपति मून जेई इन ने सोमवार को कहा कि पुरानी शिकायतों की कड़वाहट से आगे बढ़ते हुए उनकी सरकार जापान के साथ संबंधों में सुधार के लिए वार्ता की इच्छुक है और अनसुलझे मुद्दों को भविष्योन्मुखी संबंधों की राह का रोड़ा नहीं बनने देना चाहिए। जापान के औपनिवेशिक शासन के खिलाफ 1919 के कोरियाई विद्रोह की वर्षगांठ के मौके पर राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में मून ने कहा, ऐसा वक्त आया है जब पिछले मुद्दों को भविष्य के मुद्दों से अलग नहीं किया जा सकता और वे एक दूसरे से गुथे हुए होते हैं। इससे अग्रोन्मुखी विकास बाधित होता है। उन्होंने कहा, कोरियाई सरकार हमेशा जापान की सरकार के साथ बैठकर बातचीत के लिए तैयार है। दक्षिण कोरिया और जापान के बीच रिश्तों में 2019 में कड़वाहट उस समय चरम पर पहुंच गई थी जब दक्षिण कोरिया की अदालत ने एक फैसले में जापानी कंपनियों को उन कोरियाई लोगों को क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया था जिनसे द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उनके कारखानों में जबरन काम कराया गया था। इस फैसले से तनाव बढ़ा ही था कि जापान ने भी रसायनों पर निर्यात नियंत्रण लागू कर दक्षिण कोरिया के सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए हालात मुश्किल बना दिए।

दोनों देशों के संबंधों में तनाव का एक और मुद्दा कोरियाई महिलाओं को युद्ध के दौरान जापानी सेना के लिए यौन दासियों के तौर पर इस्तेमाल करने का भी है।

जापान हालांकि जोर देता रहा है कि युद्ध संबंधी मुआवजों से जुड़े सभी मामलों को 1965 की एक संधि के तहत सुलझाया जा चुका है और दक्षिण कोरिया के साथ रिश्ते सामान्य हो गए थे। उसने हालांकि दक्षिण कोरियाई अदालत के आदेश पर भी नाराजगी व्यक्त की थी। मून ने कहा कि सियोल जापानी युद्ध के दौरान ज्यादतियों के शिकार कोरियाई पीड़ितों का समर्थन जारी रखेगा। उन्होंने हालांकि इसबात पर भी जोर दिया कि देशों को पिछली बातों को आगे की राह का रोड़ा नहीं बनने देना चाहिए।

# ‘कुछ अलग करने पर लोगों को समझने में समय तो लगता ही है’

अभिनेता **हर्ष वर्धन कपूर** को हमनें हाल ही में एके वर्सेज़ एके में नेटफ्लिक्स पर देखा था उनका रोल छोटा था लेकिन दर्शकों से उन्हें इस भूमिका के लिए काफी सराहना मिली थी। पायनियर संवाददाता **मुस्बा हाशमी** ने उनके अभिनय, पिता से तुलना और उनसे अभिनय के बारे में बात न करने जैसे विषयों पर विस्तार से बात की। प्रस्तुत हैं इसी बातचीत के प्रमुख अंश...



**■ आजकल आप किस कार्य में इतना व्यस्त हैं?**

मैं आजकल नेटफ्लिक्स के ऑरिजिनल प्रोजेक्ट की शूटिंग समाप्त करने की ओर अग्रसर हूं। मैं इसके बारे में अधिक तो नहीं बता सकता लेकिन फिर भी आप जान लें कि ये रोमांचक कहानी पर आधारित है। इसमें मेरे अतिरिक्त अनिल कपूर, फातिमा सना शेख, मुक्ति मोहन, सतीश कौशिक जैसे कलाकार काम कर रहे हैं। ये इसी साल के अंत तक रिलीज़ की जा सकती है। मैंने वसन बाला के लिए भी एक फिल्म साइन की है। इसमें राधिका मदन और मैं बतौर लीड कलाकार हैं। ये डार्क कॉमेडी है। ये फिल्म भी नेटफ्क्सि फिल्म है और मई के माह में रिलीज़ की जा सकती है।

**■ आपका मोनोलॉग एके वर्सेज़ एके भी अत्यंत प्रभावी साबित हुआ है। क्या इससे जुड़ी अपनी कुछ स्मृतियां हमसे साझा करेंगे?**

जब मुझे ये फिल्म मिली थी, तो इसका रोल छोटा था लेकिन फिर भी पटकथा सात पेज लंबी थी। यदि मैं मोनोलॉग के बारे में बताऊं तो ये अनूठा था क्योंकि इसका चरित्र अनुराग बसु के लिए के लिए प्रदर्शन कर रहा था। मुझे सामग्री मिल गई और मैंने अपना काम प्रारंभ कर दिया। मैं अपना ही चरित्र इसमें पिरोना चाह रहा था। लेकिन व्यवहार में मैं तो बिलकुल वैसा नहीं था। बस केवल इतना था कि चरित्र को हर्ष कहा जाताा था जो अनिल कपूर का बेटा था। लेकिन इसके अलावा इसकी उनसे इसकी कोई समानता नहीं थी। मैं अपने जीवन में बहिर्मुखी या लोगों का केन्द्रबिंदु नहीं बनना चाहता। मैंने इसे किसी दूसरे चरित्र की भांति किया। बस मेरी तैयारी केवल इतनी थी। लेकिन एक ही प्रोजेक्ट में पिता, सोनम, बोनी चाचा के साथ काम करना अनूठा अनुभव था। इसका निर्देशन किया था। विक्रमादित्य मोटवानी ने। मैं सदैव ऐसा ही काम करने के बारे में सोचता रहता था। इसके अलावा मैनें इसमें कई सुधार भी किये थे और वे सभी सटीक साबित हुए।

**■ जब आपने 2016 में अभिनय क्षेत्र में पदार्पण किया था तो क्या आपको पिता से तुलना किये जाने का डर सताता था?**

मैं इस प्रकार की तुलना किये के बारे में सोचकर अपना समय और ऊर्जा बर्बाद नहीं करना चाहता। न ही मैं अपने पिता द्वारा 80 और 90 के दशक के अभिनय को दोहराए जाने में अपना कॅरियर बिताना चाहता हू। मैं उनसे अलग हूं। मुझे पता है कि जब आप कुछ अलग करके दिखाना चाहते हैं तो लोगों को इसे समझने में समय लगता है लेकिन अंतत: लोग आपके काम को अनुभव करने के साथ ही इसे सराहते भी हैं। मैं अलग तथा प्रगतिशील तथा अनूठी फिल्में करना चाहता हूं और मैं इसी दिशा की ओर प्रयत्नशील हूं।

**■ क्या आप अपने कॅरियर विकल्पों को लेकर सतर्क हैं या फिर आप बहाव के साथ बहना पसंद करते हैं?**

मैं किसी भी फिल्म को उसके द्वारा बॉक्स ऑफिस पर कमाई के दृष्टिकोण से नहीं देखता। मेरा सोचना ये है कि यदि मुझे वासन की फिल्म मर्द को दर्द नहीं होता, पसंद है तो वो जो अगली फिल्म मुझे ऑफर कर रहे हैं तो वो पूर्व की फिल्म से अलग होगी। मुझे पता है कि वो मुझसे अच्छे अभिनय की अपेक्षा करेंगे। एके वर्सेज़ एके में विक्रम ने भी ऐसा ही किया था।

**■ क्या आपने इंडस्ट्री में रहते हुए किसी प्रकार की सीख ली?**

मुझे इतना पता चला है कि आजकल किसी फिल्म को उसके द्वारा बॉक्स ऑफिस पर की गई कमाई के पर ही परखा जाता है। मेरे लिए ये एक विचित्र तथ्य है। मैं यही सोचा करता हूं कि टीम के कठिन परिश्रम, फिल्म के निहितार्थ की बजाय कमाई को इसकी सफलता का पैमाना कैसे माना जा सकता है। यदि किसी फिल्म ने अच्छी कमाई की है तो इसके रिव्यू भी अच्छे ही रहते हैं। लेकिन यदि कमाई अच्छी नहीं है तो उसके रिव्यू भी खराब ही होंगे। इस इंडस्ट्री में मैंने यही सीख प्राप्त की है।


**■ क्या आपके पिता ने आपको किसी प्रकार की सलाह दी है?**

उनकी सलाह सरल सी है। अपने प्रति सच्चे रहो और किसी की नकल न करो।

**■ क्या आप उनसे फिल्मों में काम को लेकर किसी प्रकार के सुझाव या बारीकियों को जानने समझने के लिए बात करते हैं?**

मैं सदा से ही ये कहते आया हूं कि अभिनय व्यक्गित चीज़ होती है और आप इसके लिए किसी से सुझाव आदि नहीं ले सकते। ये केवल आपके द्वारा किसी चरित्र को करने के बारे में ही होता हैं। हर कोई एक ही चरित्र को अलग ढंग से करता है। यदि हम एके वर्सेज़ एके को लें तो मैं अपने पिता से ये नहीं पूछ सकता कि वो इसमें अपने रोल को किस प्रकार से करने वाले हैं। क्योंकि ये व्यक्तिगत बात है और हर कोई उसे अलग ढंग से करना चाहता है। लेकिन जब बात कॅरियर विकल्प की आती है तो हम उनसे इस क्षेत्र में उनके अनुभव के कारण सलाह लेते हैं। किसी भी प्रोजेक्ट को अंतिम रूप से स्वीकार करने से पूर्व मैं उनसे बात अवश्य करता हूं।

## मेरे लिए एक्शन ही मेरा नृत्यः अब्राहम



‘**कुछ** अभिनेताओं को नृत्य करना प्रिय है। लेकिन मेरे लिए ऐक्शन ही मेरा नृत्य है। मेरे लिए ये आइटम सॉन्ग जैसा अनुभव होता है। हर फिल्म में अलग प्रकार का ऐक्शन देना कठिन होता है क्योंकि मुझे लगता है कि मेरी हड्डियां टूटी जा रही हैं लेकिन मैं फिर भी करते रहता हूं। मेरी ये फिल्म ‘मुंबईसागा’ में स्वाभाविक ऐक्शन है। इसमें मेरे चरित्र का झगड़ा होता है। इस फिल्म में गैंग्स्टर है और हम वही दिखा रहे हैं जो वास्तविकता में हुआ है।’ यह कहना है डीनो मारिया का।

## वेबबेड

### बिगीः आई गॉट अ स्टोरी टु टेल (2021)



**इसमें** दुर्लभ फुटेज और गहन साक्षात्कार हैं। इसमें ‘द नोटोरियस बीआईजी के रैप किंग बनने की कहानी को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। कलाकारों में सीन पी डिडी कॉम्ब्स प्रमुख हैं और ये 1 मार्च से नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।

### मॉक्सी

**अपनी** मां के विद्रोही अतीत तथा एक मित्र से प्राप्त आत्मविश्वास से प्रेरणा लेकर एक लज्जाशील 16 साल की बच्ची स्कूल में हुए यौन उत्पीड़न के बारे में बताती है। कलाकारों में हैडली रॉबिन्सन, लॉरैन त्से तथा पैट्रिक स्वार्जनेगर प्रमुख हैं तथा ये 3 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।





### सेंटीनेल (2021)

**एकभयानक** कॉम्बैट मिशन के बाद घर वापस आने पर एक फ्रांसीसी सैनिक अपने घातक कौशल का प्रयोग अपनी बहन को चोट पहुंचाने वाले की तलाश में करता है। ऐक्शन से भरपूर फिल्म मार्च 5 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।

## ‘मेरे लिए कठिन थे कई गाने’

‘**कई ऐसे** गाने हैं जो मेरे लिए कठिन थे। लेकिन जिस गाने ने मेरी कठिन परीक्षा ली वो थे ‘चोली के पीछे क्या है, चने के खेत में, एक दो तीन तथा तम्मा तम्मा जैसे गाने। ये गाने कुछ सर्वाधिक कठिन गानों में से एक थे, लेकिन वे सर्वाधिक स्मरणीय गाने भी थे। लेकिन आजकल गानों में कोरियोग्राफी करना कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया है।’



## तापसी पन्नू को डबिंग का काम नापसंद

**अभिनेत्री तापसी** पन्नू ने स्वीकार किया कि उन्हें डबिंग नापसंद है। इंस्टाग्राम पर अपनी एक पोस्ट में तापसी पन्नू ने साउंड डिजाइनर धीमन करमाकर को टैग करते हुए डबिंग को लेकर अपनी आने वाली फिल्म दोबारा, के बारे में बताया है। उन्होंने लिखा, ‘ चाहें मनमर्जियां फिल्म की वो भीडभाड़ वाली गलियां हों या फिर बदला में स्कॉटलैंड का शांत वातावरण, अब तक धीमन को पता चल गया होगा कि यदि किसी एक चीज को मैं सर्वाधिक नापसंद करती हूं तो वो है डबिंग करना।’



## जेनिफर का कॉफी-प्रेम उजागर



**हॉलिवुड** स्टार जेनिफर एनिस्टन ने अपनी खुशियों का रहस्य बताया दिया है। उनके अनुसार कॉफी ही वो रहस्य है। इंस्टाग्राम की एक क्लिप में एनिस्टन को कप्पा जो, बनाते देखा जा सकता है। अपने चित्र के साथ में उन्होंने लिखा, ‘मैं और कॉफी मिलकर एक प्रसन्न लड़की बनते हैं।

## चैडविक बोसमैन को मरणोपरांत गोल्डन ग्लोब पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**भाषा।** लॉस एंजिलिस (अमेरिका)

**मशहूर फिल्म** ब्लैक पैंथर के अभिनेता चैडविक बोसमैन को मरणोपरांत गोल्डन ग्लोब पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिनेता को 2020 में आई फिल्म मा रेनीज ब्लैक बॉटम में निभाई उनकी लीवी ग्रीन की भूमिका के लिए सम्मानित किया गया है। बौसमैन का चार साल तक आंत के कैंसर से जूझने के बाद पिछले साल अगस्त में 43 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें मोशन पिक्चर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए यह सम्मान दिया गया। बोसमैन की पत्नी सिमोन लेडवर्ड ने जूम कॉल के जरिए अभिनेता की ओर से यह पुरस्कार स्वीकार किया। भावुक लेडवर्ड ने कहा, वह भगवान का शुक्रिया अदा करते। वह अपने माता-पिता का शुक्रिया अदा करते। वह अपने पूर्वजों का उनके मार्गदर्शन और उनके त्याग के लिए शुक्रिया अदा करते। फिल्म ब्लैक पैंथर से विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल करने वाले बोसमैन का यह पहला गोल्डन ग्लोब पुरस्कार है। वहीं, अभिनेता जॉन बोएगा को निर्माता स्टीव मैक्कीन की फिल्म सीरीज स्मॉल एक्स के लिए टेलीविजन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सहायक भूमिका के लिए गोल्डन ग्लोब पुरस्कार मिला। अभिनेता डेनियल कालुआ को फिल्म जूडस एंड द ब्लैक मसीहा के लिए मोशन पिक्चर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सहायक भूमिका के लिए ग्लोडन ग्लोब पुरस्कार मिला। बोएगा और कालुआ का भी यह पहला ग्लोडन ग्लोब पुरस्कार है।

## राजशाही से अलग होने की प्रक्रिया बहुत मुश्किल थीः राजकुमार हैरी

**एपी।** लॉस एंजिलिस



**ब्रिटेन के** राजकुमार हैरी ने कहा है कि शाही जीवनशैली से स्वयं को अलग करने की प्रक्रिया उनके और उनकी पत्नी मेगन मर्केल के लिए बहुत मुश्किल थी। हैरी ने ओफ्रा विनफ्रे को दिए साक्षात्कार के दौरान अपनी दिवंगत मां राजकुमारी डायना को याद किया, जिन्होंने राजकुमार चार्ल्स के साथ तलाक के बाद अपने लिए अलग रास्ता चुना।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह बहुत राहत और खुशी की बात है, मैं अपनी पत्नी के साथ बैठकर आपसे यहां बात कर रहा हूं, क्योंकि मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता कि उनके (राजकुमारी डायना) लिए उन वर्षों में इस प्रक्रिया से अकेले गुजरना कितना मुश्किल रहा होगा। हैरी ने कहा, यह हम दोनों के लिए इतना मुश्किल था कि इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती, लेकिन कम से कम हम एक दूसरे के साथ थे। इस साक्षात्कार को सीबीएस पर सात मार्च और इसके अगले दिन ब्रिटेन में प्रसारित किया जाएगा। साक्षात्कार की इस क्लिप में जब हैरी यह टिप्पणी कर रहे हैं, तो डायना की हैरी के साथ फोटो दिखाई दे रही है, जिसमें वह नन्हे हैरी को पकड़े हुए हैं। डायना का कार हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के कारण 1997 में निधन हो गया था। हैरी और मेगन ने मार्च 2020 में स्वयं को शाही जीवन से अलग कर लिया था। बकिंघम पैलेस ने शुक्रवार को कहा था कि हैरी और मर्केल ब्रिटेन के शाही परिवार के कार्यकारी सदस्यों के तौर पर नहीं लौटेंगे। हैरी की दादी महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तरफ से जारी एक बयान में राजमहल ने कहा था कि राजकुमार और राजकुमारी ने महारानी को अपने निर्णय से अवगत कराया है। दोनों की राजशाही से नाता तोड़ने संबंधी घोषणा को एक साल पूरा होने वाला है। महारानी (94) ने निर्णय के बारे में उन्हें पत्र लिखा और कहा कि उनके नहीं लौटने पर उनकी सभी मानद सैन्य नियुक्तियां और राजशाही के पद शाही परिवार के अन्य कार्यकारी सदस्यों में वितरित कर दिए जाएंगे।

## गोल्डन ग्लोबः नोमाडलैंड, बोराट दो ने जीते 2021 के शीर्ष पुरस्कार

**भाषा।** लॉस एंजिलिस

**नोमाडलैंड और** बोराट 2 ने इस 2021 के गोल्डन ग्लोब समारोह में शीर्ष फिल्मों का पुरस्कार जीता है। कोरोना वायरस महामारी के कारण इस साल यह कार्यक्रम डिजिटल माध्यम से आयोजित किया गया। चीनी मूल की अमेरिकी फिल्म निमार्ता एवं नोमाडलैंड की निर्देशक क्लो झाओ को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का भी पुरस्कार मिला है। वह ऐसी दूसरी महिला फिल्म निर्देशक हैं और एशियाई मूल की पहली महिला निर्देशक हैं, जिन्होंने ग्लोब में अपना परचम लहराया है। उनकी फिल्म नोमाडलैंड एक विधवा की कहानी है, जो नौकरी गंवाने के बाद अपनी कार लेकर सड़क पर निकल जाती है। मशहूर फिल्म ब्लैक पैंथर के अभिनेता चैडविक बोसमैन को मरणोपरांत गोल्डन ग्लोब पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिनेता को 2020 में आई फिल्म मा रेनीज ब्लैक बॉटम में निभाई उनकी लीवी ग्रीन की भूमिका के लिए सम्मानित किया गया है।

बौसमैन का चार साल तक आंत के कैंसर से जूझने के बाद पिछले साल अगस्त में 43 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें मोशन पिक्चर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए यह सम्मान दिया गया। बोसमैन की पत्नी सिमोन लेडवर्ड ने जूम कॉल के जरिए अभिनेता की ओर से यह पुरस्कार स्वीकार किया। भावुक लेडवर्ड ने कहा, वह परमात्मा का शुक्रिया अदा करते। वह अपने माता-पिता का शुक्रिया अदा करते। वह अपने पूर्वजों का उनके मार्गदर्शन और उनके त्याग के लिए शुक्रिया अदा करते। एंड्रा डेय, मोशन पिक्चर ड्रामा की सर्वश्रेष्ठ अदाकारा के रूप में उभरी हैं। उन्हें द यूनाइटेड स्टेट्स वर्सेज बिली हॉलीडे में गायिका बिली हॉलीडे की भूमिका के लिए यह पुरस्कार दिया गया। गोल्डन ग्लोब पुरस्कार समारोह का संचालन करने वाले हॉलीवुड फॉरेन प्रेस एसोसिएशन ने अभिनय श्रेणी में इस बार अश्वेत कलाकारों का भी ध्यान रखा है। गौरतलब है कि अश्वेत कलाकारों की अनदेखी करने को लेकर एसोसिएशन को आलोचना का सामना करना पड़ा था। कोरियाई प्रवासी परिवार की कहानी को दर्शाती फिल्म मिनारी ने सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म का गोल्डन ग्लोब पुरस्कार अपने नाम किया है।

पहले दिन स्कूलों में दिखा अलग ही नजारा

# सरकारी व कान्वेंट स्कूलों में चहकते मिले बच्चे


सीतापुर-पहले दिन सैनेटाइज कर पढ़ाई करता छात्र


सीतापुर-छुट्टी के बाद विद्यालय से बाहर निकलती छात्राएं


सीतापुर-ऐलिया के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को बांटे गए फल, मौजूद शिक्षक अश्वनी सिंह

संवाददाता। सीतापुर

**करीब** 11 महीने बाद सोमवार को सीतापुर में परिषदीय और कांवेंट स्कूल खुले। पहले दिन परिषदीय विद्यालयों में अलग ही नजारा दिखाई दिया। बच्चों का विद्यालयों में रोली-चंदन से टीका लगाकर स्वागत किया गया। उन्हें टॉफियां वितरित की गईं। कांवेंट स्कूल में भी लंबे समय बाद पहुंचे बच्चे काफी खुशी दिखे, साथ ही कोरोना को भगाने को क्लॉस रूम में बच्चे खुद के हाथों को सैनिटाइज करते मिले।

आम तौर पर स्कूलों में इस तरह की रौनक जुलाई में बिखरती थी। लेकिन कोरोना के चलते हुए लॉकडाउन से मार्च में बंद विद्यालय अब खुले हैं लिहाजा जुलाई के बजाय अबकी पहली मार्च को परिषदीय स्कूल गुलजार हुए हैं। स्कूलों में बच्चों का अतिथियों जैसा सत्कार होने पर उनके चेहरे खिल उठे। हालांकि रोटेशन के चलते सोमवार को सिर्फ कक्षा 1 और 5 के बच्चों को ही स्कूल पहुंचना था। इसमें भी स्कूल आने वाले बच्चों की संख्या कम रही। तमाम स्कूलों में अव्यवस्थाएं भी दिखने को मिली। लंबे समय बाद खुले प्राइमरी विद्यालयों का हाल जानने के लिए आई इंडिया की टीम अग्रवाल पब्लिक स्कूल पहुंची, यहां पर बच्चे काफी चहकते नजर आए। पायनियर ने बच्चों से बात की, तो वो काफी खुश थे, अब रोजाना स्कूल आना चाहते हैं। उधर, रेउसा संवादाता अंब्रीश मिश्र ने भी रेउसा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय रेउसा प्रथम, द्वितीय विद्यालय में जाकर पहले दिन का हाल जाना। यहां पर बच्चों की संख्या काफी दिखीं, साथ ही वहां पर अव्यवस्थाएं भी देखने को मिली।

## बच्चों को बांटी गई टॉफियां


बेहटा के हजरतपुर प्रा.वि. प्रधानाचार्य का स्वागत करते गुरूजन

**उधर, बिसवां** के न्याय पंचायत उनेरा में स्थित प्राथमिक विद्यालय नसीरपुर अंबरपुर में सोमवार को पहुंचे नौनिहालों का टीका और रोली लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रीति त्रिपाठी और शिक्षामित्र मोहम्मद कफील चौधरी ने बच्चों को टॉफियां बांटीं। प्राथमिक विद्यालय रेउसा द्वितीय के प्रधानाध्यापक नसरूद्दीन अंसारी ने पेयजल की समस्या से निजात की बात कही। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय बरौली, व सिरसा में भी हैंडपंप खराब पाए गए। जलनिकासी समस्या के चलते बच्चों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

# नवाचार में भी सीतापुर होगा आगे: प्राचार्य

● जीआईसी में इन्नोवेशन पर हुई एक कार्यशाला

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-कार्यशाला में मौजूद डाइट प्राचार्य व शिक्षकगण

**जनपद में** प्रतिभाओं की कमी नहीं है। यदि उन्हें उचित अवसर मिले तो यह जनपद नवाचार क्षेत्र में अग्रणी होगा। यह विचार डायट के प्राचार्य मनोज कुमार अहिरवार ने जीआईसी में हुई राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार तथा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला में व्यक्त किए। इसमें कक्षा 8 से 12 तक के 20 ग्रामीण अंचलों के विद्यालयोंध्कॉलेजों के लगभग 100 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में दिल्ली से आए भारत सरकार के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज पटेरिया ने कहा कि इन्नोवेशन के लिए टेक्निकल सोच जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन्नोवेशन का इको सिस्टम तैयार हो जो उद्यमिता तक जाए। स्थानीय विशेषज्ञ पंकज कुमार ने मवेशियों की सहायता से विद्युत उत्पादन पर अपने नवाचार को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया। आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ के शिक्षा अधिकारी राम कुमार के निर्देशन में 'तोड़ फोड़ के जोड़' कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। एपीजे कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के इन्नोवेशन सेंटर के सलाहकार अभिषेक नंदन ने शिक्षकों से कहा कि वे छात्रों को इनोवेशन के लिए प्रेरित करें। डॉ. वीपी सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला के शिक्षक अपने स्कूलों कालेजों के विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विकास मिश्रा ने किया।

पंचायत चुनाव में बूथ पर प्रयोग होंगी मतपेटियां

# एक मतपेटी में डाले जाएंगे चारों मतपत्र

संवाददाता। सीतापुर




**उत्तर प्रदेश** के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया में कुछ बदलाव किया। नई व्यवस्था के मुताबिक पंचायत चुनाव में इस बार एक ही मतपेटी में प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत सदस्य चारों पदों के मतपत्र डाले जाएंगे, जिसके लिए आयोग ने प्रत्येक बूथ में दो-दो मतपेटी की व्यवस्था की है। आपको बता दें कि वर्ष 2015 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य के मतपत्र एक पेटी में तथा क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत सदस्य पद के मतपत्र दूसरी पेटी में डाले जाते थे। लेकिन अबकी दफा होने वाले पंचायत चुनाव में ऐसा नहीं होगा। चारों पदों के मतपत्र एक साथ मिलने के बाद अपने पसंद के प्रत्याशी को मत देने के साथ सभी मतपत्र एक पेटी में डाले जाएंगे। मतपेटी के भर जाने के बाद उसके स्थान पर दूसरी मतपेटी रखी जाएगी। अगर वोटिंग के दौरान दोनों मतपेटी फुल हो जाती है, तो जोनल और सेक्टर को आवंटित तीसरी मतपेटी का इस्तेमाल किया जाएगा। सीतापुर में 1599 ग्राम पंचायतें हैं। यहां पर गांव की सरकार बनाने को 4090 बूथ बनाए गए हैं। ऐसे में आयोग से तय मान 2.5 के हिसाब से दस हजार 200 मतपेटियां इस्तेमाल में लाई जाएंगी।

## क्विक न्यूज

### ...तो अवैध ईंट भट्ठों पर पूर्णतः न्यायिक ढंग से नहीं हो रही प्रशासनिक कार्रवाई

● बंद कराए जाने के बाद फिर संचालित होने लगते हैं अवैध ईंट भट्ठे

● जिला ईंट उद्योग समिति ने डीएम को पत्र देकर कार्रवाई की उठाई मांग

**सीतापुर।** जिला ईंट उद्योग समिति ने डीएम को ज्ञापन देकर अवैध रूप से संचालित भट्ठों के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई की मांग उठाई है। समिति ने सीतापुर में संचालित 49 अवैध ईंट भट्ठों की सूची भी उपलब्ध कराई है। जिला ईंट उद्योग समिति के अध्यक्ष हाजी कमालुद्दीन का दावा है कि अवैध ईंट भट्ठों की सूची उनके स्तर से 16 जनवरी को भी जिला प्रशासन को सौंपी गई थी। जिसके बाद कुछ तहसीलों में कार्रवाई की गई, लेकिन बंद कराए गए ईंट भट्ठे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सहमति लिए बिना ही फिर से संचालित होने लगे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासनिक कार्रवाई पूर्णतः न्यायिक ढंग से नहीं हो रही है। जिला ईंट उद्योग समिति ने अवैध ढंग से संचालित ईंट भट्ठों पर विधि अनुसार कार्रवाई किए जाने की आवाज उठाई है।

### पांच गुड़बेल पर पकड़ी गयी बिजली चोरी

● अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में आधी रात के बाद हुई छापेमारी

**सीतापुर।** गुड़बेलों के हब महोली क्षेत्र में इन बेलों पर बीती रात करीब तीन बजे हुई अचानक छापेमारी में 5 बेलों का संचालन बिजली की चोरी करके होता पाया गया है ।पकड़े गए बेल संचालको पर विद्युत चोरी की धाराओं में केस दर्ज कर दिया गया है ।इस छापेमारी का नेतृत्व अधीक्षण अभियंता सी पी यादव ने किया तथा अधिशासी अभियंता ए के श्रीवास्तव , एस डी ओ एस के पांडेय और अवर अभियंता रवि गुप्ता, अमित यादव एवं मिथिलेश यादव भी मौजूद रहे । अधीक्षण अभियंता श्री यादव ने बताया कि प्राप्त शिकायतों के आधार पर हुई इस कार्रवाई में उक्त बेलो का संचालन बिना बिजली कनेक्शन लिए 10 एच पी की मोटर से होता पकड़ा गया है जो विद्युत चोरी का अपराध है अतः संम्बन्धित धाराओं में कार्यवाही की गई है । श्री यादव ने बताया कि विद्युत चोरी में पकड़े गए बेल संचालको के नाम दीपू व गिरिजा शंकर पुत्रगण मथुरा, सुरेंद्र पुत्र अज्ञात, बालकराम पुत्र अज्ञात सर्व निवासी ग्राम हरदासपुर तथा अंकित पुत्र झाऊलाल निवासी जल्लापुर हैं ।

### अनिश्चितकालीन धरना

**सीतापुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह के आवाहन पर अनिश्चित कालीन के लिए क्रमिक धरना प्रदर्शन वर्मा मार्केट लहरपुर में शुरू किया गया है। जिसमें 5 लोग प्रति दिन धरने पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बैठेंगे। उनकी मांग किसानों के उत्पादन का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीद और कम खरीद करने पर जुर्माना व सजा का कानून बनाए जाने के साथ मनरेगा को किसानी से जोड़ने और तीनों काले कानून वापस लेने की है। जब तक मांगे नहीं मानी जातीं प्रदर्शन जारी रहेगा। इन अवसर पर युवा मण्डल अध्यक्ष लखनऊ अजीत कुमार वर्मा , चांद पहलवान , तौहीद खान, नगर अध्यक्ष लहरपुर असद बेग उर्फ बादशाह आदि मौजूद थे।

### आग लगने से हुआ नुकसान

**सकरन सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के रमपुरवा मजरा मोहारी गांव निवासी शिवराम के घर में सोमवार की दोपहर अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण करते हुये अन्य घरों को भी चपेट में ले लिया। इस अग्निकांड में शिवराम की दस हजार की नकदी गोले की बारह हजार की नकदी कन्धाई की दस हजार की नकदी प्रेम की पांच हजार की नकदी और चारों घरों में रखा कपडा, अनाज, बर्तन, मोबाइल, साइकिलें व जेवर आदि जल गया। ग्रामीणों ने कड़ी मषक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अग्निकांड में करीब चार लाख की सम्पत्ति के नुकसान का अनुमान है। घटना की सूचना राजस्व विभाग व पुलिस को दे दी गयी है।

### घर की लॉबी में आग का गोला बनी कार


आग लगने के बाद जलती कार

**सीतापुर।** शहर कोतवाली इलाके में आंख अस्पताल- बहुगुणा चौराहा पर मुस्कान गेस्ट हाउस के समीप एक घर की लॉबी में खड़ी मारूति कार में अचानक आग लग गई। लपटों को देख परिवारीजनों में अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन लोगों ने दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी और आग बुझाने में जुट गए। दमकल के पहुंचने से कार पूरी तरह से जल गई, वही बगल में खड़ी स्कूटी भी आधी जल गई है। गनीमत यह है कि दमकल के पहुंचने से पहले नागरिकों ने आग पर काबू पा लिया था, वरना बड़ा हादसा भी हो सकता था। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। शहर के आंख अस्पताल- बहुगुणा चौराहा मार्ग पर स्थित मुस्कान गेस्ट हाउस के समीप विनय मोहन श्रीवास्तव पुत्र रमेश प्रसाद का मकान है। घर की लॉबी में एक माघ्रूति कार और स्कूटी खड़ी थी। सोमवार की शाम को अचानक लॉबी में खड़ी कार में आग लग गई। आग लगते देख घर में अफरा-तफरी मच गई, लोग इधर-उधर भागने लगे, वही तेज लपटों ने भी कार को पूरी तरह से अपने आगोश में ले लिया। दमकल विभाग को घटना जानकारी देकर परिवारीजन समेत स्थानीय लोग आग बुझाने में जुट गए, कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## अन्नपूर्णा साहित्य संगम की हुई गोष्ठी

**लहरपुर सीतापुर।** अन्नपूर्णा साहित्य संगम परिवार की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी ने बीते रविवार साहित्य की रसधारा बहाते हुए 425 सप्ताह पूर्ण किए। गोष्ठी संगम के वरिष्ठ सदस्य व हास्य व्यंग के रचनाकार केपी मिश्रा के आवास पर आदर्श नगर में संपन्न हुई। अध्यक्षता इंजीनियर गोपाल ''सागर'' व संरक्षक के रूप में संस्थान अध्यक्ष व संगम संरक्षक अनिल द्विवेदी, महामंत्री राजकुमार श्रीवास्तव व अन्य वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। गोश्ठी का संचालन शैलेन्द्री तिवारी ''शैल'' ने किया। शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण व पुष्पार्चन के साथ जीएल गांधी की वाणी वंदना से हुआ। इसमें कवि महफूज रहमानी, यासीन इब्ने उमर, सुनीता यादव, वसी खैराबादी, राजकुमार श्रीवास्तव, वीरू वर्मा, रौनक सीतापुरी, शिव प्रताप सिंह चौहान, विजय कंठ, लक्ष्मी वर्मा, एपी गौतम, प्रद्युम्न द्विवेदी, मजाज सुल्तानपुरी, अजय श्रीवास्तव विकल, राम किशोर श्रीवास्तव, जीएल गाँधी, रामदास वैश्य, अरुण कुमार, रियजुद्दीन सीतापुरी, लकी रस्तोगी ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम में प्रथम बार काव्यपाठ करने पर एके मिश्रा, हरीश शुक्ला व रामकिशोर श्रीवास्तव को अन्नपूर्णा संगम द्वारा सम्मानित किया गया।

# शहर के अग्रवाल इंटर कॉलेज में लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी


सीतापुर-प्रदर्शनी को देखती प्रबंधक मंजू जिंदल, प्रधानाचार्य केबी श्रीवास्तव

संवाददाता। सीतापुर

● राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन

**शहर के** अग्रवाल इंटर कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी लगाई। इसमें बच्चों ने मानव शरीर के आंतरिक तंत्र, हाथ से ऊर्जा उत्पन्न कर जलने वाली एलईडी लाइट, चिमनी समेत अलग-अलग तरह के कई मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य केबी श्रीवास्तव ने कहा विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना है। हर साल यह प्रदर्शनी लगाई जाती है। इस बार स्कूल बंद होने से बच्चों की अच्छी तैयारी नहीं हो पाई फिर भी उत्साह के साथ बच्चों ने मॉडल बनाए हैं। सीमित संसाधनों व कम समय से काफी अच्छा प्रयास किया है।

दो बीडीओ का किया गया तबादला

## सात खंड विकास अधिकारियों के बदले गए कार्यक्षेत्र

संवाददाता। सीतापुर

● सीडीओ ने सभी को तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभालने के दिए निर्देश

संदीप कुमार परसेंडी व राजकुमार होंगे महोली के नए बीडीओ

**आपको** बता दें, कि ब्लॉक सकरन में तैनात खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार का तबादला परसेंड़ी कर दिया गया है जबकि उन्हें सिधौली का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। पिसावां बीडीओ राजकुमार को महोली में नई तैनाती देते हुए हरगांव ब्लॉक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इसके अलावा बीडीओ रेउसा हनुमान प्रसाद को सकरन, बीडीओ कसमंड़ा काजल को खैराबाद, बीडीओ बिसवां विकास कुमार यादव को गोंदलामऊ और बीडीओ ऐलिया अजीत कुमार यादव को पिसावां का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इन सभी बीडीओ को पूर्व के अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त कर दिया गया है। उपायुक्त श्रम रोजगार सुशील कुमार को सिधौली ब्लॉक और उपायुक्त स्वतः रोजगार को ब्लॉक हरगांव के दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है।

विद्युत बकाएदारों के लिए राहत

# घरेलू और नलकूप कनेक्शनों के लिए एकमुश्त समाधान योजना हुई लागू

संवाददाता। सीतापुर

**कोरोना महामारी** के चलते घटे राजस्व से परेशान विद्युत विभाग ने अपने बकाएदारों के प्रोत्साहन हेतु एक बार फिर एकमुश्त समाधान योजना लागू कर दी है । इस योजना के दायरे में घरेलू और नलकूप उपभोक्ताओं को रखा गया है । पहली मार्च से चालू यह योजना 31 मार्च तक चलेगी । शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के सम्बंध में जानकारी देते हुए सीतापुर विद्युत वितरण मण्डल के अधीक्षण अभियंता सी पी यादव ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए बकाएदारों को 15 मार्च तक बकाए का 30 प्रतिशत जमा कर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। श्री यादव ने कहा कि पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ता को 31 जनवरी 2021 तक की बकाया राशि पर लगे सरचार्ज में 100 फीसदी की छूट दी जाएगी ।उन्होंने बताया कि यह योजना शहरी और ग्रामीण दोनों के लिए है, पंजीकरण के बाद जो भी उपभोक्ता अपने मासिक बिल समय से जमा करते हुए शेष बकाया राशि 31 मार्च तक चुकता करेंगे उन्हें ही योजना का लाभ दिया जाएगा।

### 4 घंटे गुल रही बिजली

**शहर** के आंख अस्पताल मार्ग स्थित पॉवर हाउस के सामने विद्युत पोल पर टेक्निकल खराबी आने से बिजली गुल हो गई। विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही का यह आलम रहा कि छोटी सी फाल्ट को दुरुस्त करने में काफी वक्त लगा दिया। नतीजतन सोमवार दोपहर करीब दो बजे गुल हुई बिजली षाम 6 बजे के बाद आई। चार घंटे से अधिक समय तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने से घरों व दतरों के इनवर्टर भी डाउन हो गए। लिहाजा षहर वासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बीमारियों से बचाने को सेहत महकमे ने छेड़ा जागरूकता अभियान

# डीएम ने हरी झंडी दिखा प्रचार वाहन किए रवाना


सीतापुर-झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम विशाल भारद्वाज

संवाददाता। सीतापुर

**जनता को** गर्मी में संक्रामक रोगों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान अभियान श्री गणेश किया। सोमवार को जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज ने कलेक्ट्रेट कैंपस में हरी झंडी दिखाकर प्रचार और फॉगिंग वाहनों को रवाना किया। करीब एक माह तक चलने वाले इस अभियान में शहर-गांवों को साफ-सुथरा बनाया जाएगा, साथ ही मच्छरों की रोकथाम को दवा का भी छिड़काव किया जाएगा। आपको बता दें कि गर्मी सीजन में संक्रामक बीमारियों का फैलाने का अंदेशा रहता है, इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर बरस संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान चलाया जाता है। इस बार भी स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार से इस अभि यान का शुरू किया है। इस अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान के शुभारंभ के मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मधू गैरोला ने विश्व संचारी रोग अभियान की जानकारी दी।

# बाघ व जंगली सुअर का शव मिला

**● दोनों शिकारों की होगी जांच, वन रेंज महेशपुर का मामला**

**● वनकर्मियों ने करंट लगने की कही बात**

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी।



**दक्षिण खीरी** वनप्रभाग की वनरेंज महेशपुर मोहम्मदी की वीट आंवला के क्षेत्र में बाघ सुअर की रहस्यमय परिस्थितियों में हत्या कर शवों को दूसरे स्थान पर डालने व बिजली के तारों में उलझ कर मरने की बात वनविभाग ने प्रचारित की। पर जिस स्थान पर शेर का शव पाया गया वहां पर बिजली के तार ही नहीं है। इस घटना पर वन जन्तु प्रेमियों ने दुख प्रकट कर ईमानदारी से खुलासा करने की मांग उठाई है।

जानकारी के अनुसार वनरेंज महेशपुर ;मोहम्मदीद्ध की वीट आंवला के क्षेत्र स्वामीदयालपुर में अलग अलग स्थानों से एक बाघ व जंगली सुअर का शव रहस्यमय परिस्थितियों में मिला है। जिसमें बाघ के गर्दन से खून का बहाव के बावजूद व सुअर की दर्दनाक मौत के पीछे वनविभाग ने इन दोनों की मौत बिजली के तारों के चलते होने का बयान जारी किया था। खासबात यह है कि वहां पर बिजली के तार.लाइन ही नहीं है इस लिए यह कहना कहां तक सही व ठीक होगा कि इन दोनों की मौत बिजली करंट से हुई।

दक्षिण खीरी के प्रभागीय निदेशक समीर कुमार ने इतनी बडी घटना के बावजूद दोनों मृत बाघ व सुअर के शवों को मौके से उठवा कर वनविभाग की सुपुर्दगी में रखवा दिया है। वनरेंज अधिकारी और प्रभागीय निदेशक दक्षिण खीरी में तालमेल ठीक ठाक होने के चलते एक बार पुन: मामले को निपटाने की रणनीति तयकर शवों का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी चालू की है। चर्चा है कि बाघ के अंगों के साथ छेडछाड की गई है हकीकत पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तस्वीर सामने आएगी।दक्षिण खीरी की दो बदनाम वनरेंज मोहम्मदी व गोला है जिनमें शिकारियों के सक्रिय रहने और शिकार के मामले सामने आने से पहले पर्दा डालने की कोशिश की जाती है। इससे पहले भी बाघ की असमय मौत पर आज तक किसी वनाधिकारी व वनरेंज अधिकारी व कर्मचारी को दंडित नहीं किया गया है। एक वनकर्मी को दोषी ठहराया गया था जिसकी जांच में जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में संकेत दिया था कि जिस स्थान पर बाघ की असमय मौत हुई है वहां पर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के जंगल में जाने वाला एकलौता रास्ता है। गंभीर लापरवाही के चलते बाघ की मौत हुई थी पर दक्षिण खीरी के डीएफ्ओ ने जांच अधिकारी हरिशंकर शुक्ला की रिपोर्ट दबाकर रखी है।

## प्राइमरी की पढ़ाई भी हुई शुरू

**मोहम्मदी-खीरी**। लगभग 11 माह के बाद कक्षा 1 से लेकर पांच तक प्राइमरी पाठशाला और निजी शिक्षा संस्थाएं आज खुली। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की संख्या बहुत ही कम रही। करौना को लेकर पिछले साल मार्च के आखिरी हफ्ते में पूरे देश में लाक डाउन लगाया गया था तभी से स्कूल और कॉलेज पूरी तरह सुरक्षा के दृष्टिकोण बंद करने के आदेश सरकार द्वारा किए गए थे।

आज 1 मार्च को विद्यालय खोलने के आदेश दिए गए हैं। जिन विद्यालयों में बच्चे आए हैं उनको उचित दूरी के साथ.साथ सैनिटाइजर का भी उपयोग किया गया है। कुछ बच्चे मास्क भी लगाए थे। जो बच्चे आए हैं उनमें शिक्षा के प्रति लगाओ देखने को मिला तथा विद्यालय मे अध्यापकों द्वारा शिक्षण कार्य शुरू किया गया।

# जादूगरी के जरिए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी।



**सामाजिक संगठन** सेंट पाल जूनियर हाई स्कूल शिक्षा समिति लखनऊ के माध्यम से जनपद लखीमपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में लखीमपुर के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा एक बेहद महत्वपूर्ण विषय है ऐसे में इसके प्रति लोगों का जागरूक होना भी बेहद जरूरी है भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम में सामाजिक संगठन सेंट पाल जूनियर हाई स्कूल शिक्षा समिति लखनऊ ने जनपद के अलग.अलग क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए कार्यक्रम कराए इन कार्यक्रमों का माध्यम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। इसके अंतर्गत अंदेश नगर ष्पडरीया कलाए रेहुआए बालू डीह, ज्ञान पुरवा मे निराला जादूगर एंड पार्टी नुक्कड़ नाटक के किया गया। नाटक के माध्यम से अथवा जादू के माध्यम से उपस्थित जनसमुदाय को सड़क सुरक्षा के बारे में अभिनय करके बताया गया। जिसमें दो पहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग करना एवं तीन सवारी न बैठाना व नशे की हालत में वाहन न चलाना एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना बताया गया। इन कार्यक्रमों को देखकर सभी लोग बखूबी सड़क सुरक्षा के बारे में समझा। इस कार्यक्रम में संस्था के समन्वयक संजय शर्मा, दीपक श्रीवास्तव, वीरेंद्र बाजपेई, निराला एंड पार्टी के लोग उपस्थित रहे।

# गर्मी में इस बार आसमान से जमकर बरसेगी आग

**● फरवरी में ही रंग दिखाने लगी थी गर्मी**

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी।

**फरवरी का** आखिरी दिन। कल से मार्च महीने की शुरुआत। पेडो पर धीरे धीरे लद रहे आम के बौर। गेहूँ के खेतो मे पीली पीली सरसो के लहलहाते पेड़। मौसम का बदला चाल और चरित्र। सभी को आश्चर्य चकित कर रहा है। इस बार जैसै करौना ने खूब आमजन मानस को खूब रूलाया बैसे इस बार दिसम्बर और जनवरी की सर्दी कब निकल गयी पता ही नही चला। फरवरी मे तेज धूप आसमान से अभी से आग बरसना शुरु हो गयी। जिससे लगता है कि कुदरत भी इसानो से कुछ सीख लेकर लगातार अपना मिजाज बदलता जा रहा है। इस बार जहाँ जाडे मे कोई ताजगी देखने को नही मिली बहीं इस बार जनवरी मे कोहरा भी कम पडा। लेकिन सूरज के मिजाज को देखकर ऐसा लगता है कि इस बार की गर्मी जान लेवा होगी और आसमान से आग बरसने के आसार अभी से नजर आने लगे है। कुल मिलाकर इस बार आम जनमानस किस तरह गर्मी से बचता है इसी उधेड बुन मे लगा हुआ है। कुदरत के इस बदलते मिजाज से आमजन मानस मे मायूसी भी है और घबराहट भी। इस बार गर्मी अपना कया रूख अपनाती है कितनो को रूलाती है और कितनो को हसाती है। कुल मिलाकर इस बार सभी को गर्मी पसीना पसीना जरूर कर देगी।

# मिशन शक्ति अभियान को लेकर मुहिम जारी

**● मोहल्ला गोटैय्याबाग में हुआ कार्यक्रम**

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**शहर लखीमपुर** क्षेत्र के अंतर्गत मलिन बस्ती मोहल्ला गौटय्याबाग में थाना महिला व महिला कल्याण विभाग एवं करुणा फाउंडेशन स्वैच्छिक संस्था के संयुक्त तत्वधान में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।शासन के दिशा निर्देशानुसार जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत मलिन बस्ती की महिलाओं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु स्वैच्छिक संस्था करुणा फाउंडेशन लखीमपुर खीरी व थाना महिला लखीमपुर खीरी एवं महिला कल्याण विभाग के संयुक्त रूप से एक कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं बालिकाओ को जागरुक करने के साथ आत्मरक्षा, सुरक्षा, आत्मसम्मान के बारे बताया गया है। कार्यक्रम में महिलाओं के हेल्पलाइन नंबर व महिलाओं के लिए चलाई जा रही शासन की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। जिला बाल संरक्षण इकाई के काउंसलर कय्यूम अली जरवानी, थाना महिला की महिला आरक्षी नीलम सांगवान, प्रिया एवं स्वैच्छिक संस्था करुणा फाउंडेशन की सचिव ज्योति लाल संस्था की प्रमिला मानसी भारती एवं डा. तत्हीर फातिमा सरोज व कुँवर विकेंस भी उपस्थित रहे। कय्यूम अली ज़रवानी द्वारा महिला कल्याण विभाग की योजनाओं कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या के संबंध में जानकारी दी और महिलाओं को जागरूक किया है। थाना महिला की महिला आरक्षी नीलम सांगवान ने वूमेन पावर लाइन के टोल फ्री नंबर 1090 के बारे में बताया और महिलाओं को सुरक्षा, आत्मसुरक्षा के संबंध में जानकारियां दी है। डा. तत्हीर फात्मा ने महिलाओं बालिकाओं को बालिका शिक्षा व साफ-सफाई के बारे में जागरूक किया है। कार्यक्रम में मलिन बस्ती की रहने वाली लगभग 75 महिलाएं बालिकाएं उपस्थित रहीं। मलिन बस्ती में पम्लेट, स्टीकर व फोल्डर का वितरण किया गया है।

# विधायक ने बस को किया रवाना



**मोहम्मदी-खीरी**। गोला डिपो द्वारा मोहम्मदी से होकर बरबर औरंगाबाद कस्ता मितौली लखीमपुर के लिए बस सेवा का प्रारंभ हुआ। सुबह बस को हरी झंडी दिखाकर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने रवाना किया। मोहम्मदी होकर बरबर औरंगाबाद कस्ता मितौली मार्ग पर यात्रियों की दिक्कतों को देखते हुए गोला डिपो द्वारा लोहिया बस सेवा शुरू की गई। आज सुबह 6-30 बजे विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। यह बस मोहम्मदी से सुबह बरबर औरंगाबाद कस्ता मितौली होते हुए लखीमपुर तक जाएगी। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, सत्य प्रकाश शुक्ला, नगर महामंत्री रवि शुक्ला, गुड्डू गुप्ता व बस अड्डा प्रभारी मुख्तार खां मौजूद रहे।

# 31 मार्च तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान: सीएमओ

संवाददाता। शाहजहांपुर

**● दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कई विभागों ने एक साथ कसी कमर**

**दिमागी बुखार** एवं अन्य संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक मार्च से शुरू होकर 31 मार्च तक चलेगा । अभियान का शुभारंभ सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस.पी गौतम ने नगर निगम कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ्य विभगा , नगर निगम सहित सभी सहयोगी विभागों को अपने अपने कार्यों को निर्वाह करने एवं जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उसके बाद जिला मलेरिया अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भावलखेड़ा में अभियान का शुभारम्भ फीता काटकर किया साथ ही आशा कार्यकर्ताओं का अभियान के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों पर अभिमुखीकरण किया गया । डा.एस.पी गौतम मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभियान को सफ्ल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग आठ अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर दिमागी बुखार व संचारी रोग पर प्रभावी नियंत्रण एवं क्षय रोग उन्मूलन के लिए एक साथ मिलकर लड़ेंगे । अभियान के दौरान चिकित्सा विभाग का कार्य जन समुदाय को जागरूक करने के साथ यह पता करना है कि अगर कोई भी व्यक्ति दिमागी बुखार से प्रभावित पाया जाता है तो उसकी तुरंत जांच कर उपचार करे । नगर विभाग का काम नालियों की सही तरीके से साफ - सफ्ई तथा सफ्ई के पश्चात कचरे का निस्तारण करना है ।नालिया अगर खुली हुई है तो उनको ढ़कने का कार्य करें । पंचायती राज विभाग के कार्यो के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की ग्राम स्वास्थ्य , पोषण समिति की बैठक कर ग्रामीण लोगो को स्वछता के बारे में जागरूक करे और उन्हें साफसफ्ई के महत्त्व के बारे में बताया द्य लोगों को जागरूक करे की मच्छर के काटने से स्वयं को बचाए और अगर बुखार की कोई भी समस्या है तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर उपचार कराये । डा.पी.के श्रीवास्तव जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय अपनाते हुए एक से 31 मार्च के मध्य व्यापक विशेष संचारी नियंत्रण अभियान एवं 10 से 24 मार्च तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा द्य इस बार दस्तक अभियान में ए.एन.एम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर जन समुदाय को संचारी रोगों से बचने के लिए जानकारी और जगरूकता सर्वेक्षण के साथ हर घर पर क्षय रोग के संभावित रोगियों की जानकारी भी एकत्र करनी है द्य यदि कोई संभवित रोगी मिलता है तो रोगी का नाम , पता और मोबाइल नम्बर आदि जानकारी फ्रर्मेट में एकत्र की जायेगी । इस दौरान आशाओं के माध्यम से जन्म, मृत्यु पंजीकरण से वंचित शिशुओंध्व्यक्तियों का भी किया जायेगा दिमागी बुखार के कारण दिव्यांग हुए लोगों और कुपोषित बच्चों की सूचना एकत्र की जायेगी द्य प्रतिदिन शाम को क्षेत्रीय ए.एन.एम के माध्यम से अभियान की रिपोर्ट ब्लाक स्तरीय प्राथमिक ध्सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भजी जायेगी श्रीवास्तव ने बताया फ्रसंचारी रोग नियंत्रण अभियान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, नगर विकास, पंचायती राज, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, कल्याण समाज, कृषि एवं सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर चलाया जाएगा द्य अभियान में लोगो को साफ सफ्ई, कचरा निस्तारण ,जलभराव रोकने तथा शुद्ध पेयजल उपलब्धता सहित मच्छरों से बचने के लिए जागरूक किया जायेगा।

# मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों का दर्द चार साल से नहीं मिला वेतन



**शाहजहांपुर**। मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों ने वेतन की मांग को लेकर कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इस दौरान नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां के नेतृत्व में आधुनिक शिक्षकों ने प्रदर्शन करने के बाद प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से नेशनल मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक सांघ्ज्ञ के प्रदेश उपाध्यक्ष आरिफ उस्मानी ने कहा कि मदरसों में शिक्षा देने के लिए नियुक्त किए गए। शिक्षकों की दयनीय हालत की जिम्मेदार सरकार है। शिक्षकों को विगत 4 वर्ष से वेतन नहीं मिला है। जिसके चलते उनके समक्ष परिवार के भरण-पोषण का संकट पैदा हो गया है। आरिफउस्मानी ने बताया कि संघ की तमाम कोशिशों से सत्र 2016-17 का लगभग 139 दिन का मानदेय भारत सरकार द्वारा जारी किया गया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार ने अंशदान का लगभग एक माह 18 दिन का रुपया अल्पसंख्यक ऑफ्सि में भेजा है, जो कर्मचारियों की उदासीनता के कारण अभी तक शिक्षकों के खाते में नहीं पहुंचा है। जबकि पिछले चार वर्षों का मानदेय भारत सरकार पर अभी बाकी है। ज्ञापन देने वालों में आमिर बेग, सलमान खान, मोहसिन खान, नौशाद अली, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद आरिफ्, शगुफ्ता यासमीन, जुनैद खान, ममनून खान, अकरम खान, हसीन खान, मोहम्मद तैयब आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### कब्रिस्तान की ग्रिल चोरी

**संडीला(हरदोई)**। नगर के सार्वजनिक कब्रिस्तान की बाउंडरी वॉल से लोहे की ग्रिल चोरी हो गयी। नगर के मोहल्ला अशराफटोला स्थित वक्फकब्रिस्तान कर्बला की बाउंडरी वॉल से लोहे की ग्रिल चोरी हो गयी। इसकी सूचना स्थानीय कोतवाली में देने के साथ मुतवाल्ली कमेटी के सदस्य शफ़ी अहमद साबरी, मुशी नबी उल्ला, मो0 इमरान ने प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फमंत्री को भी लिखित रूप से अवगत कराते हुए कहा कि कब्रिस्तान कर्बला गाटा संख्या 317, 328 और 374 में स्थित है। इसमें मिस्जद, दरगाह इत्यादि स्थित है जो वक्फसंपत्ति है और विभाग के रजिस्टर नं0 37 क्रम संख्या 1908 पर दर्ज है। इस वक्फसंपत्ति पर कब्जे के लिए कई प्रभावशाली एवं दबंग लोग लगातार प्रयास कर रहे हैं और बीती रात सरकार द्वारा बनवाई गयी बाउंडरी वॉल से लोहे की 18 ग्रिल चोरी कर ली गयीं।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**फतेहपुर**। चांदपुर थाना क्षेत्र के अहिरनपुर के समीप रविवार की शाम खेत जा रही लगभग 56 वर्षीय एक महिला को पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार अहिरनपुर गांव निवासी शिवनाथ की पत्नी फूलमती रविवार की शाम पैदल खेत जा रही थी। तभी पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिए। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी जिसे उपचार के लिए पीएचसी लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर ग्रामीणों ने बाइक सवार को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**फतेहपुर**। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मंसूरपुर में सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 22 वर्षीय एक युवक की हालत बिगड़ गयी जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर परिजन शव को लेकर वापस अपने घर चले गये। जानकारी के अनुसार मंसूरपुर गांव निवासी राम बाबू का पुत्र योगेन्द्र की आज सुबह संदिग्ध अवस्था में हालत बिगड़ गयी उधर परिजन उसे सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाये। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिजन शव को लेकर अपने गांव चले गये।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, रिफर

**फ्तेहपुर**। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम कुरूस्तीकला निलंबरपुर में सोमवार की सुबह घरेलू कलह के चलते लगभग 25 वर्षीय एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उसकी हालत गम्भीर देख कानपुर के लिए रिफ्र कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कुरूस्तीकला निलंबरपुर गांव निवासी राम प्यारे का पुत्र योगेन्द्र पटेल ने आज सुबह घरेलू कलह के चलते जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफ्र कर दिया।

### लाखों का नशीला पदार्थ बरामद पांच गिरफ्तार

**बरेली** । वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल पर जा रहे हैं पांच तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से लगभग 1000000 रुपए कीमत के नशीले पदार्थ बरामद हुए गिरफ्तार तस्करों को पुलिस ने जेल भेजा।किला थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने आज अशोका होटल के पास से मोटरसाइकिल सवार पीलीभीत के जहानाबाद थाने के गांव गौच निवासी अकील अहमद नवाबगंज थाने के गांव बरखन निवासी नईम पुत्र हबीबुल्लाह शाही थाने के गांव दुनका निवासी सोनू और इसी थाने के गांव बंसीपुर निवासी सुभाष सागर रामपुर के स्वार थाना क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर निवासी मनीष जाटव को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान सोनू और सुभाष सागर और मनीष के पास से दस दस ग्राम स्मैक ब सोनू और अकील अहमद के पास से 400 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए पांचो तस्करों के पास तीन मोटरसाइकिल भी बरामद की पुलिस ने सभी को जेल भेजा।

### अवैध हथियारों समेत दो गिरफ्तार

**बरेली**। मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिल सवारों को रोक लिया। उनके पास से तलाशी के दौरान अवैध हथियार बरामद हुए दोनों को पुलिस ने जेल भेजा।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के सेक्टर नंबर 5 के पास मुखबिर की सूचना के बाद आज पुलिस ने बिथरी चौनपुर फेस टू शिव शक्ति गार्डन निवासी सुमित पुत्र रामकरण और यहीं के भीमपुर गोटिया निवासी सोनू पुत्र सोहनलाल को गिरफ्तार कर लिया।

# भाकियू राष्ट्रीयता वादी ने दिया धरना

संवाददाता। फ्तेहपुर



**भारतीय किसान** यूनियन राष्ट्रीयता वादी ने नहर कॉलोनी में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद 7 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को देते हुए बताया कि बिंदकी तहसील के कल्याणपुर ग्राम सभा में रेलवे मार्ग कंसपुर गुगौली जो पक्का बनाया जा रहा है, के आने जाने हेतु एनएच-2 पर क्रॉसिंग पुल का निर्माण कार्य किया जाए। हाफिजपुर हरि दर्शन मार्ग जो खजुआ बकेवर रोड से बलुवापुर होते हुए जाता है। बलुवापुर में मोड़ के पास अतिक्रमण हटवाया जाए। हल्का लेखपाल डीघ क्षेत्र की जांच कराया जाये। ग्रामसभा गुरशण्डी विकास केंद्र धाता में शौचालय लगभग 80 प्रतिशत अधूरे पड़े हुए हैं। इसके अलावा पीएम आवास में ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी की जांच करा कर कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्राम पंचायत पलवा सरसोली मजरे कल्याणपुर विकास खंड धाता में आंगनवाड़ी भवन निर्माण में घटिया क्वालिटी के मटेरियल का प्रयोग किया गया है जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष प्रयागराज अशोक उत्तम, जिलाध्यक्ष रामसहाय पटेल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पुन्नू शुक्ला, जिला प्रवक्ता दिनेश शुक्ला, जिला महासचिव प्रवीण सिंह, तहसील अध्यक्ष बिंदकी नवल सिंह पटेल, तहसील अध्यक्ष खागा जितेंद्र त्रिपाठी, तहसील उपाध्यक्ष बिंदकी रामशंकर सूर्यवंशी, तहसील अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ की श्रीमती ममता गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष मलवां श्रीमती सावित्री शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष अमौली हीरालाल, छोटे लाल यादव, राम भजन पटेल, राम चरण सिंह, ननकू, धर्म सिंह, राहुल उमराव, मोहित अहमद, श्यामलाल, अजीम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर किया विरोध-प्रदर्शन

संवाददाता। संडीला(हरदोई)




**उत्तर प्रदेश** जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के तत्वाधान में शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी के आह्वान पर शिक्षकों ने काली पट्टी बांधी और शासन की शिक्षक विरोधी नीतियों पर नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करने के बजाए प्रदेश के बेसिक शिक्षकों को प्रताणित करने के नए नए तरीके खोजे जा रहे हैं। जिससे समस्त शिक्षक स्वंय को अपमानित अनुभव कर रहे हैं। हाल में ही प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए शासनादेश में शिक्षकों की वार्षिक गोपनीय आख्या के संबंध में नए नियम लागू किए गए हैं जो शिक्षकों के मूल दायित्वों से इतर हैं तथा इन्हें काला कानून कहा जाना चाहिए क्योंकि यह भ्रष्टाचार बढ़ाने वाले तथा शिक्षकों को अपमानित करने वाले हैं। ज्ञापन में मांग की गयी है कि पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाए, अन्य कर्मचारियों के भांति बेसिक शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाए, ग्रीष्मावकास समाप्त कर अर्जित अवकाश दिया जाए तथा जो भी शिक्षामित्र टीईटी उत्तीर्ण हैं उनको शिक्षक पद पर समायोजित किया जाए तथा शेष शिक्षामित्रों का मानदेय कम से कम 25000 किया जाए। इसके अलावा जूनियर स्कूलों में कार्यरत अनुदेशकों को भी कम से कम 25000 रुपए मानदेय दिया जाए।

# सिलेंडर लीक होने से लगी आग



संवाददाता घाटमपुर

**सोमवार** को कोतवाली क्षेत्र के दो गांवों में आग लगने से दो लोगों की ग्रहस्थी के सामान सहित शादी के लिये जुटाये गये कपड़ा, नगदी व अन्य सामान जल कर राख हो गया।

आग लगने की पहली घटना कोतवाली की पुलिस चौकी रेवना क्षेत्र के गांव अकबरपुर झबैया में घटी जहाँ खाना बनाते समय गैस सिलेन्डर लीक होने से राजेंद्र पुत्र गिरधारी के घर आग लग गयी, आग की लपटों में अन्य मकान सुलगें की मुहल्ले वालों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया। हल्के के लेखपाल राजेश ने बताया कि राजेंद्र के पुत्र की शादी अगले महीने होनी थी जिसकी तैयारी चल रही थी। आग से शादी के कपड़े और ग्रहस्थी का सामान जल गया। लेखपाल ने दैवी आपदा के तहत तहसील में सूचना दी है कि आग से ग्रहस्थी के सामान के अलावा 40 हजार रुपये नगद और गल्ला भी जल गया है। उधर पतारा चौकी क्षेत्र के गांव देवरा में भी अनिल प्रजापति के घर आग लगने से करीब 40 हजार की संम्पति जल कर राख हो गयी लेखपाल के मुताविक आग लगने का कारण अज्ञात है।

### वैन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**घाटमपुर।** गजनेर संर्म्पक मार्ग पर स्थित गांव बलरामपुर के पास डग्गामार मारी करने वाली मारुति बैन व वाइक की सीधी टक्कर में वाइक सवार नंदना चौकी क्षेत्र के गांव गनेशपुर निवासी धीरसिंह पुत्र राजेंद्र सिह व नरोत्तम पुत्र मानसिंह घायल हो गये, जानकारी पर पंहुची 112 पुलिस डायल की वाइक दोनों को लाकर सीएचसी में भर्ती कराया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद धीरसिंह को हैलट रिफर कर दिया जबकि नरोततम को प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने घर जाने को कहा।

### ट्रैक्टर से नीचे गिरने के चलते हुई किशोरी की मौत

**रूरा।** थाना क्षेत्र के एक गाँव मे ट्रैक्टर में बैठी किशोरी अचानक उछल कर ट्राली के नीचे आ गिरी ट्रॉली के पहिए से दबने पर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मी उम्र उम्र 15 वर्ष पुत्री पुत्री राम प्रसाद राम प्रसाद निवासी नौरंगाबाद लालपुर द्वितीय अपनी ननिहाल रेरी में रह रही थी सोमवार को वह गांव से ही आलू लदे एक ट्रैक्टर में बैठकर अपने घर वापस जा रही थी टेडवा गांव के पास अचानक लक्ष्मी ट्राली से नीचे आ गिरी ट्रॉली के पहिए के नीचे दबने से मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है वही किशोरी के परिजनों ने ट्रैक्टर चालक पर हत्या का आरोप लगाया है।

# भव्य होगा फतेहगढ़ महोत्सव: विजय यादव

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**फतेहगढ़** महोत्सव को शानदार, जानदार बनाने में कोई कोर.कसर नहीं छोड़ी जायेगी। पांचाल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और उसके ऐतिहासिक महत्व को संजोकर रखना। युवा पीढ़ी के समक्ष सामने लाना हमारा प्रमुख ध्येय है। बुजुर्गों के आशीर्वाद और साथियों के सहयोग से हम फतेहगढ़ महोत्सव के माध्यम से ये कर पाएंगे ऐसा हमें पूरा विश्वास है। विजय यादव ने कहा कि महोत्सव एक अभियान और आंदोलन है। इसमें किसानों और साहित्यकारों का सम्मान होता रहेगा।

यह विचार फतेहगढ़ महोत्सव के कार्यक्रमों को मूर्त रूप देने के लिए बुलायी गयी बैठक में जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने व्यक्त किए। बैठक में फतेहगढ़ महोत्सव को शानदार बनाने पर गहन मंत्रण की गयी। महोत्सव समिति ने हर जातिए धर्म, संप्रदाय की सहभागिता करने के बारे में रणनीति तैयार की। कहा कि महोत्सव में जहां कवि सम्मेलन और मुशायरा होगा। वहीं किसानों और साहित्यकारों का सम्मान भी किया जाएगा।

शहर से सटे गांव अमेठी स्थित एक शीतगृह में हुई बैठक में तौकीर खां एडवोकेट ने कहा कि फतेहगढ़ महोत्सव सर्वसमाज का गैर राजनीतिक प्रयास है। राजा शम्सीने कहा कि फर्रुखाबाद की गंगा.जमुनी तहजीब को पहवान चढ़ाने के लिए मुशायरा और कवि सम्मेलन होगा। रिजवान ने बताया कि सर्वधर्म सम्मेलन विश्व बंधुत्व का पैगाम लेकर आएंगे।उन्होंने छात्रों के लिए अच्छी योजनाएं चलाने का सुझाव दिया। हाजी अल्लादीन और यूनुस अंसारी ने मजदूरों को सरकार की योजनाएं चलाने के लिए गोष्ठी करने की बात कही।

अध्यक्षता कर रहे महेंद्र सिंह कटियार ने कहा कि महोत्सव को प्रदेश स्तर तक बढ़ाकर एकता और बंधुत्व को और शक्ति देने की जरूरत है। रमेश द्विवेदीए नफीस हुसैन ने तीन दिन के बजाय एक सप्ताह का आयोजन करने की बात कही। उद्योगपति शाबिर हुसैन ने हस्तशिल्प जरदोजी समेत व्यापारिक मेला लगाने का सुझाव दिया। संजीव कटियार, सुधीर कुशवाह ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर हाजी वसीमुज्जमा, मुवीन सिद्दीकी, महेश अहिरवार, राहुल परमार, अवनीश यादव, राममुरारी शुक्ला आदि मौजूद रहे। संचालन राजीव बाजपेई, अनिल मिश्रा ने किया।

## आरक्षण की नवीन सूची आज-कल होगी जारी

**कानपुर देहात।** जनपद की ग्राम प्रधान, ग्राम पॅचायत, क्षेत्र पॅचायत व जिला पॅचायत सदस्यों की सूची 2 व तीन मार्च को जारी होगी। सीडीओ सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विगत 11 फरवरी से तैयार करवायी जा रही आरक्षण सूची के प्रकाशन की प्रतीक्षा शीघ्र ही समाप्त होने वाली है। कल मॅगलवार व वुधवार को बुप्रतीक्षित ग्राम प्रधान, ग्राम पॅचायत सदस्य, क्षेत्र पॅचायत सदस्य व जिला पॅचायत सदस्य के आरक्षण की सूची जारी की जायेगी। विगत 11 फरवरी से सीडीओ सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में सीटों के आरक्षण के सम्बन्ध में मैराथन बैठक की जा रही है। जिला पॅचायत राज अधिकारी ने बताया कि आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। सूचियों को ॲतिम रूप देने के साथ समयबद्ध तरीके से सूचियों को अर्नततिम प्रकाशन कल व परसों डीएम द्वारा नामित समिति के परीक्षण के बाद कराया जायेगा। आरक्षण की सूची के प्रकाशन की तिथि नजदीक आते ही कई दावेदारों की धडकनें बढना शुरू हो गयी है।

# रसूलाबाद क्षेत्र में ताबड़तोड़ हत्याओं से हड़कम्प





संवाददाता। कानपुर देहात

**रसूलाबाद** थाना क्षेत्र के दो अलग–अलग गॉवों में लगातार दो हत्याओं से हडकम्प मच गया। अवैध सम्बन्धों को लेकर दोनों हत्याओं के मामले प्रकाश में आये। सूचना पर पहुॅची पुलिस ने शवों को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

पहला मामला रसूलाबाद थाना क्षेत्र के नारखुर्द गॉव है। यहॉ रविवार की रात्रि को प्रेमप्रसॅग की रॅजिश में प्रेमी की लाठी डण्डों से पीट–पीटकर नृशॅस हत्या कर दी गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बदन सिंह राजपूत(45) पुत्र रज्जनलाल का गॉव की ही एक महिला से प्रेमप्रसॅग चल रहा था। रविवार की रात्रि को बदन अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। प्रेमिका के परिजनों को जब बदन के घर आने की जानकारी मिली तो सभी ने एक राय होकर उसे लाठी डण्डों से मारना पीटना शुरू कर दिया। मारपीट से आयी चोटों के चलते थोडी ही देर में बदन की मौत हो गयी। मौत की खबर से गॉव में हडकम्प मच गया। सूचना पर पहुॅची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है और मामले की जॉच पडताल शुरू कर दी है। एएसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि परिजनों की निशानदेही चार युवकों को हिरासत में ले पूॅछताॅछ की जा रही है। मृतक के परिजनों की शिकायत पर शीघ्र मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।



दूसरा हत्या का मामला रसूलाबाद थाना क्षेत्र के ही लक्ष्मणपुर गॉव का है। यहॉ प्रेमी युवक का शव अपनी प्रेमिका के गॉव के पास सूखे माइनर में पडा मिला प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मणपुर गॉव के निकट सूखे पडे बम्बे में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतक के परिजनों निवासी ग्राम मुलही ने बताया कि मुकेश कुमार (20) पुत्र रामस्वरूप मैनपुरी में नौकरी करता था। करीब 4 दिन पूर्व वह मैनपुरी से वापस घर आने की बात कहकर निकला था दो दिन बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफबताने लगा जिस पर मुलही गॉव के प्रधान अवधेश पाण्डेय के साथ खोजबीन शुरू की गयी सोमवार की सुबह सूखे पडे लक्ष्मणपुर रजबहे में एक शव पडा होने की जानकारी पर हम लोग मौके पर पहुॅचे तो शव मुकेश का पाया। परिजनों ने बताया कि हम लोग मूल रूप से मुलही गॉव के निवासी है मुकेश के शरीर में मिले चोटों के निशान के आधार पर उसकी हत्या कर शव सूखे रजबहे में फेंके जाने की बात प्रतीत हो रही है। मृतक की मॉ फूलकली ने बताया कि लक्ष्मणपुर गॉव की ही एक लडकी से मेरे पुत्र का प्रेमप्रसॅग था लडकी ने धोखे से उसे घर बुलवाकर उसकी हत्या करवा दी है। एएसपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिर्पोट के बाद ही हत्या की असली वजह मालूम हो सकेगी। प्रथम दृष्टया शरीर में चोटों के निशान मिलने से हत्या की आशॅका व्यक्त की जा रही है।

# बेटे ने पिता को लात–घूंसों व लाठी डंडे से पीट किया घायल

**कंपिल फर्रुखाबाद ।** कलियुगी बेटे ने पिता को मामूली बात पर लात घूंसों लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घायल पिता ने थाने पहुँचकर तहरीर दी है, पुलिस ने घायल को इलाज हेतु अस्पताल भेजा।

थाना क्षेत्र के गाँव जिजोटा बुजुर्ग निवासी शिव शंकर पुत्र जगदीश 50 वर्ष को कलयुगी बेटा सुदर्शन सिंह ने रविवार देर रात पिता को लात घूंसों व लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दियाए चीख पुकार कि आवाज सुनकर गाँव के ग्रामीण मौके पर पहुँचे। जैसे तैसे शिव शंकर को बचाया जा सका। सोमवार सुबह घायल पिता ने थाने पहुँचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने घायल को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज भेज दिया। पिता ने बताया कि बेटा रात को घर से अचानक कही घूमने जा रहा था। मना करने पर गाली गलौच करने लगा । जब विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। सुदर्शन आवारा किस्म का है। थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश ने बताया कि घटना कि जाँच कर कार्यवाही कि जायेगी।

## श्री राधा माधव की फूलों व लठमार होली

**फर्रुखाबाद।** नगर के प्रसिद्ध नेहा नर्सिंग होम लोहाई रोड पर श्री राधा माधव कीर्तन मंडल द्वारा फागुन मास वसंत ऋतु मैं ब्रज अवध कन्नौज क्षेत्र में अबीर गुलाल और फूलों की होली का रंग चढ़ा भगवान श्री कृष्ण और राधा के संग मदमस्त होली जालंधर की कलाकारों ने श्री कृष्ण ;राजेश श्री राधा रुप में ;संतोष ने ब्रज क्षेत्र की लठमार होली मे रंग बिरंगे फूलों से सभी भक्तों को सखियों के माध्यम से प्रेम रस की गंगा में गोते लगाते रहे।

# डिप्टी एसपी ने इंस्पेक्टर के साथ बैंकों में की जांच



संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

**बाजार** के दिन बैंकों व भीडभाड वाले इलाकों में डिप्टी एसपी व इंसपेक्टर ने सयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ जॉच पडताल की। बैंकों व भीड भाड वाले इलाकों में संदिग्ध रूप से खडे लोगों से पूॅछताॅछ करने मात्र से अराजकतत्वों में हडकम्प मच गया। कस्बे में सोमवार व गुरूवार को बाजार का दिन होता है। बाजार के दिन आम दिनों की अपेक्षा 50 गुना अधिक लोग गॉवों से रूरा आते है। बैंकों में अराजकतत्व सीधे सादे ग्रामीणों को उल्लू बनाकर टप्पेबाजी का शिकार बना ठगी करते है। कर्मठ व तेजतर्रार डिप्टी एसपी(प्रशिक्षु) समरजीत सिंह ने रूरा इंसपेक्टर वीरपाल सिंह तोमर के साथ बैंकों व भीडभाड वाले क्षेत्रों का पुलिस बल के साथ औचक निरीक्षण किया। अचानक हुये निरीक्षण से बैंकों के अन्दर व बाहर खडे लोगों में हडकम्प मच गया। अनहोनी आशॅका से ग्रसित लोगों को तब राहत मिली जब उन्हें मालूम हुआ कि पुलिस बल उनकी सुरक्षा व अप्रिय घटना से बचाने के लिये ही संदिग्धों से पूॅछताॅछ कर रही है। पुलिस की इस कार्यवाही से जहॉ अराजकतत्वों द्वारा ॲजाम देने वाली घटनाओं में विराम लगा वहीं अपराधी किस्म के लोगों ने बैंकों व भीडभाड वाले इलाकों से भागना ही उचित समझा। डिप्टी एसपी ने इॅसपेक्टर के साथ भारतीय स्टेट बैंक, बडौदा पूर्वी ग्रामीण बैंक, भटौली बाजार, रूरा मुख्य बाजार सहित अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों व भीडभाड वाले इलाकों का औचक निरीक्षण कर दुकानदारों व स्थानीय लोगों से संदिग्ध चरित्र व आचरण वाले लोगो की गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। पुलिस की कार्यप्रणाली से स्थानीय सहित मौजूद क्षेत्रीय लोगों में सुरक्षा के साथ संतुष्टि के भाव देखे गये।

## अशोक त्रिपाठी चुने गए भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव



**औरैया।** भारत विकास परिषद ब्रह्ममावर्त प्रान्त के कल रविवार को कानपुर के सरस्वती विद्द्या मन्दिर गोविंद नगर में कार्यकारणी का चुनाव सम्पन्न हुआ।जिसमें औरैया शाखा के अशोक त्रिपाठी को प्रांतीय महासचिव चुना गया। यह भी बताते चले कि वर्तमान में अशोक त्रिपाठी औरैया जिला के परिषद के जिलाध्यक्ष है। कानपुर में सम्पन्न हुए चुनाव में कानपुर के अमित अग्रवाल अध्यक्षएएव आर के गुप्ता कानपुर वित्त सचिव चुने गए। ब्रह्ममवर्त प्रान्त के वर्तमान अध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चुनाव बुंदेलखंड प्रान्त से डॉक्टर संजीव जैन झांसी द्वारा सम्पन्न कराये गए। ब्रह्ममवर्त प्रान्त में आठ जिलेए इटावाए औरैयाए कानपुर देहातए कानपुर नगरए कन्नौजए फर्रुखाबादए फतेहपुर एव उन्नाव आते है जिनमे भारत विकास परिषद की 43 शाखाएं समाज सेवा के कार्य कर रही है। इस मौके पर राष्ट्रीय मंत्री जुनेजाए शशि भूषण गुप्ताए रीजनल मंत्री राधे श्याम अग्रहरीए महासचिव मुन्नालाल वर्माए वित्त सचिव कन्हैयालाल जैन औरैया शाखा के अध्यक्ष स्वतन्त्र अग्रवालए सचिव सौरभ पुरवारए प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉक्टर रमेश शुक्ल एजितेंद्र तोमर आदि लोग उपस्थित रहे और सभी ने वर्ष 2021.22 की नव निर्वाचित कार्यकारणी को बधाई दी। इसके अलावा बैठक में उपस्थित प्रान्त की सभी शाखाओं के आये हुए पदाधिकारियों ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। शाखा अध्यक्ष स्वतन्त्र अग्रवाल ने अशोक त्रिपाठी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारे औरैया के लिए गौरव की बात है ।औरैया शाखा के समस्त सदस्यों ने भी अशोक त्रिपाठी को बधाई दी।

# इच्छाशक्ति के अभाव में अरबों की राजस्व भूमि से नहीं हट रहा कब्जा

- जमीन पर राजस्व विभाग की मिलीभगत से रातोंरात खड़ी हो गईं इमारतें
- पैमाइश के साथ मिशनरी भावना से अवैध निर्माण ढहाये जाने की आवश्यकता
- अरबों रूपये कीमत की है सरकारी जमीन

रविकान्त दुबे, कानपुर देहात



**अवैध** कब्जों के खिलाफ प्रदेश की योगी सरकार की जीरो टालरेंस की नीति पर स्थानीय नौकरशाही की अर्कमण्यता व भूमाफ्यिाओं से मिलीभगत से अरबों रूपये की कीमती सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से छुटकारा नहीं मिल सका है। जनपद के थाना, तहसील दिवस पर आने वाली अधिकॉश शिकायतें राजस्व सम्बन्धी ही होती है। इच्छाशक्ति के अभाव व स्थानीय नौकरशाही की अनदेखी से अवैध कब्जा हटाना दूभर होता जा रहा है। जमीनी स्तर पर मिशनरी भावना के साथ जमीन की पैमायश कर अवैध कब्जे हटाये जाने की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही है।

अरबों रूपये की सरकारी जमीन पर भूमाफ्यिा लगातार काबिज हो कर शासन की नीति को खुलेआम मुॅह चिढाते नजर आ रहे स्थानीय स्तर पर इच्छाशक्ति के अभाव में बेशकीमती जमीन पर नाममात्र के चढावे पर सरकारी जमीन हडपी जा चुकी है। अवैध कब्जों को हटाने के नाम पर प्रशासन खानापूरी कर अपना फोरम पूरा कर प्रदेश सरकार को गुमराह करता नजर आ रहा है। वर्तमान सरकार अपने कार्यकाल के ॲतिम वर्ष में प्रवेश करने जा रही है। विगत विस चुनाव से पूर्व अवैध कब्जों को हटाये जाने का चुनावी वादे पर प्रदेश सरकार तो गम्भीर दिखी कई मौके पर मुख्यमंत्री स्वयॅ नाराजगी जता चुके है। पर स्थानीय प्रशासन पर लगाम लगाने में सफलता नहीं मिल पा रही है। जनपद में कई तालाबों का असतित्व खतरे में है कुछ तालाबों का असतित्व तो पूर्णतय: समाप्त हो वहॉ गगनचुम्बी इमारतें खडी नजर आ रही है। स्थानीय राजस्व विभाग व भूमाफ्यिाओं के नापाक गठबन्धन ने बेशकीमती जमीन को उगाही के फलस्वरूप उपजे कौडियों के दाम पर अवैध कब्जा करवा दिया है। सरकारी जमीन के चिन्हीकरण के लिये भारी पैमाने पर पैमायश की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिससे सरकारी भूमि पर काबिज लोगों को बेशकीमती जमीन से हटाकर उस जमीन का उपयोग राजस्व बढाने के काम में लगाया जा सके। इस अतिरिक्त राजस्व से जहॉ आम आदमी को राहत मिलेगी वहीं प्रदेश सरकार की आमदनी में भी बढोत्तरी होगी। आमआदमी अपनी गाढी कमाई से वैधानिक तरीके से एक घर का सपना पाले दिन रात एक किये रहता है वहीं नौकरशाही व भूमाफ्यिाओं की मिलीभगत से सरकारी जमीनों पर नाममात्र के चढावे से भूमाफ्यिा दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर शासन की नीतियों को मुॅह चिढाते नजर आ रहे है।

## समाधान दिवस में सबसे ज्यादा आती है राजस्व सम्बन्धी शिकायतें

**कानपुर देहात।** तहसील व थाने पर आयोजित किये जाने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों में सबसे ज्यादा अवैध कब्जों की ही शिकायतें आती है। परन्तु स्थानीय राजनैतिक घालमेल व भ्रष्ट नौकरशाही के नापाक गठजोड से कभी इन शिकायतों का निस्तारण नहीं किया जाता है। फरियादी थाना, तहसील व उच्चाधिकारियों के यहॉ चक्कर लगा–लगाकर थक हार जाता है। हलॉकि जिलास्तरीय प्रशासन ने कुछ मौकों पर अवैध कब्जों को हटाने के लिये काम किया परन्तु यह काम समुद्र में एक बूॅद निकालने जैसा ही था। जनपद में बडे पैमाने पर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे है, जिनके खिलाफअगर कोई आवाज उठाता है तो उसे ही जमींदोज करने का प्रयास किया जाता है आम जनता को योगी सरकार से अवैध कब्जों के खिलाफपहले भी कारगार कार्यवाही की उम्मीद थी और आज भी आमजनता का विश्वास प्रदेश की सरकार पर कायम है अगर शासन स्थानीय प्रशासन पर अवैध कब्जों के खिलाफसख्त जमीनी कार्यवाही के आदेश की मानीरिटंग किसी निष्पक्ष सॅस्था से करवाये तो हालात बदलने में देर नहीं लगेगी।

## गोल्डेन कार्ड नि:शुल्क वितरित किये जायेंगे

**कानपुर देहात।** आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से आच्छादित गोल्डेन कार्ड विहीन परिवारों में गोल्डेन कार्ड (आयुष्मान कार्ड) उपलब्ध कराये जाने हेतु ''आयुष्मान पखवाड़ा'' दिनांक 10 मार्च, 2021 से 24 मार्च, 2021 तक आयोजित किया जायेगा।

# व्यापारियों ने ली शपथ, बनवाएंगे सपा की सरकार




संवाददाता। फर्रुखाबाद

**आसन्न** पंचायत चुनाव एंव विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर सभी राजनैतिक पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करने के लिए समाजवादी पार्टी व्यापार सभा ने जिला इकाई की घोषणा की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे प्रदेश महासचिव अभिमन्यु गुप्ता व संचालन जिला महासचिव मन्दीप यादव ने किया। अध्यक्षता व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने की।

मुख्य अतिथि सपा व्यापार सभा के प्रदेश महासचिव अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में व्यापारियों का उत्पीड़न चरम पर हैए हर तरफ लूटखसोट व व्यापारियों के साथ आए दिन घटनाएं घटित हो रही हैं। अधिकारी वर्ग भी व्यापारियों का जमकर उत्पीड़न कर रहा है। जीएसटी की विसंगतियों को लेकर पूरे प्रदेश का व्यापारी पहले ही परेशान है। 900 संशोधनों ने साबित कर दिया है कि जीएसटी फेल कानून है। ऊपर से नित नये कानून बनाकर नई मुसीबत खड़ी कर दी जाती है जिससे उसका व्यापार चैपट हो चुका है। पहले नोटबन्दीए फिर जीएसटी और फिर अनियंत्रित लाकडाउन ने व्यापारियों को खून के आंसू रोने के लिए मजबूर कर दिया है । किसान बिल के द्वारा भाजपा छोटे व्यापारियों व आढ़तियों को खलनायक साबित करना चाहती है। व्यापारी किसान नौजवान आम जनता हर एक व्यक्ति परेशानी के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर है। 2022 के चुनावों में प्रदेश का व्यापारी इस सरकार को बदलने का काम करेगा और अखिलेश यादव को पुन: मुख्यमंत्री बनाएगा। कहा कि हर बाजार में व्यापारी चैपाल लगाकर व्यपारियों को जागरूक करने का कार्य व्यापारसभा निरंतर करती रहेगी। अभिमन्यु ने कहा कि लगातार हर विधानसभा में व्यापारी चैपाल लगाकर भाजपा के झूठ व धोखे को उजागर किया जाएगा। हर विधनासभा से 1000 व्यापारी जोड़े जाएंगे। किसी भी व्यापारी की कोई भी समस्या हो तो वह व्यापारसभा को बता सकता हैए उसका हल करवाने का प्रयास किया जाएगा।जिला अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि व्यापार सभा किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने देगी। हर अन्याय का जमकर विरोध किया जाएगा। जिला महासचिव रोमित सक्सेना ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने.अपने क्षेत्रों में किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न होने पर है उसके साथ खड़े दिखेंगे और उत्पीड़न का डट कर विरोध करेंगे।

प्रदेश महासचिव व्यापार सभा अभिमन्यु गुप्ता,जिला महासचिव मन्दीप यादव,जिला अध्यक्ष व्यापार सभा पंकज गुप्ता,महासचिव रोमित सक्सेना,विवेक यादव द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर रोहित सोमवंशी,समृद्ध गुप्ता,सौरभ गुप्ता,गुरदीप कटियार,शैलेन्द्र सिंह,सनी यादव उपाध्यक्ष,प्रद्युम्न शर्मा कोषाध्यक्ष,आयुष सक्सेना विधनासभा अध्यक्ष सदर,श्रवण कुमार अध्यक्ष कायमगंज,आशू गुप्ता अमृतपुर अध्यक्ष,तारिक फारूकी कमालगंज अध्यक्ष बने।

# चार गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस को पंचायत चुनाव से पूर्व अबैध तमंचा फैक्ट्री पकड़ने में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस नें भारी मात्रा में तमंचे आदि के साथ उनको बनानें के उपकरण भी बरामद हुये है। मामले में पुलिस नें कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। स्वाट टीम प्रभारी जेपी शर्मा के साथ ही थानाध्यक्ष कंपिल जयप्रकाश यादव के साथ प्रभारी थानाध्यक्ष संतोषकुमार, थानाध्यक्ष शमसाबाद आरके रावत नें नें सिरसा विद्यालय के निकट दविश दी। जिसमे उन्हें अबैध तमंचा फैक्ट्री चलती मिली। मौके से पुलिस नें टिंकू कुमार शर्मा पुत्र रामपाल निवासी सिरसा कंपिल, इसी गाँव का निवासी मोनू शर्मा पुत्र सतीश वर्मा, श्याम शंकर उर्फ नन्हे लाल निवासी बिल्सडी, राजेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासीथाना नया गाँव पटियाली कासगंज को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा नें बताया कि आरोपी पंचायत चुनाव में बिक्री के लिए भारी मात्रा में तमंचे बना रहे थे। पुलिस नें चारों आरोपियों को दबिश देकर गिरफ्तार कर दिया। उनके पास आठ तमंचे 12 बोर, 21 तमंचा 315 बोर, 21 अर्धनिर्मित तमंचे के साथ ही तमंचा बनानें के उपकरण बरामद किये है।

# दबंग ने किसानों के साथ एग्रीमेंट कर की धोखाधड़ी



संवाददाता। बांदा

उत्तर प्रदेश के बांदा में चित्रकूट धाम मंडल के मुख्यालय मैं गांव के एक दबंग ने यह एग्रीमेंट किसानों से अपने नाम करवाया और किसानों को कोई भी पैसा नहीं दिया मरौली के खंड 3 में पट्टा धारक ने रास्ता निकासी के लिए सरकार को भ्रम में रखकर उपजाऊ जमीन को अनूप जाओ जमीन दिखाकर रास्ता निकालने के लिए अग्रीमेंट कराया है यह अग्रीमेंट किसान और संचालक के बीच नही हुआ है जो की गलत है यह अग्रीमेंट किसान से दबंग ने कराया है और किसानों को हक़ नही दिया किसानों का एग्रीमेंट का पैसा गांव के एक दबंग ने प्रति गाड़ी 15 सो रुपए तय किया है और यह वह खुद ले रहा है जबकि किसानों की जमीनों का मुआवजा उन्हें नहीं मिल रहा है अनपढ़ किसानों को धोखे में रखकर यह काला कारनामा खदान संचालकों और दलालों ने मिलकर किया है किसानों मुआवजा नहीं दिया गया इसके के बावजूद जब किसानों ने मुआवजे की रकम मांगी तो किसानों को तरह तरह से धमकाया जा रहा है और किसानों की मर्जी के विरुद्ध उनकी जमीनों से ट्रकों की निकासी की जा रही सरकार की गाइड लाइन के अनुसार 75 फ़ीसदी काम स्थानीय मजदूरों को दिया जाना चाहिए जबकि ऐसा खदानों से नहीं किया जा रहा है ज्यादा से ज्यादा पट्टा धारकों द्वारा भारी भरकम दर्जनों पोकलैंड मशीनें लगाकर एनजीटी के नियमावली का सत्यानाश कर दिया है जलीय जीव जंतु बराबर नष्ट हो रहे हैं जलकुंभी मछलियां मेंढक सीप

## समझौते के तहत नहीं किया गया कोई भुगतान, मुआवजे का कृषक कर रहे बेसब्री से इंतजार

कछुआ आदि भारी भरकम पोकलैंड ओं से 4040 फीट नीचे खुदाई करने की वजह से नदियों का स्वरूप बिगड़ गया है पानी सहित ट्रकों में लोड हो रही बालू इस बात का तो तक है की बालू कारोबारी किसी भी कीमत पर खनिज नियमावली को मानने को तैयार नहीं है वह वही करता है जिसमें उसका फायदा होता है चाहे एनजीटी के नियमावली की धज्जियां उड़ाते हुए पूरे खंड में केन नदी की तलहटी में तालाब बना दिया है जिसकी गहराई 40 फीट से कम नहीं इस समय वर्तमान विजुअल इस बात की तस्दीक करते हैं कि 4040 फीट नीचे खोदकर ऊपर साइड से भारी भरकम डैम के रूप में बालू की दीवाले बना दी गई है एक तरफ सरकार किसानों की आय दुगनी करने की बात कह रही है वहीं पर बालू कारोबारी सरकार की मंशा पर पलीता लगाते हुए उपजाऊ जमीन को उपजाऊ जमीन बताकर एग्रीमेंट फर्जी तरीके से धोखे में कराते हैं और उनको धन भी उपलब्ध नहीं कराते हैं इससे यह स्पष्ट होता है कि किसान परेशान दर.दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर हो रहा है इस बुंदेलखंड में ऐसी किसानों की जो भी थोड़ा बहुत आई थी जिसमें बच्चों का पेट पाल सकता था वह भी खत्म हो गई।इस समय वर्तमान में पूरे देश में किसानों का मुद्दा छाया हुआ है अंतर यह है कि जो दिल्ली को घेरे हुए हैं किसान वह 3 अध्यादेश जो नए कानून आए हैं उनको भी ड्रा कराने की बात कर रहे हैं यहां पर दूसरा ही मामला है बुंदेलखंड के चित्रकूट धाम मंडल मुख्यालय बांदा में मरौली ग्राम में खनन माफिआओं ने अनपढ़ सीधे.साधे किसानों को धोखे में रखकर लगभग डेढ़ सौ बीघा उपजाऊ जमीन छीन ली है अर्थात उसको 5 साल के लिए बंधक बनवा लिया है जबरन इकरार बे करवा लिया गया है अब किसान परेशान है। बुंदेलखंड के बांदा में वैसे भी किसान सरकारी कर्ज भुखमरी गरीबी फसल की उपज का कम मिलना पानी की बारिश पानी पलेवा और सिंचाई हेतु ना मिल पाना इसके चलते सैकड़ों किसान अब तक इस बांदा में आत्महत्या कर चुके हैं अब ऐसा लगता है बुंदेलखंड के बांदा में मरौली गांव जो केन नदी के तलहटी पर बसा हुआ है जहां पर खनिज विभाग ने खनन के 7 खंड में पट्टे कर रखें है अब ऐसा लग रहा है वर्तमान स्थिति एवं को देखते हुए सामूहिक रूप से कोई बड़ी दुर्घटना ना हो जाए इस पर जिला प्रशासन शासन को जरूर ध्यान देना चाहिए एन जी टी नियमावली के तहत 3मीटर से ज्यादा खनन नही किया जा सकता यदि ज्यादा खनन पट्टे धारक द्वारा किया गया है तो उसे करोड़ो रूपये का जुर्माना भरना होगा और रोलर द्वारा बराबर करके देना होगा इस खण्ड3 मरौली में पोकलैंड द्वारा 40 मीटर खोद कर तालाब बना दिया है बालू के बड़े.2पहाड़ की तरह बालू का ढेर लगा दिया है सैकड़ो किसान परेशान है इस बात को लेकर की उनकी जमीन 5 वर्ष के लिए इकरार व्य करा लिया है।



## धोखा नहीं होने देंगे: डीएम

**बांदा।** जिला अधिकारी बांदा आनंद कुमार सिंह ने इस किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने के आदेश जारी किए हैं और यह भी कहा है कि इससे टीम गठित करके विधिवत जांच कराई जाएगी इसमें जो भी व्यक्तियों द्वारा किसानों के साथ धोखाधड़ी की गई है उनके खिलाफ समुचित धाराओं में मुकदमा कायम किया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी तथा एनजीटी के नियमों की अनदेखी को काफी शक्ति से जिलाधिकारी बांदा ने लिया और उन्होंने इस पर समुचित धाराओं में जांच कराकर ऐक्शन लेने की बात कही जिलाधिकारी बांदा ने माना कि बुंदेलखंड के बांदा में किसान वैसे ही परेशान हैं और जहां प्रधानमंत्री किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रहे हैं उसको हम इंप्लीमेंट करेंगे और किसानों के साथ किसी भी हाल में धोखा नहीं होने देंगे बालू कारोबारियों को भी एनजीटी के नियम और खनिज अधिनियम के नियम के अंतर्गत ही काम करने की दिशा निर्देश जारी किए गए हैं यदि यह इससे अलग जाते हैं तो इनको दंड का भागी बनना ही पड़ेगा इस से कोई बचा नहीं सकता।

# छात्र ने सात साल की बच्ची से किया दुष्कर्म

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में 12वीं कक्षा के एक छात्र ने सात साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना अंजाम दी है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव में 12वीं कक्षा के छात्र ने शनिवार को सात साल की बच्ची से दुष्कर्म किया है। परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी को पकड़ लिया गया है। घटना के समय बच्ची ताऊ के घर से अपने घर लौट रही थी। तभी छात्र बहला-फुसलाकर उसे अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी के कब्जे से छूटने के बाद बच्ची ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। बच्ची को मेडिकल परीक्षण को भेजा गया है। आरोपी को किशोर न्यायालय में पेश किया गया है।

# सीबीआई ने 10 और पीड़ितों के लिए बयान, मिले अहम सुबूत

संवाददाता। बांदा

**सीबीआइ** ने यौन शोषण मामले में निलंबित अवर अभियंता रामभवन के शिकार बने 10 और पीड़ितों के बयान लिए हैं जबकि 25 के बयान कोर्ट में दर्ज कराए हैं। इस तरह अब तक 35 पीड़ितों की पहचान हो चुकी है। इनके बयानों से मिले अहम सुबूतों के आधार पर जल्द ही रामभवन के नेटवर्क से जुड़े कुछ और आरोपितों की गिरफ्तारी होगी। पीड़ितों के बयान चार्जशीट में जोड़कर केस को और मजबूत किया जाएगा।

निलंबित अवर अभियंता के घिनौने कृत्यों के सुबूत जुटाने के लिए सीबीआइ पीड़ितों को खोज रही। करीब 12 वर्ष पुराने वीडियो और फोटो के आधार पर बांदा और चित्रकूट समेत आसपास जिलों के पीड़ितों की पहचान की है। सीबीआइ के प्रवक्ता आरसी जोशी ने बताया कि 10 और पीड़ित बच्चों को ढूंढकर उनके बयान लिए गए हैं। जल्द ही इन्हें कोर्ट में पेशकर जज के सामने बयान दर्ज कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली से गिरफ्तार तीसरे आरोपित को बाल यौन शोषण सामग्री बेचने और पैसा कमाने के लिए डार्कवेब का इस्तेमाल करने के आरोप में पकड़ा गया था। उल्लेखनीय है कि बच्चों के यौन शोषण के मामले में चित्रकूट में तैनात रहे सिंचाई विभाग के अवर अभियंता रामभवन को 16 नवंबर को बांदा से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उसकी पत??नी भी सह आरोपित के तौर पर गिरफ्तार की गई थी। दोनों बांदा जेल में बंद हैं।

सीबीआइ के प्रवक्ता ने बताया कि रामभवन के ईमेल की जांच से देश व विदेश के कई लोगों के संपर्क पता चले हैं। पीड़ितों में चार से 22 साल तक की उम्र के बच्चे हैं। इनमें पांच से 16 वर्ष वाले ज्यादा शिकार बने। पीड़ितों में करीब 50 नाम की सूची बन चुकी है। धीरे.धीरे सबकी पहचान हो रही है।

# पाक्सो एक्ट के आरोपी को हुई चार साल की सजा

**चित्रकूट।** विशेष न्यायालय पाक्सो एक्ट अपर सत्र न्यायाधीश संजय के लाल ने आरोपी पंजाबी उर्फ श्रीकेशन पुत्र जीवनलाल निवासी सरधुआ थाना राजापुर को चार वर्ष के कारावास एवं दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है। ज्ञात है कि नौ अप्रैल 2018 को पंजाबी उर्फ श्रीकेशन ने पड़ोसी की नाबालिग पुत्री के साथ बुरी नीयत से छेडछाड़ की थी। मामले की रिपोर्ट परिजनों ने थाना राजापुर में दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर राजापुर पुलिस ने गवाहों को समय से अदालत में पेश कराया। अभियोजन अधिकारी घनश्याम दास व लोक अभियोजक तेज प्रताप ने प्रभावी बहस की। विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को चार वर्ष के कारावास और दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है। मुकदमे की प्रभावी पैरवी कोतवाली कर्वी में तैनात दरोगा आनन्द कुमार मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किया था।

# दो घरों से लाखों की चोरी, पुलिस मौन

**राठ (हमीरपुर)** कस्बे में चोरी की घटनाएं थम नहीं रहीं हैं। बीती रात चोरों ने एक घर में घुसकर हजारों की नकदी और लाखों के जेबरात चोरी कर ले गए। परिजनों ने सुबह जब कमरे में सामान फैला देखा तो हड़कंप मच गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई। बुधौलियाना मोहल्ले में अरविंद राजपूत अपने परिवार के साथ रहता है। अरविंद ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात वह अपने घर के बगल वाले दूसरे घर में लगी चक्की चला रहा था। रात करीब दो बजे अज्ञात चोर उसके मकान में घुस गए। चोरों ने अलमारी में रखे करीब चालीस हजार रूपये नकद, 1 किलो चांदी, 70 ग्राम सोना, 20 ग्राम सोने की झुमकी, चार अंगूठी, 18 ग्राम का हार, सोने की जंजीर, बेसर, चांदी की पायलें, चांदी की हाफ्नेटी समेत करीब चार लाख सोने के जेबरात चोरी कर ले गए। चोरी की यह वारदात पड़ोसियों के सीसीटीवी कैमरों में चोरों के आते जाते देखी गई।

# गरीबों के लिए वरदान साबित होगा सीटी स्कैन सेंटर: पटेल



संवाददाता। चित्रकूट

**जिले** में लम्बे अरसे से चिकित्सा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने वाले डा0सुधीर अग्रवाल ने श्रुति डायग्नोस्टिक सेंटर में सीटी स्नैक यूनिट की स्थापना की है। सोमवार को विधिवत पूजन अर्चन के बाद बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, दीन दयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे द्वारा संयुक्त रूप से सीटी स्कैन यनिट का शुभारंभ किया गया। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने डा0सुधीर अग्रवाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि चित्रकूट अन्यंत पिछडा जिला है।केंद और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ है। वहीं श्रुति डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक डा सुधीर अग्रवाल द्वारा प्राइवेट सेक्टर में पहले सिटी स्कैन सेंटर स्थापति करके बडा ही सराहनीय कार्य किया है। इस सेवा के शुरू होने से अब जिले के गरीब मरीजों को सिटी स्कैन के लिए प्रयागराज और सतना आदि महानगर जाने की जरूरत नही पडेगी। वहीं दीन दयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने डा0सुधीर अग्रवाल की गुणवत्तापरक सेवाओं के लिए बधाई देते हुए कहा कि सीटी स्कैन यूनिट के शुरू होने से लोगों को खासी राहत मिलेगी। दुर्घटनाओ आदि के शिकार होने वाले लोगों की जान बचाने में यह सेंटर वरदान साबित होगा।इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि चित्रकूट निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। श्रुति डायग्नोस्टिक सेंटर पहले से ही जनपद वासियों को बेहतर सुधिाएं उपलब्ध करा रहा है। सिटी स्कैन यूनिट की शुरूआत क्षेत्रवासियों के लिए वरदान साबित होगी।

# ग्यारह माह बाद खुले कक्षा एक से पांच तक के विद्यालय

**कोंच (जालौन)।** वैश्विक महामारी कोरोना के प्रकोप के चलते बीते बर्ष 2020 के मार्च माह के आखिरी कुछ दिनों से सरकार के निर्देश पर बंद चल रहे कक्षा 1 से लेकर 5 तक के सरकारी व निजी स्कूल 1 मार्च से खुल गये हैं।करीब 11 माह बाद स्कूल खुलने पर बच्चों में भी एक उत्साह का माहौल देखा गया और पहले दिन पाठ्यक्रम लेकर स्कूल पहुंचे बच्चों का स्वागत किया गया। स्कूलों को भी गुब्बारों आदि से सजाया गया और सेनेटाइजर व मास्क की व्यवस्था के साथ ही बच्चों को दो गज की दूरी पर कक्षाओं में बैठाया गया। हालांकि पहले दिन निजी स्कूलों के वाहन न चलने से स्कूलों में बच्चों की संख्या बेहद कम रही और जितने बच्चे स्कूल पहुंचे वह अपने दोस्तों के साथ मिलकर प्रसन्न नजर आये। स्कूलों में पहले दिन मध्यान्ह भोजन कर बच्चों ने तमाम खेल खेले।

# पालिका व पंचायत ने रैली निकाल संचारी रोगों से बचाव के लिये किया जागरूक

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**पालिका** एवं नगर पंचायत समधन द्वारा संचारी रोग अभियान के अंतर्गत एक विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष धीरेंद्र आर्य व नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि मुस्ताक अहमद भुट्टो एवं अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को नगर भ्रमण हेतु रवाना किया गया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताए। सोमवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद में पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र आर्य एवं समधन नगर पंचायत में चेयरमैन प्रतिनिधि मुस्ताक अहमद भुट्टो ने अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह के साथ विशाल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान संचारी रोगों को फैलने से रोकने के उपाय नागरिकों को बताते हुए कहा



कि अपने घरों का पानी हमेशा ढक कर रखें जिससे कि पानी में मच्छर न पनप पाए। कबाड़े के टूटे-फूटे बर्तन के आसपास पानी को एकत्र ना होने दें। रात्रि में सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। अनावश्यक दबाओं का सेवन ना करें आदि उपायों का इस्तेमाल करने पर संचारी रोग से संबंधित बीमारियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही साथ मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण योजना में रैली निकालकर महिलाओं में जागरूकता फैलाई गई और जागरूक करने हेतु कई प्रकार के हेल्पलाइन नंबर को भी अवगत कराया गया तदुपरांत पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि पीएम स्व निधि योजना के अंतर्गत दस हजार रुपये के ऋण हेतु कैंप का आयोजन किया गया जिसमें जिन लाभार्थियों ने अपने आवेदन ऑनलाइन किए हैं।

# ग्रामीणाचंल में दम तोड़ रही मनरेगा योजना

- मजदूर पलायन की तैयारी में
- अनेकों मजदूर काम करने के बाद भुगतान न मिलने से निराश
- ज्यादातर गांवों में सात माह से बंद चल रहा काम

संवाददाता। कदौरा (जालौन)

**मजदूरों** की मनरेगा में काम की आस टूट रही है इनका आरोप है कि 7 माह से मनरेगा के कार्य बन्द है किए गए कार्य की अभी तक मजदूरी नहीं मिली। मांगने पर आश्वासन देकर टरका दिया जाता है इससे चूल्हा जलना मुश्किल होने लगा है मजदूरी की तलाश में गांव छोड़ कर अन्य प्रदेशों में जाने के लिए मजबूर है।

मनरेगा योजना अपने मंसूबों पर खरी नही उतर रही है केंद्र व राज्य सरकार ने आदेश दिया था कि मजदूरों को गांव में रोजगार उपलब्ध हो। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता की वजह से मनरेगा के कार्य अधिकतर ग्राम पंचायतों में बन्द है मजबूरी में ग्रामीणो को कामकाज के लिए अन्य प्रदेशों की ओर निकलना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्राम बड़ागाँव के हरिचरण, रज्जी देवी, लल्लू सिंह, ज्ञानवती, विशम्भर, रामदेवी, इदिया देवी, रामस्वरूप, रमेश, देशराज, भूरी रुस्तम ने बताया कि हम लोगो ने जुलाई सितंबर 2020 में वृक्षारोपण व जल रोक बांध में काम किया था जिसकी मजदूरी अभी तक नहीं मिली कई बार गांव के सचिव, रोजगार सेवक व ब्लॉक अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन मजदूरी नही मिली। काम न मिलने की वजह से चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है इस सम्बंध में बीडीओ अतिरंजन सिंह ने कहा कि इस तरह का मामला संज्ञान में नही है अगर ऐसा है तो इसकी जांच की जाएगी कि काम क्यों नहीं हो रहा है जबकि मनरेगा में काम करने के लिए टोल फ्री नम्बर जारी है।

## मनरेगा में काम न मिलने पर क्या हैं मजदूर

**कदौरा।** गांव के हरिचरण कहते है कि काम न मिलने की वजह से गांव के सैकड़ो लोग रोजगार की तलाश में अन्य प्रदेशों व भट्ठो में चले गए है और जा भी रहे है। गांव में ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी नही आते है हम लोगो को अपनी समस्या के समाधान के लिए तहसील व ब्लॉक के चक्कर लगाना पड़ता है। गांव की रज्जी देवी कहती है कि गांव में रोजगार न होने के कारण का मुख्य कारण पिछड़ापन है। जॉबकार्ड हो या राशन कार्ड ब्लॉक या तहसील के चक्कर लगाने के बाद ही पूर्ण होते है मजदूरी के बदले में सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। लल्लू सिंह ने बताया कि कोरोना के समय वो सूरत से लौट कर आया था कुछ एक दो माह तो मनरेगा में काम मिला उसके बाद बन्द हो गया इसलिए वह अब परिवार के साथ वापिस सूरत जाएगा ताकि जीवन यापन हो सके।

## ग्रामीणांचल में मनरेगा योजना तोड़ रही दम

**कदौरा।** अधिकारियों के मुताबिक ब्लॉक क्षेत्र के 71 ग्राम पंचायत है कागजों में 65 ग्राम पंचायतों में कार्य हो रहे है जबकि 6 में कार्य बन्द है। वही बड़ागाँव उकुरुवा, पथरेहटा, भेड़ी खुर्द, चतेला, बसरेही, चन्दरसी मरगांया, डाले का पुरवा हेमनपुरा, बबीना सहित आधा सैकड़ा से अधिक गांव में मनरेगा के कार्य पूरी तरफठप है ग्रामीण रोजगार की तलाश में अन्य प्रदेशों व भट्टों में जा रहे है ।

# ई-रिक्शा के पलटने से आशा बहू की मृत्यु सात घंटे रोड रहा जाम

संवाददाता। हमीरपुर

**कुरारा** क्षेत्र मे आज लोहे के दरवाजे लेकर जा रहा ई-रिक्शा पलट जाने से आशा कार्यकत्री की दबकर मौत हो गई बैठक में आयी आशा बहू कार्यकत्रियों ने रोड जाम कर दिया सात घंटे बाद पुलिस ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया पुलिस के अनुसार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरारा में संचारी रोग अभियान के तहत क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियों की मीटिंग बुलाई गई थी इसमें लगभग 40 कार्यकत्रियों भाग लेने आई थी मीटिंग के समापन के बाद दोपहर क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी आशा कार्यकत्री रानी 48 वर्ष पत्नी रामशरण सविता अपनी साथी कार्यकत्री ममता व अनुसूया के साथ अस्पताल से पैदल बस स्टैंड की तरफ जा रही थी जैसे ही यह तीनों थाने के आगे पहुंची तभी सामने से आ रहा ई-रिक्शा जो कि लोहे के दरवाजे लाद कर ला रहा था इसके पास आकर पलट गया तथा लोहे का दरवाजा आशा कार्यकत्री की सिर में गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना की जानकारी होने पर थाना पुलिस ने मौके पर जाकर रिक्शा व उसके चालक को पकड़कर थाने ले गई वहीं मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने रिक्शा चालक वीर बहादुर पुत्र फूल सिंह निषाद निवासी लल्ली का डेरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है वहीं शव को सीएचसी में रखकर आशा कार्यकत्रियों ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की आशा कार्यकत्रियो द्वारा रोड जाम कर देने से अफरा तफरी मच गयी एसडीएम व सीओ मौके पर जाकर कार्यकत्रियो को समझाया बुझाया तब कही सात घंटे बाद जाम हट सका।

## महिला घायल

**कुरारा।** कस्बे के मनकी तिराहे के पास बस से उतर कर मनकी गाँव को जाते समय सड़क में बोलोरो ने महिला को टक्कर मार कर घायल कर दिया।

# अनशन समाप्त करने वाली युवती को चार लोगों ने पीटा

**बांदा।** जमीन के विवाद को लेकर साढ़े तीन माह अनशन करने के बाद युवती फसल काटने गई तो पारिवारिक चार लोगों ने हंसिया व लाठी से हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमुनीपुर निवासी अजीज अहमद की 24 वर्षीय पत्नी जरीना ने पारिवार से चल रहे पौने तीन बीघा जमीन के विवाद को लेकर कई माह अशोक लाट के नीचे अनशन किया था। पीड़िता ने बताया कि प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने जमीन दिलाने का आश्वासन देकर 9 फरवरी को उनका अनशन तुड़वाया था। शाम को वह अपनी उसी जमीन में लगी चने की फसल काटने गई थी। जहां करीब छह लोगों ने आकर उसे गाली.गलौज करना शुरू कर दिया था। उसने डायल 112 को मामले की सूचना दी थी। पुलिस के आने पर आरोपित भाग गए थे। बाद में जब पुलिस वापस लौटी तो हंसिया लाठी से लैस चार लोगों ने आकर उसके ऊपर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई है। पुलिस ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर घायल पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराया है। कोतवाली निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की जांचकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## पहली पत्नी के स्वजन ने हमला कर किया घायल

**बांदा।** नरैनी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी 30 वर्षीय तौफीक शाम को अपने मामा मुन्ना के घर ग्राम जमवारा से बाइक पर वापस कस्बे जा रहा था। रास्ते में दो युवक ने लाठी से हमला कर उसे घायल कर दिया। जिला अस्पताल में भर्ती घायल ने बताया कि उसके ननिहाल में ही पहली पत्नी रहती है। जिससे तलाक का पिछले वर्ष 2020 में समझौता हो चुका है। दोनों बेटियों को कुछ दिनों पहले उसने अपने पास बुला लिया था। पहली पत्नी और उसने अपनी.अपनी दूसरी शादी कर ली है।

# सामने साइकिल आने पर बाइक चालक की मृत्यु

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के लालापुर में असावर देवी माता के मेला देखने भाई-बहन साइकिल से जा रहे थे। सामने से आ रही मोटरबाइक से टकराने पर बाइक सवार की मृत्यु हो गई। ये हादसा सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे हुआ। बताया गया कि कोतवाली कर्वी के चर गांव का कृषक इंटर कालेज का छात्र सत्यनारायण (15) पुत्र उदित अपनी छोटी बहन मनीषा को साइकिल से लेकर लालापुर मेला जा रहा था। सामने से बाइक सवार देवकुमार पुत्र माताबदल निवासी बराछी अपने माता-पिता को लेकर कर्वी आ रहा था। अचानक साइकिल सवार सत्यनारायण के सामने आने पर बाइक बेकाबू होकर गिर गई। इससे सत्यनारायण व देवकुमार गम्भीर रुप से घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर रैपुरा पुलिस ने एम्बुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने देवकुमार निवासी बराछी को मृत घोषित कर दिया।

# गडासे से हमला बोल पत्नी को किया लहूलुहान

**सुमेरपुर( हमीरपुर )** कस्बा सुमेरपुर के नई बस्ती में पति के साथ परदेश जाने से मना करने पर पति ने उसके ऊपर गडासे कई वार करके उसे लहूलुहान कर दिया और भाग खड़ा हुआ, पुलिस ने मौके से गडासा बरामद कर लिया है, घायल महिला को प्राथमिक चिकित्सा के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है, पुलिस के मुताबिक नयी बस्ती मोहाल निवासी महेश प्रजापति कई सालों से परदेश में रह रहा हैं,पत्नी के पास भी नहीं आया, तो पत्नी नाराज थी अभी हाल में वह घर आकर पत्नी को साथ चलने के लिए कह रहा था तो पत्नी ने जाने से मना कर दिया, गुस्साए पति ने सोमवार को सुवह जब वह घर की साफ सफाई कर रही थी उस समय पत्नी के शरीर में गडासे कई वार कर दिए तो वह खून से लथपथ होकर चिल्लाने लगी, पड़ोसी दौड़ कर आए तो वह भाग खड़ा हुआ, पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गडासा बरामद कर लिया किन्तु आरोपी पकड़ में नहीं आ सका, पुलिस ने महिला को एंबुलेंस की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर भेजा वहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया है, महिला के दोनों हांथों में घाव है, थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि पति ने पत्नी के साथ मारपीट की है, पीड़िता के भाई थाना ललपुरा केगांव मोराकांदर निवासी जगदीश पुत्र भैयालाल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## ट्रक के राड से टकराकर बाइक सवार की मृत्यु

**सुमेरपुर( हमीरपुर )** सुमेरपुर क्षेत्र में आज दोपहर खड़े ट्रक को ठीक कर रहे बाइक सवार राड से टकरा कर सड़क पर गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। ट्रक चालक को गंभीर हालत में सीएचसी सुमेरपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार थाना ललपुरा क्षेत्र के ग्राम सहुरापुर निवासी रणधीर सिंह (50) बाइक से हमीरपुर की ओर जा रहा था तभी कुंड़ौरा के पास खड़े ट्रक का टायर ड्राइवर और खलासी राड से खोल रहे थे, बाइक सवार असंतुलित होकर टायर लीवर से टकरा कर सड़क पर गिर गया तो गंभीर चोट के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई, वहीं राड लग जाने से ट्रक ड्राईवर भी घायल हो गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्राईवर को अस्पताल भेजकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# तीन दारोगा व दो पुलिस कर्मियों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)** पुलिस द्वारा बीएसएफ जवान के साथ मारपीट करने के मामले की रिपोर्ट कोर्ट के आदेश से पुलिस तीन दारोगा व दो पुलिस कर्मियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक 26 सितम्बर 2020 को पुलिस ने मोहम्मद शाहिद फौजी को थाने में बंद कर मारापीट कर थाने में बंद कर दिया था, इसके बाद जब मौदहा थाने के दारोगा गुलाब सिंह, देवीदीन, जुवेर खान व सिपाही अमित सिंह एवं राहुल मोहम्मद शाहिद को कोर्ट लिये जा रहे थे तो उसे इतना पीटा कि वह रास्ते में बेहोश हो गया इस मामले को मोहम्मद शाहिद के पिता रमजान अहमद ने कोर्ट में याचिका दायर कर सभी पुलिस कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी अदालत ने आज इस मामले को संज्ञान में लेकर 156(3) के तहत तीनों दारोगा व दो पुलिस कर्मियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश किये है। मौदहा कोतवाली पुलिस ने पाचो पुलिस कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरु कर दी है।

संचारी रोग नियंत्रण माह

# डीएम ने किया दस्तक अभियान का शुभारंभ

**संवाददाता।** सुलतानपुर

**संचारी रोग** नियंत्रण माह/दस्तक अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा सोमवार के पूर्वान्ह जिला महिला चिकित्सालय में फीता काटने के पश्चात माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। विशेष संचारी अभियान रोग नियंत्रण अभियान 01 से 31 मार्च, 2021 तक तथा दस्तक अभियान 10 मार्च से 24 मार्च, 2021 तक आयोजित किया जायेगा। जनपद को समस्त आशा कार्यकत्री 10 से 24 मार्च, 2021 तक घर-घर जाकर हर घर का भ्रमण कर लोगों को संचारी रोग से मुक्ति एवं बचाव हेतु तथा इसके लक्षणों एवं उपचार से सम्बन्धित सुविधाओं के प्रति जागरूकता करेंगी। डीएम श्री गुप्ता ने अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत दिमागी बुखार और संचारी रोगों की रोकथाम की जायेगी। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही नगर विकास, पंचायतीराजग्राम विकास विभाग, पशु पालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण/ समाज कल्याण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, सूचना विभाग आदि कार्यक्रम जुड़े समस्त विभाग एक साथ मिलकर संचारी रोग से बचाव हेतु कार्य करेंगे। 31 मार्च तक चलने वाले अभियान में घर-घर जाकर आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों द्वारा साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जलभराव रोकने, मच्छरों से बचाव आदि के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। इस अभियान से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारीध्कर्मचारीगण अपने कर्तव्यों का पालन करें, ताकि यह अभियान जनपद में सफल हो। विशेष संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत आज कर दिया गया है, जिसे शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जायेगा। डीएम ने कार्यक्रम के समापन के पश्चात जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित चिकित्सकों/स्टाफ को दिये।

सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाये जाने वाले इस अभियान के लिये शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य केन्द्रों की ओर से माइक्रोप्लान भी तैयार गया है, जिसके अनुसार विभाग द्वारा कार्य किया जायेगा। इस वर्ष के दस्तक में फ्रन्ट लाइन वर्कर्स (आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों) के द्वारा घर-घर जाकर किये जाने वाले संवेदीकरण तथा सर्वेक्षण में कुछ नये बिन्दु सम्मिलित किये गये हैं, जैसे- आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रत्येक मकान पर क्षय रोग के संभावित रोगियों के विषय में भी जानकारी प्राप्त करेंगी तथा जन्म-मृत्यु से छूटे शिशुओंध् व्यक्तियों के पंजीकरण को ब्योरा एकत्रित करेंगी तथा दिमागी बुखार के कारण विकलांग हुए व्यक्तियों की सूचना भी एकत्रित करेंगी। इसके साथ ही प्रतिदिन कार्य की समाप्ति पर अपनी रिपोर्ट में बुखार के रोगियों की सूची, क्षयरोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, प्रत्येक कार्य दिवस में किये गये जन्म-मृत्यु पंजीकरण की सूची, दिमागी बुखार से विकलांग हुए व्यक्तियों की सूची की रिपोर्ट करेंगी। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के. के त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वी.के. सोनकर, डीपीएम संतोष कुमार, प्रभारी अधिकारी महामारी कन्ट्रोल रूम डॉ. आमिर, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 बी.आर. वर्मा, डॉ0 आरिफ सोनू पाण्डेय, मलेरिया एवं फाईलेरिया विभाग के तथा जिला एवं महिला चिकित्सालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में आज तहसील कादीपुर में होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

**सुलतानपुर।** उ0प्र0 शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील स्तर पर कोविड-19 प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए किया जायेगा। माह मार्च, 2021 के प्रथम मंगलवार (02 मार्च) को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील कादीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा तथा अन्य तहसीलों में अपर जिलाधिकारी (प्रशा0) व अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) एवं सम्बन्धित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होगा। जिलाधिकारी श्री गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कादीपुर में जन समस्याओं/शिकायतों की सुनवाई की जायेगी और मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों से निस्तारण भी कराया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्रातः 10 बजे सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अवश्य उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण करें और शिकायतकर्ता के साथ सहानुभूतिपूर्ण एवं शालीन व्यवहार रखें। इसमें किसी प्रकार शिथिलता उदासीनता पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के क्रम में अपर जिलाधिकारी(प्रशा0) की अध्यक्षता में तहसील लम्भुआ व अपर जिलाधिकारी(वि0ध्रा0) की अध्यक्षता में तहसील सदर में तथा तहसील जयसिंहपुर व बल्दीराय में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा, जिसमें आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों से मौके पर कराया जायेगा।

## क्विक न्यूज

### नगर पालिका के अधिशासी अभियंता कार्यमुक्त किए गए

**रायबरेली।** नगर पालिका रायबरेली में बतौर अधिशासी अभियंता बालमुकुंद को कार्य मुक्त कर दिया गया। यह कार्यवाही प्रमुख सचिव दीपक कुमार के 4 मई 2020 के पत्र के आधार पर की गई है। प्रतिनियुक्ति के आधार पर बालमुकुंद मिश्रा को अधिशासी अभियंता नपा रायबरेली बनाया गया था। कोरोना संकट की वजह से नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायत में प्रतिनियुक्ति के आधार पर कार्यरत अधिशासी अधिकारियों के पद पर समय अवधि बढ़ाई गई थी। 4 मई 2020 के पत्र में प्रमुख सचिव दीपक कुमार के द्वारा उल्लेख किया गया था कि उप्र पालिका सेवा संशोधन नियमावली 2016 के नियम में उल्लेखित व्यवस्था में दिए गए निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश पालिका श्रेणी 1,2,3 एवं नगर पंचायत में लिप्त अधिशासी अधिकारी के पद पर राज्य सरकार के अधीन कार्य करने वाले समान वेतनमान अधिक वर्तमान तथा समानता के अधिकारी कर्मचारियों को नपाप और नगर पंचायतों में अधिशासी अधिकारी के पद पर 1 वर्ष की अवधि अथवा पूर्णकालिक व्यवस्था होने तक जो भी पहले हो प्रदेश के विभिन्न निकायों में तैनात किया गया था।

### महिला संदिग्ध परिस्थितियों में गायब

**लालगंज रायबरेली।** भट्ठे पर काम करने वाली एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। पीडिता के पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर महिला को खोजने की गुहार लगाई है। क्षेत्र के दो सड़का अम्बारा स्थित किसान ब्रिक फील्ड में मजदूरी का कार्य कर रहे छत्तीसगढ़ राज्य के हडहापारा थाना कस्डोल निवासी राजकुमार पुत्र शम्मेलाल ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि वह पिछले तीन माह पूर्व से इस भट्ठे में अपनी पत्नी के साथ कार्य कर रहा है। बीती रात 12 बजे तक दोनो साथ रहे इसके बाद उसकी पत्नी दूसरी खोली में सोने चली गई। सुबह लगभग 4 बजे उसकी नींद खुली तो देखा कि उसकी पत्नी सरिता गायब थी। कमरे में अन्य सामान बिल्कुल सुरक्षित रखा था। पति ने किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस से पत्नी खोजने की गुहार लगाई है। मामले में गुमशुदगी दर्ज कर महिला की खोजबीन की जा रही है।

### गांव के बाहर पेड़ से अधेड़ ने लगाई फांसी

**धम्मौर सुल्तानपुर।** धम्मौर थाना क्षेत्र के करमचंदपुर गांव में रविवार की रात अधेड़ ने गांव के बाहर पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी श्री पाल (42) नशे का आदी था। वह शराब पीकर आने के बाद घरवालों से अक्सर विवाद करता रहता था। रविवार की शाम भी वह नशे में धुत होकर अपने घर पहुंचा और पत्नी-बच्चों से बिना बताए रात के अंधेरे में उसने गांव के बाहर एक छूल के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।इधर, परिवार के लोगों ने सुबह जब घर में नहीं देखा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तभी, गांव के बाहर छूल के पेड़ पर उसका शव फांसी पर झूलता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। धम्मौर पुलिस के अनुसार मृतक शराब का लती था।

### जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान सुनीं जनसमस्याएं

**सुलतानपुर।** डीएम रवीश गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये जन सामान्य की कोविड -19 की टेस्टिंग कराने के पश्चात सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराते हुए आम जन की समस्याओं/शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुन कर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भिजने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) उमाकान्त त्रिपाठी सहित जनता दर्शन में आये आम जन उपस्थित रहे।

### शुभांगी हास्पिटल में शुरू हुआ टीकाकरण

**सुलतानपुर।** शहर के प्यारे पट्टी रोड़ स्थित शुभांगी हास्पिटल में 1 मार्च से आमलोगों के लिए कोविड19: का टीकाकरण की शुरुआत हो गई है। शुभांगी हास्पिटल के डायरेक्टर सु-प्रसिद्ध सर्जन डा. राजेश गौतम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने शुभांगी हास्पिटल को कोविड 19: वैक्सीन के लिए अधिकृत किया है। विभाग द्वारा कोविड वैक्सीन के लिए प्रति डोज 250 रू.ऽ निर्धारित किया है। उन्होने बताया कि वैक्सीन प्रशिक्षित स्टाप के द्वारा लगाया जा रहा है। तथा जिस आद्रता पर वैक्सीन को रखना है। उसकी संपूर्ण व्यवस्था शुभांगी हास्पिटल ने पहले ही कर लिया था। साथ ही समस्त औपचारिकताएं पूरी करने के पश्चात सोमवार को प्रातः 10 बजे से वैक्सीनेशन का काम प्रारंभ किया गया है। डाक्टर गौतम ने बताया की अब कोरोना टीकाकरण का काम चलता रहेगा।

### कोटेदारों के वजन मशीनों का सत्यापन शुरू

**गोंडा।** डीएम मार्कंडेय शाही के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा कोटेदारों की वजन मशीनों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएसओ वीके महान ने बताया कि सोमवार से जिला पूर्ति कार्यालय में बांट माप अधिकारियो के सहयोग से कोटेदारों के कांटो/वजन मशीनों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। डीएसओ श्री महान ने जनपद के समस्त कोटेदारों को सूचित किया है कि वे लोग जिला पूर्ति कार्यालय में अपनी अपनी वजन मशीन/कांटा लगाकर बांट माप विभाग से सत्यापित करा लें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वजन मशीन का सत्यापन ना कराने वाले कोटेदार के विरुद्ध डीएम के निर्देशानुसार एक्शन लिया जाएगा।

### बीआरसी से बैग की उठान शुरू

**करनैलगंज(गोंडा)।** प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों को बैग उपलब्ध कराने के लिए बीआरसी से बैग की उठान शुरू कर दी गई है। करनैलगंज के खंड शिक्षा अधिकारी आरपी सिंह ने ब्लॉक क्षेत्र के सभी सहायता प्राप्त विद्यालय के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि बीते 30 सितम्बर की छात्र संख्या के आधार पर कक्षा एक से पांच व कक्षा 6 से 8 के छात्रों का बैग ब्लॉक संसाधन केंद्र से प्राप्त करके वितरण सुनिश्चित करें। बैग न उठाने वाले प्रधानाध्यापक इसके लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिसका अनुपालन करते हुये केंद्रीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय करनैलगंज व स्वामी विवेकानन्द विद्यालय के शिक्षकों ने बैग प्राप्त करके वितरण भी कर दिया है। बैग पाने के बाद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

### आज रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**करनैलगंज(गोंडा)।** मंगलवार को आधा दर्जन विद्युत उपकेंद्र से दिन में 2 बजे से शाम 5 बजे तक की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय ने बताया कि 132 पावर प्लांट से पोषित बालपुर, परसपुर, कटरा बाजार, भभुआ, दुबहा बाजार, करनैलगंज ग्रामीण एवं करनैलगंज शहर की विद्युत आपूर्ति दिन में 2 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। पावर प्लांट पर कार्य होगा। जिससे बिजली आपूर्ति प्रभावित की जाएगी।

### निकाली गई जागरूकता रैली

**करनैलगंज(गोंडा)।** सावधानी अपनाना है, डेंगू-मलेरिया भगाना है सहित तमाम रोगों की रोकथाम के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई। केंद्रीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर से रैली को उपजिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक ने हरी झंडी दिखाई तथा अभियान कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूली छात्र छात्राओं की रैली बीआरसी परिसर से लखनऊ रोड होते हुए सीएचसी तक गई। रैली की अगुवाई भी एसडीएम, बीईओ आरपी सिंह व सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुरेश चंद्रा कर रहे थे।

## एमएलसी ने मंदिर निर्माण के लिए एक करोड़ 21 लाख रुपये का दान दिया



**रायबरेली।** एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह ने राम मंदिर निर्माण के लिए 1.21 करोड़ रुपये दिया दान अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है जिसके लिए चंदा इकट्ठा करने के लिए देश भर में अभियान चलाया गया। विधान परिषद सदस्य दिनेश प्रताप सिंह ने मंदिर निर्माण के लिए एक करोड़ 21 लाख रुपये का दान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को दिया है। श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य राममंदिर निर्माण के लिए मकर संक्रांति से चल रहे निधि समर्पण अभियान का शनिवार को समापन हो गया। निधि समर्पण अभियान में देश के हर वर्ग के लोगों ने राममंदिर के लिए दिल खोलकर दान दिया है। अभियान में अब तक मिले 2100 करोड़ रुपए एकत्र हुए हैं। अब श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट विदेशों में भी राममंदिर के लिए निधि समर्पण अभियान चलाने की योजना बना रहा है। इसका निर्णय ट्रस्ट की अगली बैठक में लिया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि ने बताया कि राममंदिर निर्माण के लिए चल रहे निधि समर्पण अभियान का समापन माघ पूर्णिमा 27 फरवरी को हो गया है। कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि ने बताया कि पूरब से पश्चिम तक, उत्तर से दक्षिण तक हर वर्ग के लोगों ने राममंदिर निर्माण के लिए दिल ऐच्छिक समर्पण दिया है। यहां तक कि बड़ी संख्या में देश के समाज के लोगों ने भी राममंदिर निर्माण के लिए अपना सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि विदेश में रहने वाले रामभक्तों का काफी दवाब है कि उनके लिए भी कुछ इस तरह की योजना बनाई जाए। ऐसे में विदेशी रामभक्त भी राममंदिर के लिए अपना सहयोग दे सकें इसको लेकर विचार-विमर्श चल रहा है। ट्रस्ट की अगली बैठक में इसको लेकर चर्चा की जाएगी, उम्मीद है कि सकारात्मक परिणाम आएगा।

## शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर।** शिक्षको के विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधमंडल जिला अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीवान सिंह से मिलकर बारह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि शिक्षको की लंबित 12 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से बिन्दुवार लिखित ज्ञापन दिया। जिसमें प्रोन्नत वेतनमान 11 वर्षो से निर्गत नही की गई है शिक्षको का आर्थिक नुकसान हो रहा है। नवनियुक्त शिक्षको के वेतन आदेश नही होने से शिक्षक आर्थिक संकट में है। नवनियुक्त शिक्षकों के सत्यापन के नाम पर धनउगाही। कायाकल्प योजना में अधिकांश उत्तरदायित्व ग्राम पंचायत व प्रशासन का है किंतु उत्पीड़न शिक्षको का हो रहा है। शिक्षको और शिक्षामित्रों के लिए बाल्य देखभाल व चिकित्सा अवकाश महानिदेशक के स्पष्ट निर्देश के बावजूद ससमय स्वीकृत नही किए जा रहे है। प्राथमिक और यूपीएस सहायक एव प्रधानाध्यापक की वरीयता सूची अद्यतन नही जारी की गई। प्राथमिक एव यूपीएस के प्रधानाध्यापक सहायक अध्यापक पद पर पदोन्नति चयन वेतनमान हेतु लंबित पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित हो अंतर्जनपदीय तबादला के फलस्वरूप नगर और ग्रामीण के एकल और बन्द स्कूलों में शिक्षको की व्यवस्था कराए जाने। विभागीय अधिकारियों की जांच आख्या/ सम्बंधित शिक्षक के स्पष्टीकरण कार्यालय को उपलब्ध कराए जाने के बावजूद विभागीय कार्यवाहियों का निक्षेपण नही कर शिक्षको का आर्थिक व मानसिक शोषण करने का प्रयास बेहद खेदजनक है। शिक्षक समस्याओं के संदर्भ जनपद में कार्यरत शिक्षको की समस्याओं की तरफ आकर्षित कराना है। उपर्युक्त समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु संघ आपसे अनुरोध करता है जिससे शिक्षक पूर्ण मनोयोग से शासन/ प्रशासन विभाग के मंशानुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।

## डायनमाइट बना चैंपियन

**ऊंचाहार।** एनटीपीसी क्रीडा परिषद् द्वारा लगातार चलाई जा रही प्रीमियर लीग खेल प्रतियोगिताओं का सुखद समापन हुआ। फाइनल मैच एनटीपीसी ऊंचाहार के स्टेडियम में महिला वर्ग की टीम डीवाई डायनामाइट एवं एवी एवियेटर के बीच खेला गया, टीम डीवाई डायनामाइट ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। 12 ओवर मे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये 99 रनो भारी स्कोर खड़ा कर दिया। दूसरी ओर टीम एवी एवियेटर ने 12 ओवरो में सिर्फ 44 रन ही बना पायी और इस प्रकार टीम डीवाई डायनामाइट ने फाइनल मुकाबले को 55 रनो से जीत लिया। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) असित दत्ता, महाप्रबंधक अरिंदम बनर्जी, एसके झा, दीपतेन्दु मंडल, मानव संसाधन विभाग की प्रमुख वंदना चतुर्वेदी सहित एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन व एसो. के पदाधिकारी, क्रीडा परिषद् के सचिव लक्ष्मीकांत सिंह, अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाओं व बच्चों ने फाइनल मैच का साक्षी बनकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## अनियंत्रित कार दीवार से टकरायी, कार सवार एक की मौत, दो घायल

**श्रावस्ती, जमुनहा।** लक्ष्मनपुर प्रभारी उपनिरीक्षक शम्भू नाथ उपाध्याय रविवार व सोमवार रात को आवश्यक कार्य से गिरन्ट की तरफ से होते हुए वापस अपनी पोस्टिंग चौकी लक्ष्मनपूर जा रहे थे तभी सुजानडीह गांव के पास बरदेहरा से नानपारा जाने वाले मार्ग पर उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक घर की दीवार से टकरा गई। इस भयानक हादसे में उनके कार के परखच्चे उड़ गए और घर की दीवार भी ढह गई जिसमें उपनिरीक्षक शम्भू नाथ उपाध्याय की मौत हो गयी। तथा कार सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है। उपनिरीक्षक शम्भू नाथ उपाध्यायअपने सेवाकाल में जनपद में कई जगह रह कर सेवा की वह श्रावस्ती में चौकी प्रभारी रहे सर्वप्रथम मल्हीपुर थाना में बदला चौकी प्रभारी रहे तथा सोनवा थाना में लक्ष्मण नगर चौकी प्रभारी रहे श्रावस्ती बौद्ध तीर्थ स्थल के भी चौकी प्रभारी रहे हरदत्त दत्तनगर गिरंट के भी चौकी प्रभारी रहे उन्होंने कुछ समय अपनी सेवा काल कोतवाली भिनगा में दिया कहीं भी रहे उन्होंने अपनी इमानदारी से सेवाकाल में नौकरी किया। वह रविवार को गिरन्ट गए थे और वापस आते समय मार्ग दुर्घटना में उनकी मौत हो गई।

## विक्रय अनुबंध-पत्र में हेराफेरी 6 को कर दिया 36 महीने

● भूमाफियाओ ने निबंधन कर्मचारियों से सांठगांठ कर सरकारी दस्तावेजों में की हेराफेरी



**रायबरेली।** डीएम को प्रार्थना पत्र देकर पीड़िता लक्ष्मी पत्नी अनुज कुमार निवासी ग्राम नरसवा तहसील डलमऊ रायबरेली ने बताया कि उसने अपनी जमीन बिक्री हेतु अनुबंध किया था। विक्रय मूल्य के बदले में रु. 3,50,000 बतौर बयाना मिला था। बहक रेहान खान पुत्र मुशीर खान निवासी मोहल्ला खिन्नी तल्ला तथा अनूप चौधरी पुत्र सोहन लाल निवासी ग्राम खसपरी थाना मिल एरिया रायबरेली निष्पादित कर दिया था जिसकी अवधि 6 माह तय की गई थी। विक्रय अनुबंध पत्र तैयार कराकर रजिस्टर के सामने प्रस्तुत कर बयान दर्ज करा दिए गए थे। पीड़िता लक्ष्मी के बयान हो जाने के बाद रेहान खान व अनूप चौधरी ने गवाह कलीम अहमद पुत्र शकील अहमद तथा गवाह दीपक श्रीवास्तव निवासी तिलोई जनपद अमेठी तथा निबंधन कर्मचारियों से सांठगांठ करके जालसाजी करके विक्रय अनुबंध की अवधि विस्तार के उद्देश्य सरकार द्वारा पंजीकृत दस्तावेजों में हेराफेरी करके अवधि 6 माह के स्थान पर कूट रचना करके 3 लिखकर 36 माह कर लिया है जो स्वयं अवलोकन से स्पष्ट है। अनुबंध की अवधि समाप्त होने पर पीड़िता द्वारा विपक्षी द्वारा से शेष रकम मांगने व बैनामा कराने को कहा गया तो उनके द्वारा कूट रचित दस्तावेजों का हवाला देते हुए अनुबंध की अवधि 36 माह बताई गई तो पीड़िता द्वारा अनुबंध पत्र की नकल लेने पर उक्त जालसाजी हेरा फेरी रचना की जानकारी होने पर रजिस्टर रायबरेली को प्रार्थना पत्र दिया किंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। भू माफियाओं के जाल में फंसकर यह कोई पहला घटनाक्रम नहीं है जालसाज जमीनों पर घात लगाए बैठे रहते हैं और वह कूटरचित दस्तावेजों के आसरे आम आदमी की संपत्तियों से खेलते हैं। निबंधन कार्यालय की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठते हैं! जनपद प्रशासन इस पर नकेल कसने में पूरी तरह से नाकामयाब साबित हो रहा है। भू माफियाओं और जालसाजी के हौसले दिन का दिन बढ़ते जा रहे हैं अब देखना होगा कि पीड़िता लक्ष्मी को कैसे इंसाफमिलता है?

## महिलाओं व बालिकाओं को दी गयी जानकारी

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में 27 फरवरी से 8 मार्च तक जिलाधिकारी टीके शिबु एवं मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश पर जिले में विशेष अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओ को सरकार द्वारा संचालित योजनाओ की उन्हे जानकारी दी जा रही है। विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बड़देहरा भारी में महिला शक्ति केंद्र योजना अंतर्गत चयनित वॉलिंटियर्स लक्ष्मण प्रसाद यादव द्वारा महिलाओं को महिलाओं की विभिन्न योजनाओं कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, मातृत्व वंदना योजना आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत डगमरा आश्रम पर महिला थानाध्यक्ष एवं महिला पुलिस आरक्षियो द्वारा आश्रम में आये महिला दर्शनार्थियों को पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद कुमार मौर्य द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त थाना में गठित नारी सुरक्षा दल द्वारा विभिन्न कस्बा, क्षेत्र, बाजार, माल, भीड़.भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग किया गया।

नारी सुरक्षा दल द्वारा भ्रमण के दौरान बालिकाओं व ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं/बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के संबंध में जागरूक किया गयाए साथ ही हेल्पलाइन नंबर. वीमेन पावर लाइन.1090ए महिला हेल्प लाइन नंबर.181ए चिकित्सीय सहायता हेतु.108 पुलिस कंट्रोल नंबर .112, चाइल्ड हेल्पलाइन .1098 आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही यह भी बताया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने.जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। फोन करने वाली महिलाओंध्बच्चियों का नाम पता गोपनीय रखा जाता है। थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों द्वारा महिलाओं की समस्याओं को निरंतर सुना जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय खैराबाद नगर क्षेत्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

● विद्यालय में साफ सफाई व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नियमित रूप से की जाए-डीएम



**सुलतानपुर।** शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के क्रम में 01 मार्च से प्राथमिक विद्यालयों को खोला जाना था, जिसकी जानकारी हेतु डीएम रवीश गुप्ता ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय खैराबाद नगर क्षेत्र सुलतानपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर बच्चों व अध्यापकों से मिलकर विभिन्न जानकारियाँ प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मौके पर डीएम ने पाया कि छात्रों के लिये हलुवा बनाया जा रहा था तथा पूड़ी बनाये जाने की तैयारी चल रही थी। कोरोना महामारी के चलते विद्यालय बन्द हो गये थे, जिसे 01 मार्च से खोलकर बच्चों को प्रथम दिन मध्यान्ह भोजन में हलुआ व पूड़ी खिलाये जाने की जानकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका द्वारा दी गयी।

डीएम गुप्ता ने प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय खैराबाद नगर क्षेत्र को निर्देशित किया कि विद्यालय विद्यालय परिसर, शौंचालय तथा किचन व बर्तनों आदि की साफ-सफाई प्रतिदिन की जाय तथा छात्रों को अच्छी शिक्षा शिक्षकगण दें। उन्होंने छात्रों को पीने के लिये पानी स्वच्छ सुरक्षित ढंग से दिये जायें। उन्होंने छात्रों से मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा/पढ़ाई की जानकारी ली। उन्होंने कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षकों को निर्देशित किया कि नियमिति रूप से स्वयं मास्क पहनकर आयें तथा बच्चों को भी पहनने के लिये प्रेरित करें।

## सेतु व सड़क निर्माण के कार्यों में तेजी लाएं अधिकारीः आयुक्त

**गोंडा।** आयुक्त, देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगाराव ने सेतु निर्माण व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभागों के कार्यो में तेजी लाकर गुणवत्तपूर्ण ढ़ंग से पूर्ण कर संबंधित विभागों को शीघ्रतिशीघ्र हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने सेतु निगम की 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण परियोजनाओं तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के नई सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण की कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की।

गोंडा में तरबगंज विधानसभा क्षेत्र के रानीपुर-करनीपुर मार्ग पर टेढ़ी नदी पर सेतु, विस क्षेत्र कटरा में भूलभूलिया-घटहनपुरवा मार्ग पर टेढ़ी नदी पर दीर्घ सेतु तथा विकास खंड नवाबगंज में जैतपुर-माझाराठ के जरही नाले पर दीर्घ सेतु, विधानसभा क्षेत्र तरबगंज में रामपुर-टैंगरहा-सिंगाहा-चंदा मार्ग पर मोहनपुर घाट पर सेतु के पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य, बेल फाउंडेशन कार्य व भूमि अध्याप्ति के निर्माण कार्य आदि की समीक्षा के दौरान कार्यों में तेजी लाने के आयुक्त ने निर्देश दिए। बहराइच में हुजूरपुर-कुंडासर मार्ग पर सरयू नदी के सिरौला घाट पर सेतु व विस क्षेत्र पयागपुर में विषेशरगंज व हजूरपुर ब्लाक के बीच चनदईपुर व ज्ञानपुर के मध्य टेढ़ी नदी पर सेतु पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य एवं वेल फाउंडेशन कार्य के प्रगति की समीक्षा की गई। आयुक्त ने जनपद बलरामपुर में उतरौला विधानसभा क्षेत्र में कुआनो नदी पर चोरघटा सेतु हेतु वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त करने के संबंध में वस्तुस्थिति से तत्काल अवगत कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने 50 लाख से अधिक लागत के ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा नई सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य तथा त्वरित आर्थिक विकास के अंतर्गत होने वाले कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

## मिशन शक्ति अभियान को पंख लगाएंगी महिला एनसीसी कैडेट्स

**गोंडा।** महिला सशक्तीकरण, सम्मान व स्वावलम्बन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान में जिला प्रशासन द्वारा अनोखी पहल करते हुए जिले की महिला एनसीसी कैडेट्स को मिशन शक्ति दूत के रूप नामित करते हुए उनको प्रशिक्षित करने का काम शुरू कर दिया गया है। पुलिस लाइन सभागार में जिले के कोने-कोने से आई 105 महिला कैडेट्स को आत्मरक्षा के गुर बताने के साथ ही महिला एवं बालिका सशक्तीकरण को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताते हुए उन्हें मिशन शक्ति दूत के रूप में कैसे कामन करना है और और उनके क्या-क्या दायित्व होगें, के बारे में बताया गया।रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र डा. राकेश सिंह, डीएम मार्कण्डेय शाही तथा पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय ने महिला कैडेट्स को महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही सशक्तीकरण एवं उन्मुखीकरण की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिये संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाए संचालित है जिसके तहत महिलाओं, बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं।आईजी श्री सिंह ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के बारे में बताया कि हमें लड़का-लड़की में कोई भेद नही करना चाहिए सभी को समान शिक्षा, समान अधिकार मिलना चाहिए जिससे बेटियों में किसी तरह की कोई हीन भावना न आने पाये, इसलिए हर महिला कैडेट को कम से कम 05-05 गांवों में जाकर ग्रामीण अंचल की ऐसी बालिकाए जो स्कूल नहीं जाती हैं। उन्हें स्कूल जाने के लिये प्रेरित करें साथ ही उनके माता-पिता से संवाद स्थापित कर उन बालिकाओं को स्कूल भेजने के लिए भी कहें ताकि हर बालिका शिक्षित होकर स्वावलंबी बन सके तथा समाज में सम्मान पा सके। जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा के लिये कई हेल्पलाइन नं0 जारी किये गये हैं जैसे- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नं0-1076, वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नं0-181, चाइल्ड केयर नं0-1098, यूपी-112, 181, 102 आदि जिनको समय पड़ने पर उपयोग करने के बारे में बताया। इसके साथ ही यह भी बताया कि जनपद में महिला पीआरवी संचालित है जिसको रात्रि के समय आवश्यकता पड़ने पर भी उपयोग किया जा सकता है। महिलाओं के कल्याण व आत्मनिर्भर बनाने के लिये कई योजनाए क्रियान्वित हैं तथा मिशन शक्ति के तहत कई विभागों द्वारा कार्यक्रम संचालित कर महिलाओं-बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है।

## शौचालय के 31 लाख के गबन का मामला

# महिला प्रधान और सचिव पर केस

**कायाकल्प, पंचायत भवन और हैंडपंप रिबोर में भी मिलकर किया चार लाख से अधिक का गोलमाल, सीडीओ के निरीक्षण में गोलमाल का हुआ था खुलासा**

**लाखों के गबन में फंस गई महिला प्रधान मीरा और सचिव राजमंगल दूबे- विकास खंड विक्रमजोत के ग्राम सौरी का मामला**



संवाददाता। बस्ती

**शौचालय** के नाम पर आए 45.50 लाख की धनराशि में से 31 लाख प्रधान और सचिव की जेब में चले गए। इस पर भी जब जेब नहीं भरा तो इंडिया मार्का हैंडपंप के रिबोर, प्राथमिक विधालय के कायाकल्प और पंचायत भवन के मरम्मत के नाम पर आए चार लाख 11 हजार से जेब भर लिया। सीडीओ के आदेष पर एडीओ पंचायत हरिओम पाल की ओर से गबन के आरोप में छावनी थाने में प्रधान और सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। इतने बड़े धनराषि के गबन के लिए सरकारी तौर पर सचिव राजमंगल दूबे और प्रधान मीरा को जिम्मेदार तो माना जा रहा है, मगर इसके लिए सबसे अधिकारी महिला प्रधान के पति को जिम्मेदार माना जा रहा है। बताया जा रहा है प्रधान कार्यकाल बीत जाने के बाद भी असली प्रधान को यह तक नहीं मालूम कि उसके पति क्या-क्या गड़बड़ी कर रहे हैं। चूंकि जेल तो महिला प्रधान को जाना पड़ेगा, इस लिए बताया जा रहा है महिला जेल जाने से डरी हुई है। इसका खुलासा सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका के विक्रमजोत ब्लॉक के ग्राम पंचायत सौरी के निरीक्षण में हुआ।रिपोर्ट के मुताबिक 379 शौचालय निर्माण के लिए 45 लाख 48 हजार दिए गए, मगर निर्माण हुआ मात्र 122 का, धन की हेराफेरी करने के लिए षौचालय का जियो टैग भी फर्जी करवा दिया। इस तरह 257 षौचालय का धन प्रधान और सचिव के जेबों में चला गया। इतना ही नहीं कायाकल्प का 66 हजार, पंचायत भवन के मरम्मत का एक लाख 22 हजार और आठ इंडिया मार्का हैंडपंप का दो लाख 32 हजार सहित चार लाख 11 हजार का बंदरबांट कर लिया।

**सिर्फ सचिव के खिलाफ ही कार्रवाई क्यों? क्यों नहीं बीडीओ, जेई, एडीओ पंचायत?** :जब भी ग्राम निधि और षौचालय के धन के दुरुपयोग का मामला सामने आया तो इसके लिए सिर्फ सचिव को जिम्मेदार मानकर उनके खिलाफ विधिक या फिर विभागीय कार्रवाई हुई, जबकि इसके लिए बीडीओ, एडीओ पंचायत, जेई, टीए और सेक्टर प्रभारी भी जिम्मेदार हैं,मगर इन लोगों के और कार्रवाई खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। यह सवाल कई सचिव कर चुके हैं, और कर रहे हैं। कहते हैं कि सबसे अधिक दोषी फर्जी एमबी बनाने वाले जेई और तकनीकी सहायक होते हैं।

**कैसे एक जेई संभालेंगा दो सौ ग्राम पंचायतों का भार?**:कई ब्लॉक ऐसे भी हैं जिनका प्रभार एक जेई के पास है। अब जरा अंदाजा लगाइए कि क्या एक जेई दो ग्राम पंचायतों का भार सहन कर सकता है। यह सवाल अपने आप में फर्जीवाड़े की तरफ इषारा करते हैं। फर्जी एमबी के सहारे हर साल करोड़ों का खेल होता है। जबकि योजना बनाने और भुगतान होने तक में जेई की भूमिका रहती है। इसी का लाभ हर घोटालेबाज उठा रहा है, जेई लोगों की हालत यह है कि उन्हें अपनी मोटर साइकिल या फिर चार पहिया वाहन के बोनट पर एमबी पर हस्ताक्षर करना पड़ता है।

## आवास में अपात्र मिलने पर सचिव से होगी वसूली

**सचिवों के वेतन से की जाएगी वसूली-सीडीओ कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं दो सौ से अधिक सचिव**

**बस्ती।** प्रधानमंत्री आवास योजना को और अधिक पारदर्शी बनाने और आवास के नाम पर पात्र और अपात्र का खेल खेलने वाले सचिवों को पहली बार जिम्मेदार मानते उनसे वसूली करने की पहल की गई है। हांलाकि यह पहल बहुत पहले हो जानी चाहिए थी, ताकि योजना की इतनी बदनामी नहीं होती। इसकी पहल करते हुए सीडीओ ने बताया कि अगर जांच में यह पाया जाता है कि किसी अपात्र को पात्र मानकर उसे पहली किष्त जारी कर दी गई है, तो इसके लिए सचिव को जिम्मेदार मानते हुए इसकी वसूली सचिव के वेतन से की जाएगी। षिकायतों को अगर देखा जाए तो 1185 ग्राम पंचायतों में एक भी ऐसी ग्राम पंचायत नहीं हैं, जहां पर पात्र और अपात्र के नाम पर सचिवों और प्रधानों सहित बीडीओ ने खेल नहीं खेला। चूंकि सरकारी तौर पर प्रधान को इस योजना में होने वाले दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार नहीं हैं, इस लिए वह कार्रवाई से बच जाते है, मगर अप्रत्यक्ष रुप में प्रधान की भूमिका रहती है। बीडीओ के लिए धन की वसूली का काम प्रधान ही करते हैं। हालांकि सरकार ने सचिव को इस योजना में सबसे बड़ी जिम्मेदारी दे रखी हैं, उसी के आईडी और पासवर्ड पर पात्र को अपात्र और अपात्र को पात्र किया जाता है। आवासों का सत्यापन अधिकारी सचिव को ही बनाया गया हैं।

# जांच की आंच में फर्जी निकला जीएसटी का 'जिन्न'

**फर्जी फर्म के बाद जीएसटी भी निकली फर्जी, करोंड़ों की जीएसटी में भी किया गया फर्जीवाड़ा, मनरेगा में पंजीकृत एस कुमार एंड कंपनी फर्म की जीएसटी निकली फर्जी, पंजीकृत फर्मों का सत्यापन वाणिज्य कर विभाग करेगा-सीडीओ**

**बस्ती।** सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका की जांच में मनरेगा में सामग्री आपूर्ति करने के लिए पंजीकृत फर्म एसकुमार एंड कंपनी और अजय टेडर्स के फर्जी निकलने के बाद जब इन दोनों फर्मो के जीएसटी की जांच वाणिज्यकर कार्यालय से हुई तो पता चलाकि इनमें एसकुमार एंड कंपनी फर्म का पंजीकरण ही जीएसटी में नहीं है। एक तरह से यह फर्म फर्जी जीएसटी के जरिए 12 फीसद के रुप में न जाने कितने धन का चूना लगा चुकी है। इस फर्म के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की मांग हो रही है। इस फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद सीडीओ ने पंजीकृत फर्मो का सत्यापन वाणिज्य कर विभाग से कराने का निर्णय लिया है। जीएसटी के फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद भूचाल आ गया है। इस फर्म का संचालन कागजों में विकास भवन के पास पेरिस टेडर्स के सामने हो रहा है। यह वही फर्म है, जहां प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के कुछ दिन पहले फर्जी बिल और बाउचर अपलोड कराने के लिए मजमा लगा हुआ था, भीड़ इतनी अधिक हो गई थी षटर बंद करके भाग जाना पड़ा।

**मनरेगा और जीएसटी को लूटने वालों की खुल रही पोल:** मनरेगा के धन को हर स्तर पर और हर किसी ने लूटने का काम किया। पिछले 19 माह में मनरेगा में लेबर और सामग्री के मद में लगभग पांच सौ करोड़ खर्च हो गया। कहा जाता है कि अगर वाकई में धन का अगर आधा हिस्सा ग्राम पंचायतों में लग गया होता, तो 1185 ग्राम पंचायतें माडल के रुप विकसित होती। धीरे-धीरे जिला मनरेगा में सर्वाधिक धन खर्च करने वाला जनपद बनता जा रहा है। मानव दिवस सृजन के मामले में तो जिला रिकार्ड बना ही चुका हैं, अब लूट खसोट करने में जिला अपना खास स्थान बनाता जारहा है। मनरेगा ने न सिर्फ प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ, जेई, टीए और रोजगार सेवकों को मालामाल कर दिया, बल्कि बालू, मोरंग, गिटटी और सीमेंटकी आपूर्ति करने वाली फर्जी फर्मो ने भी तिजोरी भरी। इस लूट खसोट को देखते हुए की कोई प्रधान बनने का सपना देख रहा है। कहा जा रहा है कि अगर मनरेगा बंद हो जाए तो कईयों की दुकानें बंद हो जाएगी।

**वाणिज्यकर विभाग खोलेगा फर्जी फर्मो और फर्जी जीएसटी वालों की पोल:**मनरेगा में सामग्री की आपूर्ति करने वाली लगभग 15 सौ फर्मो का पंजीकरण है। चूंकि इनके वजीद पर षुरु ये ही सवाल उठ रहे थे, मगर सच्चाई सामने नहीं आरही थी। इस बीच इसी वित्तीय वर्ष में सामग्री मद में एक सौ बीस करोड़ का भुगतान फर्मो के जरिए हो गया। कुदरहा और विक्रमजोत में अगर फर्जी वाड़े का मामला सामने नहीं आता, तो बड़े पैमाने पर हो रहे फर्जीवाड़े का पता नहीं चलता। फर्मो के सत्यापन करने की जिम्मेदारी संबधित ब्लॉकों के बीडीओ की है। सदर ब्लॉक के बीडीओ ने अगर दो फर्जी फर्मो को सही नहीं बताया होता तो सीडीओ जांच भी नहीं कराती। जब इन दोनों फर्मो की जांच हुई तो पताचला कि दोनों फर्जी है। इसके बाद सही सही कसर वाणिज्य कर विभाग ने एसकुमार एंड कंपनी की पूरी कर दी। जांच में पताचला कि इस फर्म का पंजीकरण ही जीएसटी में नहीं है। दावा किया जारहा है कि जांच में आधे से अधिक फर्जी फर्म का पंजीयन है, जो कागजों में करोड़ों का काम कर रही है। बिना जीएसटी वाली फर्मे दो तरह से लाभ कमारही है, एक तो इन्होंने जीएसटी की 12 फीसद की चोरी की, और दूसरे अपने फर्म से भुगतान कराने के नाम पर प्रधानों से 10 फीसद अलग से लिया। कहना गलत नहीं होगा कि अगर किसी फर्म ने सिर्फ पांच करोड़ का ही कारोबार किया तो उसे बैठे-बैठाए एक करोड़ मिल गया। इससे अधिक फायसदेमंद कारोबार और कोई हो ही नहीं सकता।

## जनसेवा से ही खुलेगी स्वस्थ भारत की राह: डॉ सर्वजीत



**सोनभद्र।** जन औषधि केंद्र की सस्ती दवाओं को जन जन तक पहुंचाने की पीएम मोदी की पहल सोमवार को जन औषधि सप्ताह के शुभारंभ के साथ आगे बढ़ी। तरनि फाउंडेशन फार लाइफ की ओर से रोडवेज रोड स्थित जन औषधि केंद्र पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। फिजिशियन एमडी डॉ सर्वजीत कुमार और डॉ देवेश खेमका ने मरीजों का जांच उपचार किया। उन्हें परामर्श दिया। शुगर ब्लडप्रेशर की जांच के अलावा मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। सुबह 11 बजे से शुरू हुए स्वास्थ्य शिविर का समापन अपराह्न तीन बजे हुआ। डॉ सर्वजीत कुमार और डॉ देवेश खेमका ने मरीजों के जांच उपचार के साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की किफायती जेनरिक दवाओं की भी जानकारी दी। डॉ सर्वजीत ने कहा कि स्वस्थ भारत की राह जनसेवा से ही खुलेगी और जन औषधि केंद्र इसके एक बड़े माध्यम हैं। डॉ देवेश खेमका ने कहा कि यह वक्त पीएम मोदी की स्वस्थ भारत की पहल को पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का है। शिविर में सबसे अधिक मरीज शुगर और ब्लडप्रेशर के आए। चिकित्सकों के परामर्श के आधार पर इन्हें निशुल्क दवाएं दी गईं। जन औषधि केंद्र के फार्मासिस्ट राजेश गौतम और प्रतीक मिश्र ने स्वास्थ्य जांच में सहयोग किया। फाउंडेशन की अध्यक्ष अपर्णा कपूरिया ने शिविर में आए चिकित्सकों, फर्मेसिस्टों और मरीजों का आभार जताया।

### महिला दिवस पर आयोजन 8 मार्च को

**सोनभद्र।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को औद्योगिक नगरी पिपरी मे भव्य महिला दिवस का आयोजन किया जायेगा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पिपरी नगर पंचायत के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने तैयारियां शुरू कर दिया है शुक्रवार को नगर पंचायत की महिला सभासद व अन्य महिलाओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा व तैयारियों को लेकर चर्चा किया गया 8मार्च को पिपरी जीआईसी ग्राउंड मे भव्य आयोजन किया जायेगा ज्ञातव्य है कि 8मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रुप मे मनाया जाता है।

## संचारी रोग नियन्त्रण अभियान की हुई शुरूआत

**डीएम ने सीएचसी खलीलाबाद में आशाओं को शपथ दिलाकर प्रचार वाहन को किया रवाना**



**संतकबीरनगर।** संक्रामक रोगों के साथ ही जेई और एईएस और टीबी पर सीधा वार करने के लिए संचारी रोग नियन्त्रण अभियान का शुभारंभ सोमवार को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल हरी झण्डी दिखाकर प्रचार व जागरुकता वाहनों को रवाना करके किया। इस दौरान उन्होने सभी लोगों से संचारी रोगों के साथ क्षय रोग को भी दूर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने की अपील की। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद में 31 मार्च तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों पर नियन्त्रण तभी संभव होगा जब सभी साफ सफाई के साथ रहें। जहां पर गन्दगी होगी, वहीं पर मच्छर पैदा होंगे और संक्रामक रोगों के वाहक बनेंगे। इसलिए जरुरी है कि हम अपने आसपास सफाई तो रखें ही दूसरों को भी सफाई के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही हमें क्षय रोग को भी जड़ से समाप्त करना है। अपने आसपास जहां भी संभावित क्षय रोगियों को देखें तो तुरन्त ही उनको चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में सहयोग करें। इस अभियान में पंचायती राज विभाग की इस अभियान में भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। वह क्षेत्र में साफसफाई के लिए आवश्यक कदम उठाए, ताकि यह अभियान अपने उद्देश्यों में पूरी तरह से सफल हो। जिन लोगों की जो भी जिम्मेदारी अभियान में है वह अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन करें। प्रदेश सरकार के इस अभियान के चलते जेई व एईएस के साथ ही संक्रामक रोगों में भी कमी आई है। इस दौरान सीएमओ डॉ हरगोविन्द सिंह ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के जिस कर्मी की जो भी जिम्मेदारी है उसका निर्वहन वह पूरी ईमानदारी से करे। 31 मार्च तक संचारी रोग नियन्त्रण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही 10 मार्च से 24 मार्च तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि मच्छरों के रहने के स्थानों पर तथा नालियों में एण्टी लार्वल फागिंग के साथ ही अन्य उपाय किए जाएंगे, ताकि मच्छरों से बचा जा सके। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस रहमान ने कहा कि जिन बच्चों को इंसेफेलाइटिस के टीके नहीं लगे हैं वे भी अभियान के दौरान इंसेफेलाइटिस के टीके लगवा लें। इस दौरान एसीएमओ आरसीएच डॉ मोहन झा, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एस डी ओझा, डीएमओ अंगद सिंह, डॉ वी पी पाण्डेय, सहायक मलेरिया अधिकारी सुनील चौधरी, बेलाल अनवर, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस रहमान, जिला दिव्यांग अधिकारी सुश्री प्रियंका यादव, जिला पशु चिकित्साधिकारी तथा अन्य लोग उपस्थित रहे। दिव्या मित्तल ने दिलाई संचारी रोगों से लड़ने की शपथ कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने वहां पर मौजूद आशा कार्यकर्ताओं के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को संचारी रोगों से नियन्त्रण में सहयोग करने की शपथ दिलाई।

## आज शाम जारी हो जाएगा प्रधान पद का आरक्षण

**आरक्षण को लेकर बढ़ी प्रधान पद प्रत्याशियों की बेचैनी**

**बस्ती।** जिले की 1185 ग्राम पंचायतों में चुनाव आरक्षण को लेकर लोगों में बेचैनी है। कौन सी ग्राम पंचायत अनुसूचित, अन्य पिछड़ा और सामान्य होगी इसे लेकर कयास लगाए जा रहे है। जिले की कौन सी ग्राम पंचायते आरक्षित होंगी कौन नहीं यह मंगलवार को देर सबेर पता चल जाएगा। माना जा रहा है कि दो मार्च की षाम तक आरक्षण की सूची जारी हो जाएगी। आरक्षण सूची जारी होने के साथ ही इसे लेकर चल रही कयासबाजी पर भी विराम लग जाएगा। विकास खण्डवार ग्राम पंचायत प्रधान पद पर जिले में 88 पद अनुसूचित जाति महिला, 162 अनुसूचित जाति, 110 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 212 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित होंगे। शेष अन्य ग्राम पंचायत प्रधान पद सामान्य वर्ग के होंगे। इनमें 200 पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। विकास खण्डवार आरक्षण तय किया गया है। जो आरक्षण तय किए गए है उसके अनुसार बस्ती सदर में आठ अनुसूचित जाति महिला, 15 अनुसूचित जाति, 9 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, अन्य पिछड़ा वर्ग 18, सामान्य महिला 17, साऊंघाट में अनुसूचित जाति महिला सात, अनुसूचित जाति 13, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 8, अन्य पिछड़ा वर्ग 16, सामान्य महिला 14, बनकटी में अनुसूचित जाति महिला 7, अनुसूचित जाति 13, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 8, अन्य पिछड़ा वर्ग 15, सामान्य महिला 14, कुदरहा में अनुसूचित जाति महिला 6, अनुसूचित जाति 12, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 7, अन्य पिछड़ा वर्ग 14, सामान्य महिला12, बहादुरपुर में अनुसूचित जाति महिला 7, अनुसूचित जाति 13, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 8, अन्य पिछड़ा वर्ग 15, सामान्य महिला 14, बहादुरपुर में अनुसूचित जाति महिला 6, अनुसूचित जाति 11, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 9, अन्य पिछड़ा वर्ग 17, सामान्य महिला 17, सल्टौआ में अनुसूचित जाति महिला 5, अनुसूचित जाति 8, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 8, अन्य पिछड़ा वर्ग 14, सामान्य महिला 14, रामनगर में अनुसूचित जाति महिला 5, अनुसूचित जाति 9, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 7, अन्य पिछड़ा वर्ग 14, सामान्य महिला 13, रूधौली में अनुसूचित जाति महिला 5 , अनुसूचित जाति 8, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 8, अन्य पिछड़ा वर्ग 14, सामान्य महिला 14, हर्रैया में अनुसूचित जाति महिला 7, अनुसूचित जाति 13, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 8, अन्य पिछड़ा वर्ग 16, सामान्य महिला 15, कप्तानगंज में अनुसूचित जाति महिला 5, अनुसूचित जाति 8, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 5, अन्य पिछड़ा वर्ग 10, सामान्य महिला 8, विक्रमजोत में अनुसूचित जाति महिला 5, अनुसूचित जाति 10, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 7, अन्य पिछड़ा वर्ग 14, सामान्य महिला 15, परसरामपुर में अनुसूचित जाति महिला 7, अनुसूचित जाति 13, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 10, अन्य पिछड़ा वर्ग 19, सामान्य महिला 19, दुबौलिया में अनुसूचित जाति महिला 5, अनुसूचित जाति 10, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 6, अन्य पिछड़ा वर्ग 11, सामान्य महिला 10, गौर में अनुसूचित जाति महिला 8, अनुसूचित जाति 14, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 10, अन्य पिछड़ा वर्ग 19, सामान्य महिला 18 पद आरक्षित किए गए है।

## सुरक्षा नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन

**सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा नेशनल सुरक्षा सप्ताह में तीन दिन तक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया है। यह नाटक शांति निकेतन जन सेवा समिति वाराणसी की टीम की द्वारा प्रस्तुत की किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम मानव सनसाधान के राजभाषा विभाग के सोजनये से कराया जा रहा है।ये नाटक 1 मार्च से 3 मार्च तक काराए जाएगा।इस नाटक का उदयेश प्लांट और आस पास के ग्रामीण लोगो में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फेलाने के लिए किया जा रह है। इस नाटक का विषय जीवन अनमोल है जिसमे हर तरह की सुरक्षा जैसे सड़क सुरक्षा प्लांट में सुरक्षा एवं कोरोना से बचने के तरीको पर गंभीर रूप से ध्यान दिया गया।आज नुकड़ नाटक के पहले दिन ई डी सी एवं सफाई विभाग के अलावा कोटा बस्ती गाँव में कराया गया।इस तीन के कार्यक्रम में 12 महत्वपूर्ण जगहो को शामिल किया गया है जैसे सैनिटेशन विभाग ई डी सी टाउनशिप इत्यादि। इस नुक्कड़ नाटक के जरिये 10 हज़ार लोगो से सीधे जुडने का प्रयास है। आज के मुख्य अतिथि एस. के. सिंहएच एम एस के जनरल सेक्रेटरी यूनियन लीडर थे। जिन्होने कहा की सुरक्षा हमरे जीवन का अभिनन अंग है और हमे हर पल हर जगह, हर स्थान पर सुरक्षा नियमो का पालन करते हुए सतर्क रहने चाहिए।सभी दर्शको ने नाटक का खूब आनंद लिए एवं ज़ोर दार तालियो के साथ कलाकारों का होसला बढ़ाया।

## गर्भवती व धात्री महिलाओं को बांटा पोषक आहार

**सोनभद्र।** नॉर्दर्न कोल्फील्डस लिमिटेड एनसीएल के निगाही क्षेत्र द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत निकटवर्ती ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण विकास हेतु समय समय पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है इसी क्रम में सोमवार को ग्राम पंचायत खटखरी एवं हरदी के आंगनवाड़ी केन्द्रों में कुल 190 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषक आहार का वितरण किया गया जिसमें मुख्यत: गुड़, भुना चना स्वास्थ्यवर्धक पाउडर एवं लैक्टोजन पाउडर शामिल थे इस अवसर पर डीपीओ महिला एवं बाल विकास सिंगरौली प्रवेश मिश्रा सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास, बैढन अरविंद सिंह एवं निगाही क्षेत्र के सामुदायिक विकास अधिकारी साजिद नसीम उपस्थित रहे गौरतलब है कि एनसीएल निगाही क्षेत्र सीएसआर के तहत महिला स्वास्थ्य,पोषण, बाल शिक्षा, स्वच्छता, आधारभूत ढ़ाचे के निर्माण खेल कूद, कौशल विकास जैसे अनेक अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

## 104मिलियन टन पहुंचा एनसीएल का कोयला उत्पादन

**सोनभद्र।** कोयला उत्पादन में अपने शानदार प्रदर्शन को बरकार रखते हुए, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने चालू वित्त वर्ष के पहले ग्यारह महीनों अप्रैल से फरवरी तक में 103.94मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है, जो गत वित्त वर्ष की समान अवधि में किए गए उत्पादन से लगभग 6.01 प्रतिशत अधिक है एवं चालू वित्त वर्ष में 28फरवरी तक निर्धारित लक्ष्य का लगभग 101 प्रतिशत है।इसी तरह कोयला प्रेषण में भी चालू वित्त वर्ष के पहले ग्यारह महीनों में एनसीएल ने बिजली घरों सहित अपने सभी कोयला ग्राहकों को कुल 98.29 मिलियन टन कोयले का प्रेषण डिस्पैच किया है। एनसीएल ने चालू वित्त वर्ष में फरवरी माह तक अधिभार हटाव में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 19.46 प्रतिशत वृद्धि के साथ 348.63 मिलियन क्यूबिक मीटरअधिभार हटाया है। खुली खदानों ओपनकास्ट माइंस) में अधिभार कोयला सीम के उपर जमा भाग को कहते है जिसको कोयला उत्तखनन के लिए निकालना आवश्यक है एवं कंपनी के वृद्धि में एक महत्वपूर्ण घटक है। गौरतलब है कि चालू वित्त वर्ष में एनसीएल को 113.25मिलियन टन कोयला उत्पादन एवं प्रेषण की जिम्मेदारी दी गई है। कंपनी के कोयला उत्पादन व प्रेषण के आंकड़ो को देखते हुए उम्मीद है की कंपनी अपने वार्षिक लक्ष्यों को समय रहते हासिल कर लेगी।

## बकाया जमा के तहत मिली सरचार्ज माफी की सुविधा



**संतकबीरनगर।** कोविड-19 महामारी के अर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव के कारण मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर ऊर्जा मंत्री ने घरेलू एवं निजी नलकूप उपभोक्ताओं के लिए सरचार्ज माफी योजना की घोषणा की है। घरेलू एवं निजी नलकूप उपभोक्ताओं के लिए "एकमुश्त समाधान योजना" नाम से एक महत्वाकांक्षी योजना आगामी 01, मार्च 2021 से लागू की जा रही है। जिससे घरेलू एवं निजी नलकूप उपभोक्ता अपने बकाये की धनराशि को 31, मार्च 2021 तक जमा कर विद्युत विच्छेदन आदि की कार्यवाही से बच सकें। यह जानकारी अधिशासी अभियन्ता राजकुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। इससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री पंडित श्रीकांत शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को ससमय बिल निर्गत करने व वितरित करने के लिए सभी वितरण निगम सतत प्रयासरत हैं। वर्तमान में शहरी एवं ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में बिलिंग ऑनलाइन प्रणाली से की जा रही है। उपभोक्ताओं से प्राप्त धनराशि भी ऑनलाइन प्रणाली से ही स्वीकार की जा रही है जिससे उपभोक्ताओं के बिल का लेखा जोखा पारदर्शी हो सके। उन्होने बताया कि उपरोक्त सभी प्रयास किये जा रहे हैं परन्तु वर्तमान में कोविड-19 महामारी के आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव के कारण घरेलू एवं निजी नलकूप उपभोक्ताओं द्वारा बिल का समय पर भुगतान किये जाने के कारण उन पर सरचार्ज की धनराशि भी बढ़ती जा रही है एवं निगमों को अपेक्षित राजस्व अर्जन नहीं हो पा रहा है।

### अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन से

## ओबीसी, एससी-एसटी का बढ़ेगा प्रतिनिधित्व



**मीरजापुर।** श्लोकतंत्र के सभी स्तंभों में सभी वर्गों की समान हिस्सेदारी होनी चाहिएए यही सामाजिक न्याय है। न्यायपालिका में ओबीसीए एससी.एसटी का उचित प्रतिनिधित्व होना चाहिए। इस बाबत अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का गठन अवश्य होना चाहिए। ताकि पिछड़ोंए अनुसूचित जाति.जनजाति वर्ग के मेधावी बच्चों का भी न्यायपालिका में उचित हिस्सेदारी हो।श् अपना दल ;एसद्ध की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने रविवार को वाराणसी के रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के बच्छावं स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में पंचायत चुनाव के मद्देनजर आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान यह विचार व्यक्त किया। इस दौरान श्रीमती पटेल ने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा.निर्देश दिया। श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश की लगभग 60 फीसदी आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आता है। लेकिन इस आबादी से संबंधित समस्याओं का निवारण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के जरिए किया जाता है। लेकिन मंत्रालय के पास अन्य कई विभाग हैंए जिसकी वजह से पिछड़ों के साथ पूरी तरह से न्याय नहीं हो पाता है। अतरू पिछड़ों की समस्याओं के निदान के लिए ओबीसी मंत्रालय का गठन जरूरी है। इस बाबत हमने पिछले महीने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में आयोजित सर्वदलीय बैठक में पिछड़ा वर्ग मंत्रालय एवं अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन की मांग की थी। श्रीमती पटेल ने कहा कि अल्पसंख्यक मंत्रालयए आदिवासी मंत्रालय की तरह पिछड़ा वर्ग मंत्रालय का भी गठन किया जाए।

श्रीमती पटेल ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 2019 सिविल सर्विसेज एक्जाम में पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों का कट.ऑफ सामान्य वर्ग से ज्यादा आने पर चिंता जताते हुए कहा कि यह बहुत बड़ी विसंगति है। इसे दूर करना जरूरी है। जो वर्ग सामाजिकए आर्थिक एवं शैक्षणिक तौर पर पीछे हैंए उसी वर्ग के बच्चों को सामान्य वर्ग के कट.ऑफ से ज्यादा अंक लाना दुरूखद है। इन ज्वलंत मुद्दों को हम सभी को हर गांवए चौक.चौराहों पर उठाने की जरूरत है।पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेल ने बताया कि सम्मेलन में श्रीमती पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ष्वन बूथ . 10 यूथष् का नारा देते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि पार्टी की मूल ताकत कार्यकर्ता हैं। हमारी नेता ने सम्मेलन के जरिए बूथ को मजबूत करने पर जोर दिया। श्रीमती पटेल ने कहा है कि हम पार्टी के संगठन को निरंतर मजबूती दे रहे हैं।

## सीडीओ बोले-कार्यालयों की रोजाना हो सफाई



**बस्ती।** सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने सोमवार का विकास भवन के तीनों पर स्थित कार्यालयों की साफ-सफाई को देखा। साफ-सफाई, पुराने अभिलेखों की बीडिगं कराकर हटाने, कमरों के अगल बगल सफाई रखने का निर्देष दिया। कई कमरों में लगर खिड़कियां टूटी पाई गई, दूसरा लगवाने को कहागया। जिला सहायक निबंधक सहकारिता, जिला अल्प संख्यक अधिकारी, जिलादिव्यांगजन अधिकारी, जिलासमाज कल्याण अधिकारी, डीएसटीओ, उपायुक्त एनआरएम, सीवीओ को नोटिस जारी करने का आदेष दिया। सभी तलों के महिला/पुरुष षौचालयों की प्रतिदिन साफ-सफाई, सीट, वास बेसिन, षीषा को एक सप्ताह में बदलने का निर्देष आरईडी के एक्सईएन, डीडीओ को दिया।

**भाजपा की बैठक आज:** सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र की जिला कार्यसमिती की बैठक दिनांक 02.03.2021 को ग्रामवासी सेवा आश्रम चोपन में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है बैठक में बतौर मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस आशय की जानकारी भाजपा जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 2 मार्च, 2021



# टीकाकरण का तीसरा चरण शुरू

## जिले के तीन केन्द्रों पर 56 सीनियर सिटीजन ने ली पहली डोज

## पोर्टल नहीं चलने के बावजूद, पहचान पत्र किया गया अपलोड

संवाददाता। मऊ

कोरोना के खिलाफ चल रहे जंग के दौरान पहले और दूसरे चरण की सफलता के बाद सोमवार को तीसरे चरण का शुभारम्भ किया गया। तीसरे चरण के शुभारम्भ के दौरान 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों को शामिल किया गया। अभियान का शुभारम्भ जिले के तीन केन्द्रों पर किया गया। इस दौरान 56 सीनियर सिटिजन ने कोरोना वैक्सीन का पहला डोज लगवाया। हालांकि पोर्टल नहीं चलने के बावजूद टीकाकरण के लिए सभी सीनियर सिटिजन का पहचान पत्र लेकर इंटरनेट पर अपलोड करते हुए वैक्सीनेशन किया गया। तीसरे चरण के शुभारम्भ के दौरान वैक्सीनेशन कराने वाले बुजुर्गों के चेहरे पर उत्साह व खुशी साफ दिखाई दे रहा था।



शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार कोरोना वैक्सीनेशन के तीसरे फेस का शुभारम्भ सोमवार को किया गया। कोरोना वैक्सीनेशन के तीसरे फेस के शुभारम्भ के दौरान जिले के तीन स्थानों जिला संयुक्त चिकित्सालय, जिला महिला अस्पताल एवं शारदा नारायण हास्पिटल में वैक्सीनेशन किया गया। प्रत्येक केन्द्र पर सौ-सौ लोगों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। तीसरे चरण के वैक्सीनेशन का शुभारम्भ सुबह 9 बजे किया गया जो शाम पांच बजे तक चला। तीसरे चरण के वैक्सीनेशन के दौरान जिला महिला चिकित्सालय में 21 सीनियर सिटिजन ने कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लिया। वहीं जिला संयुक्त चिकित्सालय में 25 बुजुर्गों ने अपना वक्सीनेशन करवाया। वहीं प्राइवेट चिकित्सालय शारदा नारायण हास्पिटल में 10 सीनियर सिटिजन ने कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लिया। सरकारी केन्द्रों अर्थात जिला महिला अस्पताल एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय में लोगों को निरूशुल्क कोरोना वैक्सीन लगाया गया। वहीं प्राइवेट अस्पताल शारदा नारायण हास्पिटल में शासन द्वारा जारी न्यूनतम दर 250 रुपए में कोरोना वैक्सीन लगाया गया। सभी केन्द्रों पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा सतीश चंद्र सिंह, डीआईओ डॉण् बृजेश सिंह स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ भ्रमण करके पूरी स्थिति का जायजा लेते रहे।

## अधेड़ ने फांसी लगाकर लगाया मौत को गले

**मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग पर स्थित कमालपुर गांव में लगभग 38 वर्षीय अधेड़ ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। बताते हैं कि स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रयागराज मार्ग पर स्थित कमालपुर गांव में निवासी अजय गुप्ता उर्फ गुड्डू पुत्र माल जीत सोमवार को अपने मकान के तीसरे तल पर लगे तीन शेड के एंगल में गमछे का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को तब हुई जब मृतक गुड्डू की भतीजी परी किसी काम से छत पर गई तो देखा कि गुड्डू फांसी पर लटक रहा था वह तेजी से चिल्लाते हुए नीचे आई और परिजनों को बताया। परिजनों ने पहुंचकर देखा तो गुड्डू की मौत हो चुकी थी मृतक गुड्डू की पत्नी नीलम व 5 वर्ष की एक बेटी चाहत है।

## जौनपुर के दिलीप बने डिप्टी एसपी

**जौनपुर।** प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश शासन ने बुलंदशहर में तैनात कोतवाल दिलीप सिंह का रुतबा बढ़ाकर डिप्टी एसपी बनाया है। बता दें कि श्री सिंह जनपद के सिरकोनी क्षेत्र के जफराबाद थाना अन्तर्गत सुल्तानपुर गांव के नंद कुमार सिंह के सुपुत्र हैं जो जौनपुर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात रहे। बता दें कि श्री सिंह जब मिर्जापुर के मड़िहान थाने पर बतौर थानाध्यक्ष तैनात थे। उस दौरान जरिए सूचना मिलते ही भवानीपुर जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान अंधाधुंध हुई हो रही फायरिंग में में उनके हाथ में गोली लग गयी थी जिसमें वह गंभीर रुप से जख्मी हुए थे जिनका उपचार वाराणसी में हुआ था। उन्होंने अपनी अदम्य शौर्य और साहस का परिचय देते हुए अपनी पूरी टीम के साथ नक्सलियों से हुई जबरजस्त घंटों हुई मुठभेड़ में 15 नक्सलियों को मार गिराया था जिसमें प्रदेश सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप आउट ऑफ टर्न पदोन्नत देकर इंस्पेक्टर बनाने की घोषणा करते हुए उनका रुतबा बढ़ाया था। प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश शासन द्वारा श्री सिंह को इंस्पेक्टर से पदोन्नति देकर पुलिस उपाधीक्षक बनाया है। उनकी पदोन्नति से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामवासियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राधेरमण सहित पूरी कार्यकारिणी ने लिया शपथ

**जौनपुर।** जौनपुर नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल व नगर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह टाउन हाल के मैदान में जिलाध्यक्ष दिनेश टण्डन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने वर्चुअल के माध्यम से नगर उद्योग व्यापार मंडल की नई टीम को बधाई देते हुये कहा कि मुख्यमंत्री योगी के कार्यकाल में कोई भी विभाग का अधिकारी व्यापारियों को परेशान व दोहन नहीं कर सकता। ऐसा करते किसी को भी पाया जाएगा तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा। विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री गिरीश चंद यादव ने कहा कि राधेरमण की नई टीम नई ऊर्जा के साथ पिछले 1 वर्षों से व्यापारियों की छोटी,बड़ी हर लड़ाई लड़ रही है। मैं और मेरी सरकार व्यापारियों की सुरक्षा व संरक्षा हेतु कटिबद्ध है। कानपुर से चलकर आये विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मुकुंद स्वरूप मित्र ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए नई टीम को बधाई दिया। साथ ही कहा कि जौनपुर के व्यापारिक लड़ाई में प्रदेश में हमेशा अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की नियत पर हमारे व्यापारियों को संदेह नहीं है परंतु अधिकारी मनमानी कर रहे हैं जिन पर अंकुश लगाने की जरूरत है। प्रदेश उपाध्यक्ष महंथ सूर्य प्रकाश जायसवालए प्रदेश मंत्री सोमेश्वर केसरवानी और प्रदेश युवा संगठन मंत्री संजीव यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि हम सभी को एक रहने की जरूरत है। व्यापारी एक रहेगा तो हर सरकार आपकी बात मानने को मजबूर होगा।

## तीन हत्यारोपी गिरफ्तार

**जौनपुर।** मछलीशहर पुलिस द्वारा तीन पुरस्कार घोषित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वर्ष 2017 में मो फूल खाँ कृपाशंकर नगर थाना मछलीशहर जौनपुर निवासी शबनम उर्फ सलमा पुत्री मूलचन्द पत्नी मोनू उर्फ अकरम , मूलचन्द्र गुप्ता पुत्र स्वण् मिलखारी उर्फ जोखन,इन्सान अली उर्फ इन्सान पुत्र स्वण् नक्कल व ,जमीला पत्नी मूलचन्द्र गुप्ता द्वारा मिलकर मृतक मोनू उर्फ अकरम की गला दबा कर हत्या कर दी गयी तथा उसकी लाश पर तेजाब डालकर घर के पास स्थित कुएं में डाल दिया गया था।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** ग्राम पतहना थाना सरायख्वाजा जौनपुर से अभियुक्त बाल विक्रम दित्य उर्फ भुल्ली पुत्र कालिका प्रसाद निवासी पतहना थाना सरायख्वाजा जौनपुर को मुअस,70,21 धारा,377,352,504,506 भादवि व पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को जेल भेजा गया।

## अंतर्राज्यीय शराब तस्कर 369 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार

**चकिया बबुरी, चन्दौली ।** पुलिस ने लेवा गांव के पास से चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की मारुति स्विफ्ट कार यूपी 14 जेड 4186 को पकड़कर गाड़ी में भरकर तस्करी के लिए ले जाई जा रही 369 बोतल अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग 375 उस को बरामद किया है। शराब के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को भी पकड़ा है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर चलाई जा रही चेकिंग अभियान के तहत पुलिस को यह सफलता हाथ लगी है।पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर का नाम विकास कुमार निवासी पुट्ठी मंगल थाना सदर हासी जिला हिसार हरियाणा बताया है।

## मड़ियाहूं पुलिस ने गोवंश लदा पिकप पकड़ा, तस्कर फरार

**मड़ियाहूं, जौनपुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के चोरारी नहर से पास से भोर में गस्त के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ी एक पिकप पर लदी 7 गोवंश पकड़कर थाने ले आयी। हालांकि पशु तस्कर व चालक मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस ने पिकअप के आधार पर पशु तस्करों को खोज जारी कर दी है। जानकारी के अनुसार मड़ियाहूं कोतवाल मुन्ना राम धुसिया ने बताया कि एसआई शिवपूजन अपने हमराहियों के साथ भोर में गश्त के कर रहे थे। इसी दौरान नहर पर पिकअप दिखाई दी। पुलिस की गाड़ी देख पशु तस्कर गाड़ी छोड़कर भाग निकले। पशु सहित गाड़ी थाने लाकर पशु तस्करों की खोज के लिए मड़ियाहूं कोतवाल मुन्ना राम धूसिया और एसआई शिवपूजन यादव जांच में लगे हैं।

## छत से गिरने पर भाजपा नेता की हुई मौत

**मड़ियाह, जौनपुर।** स्थानीय नगर पंचायत के पूर्व सभासद सुनील साहू और वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री की रात में छत से गिरने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सभासद सुनील साहू अपने घर में सो रहे थे कि अचानक आधी रात में करीब लगभग 1 बजे नींद खुली और बाथरूम के लिए कमरे से बाहर निकले। बताया जाता है कि छत की सीढ़ियों पर रेलिंग न होने की वजह से अर्धनिद्रा के कारण पैर फिसला और सीधे गली में सिर के बल नीचे गिर गए।

## अखण्ड रामायण पाठ भण्डारा आयोजित

**नेवढ़िया,जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोहड़र गांव में पिछले 10 वर्षों से लगातार मंदिर पर हो रहा पूजा.पाठ और विशाल भण्डारा। जनपद से 45 किमी दूर लगधरपुर के कोहड़र दुर्गा माता मंदिर की स्थापना 28 फरवरी 2012 को हुआ था। तभी से इस ग्रामसभा में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखण्ड रामायण पाठ और विशाल भण्डारा का आयोजन हुआ। इस मंदिर पर पूजा-पाठ से लेकर भण्डारा का आयोजन कोहड़र, लगधरपुर और क्षेत्र की जनता व मित्रों के साथ और सहयोग से पिछले 10 वर्षों से भण्डारा लगातार कराया जाता है।

## ताले खुलते ही स्कूलों में लौटी रौनक तिलक लगाकर बच्चों का हुआ स्वागत

**जौनपुर।** कोविड-19 के कारण करीब 11 माह तक बंद रहे प्राथमिक स्कूलों में आज पुन: रौनक लौट आयी ए स्कूलों के ताले खुलते ही बच्चे पूरे उत्साह के साथ अपने अपने विद्यालय पहुंचे ए उधर शिक्षकों ने अपने नन्हे मुन्नों के स्वागत करने के लिए पूरे स्कूल परिसर को दुल्हन की तरह सज़ा दिया था ए सुरक्षा की दृष्टिकोण से सैनिटाइज किया गया ए रंगोली बनाया गया ए रंग विरंगे गुब्बारे चार चाँद लगा रहे थे ए सभी बच्चे मास्क लगाकर सोशल डिस्टेंडिंग में पठन पाठन शुरू किया । अपने विद्यालय के बदले स्वरूप देखकर बच्चे गदगद है ए छात्र . छात्राओं ने बताया कि हमारा स्कूल अच्छा हो गया ए आज हम लोगो को गुलाब का फूल दिया गया ए चंदन लगाया गया और मास्क सैनिटाइजर दिया गया। शासन के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालयों को खोला गया। 11 महीने बाद स्कूल आए बच्चों में काफी उत्साह दिखा। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा राजकीय कन्या विद्यालय नगर क्षेत्र डायट परिसर तथा प्राथमिक विद्यालय आराजीए भगौतीपुरए धर्मापुर पहुंचकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया तथा आज का दिन स्वागत एवं प्रेरणा ज्ञान उत्सव के रूप दिवस के रूप में मनाया गया। राजकीय कन्या विद्यालय नगर क्षेत्र में जिलाधिकारी ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर पढ़ाई प्रारंभ कराई। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से पूछा कि इतने दिनों बाद स्कूल आकर कैसा लग रहा है। बच्चों ने जिलाधिकारी को बताया कि स्कूल आ करके बहुत अच्छा लग रहा है तो जिलाधिकारी ने बच्चो से कहा कि पूरी ऊर्जा के साथ पढ़ाई करे और अपने लक्ष्य को पूरा करे।

## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की मदद को सीएमओ से मिला प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता। मऊ



असाध्य थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों की मदद के लिए जिला अस्पताल में कम्पोजिट रक्त बैंक स्थापना व उचित प्रबंधन के लिए सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश चंद्र सिंह से मऊ थैलेसीमिया वेलफेयर एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल दल मिला। प्रतिनिधिमंडल दल में सचिव रवि खुशवानी ने थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों व उनके अभिभावकों की प्रमुख समस्या पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पूर्व में एसजीपीजीआई लखनऊ से निशुल्क रक्त व दवा की व्यवस्था हो जाती थी। लेकिन लॉकडाउन लगने के बाद से पीजीआई से यह सेवा मिलनी बंद हो गई।

जनपद के लगभग 40 से अधिक पीड़ित परिवारों द्वारा अपनी व्यवस्था से रक्त व दवा की उपलब्धता कराना काफी दुरु साबित हो रहा है। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश चंद्र सिंह ने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए तत्काल प्रभाव से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की मदद के लिए नोडल चिकित्सक की नियुक्ति करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस रोग से जूझने के लिए लड़ने वाली दवाइयों की व्यवस्था के साथ ही स्वास्थ्य विभाग से जिला अस्पताल मऊ में कम्पोजिट रक्त बैंक स्थापना की मांग की जाएगी।

## आम जनमानस को आगे आकर खुद लड़नी होगी हक की लड़ाईः डा. प्रभात

**धनियामऊ, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के गोपालापुर में बक्सा ब्लाक के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र विक्रम सिंह रहे जहां अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष डा.प्रभात विक्रम सिंह ने किया। इस मौके पर डाण् विक्रम सिंह ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ कांग्रेस पार्टी की नहींए बल्कि समाज के हर एक तबके की लड़ाई है। नौजवानों, युवाओं और आम जनमानस को आगे आकर के अपने हक की लड़ाई कांग्रेस पार्टी के बैनर तले लड़नी होगी।

## मनुष्य अपने सत्कर्मों से ही बनता है महानः स्वामी उमादास

**बदलापुर,जौनपुर।** स्थानीय कस्बे के तखागंज बाजार में चल रहे सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास परमपूज्य संत उमादास महराज ने शिव चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य अपने सत्कर्मों से ही महान बनता है। प्रत्येक मनुष्य को मानवीय मूल्यों को ध्यान में रखते हुए कोई भी कार्य करना चाहिए जिससे समाज व राष्ट्र का भला हो। कथा के द्वितीय दिवस का शुभारंभ कथा व्यास के माल्यार्पण से हुआ। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

## पंडित उपाध्याय कार्यकर्ताओं के हैं प्रेरणास्त्रोत : जेपी नड्डा



संवाददाता। चन्दौली

**बीजेपी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिन के वाराणसी दौरे पर हैं । इसी क्रम में वह दौरे के दूसरे दिन चन्दौली के पड़ाव पहुंचे यहां उन्होंने दीनदयाल स्मृति उपवन पहुंचकर दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की । इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल हम करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत हैं उनकी पुण्यस्थली पर आने का अवसर पाकर उत्साहित हूं । बीजेपी अध्यक्ष ने कहा पंडित दीनदयाल ने अपने सिद्धांतो से बीजेपी और जनसंघ को नई दिशा दी ।

भारतीय राजनीति में भारतीय विचारधारा का संघर्ष उन्होंने हम सभी को बखूबी बताया है उनकी पुण्य स्थली पर आकर हम सभी को प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है । कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हम लोग आगे बढ़ रहे हैंए देश और दुनिया में भारत का नाम प्रशस्त हो रहा है । इस दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कोविड वैक्सीनेशन के दूसरे चरण की शुरुआत पर बधाई दी ।

आज से कोरोना वैक्सिनेशन का दूसरा चरण प्रारंभ हुआ है। हम सभी पीएम मोदी को धन्यवाद देते हैं । उन्होंने देश को संक्रमण से बचाने में सफल नेतृत्व दिया हैण् साथ ही साथ हमारे उद्यमियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करके पीपीई किट और उपकरण बनाने में योगदान दिया है। । भारत ने सक्षम तरीके से कोविड.19 वैक्सीनेशन में अपना योगदान दियाण् हमें पूरा विश्वास है कोरोना संक्रमण से लड़ने में जो सफलता मिली है उसे आगे भी अग्रसर रखेंगे । बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के बताए रास्ते पर चलकर पार्टी को मजबूती देते हुए अपनी सारी ताकत समाज कल्याण में लगाएंगे तभी हम कोरोनावायरस खिलाफ अच्छे से लड़ पाएंगे ।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

संवाददाता। देवरिया

### प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर जिलाधिकारी ने किया रवाना

**आज** से प्रारम्भ हुए संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सीएमओ कार्यालय परिसर से प्रचार वाहनो को हरी झण्डी दिखाकर जिलाधिकारी अमित किशोर ने रवाना किया तथा इस अभियान का शुभारम्भ फीता काटने के साथ किया। उन्होने संचारी रोग के प्रति जागरुकता एवं बचाव कार्यो को किये जाने हेतु सभी उपस्थित जनो को उन्होने शपथ दिलाया। जिलाधिकारी अमित किशोर ने कहा कि संचारी रोग का नियंत्रण साफसफाईए शुद्ध पेयजल व एहतियाती उपायो को अपनाकर ही किया जा सकता है। इसके प्रति लोगों को जागरुक होने की जरुरत है। उन्होने इस अभियान से जुडे सभी विभागो को अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ कार्य किये जाने एवं उनकी जो भी जिम्मेदारियां हैए उसे पूरी तन्मयता के साथ निभायें जाने को कहा। साथ ही आमजन से अपेक्षा करते हुए कहा कि संचारी रोग मच्छरों से होती है। मच्छर को नियंत्रित करने के लिये अपने आस-पास साफसफाई रखे, पानी इकठ्ठा न होने दें। उन्होने स्वास्थ्य विभागए मलेरिया विभाग एवं नगर निकायों,नगर पालिकाओं व पंचायतीराज विभाग को साफ सफाई नियमित रुप से सुनिश्चित कराये जाने के साथ ही एन्ट्री लार्वा व फागिंग कराये जाने को कहा। मत्स्य विभाग तलाबों में गम्बूजिया मछली डलवायें। मुख्य चिकित्साधिकारी डा.आलोक पाण्डेय ने कहा कि संचारी रोगध्दिमागी बुखार में देरी कदापि न करें। इससे पीड़ित बच्चे, व्यक्ति को निकट पीएचसी व जिला अस्पताल में दिखायें। उन्होने कहा कि यह अभियान आज से प्रारम्भ होकर 31 मार्च तक संचालित होगा तथा 10 मार्च से 24 मार्च तक दस्तक अभियान भी चलेगा। जिसमें आशाकार्यकर्ती घर-घर जाकर दस्तक देकर लोगो को इस बीमारी से जागरुक करेंगी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि बुखार होने पर बच्चो को बिना किसी देरी के उपचार के लिये सरकारी अस्पतालों में लायें। कोई भी बुखार दिमागी बुखार हो सकता है। इसलिये इसमें देरी न अपनाये।

## विद्यालय में चौपाल लगाकर लोगों को दी गयी शुद्ध जल पीने की जानकारी

**नेवढ़िया, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के बुद्धिपुर प्राथमिक विद्यालय में सरकार द्वारा चलाए गए अभियान के क्रम में लखनऊ आएसा वेलफेयर सोसाइटी के अधिकारी इंद्रभूषण राय ने चौपाल लगाकर लोगों को शुद्ध जल पीने की जानकारी दिया। साथ ही बताया कि हर घर को टैप कनेक्शन देना है। सभी को शुद्ध जल पीने के लिए सरकार द्वारा यह योजना चलाया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि 55 लीटर शुद्ध जल प्रत्येक व्यक्ति को दिया जाय तभी स्वच्छ प्रदेश स्वस्थ प्रदेश बनेगा हमारा प्रदेश। दर्जनों ग्रामवासी मौजूद रहे।

## माताश्री इलेवन टीम का ट्राफी पर कब्जा

**चौकियां धाम, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के शीतला चौकियां में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट मैच के दौरान फाइनल मुकाबला माताश्री इलेवन टीम जेएमएम टीम के बीच खेला गया। मैच के दौरान माताश्री इलेवन टीम ने 10 ओवर में 57 रन बनाये। वहीं विपक्षी टीम ने सिर्फ 44 रन ही बना पाई। ऐसे में माताश्री इलेवन टीम ने 13 रनों से फाइनल मैच में जीत हासिल कर लिया। फाइनल मैच के दौरान मैन आफ द मैच मिलन पांडेय को मिला जिस पर आशीष माली ने मोबाइल दिया। विजेता टीम को 11 हजार रुपए नकद व ट्राफी प्रदान की गई। साथ ही उपविजेता को 5 हजार रुपए रकद व ट्राफी दी गयी। इस अवसर पर गिरीश चंद्र त्रिपाठीए राधारमण तिवारीए विक्की यादवए सुमित त्रिपाठीए महेंद्र यादवए आजम खांए गुड्डू नवाबए अजय पंडाए गौरव त्रिपाठीए विनय त्रिपाठीए गुड्डू पंडा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## रुद्रपुर व बरहज में लगेगा महिला जन सुनवायी चौपाल

**देवरिया।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अंजू चौधरी जनपद में दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 3 मार्च को आयेगीं। इस दौरान वे रुद्रपुर व बरहज में महिला जन सुनवायी एवं जागरुकता चौपाल का आयोजन करेगींए जिसको लेकर अधिकारियों को जिम्मेदारी तय कर दी गयी है तथा कार्यक्रम स्थल भी चिन्हित कर दिये गये है। यह जानकारी जिलाधिकारी अमित किशोर ने देते हुए बताया है कि 3 मार्च को विकास खंड रुद्रपुर के सभागार में कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसके आयोजन की जिम्मेदारी उप जिलाधिकारी रुद्रपुर संजीव उपाध्याय एवं जिला परिवीक्षा अधिकारी प्रभात कुमार को दी गयी है। 4 मार्च को तहसील बरहज अन्तर्गत चौपाल बीआरडी कालेज बरहज में उप जिलाधिकारी बरहज सुमित यादव एवं जिला परिवीक्षा अधिकारी प्रभात कुमार की देखरेख में आयोजित होगा। महिला जनसुनवाई एवं जागरुकता चौपाल में पदाधिकारियों द्वारा महिला कल्याण कि विभिन्न योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, की योजनाओं में महिलाओं को प्राप्त सुविधाओं की समीक्षा होगी।

## देवरिया की प्राइवेट स्कूल की टीचर ने जीता एक्सीलेंसी इन एजुकेशन अवार्ड



लखनऊ में देवरिया की महिला अध्यापक को मिला सम्मान पुरस्कार

संवाददाता। देवरिया

जिले के प्राइवेट स्कूल की महिला टीचर ने इंटरनेशनल यूनाइटेड एजुकेशनिस्ट फेयरनिटि ने देवरिया जिले के देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पोस्ट ग्रैजुएट बायोलॉजी की टीचर निशू जायसवाल को एक्सीलेंसी इन एजुकेशन अवार्ड 2021 से सम्मानित किया ।

यह कार्यक्रम रविवार को लखनऊ में आयोजित हुआ जहां निशू जयसवाल का चयन पूरे देश की 200 सबसे बेस्ट टीचर में से हुआ था जहां फाइनल राउंड में निशू जयसवाल को यह सम्मान दिया गया ।जहां यह सम्मान एमबीका इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज में नेशनल एजुकेशनल सेमिनार में एनसीईआरटी के सेक्रेटरी मेजर हर्ष कुमार ने सम्मान से निशू जायसवाल को सम्मानित किया ।

आई यू ई एफ ने निशू जयसवाल को यह पुरस्कार गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा प्रदान करने और छात्रों में शिक्षा के प्रति विशेष अभिरुचि पैदा करने के लिए प्रदान किया है। निशु जायसवाल को यह सम्मान मिलने पर उन्होंने अपने पिता और विद्यालय के शिक्षकों व विद्यालय के संरक्षक डॉ जी एन गुप्ता को प्रेरणा स्त्रोत बताया और वही इन लोगों ने सम्मान मिलने पर खुशी जाहिर की । सेमिनार में आईयू इ एफ के अध्यक्ष जयंत चौधरीए सीबीएसई के सचिव अनुराग त्रिपाठी एलखनऊ की मेयर श्रीमती संयुक्ता भाटिया आदि उपस्थित थे ।

## मौका देख शिक्षक ने रसोइयां की आबरू पर डाला हाथ,मुकदमा दर्ज-तलाश जारी

संवाददाता। जौनपुर

**लाक डाऊन** के बाद आज 1 मार्च 21को पहले दिन प्राथमिक विद्यालय खुलते ही जिले के थाना बरसठी क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय गारोपुर के एक शिक्षक की काली करतूतों ने शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम दिया है। हलांकि पीड़िता ने शोर मचा कर अपने सहकर्मी के सहयोग से खुद को बचा ली उसके पश्चात थाना बरसठी में दुष्शासन बने शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। शिक्षक फरार हो गया है लेकिन पुलिस ने तलाश शुरू कर दिया है। घटना के बिषय में जानकारी मिली है कि थाना बरसठी क्षेत्र स्थित ग्राम गारोपुर के दलित बस्ती की विधवा 35 वर्षीया महिला गारोपुर प्राथमिक विद्यालय में रसोइयां के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ दो और भी रसोइया यहां पर काम करती है। लाक डाऊन के बाद आज 1 मार्च 21 को प्राथमिक विद्यालय खुलने के आदेश पर पीड़िता रसोइया एवं उसकी सहकर्मी सुबह 10 बजे बच्चों को खाना बनाने पहुंची और कमरे में खाना बनाने का काम करने लगी । पीड़िता के अनुसार वह कमरे में अन्दर थी और सहकर्मी बाहर वर्तन साफकर रही थीए उसी समय विद्यालय के प्रधानाध्यापक रबिन्द्र कुमार यादव निवासी चमरहां रसोई घर में पहुंच कर पहले जांघ पर ठोंका विरोध करने पर मुंह दबा कर अश्लील हरकतें करने लगे और कहा कि जो हम चाहते है वह करो तुमको हम तीन हजार रुपये महीना दूंगा। प्रधानाध्यापक की हरकत पर जब पीड़िता ने शोर मचाया तो सहकर्मी रसोइया रीता देवी ने पहुंच कर उससे मुक्त कराया। प्रधानाध्यापक जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देते भागाए तब तक आस पास काम करने वाले ग्रामीण भी पहुंच गये। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पीआरबी 112 को दिया इसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गयी प्रधानाध्यापक तो भाग निकले उनकी बाइक थाने पर ले गये। पीड़िता की तहरीर पर प्रधानाध्यापक रबिन्द्र कुमार यादव के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कथन है कि मुकदमा दर्ज करने के बाद अब मास्टर की तलाश जारी है जल्द ही सलाखों के पीछे पहुंचा कर विभाग को विभागीय कार्यवाही के लिए लिखा जायेगा।

## अज्ञात युवती की नहर में लाश मिलने से फैली सनसनी

**खुटहन, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मरहट नहर पुलिया के पास सोमवार की सुबह एक युवती की पानी में बहती लाश देख सनसनी फैल गयी। देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुँची पुलिस काफी देर तक शव की शिनाख्त का प्रयास करती रही। बाद में उसे कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु भेज दिया गया। शव से उठ रही दुर्गंध से कयास लगाए जा रहे हैं कि उसकी मौत 4.5 दिनों पूर्व हुई है। उक्त गाँव के कुछ लोग सुबह टहल रहे थे। तभी नहर में बहता हुआ एक शव दिखाई दिया जो पुलिया में आकर फंस गया। थोड़ी देर में वहां तमाम ग्रामीण जुट गए। मौके पर पहुँची पुलिस शव को बाहर निकलवाया। मृतका काले रंग की सलवार तथा गुलाबी रंग की समीज तथा ऊपर भूरे रंग का स्वेटर पहने हुए है। उसकी उम्र लगभग 22 वर्ष आंकी जा रही है। मृतका की शिनाख्त नहीं सकी। उसकी मौत क्योंए कैसे और किन परिस्थिति में हुई है।

# खुल गया स्कूल तो खिलखिला उठे बच्चे

**संवाददाता**। बाराबंकी।




**लगभग** एक वर्ष बाद सोमवार को खुले प्राइमरी स्कूलों के बच्चो के चेहरे खिल उठे। खिलखिलाते चेहरों के साथ स्कूल पहुचे नन्हे मुंन्हे बच्चों का स्कूल की ओर से स्वागत किया गया।उन्हें मास्क और सेनेटाइज कर सामाजिक दूरी को ध्यान में रखते हुए बैठने की इजाजत दी गई। इसके अलावा स्कूल परिसर को भी गुब्बारों इत्यादि से सजाया गया।

हालांकि स्कूलों मे छात्रों की संख्या भी कम ही रही।मालूम हो कि वैश्विक महामारी कोरोना के चलते बीते वर्ष 22 मार्च से सभी स्कूल कॉलेज बन्द कर दिए गए थे। एक माह पूर्व इंटर कॉलेज खोलने की अनुमति मिल गई थी किन्तु सुरक्षा की दृष्टि जूनियर व प्राइमरी क्लासेज शुरू नहीं हुए थे। बच्चे घर मे ही ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे थे। इस बीच सरकार ने कोरोना का प्रभाव कम होते व वैक्सीन आने के बाद एक मार्च से प्राइमरी स्कूलों को भी गाइडलाइन के मुताबिक खोलने के निर्देश दिये थे जिसमें पचास फीसदी बच्चों को पढ़ाने की छूट दी गई है। जिसके बाद सोमवार को लंबे समय से बच्चो का इंतजार भी खत्म हो गया सुबह से ही स्कूल जाने के लिये बच्चे उत्सुक दिखे ताई ब्लेट जूता मोजा व ड्रेस के साथ बच्चे पहुचे तो स्कूल की तरफ से बच्चों का स्वागत किया गया। सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार लगभग एक वर्ष बाद क्षेत्र में खुले प्राथमिक विद्यालयों में पहुंचे बच्चे अपने सहपाठियों को साथ देख कर काफी खुश नजर आ रहे थे।

## महाशिवरात्रि मेले की तैयारिया जोरों पर

रामनगर ( **बाराबंकी** )। उत्तर भारत के प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा के फागुनी महाशिवरात्रि मेले की तैयारी व्यवस्थाएं जोरो पर है। आगामी 11 मार्च को महाशिवरात्रि का मेला है। जिसके चलते श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है । सोमवार को हजारों शिवभक्त श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर पहुँच कर भूत भावन शंकर की पूजा अर्चना कर मनवांछित फल की कामना की। बिठूर कानपुर से शनिवार को जल लेकर चले कांवरियों का जत्था जिसमें 70 वर्षीय रामसागर 15 वर्षीय सुभाष दोनों पैरों से दिव्यांग ट्राई साइकिल से आए जिया लाल यादव सहित एक दर्जन से अधिक शिव भक्तों ने महादेवा आकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मेले में दुकानें सजने लगी है। अभरण सरोवर बोहनिया सरोवर की साफ सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। महादेवा से केसरी पुर रेलवे क्रॉसिंग तक प्रकाश व्यवस्था की जा रही थी। अभी तक सरोवरों में बैरीकटिंग व जाल नहीं लगाए गए हैं।

## कार्रवाई न किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने गिराया पंचायत भवन

**संवाददाता**। सिरौलीगौसपुर ( **बाराबंकी** )

**गांवों** में बनवाएं जा रहे पंचायत भवन एवं सामुदायिक शौचालयों में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा घटिया शौचालयों में सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। अधिकारियों एवं ठेकेदारों की भ्रष्ट कार्यशैली से नाराज ग्रामीण तोड़फोड़ करने लगे हैं। विकासखंड सिरौलीगौसपुर की ग्राम पंचायत करौरा में करीब दो सप्ताह से पंचायत भवन का निर्माण चल रहा है। इसके निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानक विहीन सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई थी। किंतु ब्लॉक के अधिकारियों द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे नाराज ग्रामीणों ने दो दिन पूर्व इस पंचायत भवन की अर्धनिर्मित दीवारों को तोड़कर गिरा दिया। जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया मामला संज्ञान में आया है इसकी जांच के लिए तकनीकी अधिकारियों की टीम भेजी गई थी जिसमें घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग का मामला पाया गया। मानक के अनुरूप कार्य कराने के लिए ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है। बताते चलें विकास खंड क्षेत्र में भवानीपुर ददरौली मरकामऊ दुर्जनपुर महमूदाबाद मुस्काबाद मुड़ियाडीह कटका विरौली पीठापुर रामसहाय केवलापुर हमीदनगर चैला चौखंडी जलालपुर परसा भैसूरिया सिरौलीगुंग सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में पंचायत भवनों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। जिसमें से अधिकांश स्थानों पर निर्माण कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। वहीं कुछ स्थानों पर अभी नीव भी नहीं खोदी गई है। निर्माणाधीन पंचायत भवनों में तकनीकी अधिकारियों की खाऊ कमाऊ नीति के चलते घटिया निर्माण सामग्री का जमकर प्रयोग किया जा रहा है।

## 15 तक नलकूपों पर एकमुश्त समाधान योजना

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। विद्युत वितरण निगम द्वारा आगामी 15 मार्च तक उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना के तहत निजी नलकूप श्रेणी के उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान करेगा। उक्त जानकारी देते हुए अवर अभियंता प्रमोद यादव ने बताया कि योजना मे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के समस्त घरेलू एवं निजी नलकूप के बकायेदारों को इक्तीस जनवरीए 2021 तक के विद्युत बकाये पर सरचार्ज के रूप मे लगाई गई धनराशि मे सौ प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होनें उपभोक्ताओं से योजना के तहत स्थानीय एसडीओ कार्यालय तथा सीएससी केन्द्रों पर ऑनलाइन पंजीकरण कराए जाने की भी जानकारी दी है।

## चार दिन से लापता वृद्ध का शव बरामद

मुसाफिरखाना ( **अमेठी** )। बीते 26 फरवरी की शाम को घर से शौच के लिए निकले वृद्ध का शव क्षेत्र के चंदीपुर गांव के पास कादूनाला में मिलने से हड़कंप मच गया ।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया । मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के दुवरिया गांव निवासी 65 वर्षीय गुरु प्रसाद यादव पुत्र राम स्वरूप यादव गत 26 फरवरी की शाम को घर से शौच के लिए पास के नाले की तरफगए थे। काफी देर बाद जब घर नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। सोमवार की सुबह क्षेत्र के चंदीपुर गांव स्थित कादूनाला में शव दिखने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

## चार के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। कोतवाली पुलिस ने जमीनी विवाद मे मारपीट की घटना को लेकर चार आरोपियों के खिलाफसोमवार को केस दर्ज किया है। कोतवाली के गुम्मौर निवासी रामकुमार पटेल की पत्नी प्रभावती ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सत्ताईस फरवरी को जमीनी विवाद मे गांव के रामकरनए बंशीलालए सीता तथा कलावती ने लाठी डंडे से पीड़िता व उसकी पुत्री को मारा-पीटा। शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रामकरन समेत चार के खिलाफकई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

## व्यापारिक उन्नयन पर संगोष्ठी

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। नगर स्थित बड़े हनुमान जी के मन्दिर के सामने हनुमान मार्केट मे सोमवार को व्यापारिक उन्नयन को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने लोगों से व्यापारिक क्षेत्र मे विश्वसनीयता बढ़ाने की बात कही। उन्होनें कहा कि व्यापारिक कारोबार मे प्रगति के लिए ग्राहकों को पारदर्शी सेवा जरूरी हुआ करती है। कार्यक्रम का संयोजन अजीत सिंह ने किया। इस मौके पर हनीफ, रहीस खॉन, सुनील सिंहए वसीम खॉन, मंगलेश सिंह, अजमल खॉन, मकसूद अली आदि रहे।

## लापता युवक का शारदा नहर में मिला शव

**बाराबंकी**। बीती 24 फरवरी रहस्यमय हालत में घर से लापता हुए एक 25 वर्षीय युवक का शव शारदा नहर में उतराता हुआ लोगों ने देखा और उसकी पहचान धीरज कुमार शर्मा के रूप में की है लापता युवक सीतापुर जिले के तालगांव थानाक्षेत्र के उल्का गाँव निवासी पेशे से किसान ओमप्रकाश शर्मा के बेटे के रूप में करते हुए पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह लापता युवक परिजन नहर में ढूंग रहे थे उसी समय किसी ने बताया कि पुलिस चौकी भगौली तीर्थ के पैतेपुर के पास से गुजरी शारदा नहर पुल के नीचे शव होने की सूचना लोगों ने परिजनों को दी और मौके पर पहुँचे परिजनों ने शव की शिनाख्त धीरज कुमार शर्मा के रूप में की है।

## मन्दिर निर्माण में निधि समर्पण पर झलका जोश

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक हेमन्त ने ग्रामसभा कटरिया के रतियापुर में मुसहर और दलित समाज के बीच जाकर राम मंदिर निर्माण में निधि समर्पण कराया। समर्पण कार्यक्रम मे बोलते हुए जिला प्रचारक हेमन्त ने कहा संघ का उद्देश्य मन्दिर के लिये मात्र धन एकत्र करना नहीं बल्कि प्रत्येक हिन्दू परिवार को इस अभियान से जोड़ना हैए ताकि प्रत्येक हिन्दू का भगवान श्रीराम के मंदिर से अविस्मरणीय आत्मीय भाव जुड़ सके। जिला प्रचारक हेमन्त ने इस अवसर पर कहा कि लाखों रामभक्तों के बलिदान के बाद आज यह मन्दिर निर्माण के सौभाग्य का दिन आया है। इस मौके पर रामाधार गौतम, सोनू पासी, श्रवण गौड़, महेश सरोज, रामलखन बेरिया, ननहउ, झिनकू, सरोज आदि रामभक्तों ने निधि समर्पण किया ।

## पेड़ से लटकता मिला मछुवारे का शव

**बाराबंकी**। संदिग्ध परिस्थितियों में एक बाग में बहराइच निवासी मछवारे का शव पेड़ से फंदे के सहारे लटकता ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर शिनाख्त की है और शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर थानाक्षेत्र साय पुर गांव में बहराइच जिले के हुजूरपुर थाना क्षेत्र लौकाही गांव निवासी नान्ह (50 वर्ष) रामनगर क्षेत्र में बहराइच से आकर विभिन्न तालाबों में मछलियों का शिकार करता था और इधर कई दिनों पहले आकर महादेवा के आस पास रहकर मछली का शिकार करता था। सायपुर गांव में स्थित एक बाग में पेड़ से फंदे से लटकता दिखाई दिया तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

## 107 लोगों को लगाया गया कोविड टीका

**अमेठी**। जनपद में आज से आम नागरिकों का कोविड टीकाकरण प्रारंभ हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् आशुतोष दूबे ने बताया कि आज जिला अस्पताल गौरीगंजए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर और एक प्राइवेट हॉस्पिटल संजय गांधी हॉस्पिटल अमेठी में सत्र शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गवर्नमेंट हॉस्पिटल में वैक्सीन निशुल्क मिलेगी तथा प्राइवेट हॉस्पिटल में वैक्सिन 150 रुपए में दी जाएगी और वह 250 ? में लगाएंगे। आज के दिन जिनका टीकाकरण होगा उसमें दो समूह हैं. पहला समूह 45 वर्ष से 59 वर्ष जो गंभीर बीमारियों से ग्रसित होंगे उनको अपनी बीमारी का प्रमाण पत्र लेकर आना होगा और दूसरा समूह 60 वर्ष से अधिक के वृद्धजन जिनकी आयु 1 जनवरी 2022 को मानी जाएगी। इस तरह आज जनपद में तीन स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया हैए प्रत्येक सत्र पर 100.100 लोगों का टीकाकरण होना हैए उन्होंने बताया कि इनका पूर्व में पंजीकरण नहीं किया जा रहा है यह टीकाकरण सत्र पर पहुंचेंगे वहीं पर इनका रजिस्ट्रेशन होगा और उसके बाद इनको टीका कृत किया जाएगा यह कार्य कोविन पोर्टल 2 से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज 107 लोगों को कोविड टीका लगाया गया।

## पीएम स्वनिधि लोन मेले का उद्घाटन

**बाराबंकी** । सोमवार को नगर पालिका परिषद नवाबगज में पीएम स्वनिधि लोन मेले का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जनपद की मुख्य विकास अधिकारी ने फीता काटकर किया। ज्ञात हो कि सभी नगर पंचायतों और नगर पालिका नवाबगंज के स्ट्रीट वेंडर्स के लिए यह स्कीम बेहद महत्वपूर्ण है जिसके अंतर्गत उनको बिना किसी गारंटी के ?10000 तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। एक से छह मार्च तक चलने वाले इस लोन मेले में इस योजना का लाभ उठाने से अब तक वंचित रहे स्ट्रीट वेंडर्स को यह लाभ प्रदान किया जाएगा।जनपद बाराबंकी को शासन द्वारा 31 मार्च तक 5951 स्ट्रीट वेंडर्स को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया है जिसके सापेक्ष अब तक 57 सौ से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स में इस योजना में अपना ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया है। इसके सापेक्ष 2800 से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स का ऋण बैंकों द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है तथा 23 सौ से अधिक के खाते में यह धनराशि पहुंच भी चुकी है। इस अवसर पर लाभार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी की यह एक बेहद महत्वाकांक्षी योजना है जोकि आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। आप सब इस योजना का अधिकतम लाभ उठाइए तथा अगर इस संबंध में कोई भी समस्या आती है तो आप तत्काल इससे संबंधित को अवगत भी कराएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अभय पांडे, परियोजना अधिकारी डूडा सौरभ त्रिपाठी, लीड बैंक मैनेजर सहित कई अन्य बैंकों के शाखा प्रतिनिधि तथा डूडा व नगर पालिका के कार्मिक उपस्थित थे।

## फास्फेट के भूवैज्ञानिक अन्वेषण के अन्तर्गत भूगर्भीय वेधन का उद्घाटन

**संवाददाता**। ललितपुर

**जनपद** के बहुमूल्य मुख्य खनिज रॉक फास्फेट के भूगर्भीय खनिज अन्वेषण के लिए अति आवश्यक वेधन कार्यों का उद्घाटन जनपद में कार्यरत भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उप्र के खनिज अन्वेषण दल की उपस्थिति में एमईसीएल के सीएमडी डा. रंजीत रथ द्वारा किया गया। रॉक फास्फेट का उपयोग मुख्यत उर्वरक बनाने में किया जाता है। इसके अतिरिक्त रॉक फास्फेट का उपयोग ऐलिमेंटल फास्फोरस दिया सलाई उद्योग में भी किया जाता है। देश में फास्फेट की कमी के कारण इसका अधिकांश भाग विदेशों से आयात किया जाता जनपद मे निदेशालय द्वारा खनिज अन्वेषण हेतु संचालित परियोजनाओं में से टोरी पिसनारी ब्लॉक में प्रस्तावित फॉस्फेट खनिज अन्वेषण के लिए क्षेत्र में वन विभाग से आवश्यक अनापत्ति की मांग भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उ प्र द्वारा की गयी है। निदेशालय उप्र एवं जिलाधिकारी ललितपुर के प्रयासों से वन विभाग से स्टेज 1 की प्रयोक्ता एजेंसी को प्राप्त हो गयी है। स्टेज की फाइनल प्राप्त होने के उपरान्त वन भूमि पर भी भूगर्भीय वेधन का कार्य किया जाएगा। अभी गैर वन भूमि ग्राम पंचायत भूमि पर प्रस्तावित वेधन कार्यो का उद्घाटन एमईसी एलके सीएमडी द्वार एमईसीएल के सीएमडी द्वारा राक फास्फेट के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण भी किया गया। भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उप्र की तरफ से इस अवसर पर शशांक शर्मा सहा भूवैज्ञानिक जिला खान अधिकारी ललितपुर तथा जनपद में संचालित रॉक फास्फेट अन्वेषण परियोजना के इंचार्ज अमितोष वर्मा सहा भूवैज्ञानिक दीपेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

## निशुल्क स्वास्थ चिकित्सा शिविर में उमड़ी

**संवाददाता**। बाराबांकी

**ग्राम** पंचायत मुश्किनगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनरल फिजिशियन डा. मोहम्मद जावेद ने भारी संख्या में आए हुए मरीजो को निःशुल्क इलाज एवं परामर्श दिया तथा दवाएं भी निःशुल्क प्रदान की गई। साथ में मरीज़ो की खून की जांच, शुगर जांच भी निःशुल्क कराई गई। समाज सेवा की दृष्टि से किए गए इस चिकित्सा शिविर में भारी संख्या में मरीज उपचार के लिए आए हुए थे। और अपनी समस्या बता कर डा. जावेद द्वारा उसका इलाज एवम परामर्श पाकर लाभान्वित हुए। कैम्प सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक चलता रहा। इस तरह कैंप के आयोजन से ग्रामीणों ने खुशी जताई है। इस अवसर पर डॉ. जावेद के साथ शिविर के आयोजक अजीमुद्दीन, एहतिशाम अंसारी, मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद शोऐब आदि मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने किया संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान का शुभारम्भ

**संवाददाता**। अमेठी

**संचारी** रोग नियंत्रण माह-दस्तक अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विशेष संचारी अभियान रोग नियंत्रण अभियान सोमवार से 31 मार्च तक तथा दस्तक अभियान 10 से 24 मार्च तक आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में जनपद की समस्त आशा कार्यकत्री 10 से 24 मार्च तक घर-घर जाकर हर घर का भ्रमण कर लोगों को संचारी रोग से मुक्ति एवं बचाव हेतु तथा इसके लक्षणों एवं उपचार से सम्बन्धित सुविधाओं के प्रति जागरूकता करेंगी। जिलाधिकारी ने अभियान के शुभारम्भ के दौरान सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत दिमागी बुखार और संचारी रोगों की रोकथाम की जायेगी। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही नगर विकास, पंचायतीराज, ग्राम विकास विभाग, पशु पालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सक्तिकरण, समाज कल्याण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग उद्यान विभाग, सूचना विभाग आदि कार्यक्रम जुड़े समस्त विभाग एक साथ मिलकर संचारी रोग से बचाव हेतु कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक चलने वाले अभियान में घर.घर जाकर आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जलभराव रोकने, मच्छरों से बचाव आदि के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। इस अभियान से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पालन करें ताकि यह अभियान जनपद में सफल हो।

### एलईडी प्रचार वाहन को एमडीएम ने किया रवाना



**अमेठी**। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा भेजी गई एलईडी प्रचार वाहन को कलेक्ट्रेट परिसर से अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री एसपी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर जिला सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादव ने बताया कि सूचना विभाग लखनऊ द्वारा जनपद अमेठी में तहसीलए ब्लाक,ए ग्राम स्तर पर वृहद जन जागरूकता हेतु एलईडी प्रचार वैन भेजी गई है, उक्त एलईडी प्रचार वाहन के माध्यम से संचारी रोगों से बचावए कोविड-19 के संक्रमण से बचाव सहित अन्य केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक करेगी।

## रामकथा की भव्य कलश यात्रा निकली

### तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरू श्री रामभद्राचार्य के श्रीमुख से रामकथा का हुआ श्रीगणेश

**संवाददाता**। गौरीगंज ( **अमेठी** )



**सोमवार** को जिला मुख्यालय गौरीगंज में तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरू श्री रामभद्राचार्य जी के श्रीमुख से रामकथा का श्रीगणेश हुआ। सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली गईए जिसमें हजारों की संख्या में पीतवस्त्र महिलाओं सहित लोगों ने भाग लिया। हाथियों और घोड़ों ने कलश यात्रा को भव्यता प्रदान की।

यात्रा की शुरुआत कथास्थल रणंजय इंटर कालेज के मैदान से हुआ, जो बूढ़न माई मंदिर होता हुआ कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुआ। कलश यात्रा में श्री रामभद्राचार्य जी की भव्य शोभायात्रा भी निकली। नगरवासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। पूरा नगर भक्तिमय हो गया। श्रीरामभद्राचार्य ने श्रीरामकथा का शुभारंभ लंका दहन के पश्चात हनुमान और राम मिलन से किया। इस अवसर पर पांडाल में हजारों की संख्या में स्रोता उपस्थित रहे। शंकराचार्य जी की 725 वर्ष पूर्व की चरण पादुका को लेकर श्री बद्रीधाम पीठाधीश्वर श्री वासुदेवानंद सरस्वती जी का भी आगमन हुआ। कलश यात्रा के दौरान प्रशासन द्वारा भारी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। एमडीएम वित्त सुशील कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान पीएसी व भारी पुलिस फोर्स के साथ स्वयं संभाले हुए थे।

कलश यात्रा में पं. जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी, डॉ. अनिल त्रिपाठी, प्रकाश मिश्रा, ज्ञानेन्द्र मनीषी, डॉ सुभाष त्रिपाठी, काशी प्रसाद तिवारी, संजय सिंह, भूपेंद्र मिश्रा, राम प्रसाद मिश्रा, डॉ आशीष, शुभम, नीरज त्रिपाठी, विनोद कुमार मिश्र सहित हजारों भक्तगण शामिल हुए।

### प्रभु की आराधना सदैव निर्मल मन से करना चाहिए: आचार्य श्रीराम

लालगंजए प्रतापगढ़। नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड मे हो रही श्रीमद्भागवत कथा मे सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडी। कथाव्यास अयोध्या धाम के आचार्य श्रीराम मिश्र जी ने कहा कि प्रभु की आराधना सदैव शुद्ध मन से और खुले भाव से करनी चाहिये। उन्होनें कहा कि ईश्वर की कृपा उसी भक्त को सुलभ हुआ करती हैए जिसका मन धर्मानुरागी हो और आराधना के लिए विचारों की निर्मलता हो।

आचार्य श्रीराम मिश्र जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जी का दिव्य दर्शन शांत मन से करना चाहिए। जो व्यक्ति भगवान के प्रति आस्था बनाए रखता है उसका जगत मे सर्वत्र मंगल हुआ करता है। कथाव्यास ने कहा कि कृष्णावतार नीति का अवतार है। श्रीमदभागवत का मर्म मनुष्य को अहंकार से मुक्त होते हुए नैतिक जीवन के लोक-मंगल की प्रेरणा है।

## महिला दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

**संवाददाता**। ललितपुर

**आठ** मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण महिला पखवारा का आयोजन करेगा । इस पर्व को महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा महिलाओं के हितार्थ कल्याणकारी कार्य को समर्पित करने हेतु एक शिविर तुवन मंदिर प्रांगण में पांच मार्च को आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ सुनील कुमार सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि महिला दिवस से पूर्व पारिवारिक न्यायालय के मामलों में छह मार्च को परामर्श व सुलह समझौता के लिए वृहद लोक अदालत का आयोजन परिवार न्यायालय ललितपुर में किया जा रहा है। इस शिविर में घरेलू हिंसा से महिलाएं अपना बचाव कैसे करें कन्या भ्रूण हत्या भरण पोषण विधि एवं विवाह एवं कानून विधि पर सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। शासन द्वारा चलाया जा रहा महिलाओं का मिशन शक्ति महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल कार्यक्रम भी इसी शिविर में शामिल किया जाएगा। प्रथम सूचना रिपोर्ट गिरफ्तारी और जमानत के संबंध में नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में भी शिविर में जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी। जिन महिलाओं के मुकदमे परिवार न्यायालय ललितपुर में लंबित है, उन्हें परामर्श भी दिया जाएगा एवं सुलह समझौतों के दस्तावेज कैसे बनाए जाए इसकी जानकारी भी इस शिविर में दी जाएगी। इसके अतिरिक्त 20 मार्च को जिला स्तरीय लोक अदालत एवं 10 अप्रैल को राष्ट्रीय लोक अदालत का भी आयोजन किया जाएगा। डॉ सुनील कुमार सिंह ने सभी से अपील किया कि वह शिविर एवं वृहद लोक अदालतों में अधिकाधिक मामलों के निस्तारण में सहयोग प्रदान करें।

## बच्चों को संस्कारी बनाएं अभिभावक: विमर्श सागर



**संवाददाता**। फतेहपुर (बाराबंकी)

**जैन** धर्मशाला में भावलिंगी सन्त श्रमणाचार्य विमर्श सागर जी गुरुवर ने प्रवास के आठवें दिन सोमवार को प्रवचन में कहा कि मनुष्य जीवन मे ग्रहथ धर्म का पालन कर भी श्रावक धर्म का पालन कर सकता है। जरूरी नही की वह सन्त ही बने। उन्होंने कहा कि मनुष्य पर्याय सबसे उत्तम पर्याय है। मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है कि जीवन में संयम रखकर अपने का उद्धार कर सकता है।आप में अगर अच्छे संस्कार है तो बच्चों में भी अच्छे संस्कार मिलेंगे। आप सभी माता पिता चाहते है कि उनकी सन्तान पढ़लिख कर देशए परिवार व कुल का नाम आगे बढ़ाए।इसके लिये माता पिता का भी कर्तव्य की वह स्वंम भी अपने अंदर अच्छे संस्कार लाये। शराब, मांस, उदम्बर फन आदि का त्याग कर अष्टमूल गुणों का पालन कर अच्छे संस्कार प्राप्त सकता है। बच्चों के ऐसे संस्कार दो की वह देश, परिवार व कुल की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाए। सुबह पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन आरती की गई। शाम को गुरु वंदना,आरती व प्रश्नमंच के कार्यक्रम में काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बैठक संपन्न

**बाराबंकी**। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सिद्धौर चतुर्थ की जिला पंचायत चुनाव की वार्ड बैठक माता प्रसाद स्मारक विध्या मंदिर शेष पुर जाहिद असन्द्रा में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू द्विवेदी ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हम सभी को संगठन द्वारा निर्देशानुसार कार्य करना चाहिए।

केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर सुशील जायसवाल, भगवंत लाल रावत, डा. श्रवण कुमार शुक्ला, अरविंद सिंह, देवेश शुक्ल, राजकुमार सिंह, दिनेश शर्मा, प्रवीण सिंह, संतोष चौरसिया, रामतीरथ गुप्ता, पारस नाथ द्विवेदी, राम फेर वर्मा, कमलेश यादव, वीरेंद्र तिवारी, शंकर तिवारी, नौमी लाल रावत, अनिल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान का भव्य शुभारम्भ किया

**संवाददाता**। बाराबंकी

**संचारी** रोग नियंत्रण माह दस्तक अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी डा.आदर्श सिंह ने सोमवार को पूर्वान्ह केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया। इस मौके पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान दस्तक अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी डॉ. आदर्श सिंह द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी डा. बीकेएस चौहान की सहभागिता में हरी झण्डी दिखाकर एक विशाल रैली को रवाना किया गया। विशेष संचारी अभियान रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 मार्च तक तथा दस्तक अभियान 10 से 24 मार्च तक आयोजित किया जायेगा।इस कार्यक्रम में जनपद की समस्त आशा कार्यकत्री 10 से 24 मार्च तक घर-घर जाकर हर घर का भ्रमण कर लोगों को संचारी रोग से मुक्ति एवं बचाव हेतु तथा इसके लक्षणों एवं उपचार से सम्बन्धित सुविधाओं के प्रति जागरूकता अभियान चलाएगी।

जिलाधिकारी ने अभियान ने कहा कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत दिमागी बुखार और संचारी रोगों की रोकथाम की जायेगी। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक चलने वाले अभियान में घर-घर जाकर आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जलभराव रोकने, मच्छरों से बचाव आदि के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। इस अभियान से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीग अपने कर्तव्यों का पालन करें, ताकि यह अभियान जनपद में सफल हो। विशेष संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की शुरूवात आज कर दिया गया है, जिसे शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के समापन के पश्चात जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित चिकित्सकोंध्स्टाफ को दिये। संचारी रोग हेतु जिला सूचना कार्यालय की ओर एलईडी वैन के माध्यम से वृहद रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, समस्त अपर उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्राचार्य जीआईसी प्रतिनिधि यूनिसेफ मलेरिया एवं फाइलेरिया विभाग के तथा जिला एवं महिला चिकित्सालय तथा जिला सूचना कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।